GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-07-10-2024

# काश पहना होता हेलमेट तो शायद...

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (6 Oct): गोरखपुर में ट्रैफिक के दबाव को झेलती सड़कों पर सबसे ज्यादा टू व्हीलर चालक सड़क दुर्घटना में जिंदगी गंवा रहे हैं. कानून के बावजूद हेलमेट से बनी दूरी टू व्हीलर सवारों की मौत की बड़ी वजह बन गई हैं. जिले में कई बाइक सवार हादसों की भेंट चढ़ चुके हैं. हालांकि हादसों के बाद भी वे सबक नहीं ले रहे हैं और बिना हेलमेट के ही सड़कों पर फर्राटा भर रहे हैं. वहीं, ट्रैफिक पुलिस चालान की कार्रवाई का दावा कर रही है फिर भी दुर्घटनाओं पर अंकुश नहीं लग पा रहा है.

## चल रहा अभियान

सरकार ने सड़क दुर्घटनाओं में बिना हेलमेट और सीट बेल्ट के जिले में बढ़ती मौतों पर परिवहन विभाग और ट्रैफिक पुलिस सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत पांच दिवसीय सिटी एरिया में रेड लाइट जंपिंग तथा टू व्हीलर पर तीन सवारी और बिना हेलमेट, बिना ड्राइविंग लाइसेंस के विरूद्ध सघन अभियान चला रहा है. जबकि मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 129 के तहत टू व्हीलर चालकों के लिए हेलमेट पहनना अनिवार्य है. इतना ही नहीं टू व्हीलर बाइक पर पीछे बैठी सवारी को भी हेलमेट प्रयोग करना होगा. कानून के बावजूद भी चालक हेलमेट के यूज से बेपरवाह हैं. सड़कों पर ट्रैफिक का बोझ हर दिन बढ़ रहा है. हाइवे और राजमार्ग पर आये दिन चालक दुर्घटना में अपनी जिंदगी गंवा रहे हैं, फिर भी लोग हेलमेट लगाना जरूरी नही समझते हैं.

## दुर्घटना के बने शिकार

चाहे सिटी हो या ग्रामीण एरिया हर जगह बिना हेलमेट टू व्हीलर चालक सड़कों पर फर्राटा भर रहे हैं. चिंताजनक यह है कि ओवर स्पीड में सवारी दिखाई देते हैं. सख्ती के लिए प्रशासन के उठाए गए कदम भी नाकाफी साबित हुए हैं. पेट्रोल पंपों पर बिना हेलमेट के तेल नही मिलने का अभियान जिले में कारगर नही रहा. सभी पेट्रोल पंपों पर सिफ स्लोगन लगे रहे गए हैं. युवा के हाथों में स्कूटी और बाइकें हैं. इस समय टू व्हीलर का क्रेज सबसे ज्यादा है.

**"बिना हेलमेट के टू व्हीलर चलाने वालों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है. साथ ही प्रचार-प्रसार के माध्यम से उन्हें अवेयर भी किया जाता है. चेकिंग के दौरान ज्यादातर लोग हेलमेट में मिले. लेकिन एक-दो परसेंट लोग अभी अवेयर नहीं हो रहे हैं. उनके विरूद्ध चालान की कार्रवाई की जा रही है.**

**संजय कुमार,** एसपी ट्रैफिक

### चालान की कार्रवाई

| माह | हेलमेट चालान | शमन शुल्क वसूली |
|---|---|---|
| जनवरी | 5881 | 814000 |
| फरवरी | 8123 | 715000 |
| मार्च | 6841 | 618000 |
| अप्रैल | 5996 | 678000 |
| मई | 6887 | 518000 |
| जून | 4838 | 315000 |
| जुलाई | 5525 | 319000 |

नोट यह आंकड़ा जुलाई तक का है.

### मोबाइल पर बात

वाहन चालकों की एक और लापरवाही जिंदगी पर भारी पड़ रही है. हेलमेट सिर पर नही, बल्कि बाइकों के पीछे लॉक कर सड़कों पर चलते हैं. बाइक पर चलते समय हेडफोन और मोबाइल फोन यूज करने का ट्रेंड जानलेवा बन गया है. युवाओं में टू व्हीलर पर मोबाइल पर बात करना एक फैशन बन चुका है.

### मानसिक संतुलन अस्थिर

ड्राइविंग पर बात या म्यूजिक सुनने से ध्यान एकाग्र नही होता. मानसिक संतुलन अस्थिर होते ही पल भर में दुर्घटना हो जाती है. डॉक्टर्स की मानें तो सड़क हादसों में 20 फीसदी टू व्हीलर चालकों की गर्दन की हड्डी टूट जाती है. हेलमेट से गर्दन, सिर, कान, आंख, मुंह और जबड़े की हड्डी काफी हद तक सुरक्षित हो जाती है. बाइकों पर सबसे अधिक शिकार युवा हो रहे हैं.

### दुर्घटनाएं

| वर्ष | हादसे | घायल | मौत |
|---|---|---|---|
| 2021 | 550 | 350 | 255 |
| 2022 | 965 | 627 | 210 |
| 2023 | 1000 | 650 | 418 |
| 2024 | 398 | 205 | 135 |

नोट-डाटा जुलाई तक का

नौकायन रोड पर रविवार सुबह तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकरा गई. हादसे में बाइक चला रहे कुशीनगर जिले के युवक की मौके पर ही मौत हो गई. उसके साथी की स्थिति गंभीर है. कुशीनगर का 26 वर्षीय सूरज कुमार रविवार की सुबह बाइक से नौकायन की तरफ आया था. सुबह 10 बजे लौटते समय पैडलेगंज से पहले उसकी बाइक डिवाइडर से टकरा गई. वह बिना हेलमेट के था. सिर में गंभीर चोट लगने से बाइक चला रहे सूरज की मौके पर ही मौत हो गई. उसके गांव का रहने वाला अरविंद कुशवाहा गंभीर रूप से घायल है. रामगढ़ताल थाना पुलिस ने उसे बीआरडी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराने के साथ ही सूचना परिजन को दी.

# पुलिस ने पिस्टल के साथ तीन को किया अरेस्ट

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (6 Oct):** रामगढ़ताल थाना पुलिस ने शनिवार की रात वाहन चेकिंग में नौकायन की तरफ जा रहे कार सवार तीन युवकों को दो पिस्टल के साथ अरेस्ट किया. इसमें एक पिस्टल का लाइसेंसी है. पकड़ा गया युवक चोरी से लेकर चला आया था. आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज कर रविवार की सुबह तीनों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से जेल भेज दिया गया.

सीओ कैंट योगेंद्र सिंह ने बताया कि रामगढ़ताल थाना पुलिस शनिवार की रात में नौकायन-पैडलेगंज मार्ग पर चेकिंग कर रही थी. इसी दौरान सूचना मिली कि कार सवार तीन युवक पैडलेगंज से नौकायन की ओर आ रहे हैं उनके पास अवैध असलहा है. सूचना के आधार पर कार को रोका गया. तलाशी लेने पर झंगहा के गहिरा गांव में रहने वाले अंगद यादव के पास 32 बोर की अवैध पिस्टल व चार कारतूस, बुद्ध विहार पार्ट सी में रहने देवरिया जिले के



भलुवनी,जरार मानिक गांव के अमन सिंह के पास से लाइसेंसी पिस्टल के साथ ही पांच कारतूस मिले. तीसरा युवक अनंत सिंह रामगढ़ताल क्षेत्र के भरविया स्थित विवेकपुरम कालोनी में रहता है. साथियों के पास पिस्टल होने की जानकारी उसे थी. कब्जे से मिली कार बुलंदशहर के रहने वाले कबाड़ व्यवसायी कि है जिसे पुलिस ने सीज कर दिया है. जांच में पता चला कि अंगद के पास मिली पिस्टल को बुलंदशहर के रहने वाले कबाड़ व्यवसायी ने दी है.

## IN BRIEFS

# पुरानी रंजिश में मारपीट, केस दर्ज

**GORAKHPUR (6 Oct):** गीडा थाना एरिया के कटका में शनिवार को पुरानी रंजिश को लेकर मनबढ़ का परिवार पीड़ित परिवार को मारपीट कर घायल कर दिया. पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपितों पर केस दर्ज कर लिया. गीडा एरिया के कटका निवासी गुड़िया देवी पत्नी ओमकार गौड निवासी गांव के एक व्यक्ति से पुरानी रंजिश चलती है. जिसमे मनबढ़ घर पर चढ़ कर गाली गलौज कर रहा था. विरोध करने पर आरोपी के घर के आधा दर्जन लोग जुट गए. लाठी डंडे से पीड़िता उसकी बेटी रिचा को मार पीटकर घायल कर दिए. पुलिस ने महानंद, प्रिंस, रमेश, सुनीता, मनीषा, पायल के खिलाफ बलवा, मारपीट, जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है.

# नौ पर दुष्कर्म व मारपीट का केस



चौरीचौरा थाना एरिया के एक गांव की रहने वाली महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि झंगहा थाना एरिया के विश्वनाथपुर निवासी विशाल गौड़ शादी का झांसा देकर उनकी पुत्री के साथ दो वर्ष से शारीरिक व मानसिक शोषण किया है. आरोप है कि 4 अक्टूबर को गोलबंद होकर विशाल गौड़, साहिल, सरोज देवी, अरविंद गौड़, आदित्य गौड़ व चार अज्ञात लोग घर में घुसकर उनकी पुत्री को बुरी तरह से मारा पीटा. विरोध की तो उसे भी मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया और जान मारने की धमकी दिया. जाति सूचक गाली देते हुए चेतावनी दी कि कोई कारवाई करने पर जान से मार दिया जाएगा. पुलिस ने पांच नामजद व चार अज्ञात के खिलाफ दुष्कर्म, मारपीट, एससीएसटी की धाराओं में केस दर्ज कर जांच कर रही है.

# एम्स में बैट्री चोरी सात से पूछताछ

GORAKHPUR (6 Oct): एम्स गोरखपुर के परिसर से चोरी हुई 71 सोलर बैट्री और एलईडी टीवी के मामले में लार्सन एंड टूब्रो (एलएंडटी) कंपनी के कर्मचारियों पर शक गहराता जा रहा है. जांच में पता चला है कि जिस कार से बैट्री ले जाई गई है वह एक मैकेनिकल इंजीनियर की है. पुलिस ने रविवार को सात लोगों से पूछताछ की है. इधर, परिसर से चोरी की घटना को संज्ञान लेते हुए एम्स गोरखपुर के कार्यकारी निदेशक व मुख्य कार्यपालक अधिकारी प्रो.अजय सिंह ने कमेटी गठित कर जांच के निर्देश दिए हैं. जांच में पुलिस के हाथ महत्वपूर्ण जानकारी लगी है. पता चला है कि तीन अक्टूबर को ओपीडी के सामने एलएंडटी के सेमिनार कक्ष को खोला गया तो 76 में से सिर्फ 25 बैट्री ही बची थी.

## डॉक्टर-सिपाही दोनों के लिए अधिवक्ता

# घायल सिपाही की पत्नी जाएगी कोर्ट, लेकर मेडिकल रिपोर्ट का सपोर्ट

**डॉक्टर-पुलिस मारपीट प्रकरण**

- गंभीर हालत में जेल चिकित्सालय में सिपाही का चल रहा है इलाज
- सिपाही की पत्नी सोमवार को कोर्ट में मुकदमा दर्ज करने की देगी अर्जी
- मेडिकल रिपोर्ट में सिपाही के सिर व शरीर में भी गंभीर चोटों की पुष्टि

### दलित उत्पीड़न व हत्या के प्रयास का दर्ज हो सकता है केस

### महिला कर्मी सहित बीस बाउंसरों ने पीटा था सिपाही को

# तीन वारंटियों को किया गिरफ्तार

रुकहट (एसएनबी)। थाना प्रभारी गगहा गौरव कुमार वर्मा के नेतृत्व में गगहा पुलिस ने थाना क्षेत्र के तीन वारंटियों को गिरफ्तार किया। शिवराजपुर गगहा निवासी चन्द्रभान पुत्र गया को धारा 452, 336, 323 में तथा सोहगौरा गगहा निवासी नंदू कुर्मी पुत्र गनपत को धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट व उंरेर गगहा निवासी मुख्तार आलम पुत्र जान मुहम्मद को धारा 323,504 में न्यायालय द्वारा वारंट जारी किया गया था जिन्हें गगहा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार करने वालों में एस आई सत्य प्रकाश चौबे,एस आई सुधीर कुमार,एस आई विजय प्रताप सिंह ने अपनी हमराही टीम के साथ वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाकर गिरफ्तार कर लिया।

# फायरिंग करने वाले दो गिरफ्तार

खोराबार (एसएनबी)। मुंडन संस्कार में गये एक युवक के ऊपर जान मारने की नीयत से पिस्टल से फायरिंग करने के मामले में पुलिस रविवार को दो अभियुक्तो राहुल कुमार पुत्र रविन्द्र एवं अमित पुत्र सविंदर उर्फ पप्पू निवासी भैसहा बाढ़न को गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश की जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया। वहीं तीन अभियुक्त पुलिस की पकड़ से अभी भी दूर है। खोराबार थाना क्षेत्र के भैसहा बाढ़न निवासी जितेंद्र पुत्र मुनीब बीतें 9 जुलाई की रात करीब 8.30 बजे गांव के मनोज पुत्र सुखराम के घर मुंडन कार्यक्रम में गया था। आरोप था कि उसी दौरान जितेन्द्र का भाई सविंदर उर्फ पप्पू पुत्र मुनीब, राहुल पुत्र रविंदर, नितेश पुत्र सविंदर, अमित पुत्र सविंदर, सन्नी उर्फ संजीव पुत्र सुरेन्द्र पहुंचकर जितेन्द्र को गाली देने लगें उसी दौरान राहुल व नितेश हाथ में लिए पिस्टल से जितेन्द्र पर जान मारने की नीयत से फायरिंग कर दिए। जितेन्द्र किसी तरह वहां से जान बचाकर भागा। मामले में पुलिस भैसहा बाढ़न निवासी जितेंद्र पुत्र मुनीब की तहरीर पर सविंदर उर्फ पप्पू, राहुल, नितेश, अमित व सन्नी उर्फ संजीव निवासी भैसहा बाढ़न के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 191(2), 352, 109, 351(3) 3(5) के तहत केस दर्ज कर विवेचना कर रही है।

# महिला की शिकायत पर जांच शुरू

**गोरखपुर (एसएनबी)।** परचून की दुकान चलाने वाली महिला की शिकायत पर एसएसपी ने जांच बैठा दी है। सीओ इसकी जांच कर रहे हैं क्यों शिकायत गंभीर है। पिपराइच थाना क्षेत्र के जंगल पकड़ी निवासिनी सुमन निषाद पत्नी अजय निषाद ने लिखा है कि उसके पति एक डाक्टर के यहां पर्ची काटते हैं। घर पर ही परचून की दुकान है। उसने जंगल छत्रधारी की पुलिस पर पांच हजार रुपये त्योहारी मांगने तथा न देने पर 1565 रुपये ड्रार से निकालने का आरोप लगाया है।

# अश्लील गाने न बजाएं, रास्तों को रखें खाली

**ककरही(एसएनबी)।** थाना प्रभारी मधुपनाथ मिश्र की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक की गयी। बैठक के दौरान सभी दुर्गा पूजा समितियों उपस्थित रहीं। रविवार को आयोजित बैठक में



प्रभारी मधुपनाथ मिश्र ने कहा कि दुर्गा पूजा समितियां पांडालों को सुरक्षित रखने के लिए सभी सुरक्षा के मानकों को पूरा करें। पांडालों में या विसर्जन के दौरान बजने वाले गानों को लेकर सावधान रहें। जिससे किसी की भावनाएं न आहत हों। पांडालों को इस तरह लगवाएं जिससे कोई भी मार्ग बाधित नहो। तेज ध्वनि वाले वाद्य यंत्रों से बीमार व बुजुर्ग लोगों को दिक्कत होती है इसलिए इन वाद्य यंत्र को बजाने से परहेज करें। मुख्य बाजार में वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। ग्रामीण व कस्बा की प्रतिमाओं का विसर्जन अलग-अलग घाटों पर किया जाएगा इसलिए तय घाटों पर ही प्रतिमाओं को ले जायें। किसी भी प्रकार के हथियार का प्रदर्शन या किसी अन्य समुदाय को आहत करने वाले नारों को लगाना प्रतिबंधित रहेगा।

## कार सवार तीन गिरफ्तार दो पिस्टल बरामद

**गोरखपुर (एसएनबी)।** रामगढ़ताल पुलिस मनबढ़ों की खोजखबर लेना शुरू कर दिया है। रविवार को रामगढ़ताल के किनारे सैर करने वाले मनबढ़ों की अचानक जांच पड़ताल की गयी। इस दौरान एक कार में सवार 3 युवक पकड़े गए। युवकों की जांच पड़ताल के दौरान झंगहा इलाके के गहीरा का रहने वाला दरोगा के भाई के पास से अवैध पिस्टल मिला जबकि होमगार्ड विभाग में तैनात कर्मचारी का लाइसेंसी पिस्टल बेटा लेकर घुमते हुए पकड़ा गया। बुलंदशहर के रहने वाला माफिया का कार बरामद की हैं।

सीओ कैंट योगेन्द्र सिंह ने बताया कि रामगढ़ताल पुलिस नौकायन के पास वाहनो की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान कार में सवार तीन युवक दिखायी दिये। पुलिस ने रोककर जांच पड़ताल किया तो झंगहा इलाके के गहीरा गांव के रहने वाले दरोगा के भाई अंगद यादव के पास से अवैध पिस्टल मिला। जबकि अमन सिंह निवासी भलुवनी देवरिया के पास से लाइसेंसी पिस्टल मिला है। वह पिस्टल उसके पिता के नाम से है। जबकि अनंत सिंह निवासी विवेक पुरम कालोनी रामगढ़ताल गोरखपुर सहित तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# पोस्टमार्टम हाउस : पुलिस की मिलीभगत से चल रहा खेल

**गोरखपुर (एसएनबी)।** पोस्टमार्टम हाउस के पास हेराफेरी का खेला जा रहा है। बीमारी से मरने वालों के पंचनामा में दुर्घटना लिखकर लाभ पहुंचाने का काम बढ़े पैमाने पर हो रहा है। फिलहाल वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से लिखित शिकायत गोरखनाथ पूर्वी के निवासी रणजीत कुमार पाण्डेय ने की है।

**■ गोरखनाथ पूर्वी के रणजीत कुमार पाण्डेय ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को लिखा पत्र, गोपनीय जांच की मांग**

शिकायती पत्र में रणजीत ने लिखा है कि इस खेल में मुकामी पुलिस की भूमिका है। मेडिकल कालेज में मरने वाले मरीजों के पंचनामा में सिपाही द्वारा यह लिख दिया जाता है कि दुर्घटना में मृत्यु हुई है। इस तरह का खेल खेलने वाला सुबह ही आ धमकता है। केस करवाने के लिए मृतक के परिजनों पर दबाव बनाया जाता है और इसका लाभ पुलिस का खासमखास बना व्यक्ति उठाता है। शिकायतकर्ता ने यहां तक लिखा है कि अगर खासमखास का बैग चेक कर दिया जाए तो सैकड़ों की संख्या में मूल अधार कार्ड मिल जाएगा। उसके लैपटाप में समस्त जानकारी मिल जाएगी। हर रोज पोस्टमार्टम हाउस के इर्द-गिर्द चार पहिया में सवार व्यक्ति भटकता है और केस कराने के इच्छुक परिजनों की तलाश करता है। अगर सेटिंग नहीं बनी तो पुलिस परिजनों पर दबाव बनाती है। पैसा किसको काटता है और इसी उम्मीद से परिजन केस कराने को तैयार हो जाते हैं। पोस्टमार्टम हाउस और पुलिस चौकी के इर्द-गिर्द लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जाए तो सारी कहानी साफ हो जाएगी। पंचनामा के जो कागजात परिजनों तक को नहीं दिया जाता है वह सेटिंग वाला व्यक्ति को कैसे मिल जाती है? इसके बदले पुलिस को भी ठीक-ठाक रकम मिल जाती है। हर रोज का यहां हजारों-हजार का खेल होता है।

# किशोरियों के अपहरण की कोशिश करने के आरोपित गिरफ्तार

झंगहा/चौरीचौरा। झंगहा थानाक्षेत्र के खपरियाभार टोले की दो किशोरियों का अपहरण करने के प्रयास के मामले में झंगहा पुलिस ने रविवार को एक महिला व एक पुरूष पर केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। दोनों को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया।

झंगहा थाना क्षेत्र के जंगल रसूलपुर नंबर दो के खपरियाभार टोला निवासी अमरनाथ की आठ वर्षीया पुत्री अंगिरा व बेचन निषाद की 6 वर्षीया पुत्री आराध्या प्राथमिक विद्यालय माईधिया पोखरी में पढ़ने गई थी। दिन में करीब 3 बजे दोनों छात्राएं स्कूल से घर जा रही थीं। वह माईधिया पोखरी चौराहे तक पहुंची थीं। उसी समय कुशीनगर जिले के भरही बुजुर्ग निवासी खुशबु निशा व इसी थाना क्षेत्र के नरायपुर भठही निवासी अरविंद शुक्ला ने दोनों बच्चों को रोक लिया।

# किशोरियों के अपहरण की कोशिश करने के आरोपित गिरफ्तार

झंगहा/चौरीचौरा। झंगहा थानाक्षेत्र के खपरियाभार टोले की दो किशोरियों का अपहरण करने के प्रयास के मामले में झंगहा पुलिस ने रविवार को एक महिला व एक पुरूष पर केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। दोनों को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया।

झंगहा थाना क्षेत्र के जंगल रसूलपुर नंबर दो के खपरियाभार टोला निवासी अमरनाथ की आठ वर्षीया पुत्री अंगिरा व बेचन निषाद की 6 वर्षीया पुत्री आराध्या प्राथमिक विद्यालय माईधिया पोखरी में पढ़ने गई थी। दिन में करीब 3 बजे दोनों छात्राएं स्कूल से घर जा रही थीं। वह माईधिया पोखरी चौराहे तक पहुंची थीं। उसी समय कुशीनगर जिले के भरही बुजुर्ग निवासी खुशबु निशा व इसी थाना क्षेत्र के नरायपुर भठही निवासी अरविंद शुक्ला ने दोनों बच्चों को रोक लिया।

### पीपीगंज थाना क्षेत्र के जंगल कौड़िया स्थित भारतीय स्टेट बैंक का मामला

# 'मुर्दों' के खाते से लोन कर रुपये हड़पने वाले कैशियर को जेल

## कार्रवाई

जंगल कौड़िया/पीपीगंज, हिन्दुस्तान संवाद। कूटरचित दस्तावेज के जरिए पेंशनर्स व 'मुर्दों' के खातों के साथ ही किसान क्रेडिट कार्ड के जरिए जंगल कौड़ियां स्थित भारतीय स्टेट बैंक से लोन स्वीकृत कर 80 लाख रुपये से ज्यादा की जालसाजी करने के मामले में रविवार को पुलिस ने बैंक के तत्कालीन कैशियर अमरेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। जालसाजी में शामिल बैंक मैनेजर फरार है, तो वहीं कैंटीन ब्वॉय पंकज, जिसे मास्टरमाइंड बताया जा रहा है, ने अग्रिम जमानत ले रखी है।

गिरफ्तार हुए अमरेन्द्र सिंह एम्स थाना क्षेत्र के दरगहिया मौर्या टोला का निवासी है। वह पीपीगंज के जंगल कौड़ियां में स्थित भारतीय स्टेट बैंक पर कैशियर के रूप में तैनात था। वहां के खाताधारक राजू ने तारामंडल स्थित एसबीआई के क्षेत्रीय कार्यालय पर 4 जनवरी 2024 को शिकायत कर बताया था कि बैंककर्मी ने उनके खाते से फर्जी तरीके से 3 लाख रुपये कैंटीन ब्वॉय पंकज मणि त्रिपाठी के खाते में ट्रांसफर कर उनके रुपए को हड़प लिया है। इसके बाद ऐसी शिकायतों की तादात अचानक बढ़ गई।

**80** लाख से ज्यादा की हुई थी जालसाजी कई लोगों के खातों से

" जालसाजी के मामले में आरोपी बैंक के कैशियर को गिरफ्तार कर जेल भिजवाया गया है। आरोपी बैंक मैनेजर की तलाश की जा रही है, जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

–जीतेंद्र श्रीवास्तव, एसपी नार्थ



आरोपी कैशियर अमरेंद्र सिंह।

- विभागीय जांच में दोषी पाए गए शाखा प्रबंधक व कैशियर को किया गया था निलम्बित
- बैंक प्रबंधक है फरार, कैंटीन ब्वॉय है पूरे कांड का मास्टरमाइंड

## आठ साल में करोड़पति बन गया कैंटीन ब्वॉय पंकज

जंगल कौड़िया स्टेट बैंक से 'मुर्दों' के नाम पर लोन दिलाकर जंगल कौड़िया क्षेत्र के बलुवा गांव का रहने वाला पंकज मणि त्रिपाठी आठ साल में करोड़पति बन गया था। बैंक में कैंटीन ब्वॉय पंकज को इलाके के रिटायर्ड लोगों के बारे में पूरी जानकारी थी। वह उन पर नजर रखता था और मौत के बाद लोन कराकर रुपये हड़प लेता था। उसे इस पूरे मामले का मास्टरमाइंड माना गया।

क्षेत्रीय कार्यालय ने एक अधिकारी के नेतृत्व में टीम नियुक्त कर मामले की जांच कराई। जिसमे पाया गया कि बैंक के शाखा प्रबंधक कुमार भास्कर भूषण, अकाउंटेंट अमरेंद्र कुमार सिंह व कैंटीन ब्वॉय पंकज मणि त्रिपाठी ने फर्जी दस्तावेज के आधार पर पेंशन, किसान क्रेडिट कार्ड तथा अन्य प्रकार के खाताधारकों के खातों से लगभग 80 लाख रुपये की जालसाजी की है। पीपीगंज पुलिस ने तीनों आरोपियों पर केस दर्ज कर जांच में जुटी रही। उधर, बैंक की जांच के बाद प्रबंधक कुमार भास्कर भूषण व अकाउंटेंट अमरेंद्र को निलम्बित कर कर विभागीय जांच बैठाई गई। जांच के दौरान कैंटीन ब्वॉय पंकज मणि त्रिपाठी पूरे मामले में मुख्य आरोपी पाया गया।

**बैंक में लोगों का काम करवा हासिल किया विश्वास:** एलआईसी एजेंट के बेटे पंकज ने 2016 में भारतीय स्टेट बैंक की जंगल कौड़िया के शाखा प्रबंधक से तालमेल बैठा लिया। प्रबंधक ने उसे कैंटीन ब्वॉय बना दिया। इसके बाद पंकज लोगों से रौब गांठता था कि उसकी बैंक में नौकरी लग गई है। शाखा प्रबंधक ने कैंटीन ब्वॉय पंकज की लग्जरी गाड़ी फाइनेंस कर दी। पंकज ने उस गाड़ी को शाखा प्रबंधक को चलने के लिए दे दिया। अपने इलाके के सेवानिवृत्ति लोगों को निशाना बना कर पंकज ने शाखा प्रबंधक व कैशियर से मिली भगत करते हुए मरे हुए व्यक्तियों का लोन करवा दिया और उनका पैसा अपने परिवार के अकाउंट में क्रेडिट करवा दिया।

**दर्जन भर मामले सामने आए मृतकों के नाम लोन के:** अहिरौली गांव निवासी श्रीराम निषाद की मौत नौ साल पहले हो चुकी थी, उनके नाम से 3 लाख रुपये का लोन कराया गया था। वहीं, जिदपुर गांव निवासी बंसी सिंह की मौत भी काफी पहले हो चुकी थी, उनके नाम पर 10 लाख से अधिक का लोन कराया गया था। जांच में ऐसे दर्जन भर से अधिक मामले सामने आए, जिसमें उन लोगों के नाम लोन हुआ था, जो कि अब इस दुनिया में नहीं हैं। 'मुर्दों' के नाम लोन कराकर पंकज ने करोड़ों की संपत्ति अर्जित कर ली। तीन लग्जरी गाड़ी के साथ-साथ सरहरी, चौराहे पर लाखों की जमीन, रसूलपुर चकिया चौराहे पर बॉबीज के नाम से रेस्टोरेंट खोल लिया था।

# चोरी की बाइक के साथ दो आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर। शाहपुर पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों की पहचान शाहपुर के उत्तरी जटेपुर निवासी सौरभ निषाद व अभिषेक सिंह के रूप में हुई। आरोपितों के पास से चोरी की बाइक बरामद कर पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। आरोपितों ने इलाके में रहने वाले एक शख्स के दरवाजे से बाइक चोरी की थी।

# न्यूनतम पेंशन 7500 रुपये करने की मांग

गोरखपुर। ईपीएस 95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति के जिला अध्यक्ष हनुमान सहाय के नेतृत्व में रेलवे बस स्टेशन परिसर में निगमों, उपक्रमों, औद्योगिक संस्थानों के पेंशनरों की बैठक हुई। इस दौरान सभी ने न्यूनतम पेंशन 7500 रुपये करने के साथ महंगाई भत्ता एवं निशुल्क चिकित्सा सुविधा की मांग उठायी। इस दौरान गोपाल प्रसाद, कीर्ति निवास गौतम, उमेश तिवारी, दुखी प्रसाद, बासुदेव विश्वकर्मा, गंगा प्रसाद, रुद्र प्रसाद मिश्रा, आरके भट्ट आदि उपस्थित रहे।

# नौ आरोपितों पर दुष्कर्म व मारपीट का केस

चौरीचौरा। चौरीचौरा थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि झंगहा थानाक्षेत्र के विश्वनाथपुर निवासी विशाल गौड़ शादी का झांसा देकर उनकी पुत्री के साथ दो वर्ष से शारीरिक व मानसिक शोषण किया है। आरोप है कि चार अक्टूबर को गोलबंद होकर विशाल गौड़, साहिल, सरोज देवी, अरविंद गौड़, आदित्य गौड़ व चार अज्ञात लोग घर में घुसकर उनकी पुत्री को बुरी तरह से मारा पीटा। पुलिस ने पांच नामजद व चार अज्ञात के खिलाफ दुष्कर्म, मारपीट, एससीएसटी की धाराओं में केस दर्ज कर जांच कर रही है।

# फर्जी लूट की सूचना से मचा हड़कंप

मगहा। इलाके में शनिवार की रात में एक युवक ने लूट की सूचना देकर हड़कंप मचा दिया। रात में उसने बताया कि मारपीट कर रुपये लूट ले गए है। लेकिन, पुलिस मौके पर गई और जांच की तो घटना गलत पाई गई। युवक ने नशे में सूचना देने की बात कही।

# बिंदू ने खोली आंखें, बयान देने से पहले बिगड़ी तबीयत

**फॉलोअप**

- गोरखनाथ क्षेत्र में बेटे व भतीजी की हत्या की आरोपित बिंदू वेंटिलेटर पर
- मौत की वजह जानने को देवर दिन भर आईसीयू के बाहर रहा

> महिला को एक बार होश आया था, लेकिन वह बयान देने की स्थिति में नहीं थी। डॉक्टरों के निगरानी में उसका उपचार चल रहा है। पुलिस भी मेडिकल कॉलेज में मौजूद है।
>
> – अभिनव त्यागी, एसपी सिटी

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। गोरखनाथ थाना क्षेत्र के पचपेड़वा स्थित आवास में बेटी नेता (6) और शीतल (3) की हत्या कर ट्रेन के आगे कूदने वाली बिंदू रविवार को आंखें खोली थीं। इसके बाद पुलिस को उम्मीद थी कि उसके सेहत में सुधार होगा तो बयान दर्ज किया जाएगा, लेकिन चंद मिनटों बाद ही वह फिर आंखें बंद कर ली। डॉक्टरों ने उसे वेंटिलेटर पर रखा है और उसके सेहत में सुधार होने की उम्मीद भी तकरीबन छोड़ दी है। उधर, पति ने उससे मिलने से इनकार कर दिया तो देवर खुशवंत हत्या की वजह जानने के लिए दिनभर आईसीयू से बाहर ही बैठा रहा। पुलिस भी वहां पर मौजूद है।

जानकारी के मुताबिक, दो अक्टूबर को दो मासूमों की हत्या करने के बाद ट्रेन के आगे कूदी बिंदू हादसे के बाद से ही आईसीयू में है। उसके होश में आने का इंतजार सबको इस वजह है कि ताकि हत्या करने की असल वजह सामने आ सके। देवर ने बताया कि उम्मीद है कि अगर भाभी बच जाएंगी तो बच्चों की मौत की वजह बताएगी, उन्होंने किस मजबूरी में बच्चियों को मारा, उनके साथ इस घटना में कोई और शामिल था, ऐसे कई राज उनकी मौत के बाद दफन हो जाएगा।

**बिंदू के तस्वीरों को घर से हटाया:** खुशवंत ने बताया कि भईया ने कमरे और एलबम से भाभी की तस्वीरें हटा दी हैं। वह अब देखना भी नहीं चाहते हैं। ऐसे में अंतिम समय में सारे रीति रिवाज मुझे निभाने पड़ेंगे। नैना की मौत से भईया टूट गए हैं। अब वह यही कह रहे हैं कि मैं बाहर कमाने नहीं जाता तो बेटी मेरे पास होती। बेटी अफसर बने यही सोचकर कि उसकी पढ़ाई में कभी पैसा रुपया की परेशानी ना आए इसलिए ही वह बाहर कमाने गए थे। अब तो जिंदगी में कुछ बचा ही नहीं।

# कार में पिस्टल लेकर घूम रहे तीन युवक दबोचे गए

- रामगढ़ताल पुलिस ने दो पिस्टल, 9 कारतूस बरामद किया
- पिछले दिनों वसुंधरा अपार्टमेंट के पास कार पर की गई थी फायरिंग

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। रामगढ़ताल क्षेत्र में फायरिंग कर दशहत फैलाने की घटना के बाद सक्रिय हुई पुलिस ने रविवार को कार में पिस्टल लेकर घूम रहे तीन युवकों को दबोच लिया। आरोपितों के पास से एक पिस्टल के अलावा नौ कारतूस भी बरामद हुआ। कार को पुलिस ने सीज कर दिया, जबकि आरोपितों पर आर्म्स एक्ट का केस दर्ज कर जेल भेज दिया।

पिछले दिनों वसुंधरा अपार्टमेंट के पास कार पर फायरिंग की गई थी। इसके बाद ही जांच कर रही पुलिस को पता चला कि कई मनबढ़ अवैध असलहा लेकर आते हैं। सीओ कैंट योगेंद्र सिंह ने बताया कि इसी क्रम में रविवार को पुलिस गश्त पर थी। तभी सूचना मिली की एक कार से तीन युवक असलहा लेकर घूम रहे हैं। पुलिस ने तत्काल आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपितों की पहचान झंगहा के महिरा निवासी अंगद यादव, देवरिया के भलुअनी के जरार मानिक निवासी अमन सिंह, भरवलिया निवासी अनंत सिंह के रूप में हुई। सीओ ने बताया कि तीनों आरोपितों को जेल भेजा गया।

# चिकित्सक की सेहत में सुधार, हमले के पैटर्न ने डॉक्टरों को चिंता में डाला

**डॉक्टर पर हमला**

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। महानगर के वरिष्ठ गैस्ट्रो सर्जन डॉ. अनुज सरकारी की सेहत में लगातार सुधार हो रहा है। वह अस्पताल से डिस्चार्ज होकर घर आ गए हैं। वह जल्द ही अस्पताल में ओपीडी शुरू करेंगे। हालांकि इलाज कर रहे डॉक्टर ने उन्हें कम से कम तीन दिन आराम की सलाह दी है।

उधर निलंबित सिपाही के हमला करने के पैटर्न ने आईएमए के सदस्यों को चिंता में डाल दिया है। जिस प्रकार के हथियार व तरीके का प्रयोग सिपाही ने चिकित्सक पर हमले के लिए किया। इससे चिकित्सक समुदाय भयभीत हो गया है। ऐसी घटना से बचने के लिए चिकित्सक अब मंथन भी कर रहे हैं।

दरअसल महानगर की गैस्ट्रो सर्जन डॉ. अनुज सरकारी का एक सिपाही से गुरुवार की शाम को विवाद हो गया। सिपाही अपनी पत्नी का इलाज कराने चिकित्सक के पास पहुंचा था। दोनों पक्षों में हाथापाई हुई। मामला पुलिस तक पहुंचा। पुलिस ने समझौता करा दिया। शुक्रवार को सिपाही डॉक्टर की क्लीनिक में पहुंचा। वह झोले में हथौड़ा लेकर पहुंचा था। उसने क्लीनिक में हथौड़े से डॉक्टर के सिर पर कई वार कर दिया। गंभीर हालत में डॉक्टर को भर्ती कराया गया। इस दौरान गंभीर रूप से घायल चिकित्सक की जान बचाने के लिए फौरन सर्जरी की गई। पुलिस ने सिपाही को गिरफ्तार कर लिया।

इसके बाद से ही चिकित्सक समुदाय हतप्रभ है। वारदात से अधिक समुदाय को चिंता अपराध के पैटर्न से हो रही है। आईएमए के सचिव डॉ. अमित मिश्रा ने कहा कि यह चेतावनी भरा संकेत है। किस मरीज की नियत कैसी है यह चिकित्सक कैसे जान पाएगा। हमले में घायल डॉ. अनुज सरकारी की बहन डॉ. अमृता जयपुरियार भी ने भी इसको लेकर चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा कि अगर यह पता होता कि सिपाही शुक्रवार को इस प्रकार जानलेवा हमला करेगा तो गुरुवार को ही उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाता। पहले दिन दोनों पक्षों में हाथापाई हुई थी। हमारी कोई अदावत सिपाही या उसके परिजनों से नहीं थी। इस वजह से गुरुवार को मुकदमा दर्ज नहीं कराया गया। हमें जरा भी इल्म नहीं था कि वह अगले दिन इस प्रकार से वारदात करने की मंशा जेहन में रखा है।

## नहीं दर्ज हुआ केस तो कोर्ट जाने की तैयारी में सिपाही के परिजन

गोरखपुर। डॉ. अनुज सरकारी पर हथौड़ी से हमले के मामले में सिपाही के जेल जाने के बाद अब सिपाही की पत्नी की तहरीर पर केस दर्ज करने की पैरवी शुरू हो गई है। बताया जा रहा है कि डॉक्टर का मामला होने के नाते पुलिस अभी इस मामले को ठंडा करने की कोशिश में जुटी है।

हालांकि सिपाही के पक्ष से पैरवी करने चार अधिवक्ता सामने आए हैं। अधिवक्तओं ने सिपाही की जमानत के लिए भी पैरवी की थी। सिपाही की पत्नी ने डॉक्टर और उनके स्टॉफ के खिलाफ पिटाई के साथ छेड़खानी का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है लेकिन केस दर्ज न होने पर अब कोर्ट जाने की तैयारी है। पुलिस भी यही चाह रही है कि कोर्ट के आदेश पर सिपाही की पत्नी का केस दर्ज किया जाए। संतकबीरनगर खलीलाबाद निवासी सिपाही पंकज कुमार अपनी पत्नी का इलाज छात्रसंघ चौराहे के पास स्थित गैस्ट्रो रोग विशेषज्ञ डॉ. अनुज सरकारी से करा रहा था। गुरुवार की शाम को अल्ट्रासाउंड के पैसे को लेकर कहासुनी हुई। डॉक्टर पक्ष का आरोप है कि सिपाही ने उन्हें धक्का दे दिया। बताया जा रहा है कि इसके बाद डॉक्टर के कर्मचारियों ने उसकी पिटाई कर दी। इससे सिपाही के सिर में चोट आई। मामला थाने पर पहुंचा, लेकिन चोट को डॉक्टर पक्ष ने सिपाही की पत्नी की चूड़ी से लगी चोट बताया। पुलिस ने उस समय समझौता करा सिपाही को घर भेज दिया। हालांकि पत्नी के सामने पिटाई से आहत पंकज अगले दिन यानी शुक्रवार को दोबारा डॉक्टर के क्लीनिक पर पहुंचा और डॉयल 112 पर फोन कर पिटाई की सूचना दी।

# शांति से मनाएं पर्व, पुलिस होगी मददगार

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। दशहरा त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से निपटाए जाने को लेकर एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने पिपराइच व गुलरिहा थाने में बैठक की। इस दौरान एसएसपी ने शांति से दशहरा बनाए जाने की अपील करते हुए कहा कि पुलिस सहयोग में आपके के साथ रहेगी।

उन्होंने डीजे संचालकों से भी हाईकोर्ट के मानक के अनुसार ही डीजे बजाने की अपील की। मीटिंग के दौरान ही अचानक कुछ आयोजकों को उठाकर एसएसपी ने बीपीओ का नाम व नंबर पूछा। बताने पर बीपीओ से अपने सामने ही उस आयोजक को फोन कराया और तत्काल फोन मिलने पर इसी तहर से सामन्जस्य बैठाकर शांतिपूर्ण त्योहार कराने को कहा। दशहरा में स्थापित होने वाली सभी प्रतिमाओं के लिए एक-एक पुलिसकर्मी को नोडल बनाया गया है। इस दौरान एसपी सिटी अभिनव त्यागी, एसपी नार्थ जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव, एसओ पिपराइच पुरुषोत्तम आनंद सिंह आदि मौजूद रहे।



गुलरिहा थाने में बैठक करते एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर व एसपी सिटी अभिनव त्यागी।

# छात्र पर हमले का एक और आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर। तारामंडल इलाके में सर्किट हाउस के पीछे वैशाली कालोनी (सुरहिया टोला) में कार सवार युवक पर फायरिंग करने की घटना में पुलिस ने रविवार को एक और आरोपित को गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त 315 बोर का एक तमंचा व कारतूस बरामद किया। दोपहर बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया जहां से जेल भेज दिया गया।

सुरहिया टोला में रहने वाला बृजमोहन निषाद के घर ही मुख्य आरोपित शुभम व उनके साथी बैठे थे। बृजमोहन के कहने पर जसवंत ने विपिन कन्नौजिया की रेकी करके बताया था कि वह कमरे से बाहर निकलकर कार में बैठ रहा है। सूचना मिलते ही शुभम, विशाल के साथ ही बृजमोहन ने विपिन कन्नौजिया पर फायरिंग कर दी थी। सीओ कैंट योगेंद्र सिंह ने बताया घटना में शामिल आरोपित की सूची बनाई गई है। मुख्य आरोपित शुभम यादव समेत छह लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

# गोला में युवक ने फंदा लगाकर खुदकुशी की

**गोला बाजार।** गोला थाना क्षेत्र के परसिया निस्फी राजा गांव में शनिवार रात युवक ने गले में रस्सी का फंदा डाल कर खुदकुशी कर ली। रविवार सुबह जानकारी होने के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कानूनी कार्रवाई कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। निस्फी राजा गांव निवासी राजू (32) पुत्र स्व. केशभान शराब पीने का आदी था। वह रात में खाना खाकर सो गया। सुबह काफी देर तक नहीं उठने पर उसकी मां ने खिड़की से देखा तो वह पंखे की कुंडी में रस्सी के सहारे लटका हुआ था।

# छात्रा के साथ मनबढ़ों ने की मारपीट, तीन पर केस

**भटहट।** गुलरिहा थाना क्षेत्र के एक गांव में छात्रा के साथ मनबढ़ों पर गाली-गलौज के साथ ही मारपीट करने का आरोप है। हालांकि पिता की तहरीर पर पुलिस एक नामजद समेत तीन के खिलाफ सम्बन्धित धाराओं में केस दर्ज करते हुए मामले की जांच कर रही है। थाना क्षेत्र के रामपुर बुजुर्ग निवासी बीरबल मौर्या ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि उनकी बेटी क्षेत्र के एक इंटर कॉलेज में 12वीं की छात्रा है। आरोप है कि उसी समय उसके गांव के उस्मान अपने दो साथियों के साथ उसकी बेटी को अकारण गाली देते हुए मारने पीटने लगे।

# नहा रही युवती से दुष्कर्म की कोशिश

**खजनी।** इलाके के एक गांव में रविवार की सुबह नहा रही युवती से दुष्कर्म की कोशिश का मामला सामने आया है। आरोप है कि युवती के शोर मचाने पर आरोपित भाग गया। पुलिस युवती की शिकायत पर मामले की जांच कर रही है। एसओ ने बताया कि केस दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। युवती ने पुलिस को बताया कि पिछले कई दिनों से गांव का ही एक युवक उसे परेशान कर रहा है। रविवार को वह अपने घर के पास ही नहा रही थी। इसी दौरान वह अंदर आ गया और अश्लील हरकत करते हुए दुष्कर्म की कोशिश करने लगा।

# विसर्जन स्थलों के साथ जुलूसों में मौजूद रहे फोर्स

चौरीचौरा/ब्रह्मपुर, हिन्दुस्तान संवाद। एसडीएम प्रशांत वर्मा व सीओ अनुराग सिंह ने चौरीचौरा व झंगहा थानाक्षेत्र में बने मूर्ति विसर्जन स्थलों का स्थलीय निरीक्षण रविवार को किया। इसके बाद विसर्जन से संबंधित जानकारी लेकर तैयारियों को पूरा कराने का निर्देश दिया।

एसडीएम व सीओ ने झंगहा थानाक्षेत्र के गोर्रा नदी के गौरी घाट, बोहाबार, इटौवा व झिरझिरवां व चौरीचौरा थानाक्षेत्र के मझना नाला, तरकुलहां, देवीपुर के दुबियारी में होने वाले मूर्ति विसर्जन स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान झंगहा थानेदार सूरज सिंह व चौरीचौरा थानेदार संजय कुमार मिश्रा से जानकारी ली। एसडीएम ने निर्देश दिया कि मूर्ति विसर्जन के दिन घाटों पर साफ सफाई का ध्यान रखा जाए। सुरक्षा की दृष्टि से लाइट आदि की व्यवस्था की जाए। एसडीएम ने कहा कि क्षेत्र में स्थापित दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन चिन्हित स्थानों पर ही किया जाएगा। विसर्जन किसी ऐसे जगह न किया जाए, जिससे कोई तनाव की स्थिति पैदा हो। विसर्जन स्थलों के साथ साथ क्षेत्र में निकलने वाले जुलूसों की निगरानी के लिए पर्याप्त पुलिस फोर्स की तैनाती रहेगी। सीओ अनुराग सिंह ने कहा कि त्योहार को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस फोर्स को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। त्योहार में किसी तरह का व्यवधान डालने वालों व अराजकता फैलाने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा सुरक्षा की दृष्टि से नदी वाले विसर्जन स्थलों पर स्थानीय गोताखोरों को भी तैनात किया जाएगा। दोनों अधिकारियों ने रास्ते में पड़े कई दुर्गा पंडालों को भी देखा। इस दौरान साउंड, साफ सफाई, सुरक्षा आदि से संबंधित आवश्यक निर्देश देकर शांति पूर्ण ढंग से त्योहार मनाने की अपील लोगों से की।



झंगहा क्षेत्र के गोर्रा नदी में विसर्जन स्थल का निरीक्षण करते एसडीएम प्रशांत वर्मा व सीओ अनुराग सिंह।

## एसपी नार्थ ने विसर्जन स्थलों का लिया जायजा

चौरीचौरा। एसपी नार्थ जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने रविवार को चौरीचौरा थाने में पुलिसकर्मियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने दुर्गा पूजा व विसर्जन की व्यवस्था को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने थानेदार संजय कुमार मिश्रा के साथ अन्य पुलिसकर्मियों को दुर्गा पूजा, दशहरा व विसर्जन को लेकर मुस्तैद रहने को कहा।

# एसबीआई में जालसाजी का आरोपी अकाउंटेंट गिरफ्तार

## पीपीगंज पुलिस ने बिहार के सिवान से आरोपी को दबोचा, 80 लाख से अधिक की हुई थी ठगी

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**जंगल कौड़िया/ पीपीगंज।** भारतीय स्टेट बैंक के शाखा जंगल कौड़िया में 80 लाख रुपये से अधिक की जालसाजी के मामले में पीपीगंज पुलिस ने रविवार को आरोपी अकाउंटेंट अमरेंद्र कुमार सिंह को बिहार के सिवान से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोपहर बाद कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।



अमरेंद्र सिंह। संवाद

एसबीआई में एफडी, पेंशन लोन, केसीसी लोन आदि योजनाओं में 80 लाख से अधिक की जालसाजी का मामला जून 2024 में सामने आया था। इसके बाद बैंक प्रबंधन ने शाखा प्रबंधक और अकाउंटेंट को निलंबित कर दिया था। यह कार्रवाई रसूलपुर चकिया निवासी राजू सिंह की शिकायत पर हुई।

राजू सिंह ने बैंक में तीन लाख की एफडी कराई थी। इससे संबंधित कागज और रसीद उनके पास था। आरोप है कि बिना उनकी जानकारी के ही एफडी को तोड़कर रकम दूसरे खाते में जमा कर दी गई। जब राजू सिंह को मामले की जानकारी हुई तब उन्होंने एसबीआई की क्षेत्रीय कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई।

बैंक के उच्च अधिकारियों ने मामले की जांच की। इसमें तत्कालीन शाखा प्रबंधक भास्कर भूषण, अकाउंटेंट अमरेंद्र कुमार सिंह और कैंटीन बॉय पंकज मणि त्रिपाठी को राजू सिंह की एफडी समेत 80 लाख के गबन के अन्य मामलों में दोषी पाया गया। इसके बाद उच्च अधिकारियों के निर्देश पर शाखा प्रबंधक दीपक कुमार ने आरोपियों के खिलाफ 10 जून को पीपीगंज थाने में तहरीर दी। पुलिस ने केस दर्ज उनकी तलाश शुरू कर दी।

### ये जरूर ध्यान दें

- अपने अकाउंट की जानकारी किसी को न दें।
- लोन और एफडी के सभी कागजात अपने पास रखें।
- आधार और पैन कार्ड की फोटो कॉपी किसी को न दें।
- बैंक खाते से जुड़े मोबाइल नंबर को खुद ही इस्तेमाल करें, किसी दूसरे को सिम न दें
- बैंककर्मी से ही बात करें, अगर कोई शक हो तो मैनेजर से बात करें
- बीच-बीच में अपने लोन और एफडी की जानकारी ले सकते हैं।

### एक्सपर्ट कमेंट

## *सावधानी ही फ्रॉड से बचाव*

*लीड बैंक मैनेजर मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि एफडी, पेंशन लोन, केसीसी लोन लेते समय सभी को सावधानी बरती चाहिए। सबसे पहले तो किसी भी ब्रोकर के चक्कर में नहीं पड़ना चाहिए। बैंक में जाने के बाद अक्सर बाहर ब्रोकर के जाल में लोग फंस जाते हैं। बैंककर्मी से बात करें और सुनिश्चित करें कि आपकी एफडी में आपकी रकम सुरक्षित जमा हो रही है। एफडी का मिलने वाला सर्टिफिकेट पूरी तरह से चेक करें। ऐसा लोन लेने पर भी करें। बंद होने पर नो ड्यूज अवश्य प्राप्त करें।*



गगहा थाना परिसर में रविवार को दुर्गापूजा व रामलीला समितियों के सदस्यों के साथ पीस कमेटी की बैठक हुई।

# सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाएं त्योहार : एसडीएम

गगहा । थाना परिसर में रविवार को पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें दुर्गापूजा व रामलीला समितियों के सदस्यों व आयोजकों के अलावा ग्राम प्रधानों ने भाग लिया। बांसगांव के एसडीएम केशरीनंदन तिवारी ने कहाकि दुर्गा प्रतिमा की स्थापना मानक व नियमसंगत होनी चाहिए। बिना शासन की अनुमति लिए कहीं भी कोई नई प्रतिमा नहीं स्थापित होगी। लोग शांतिपूर्ण तरीके से पूजा पाठ करें। अगर कोई अराजकता फैलाता है। तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सीओ दरवेश कुमार ने कहा कि आयोजक भी ऐसे लोगों की सूचना तत्काल पुलिस को दें, जिनसे त्योहारों का माहौल खराब हो रहा हो। पुलिस प्रशासन आपके साथ सहयोग में है।

इस मौके पर एसओ गौरव कुमार वर्मा, राकेन्द्र द्विवेदी, अंकित चन्द, संदीप मोदनवाल, अनिल मिश्र, अनिल शाही, बालेंदु, संजीव , शुभम, शैलेश सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# मौका ही नहीं था...चैंबर में घुसते ही बरसाया हथौड़ा

## डॉ. अनुज सरकारी ने पूरे घटनाक्रम पर रखा पक्ष-पहले दिन के विवाद में सिपाही ने दिया था धक्का

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। गैस्ट्रो स्पेशलिस्ट डॉ. अनुज सरकारी के सिर पर आरोपी सिपाही ने थैले से हथौड़ा निकालकर ताबड़तोड़ तीन बार हमला किया था। सिर में गंभीर चोट लगने से डॉक्टर चैंबर में बेहोश होकर गिर पड़े। यही नहीं, पहले दिन भी सिपाही ने हमला किया था। डॉक्टर के चैंबर में उलझे सिपाही ने उनसे बहस की। जैसे ही वह बाहर निकलने के लिए कुर्सी से उठे तो उन्हें धक्का देकर गिरा दिया।



डॉ. अनुज सरकारी।

हमले में घायल डॉ. अनुज सरकारी ने रविवार को पूरे घटनाक्रम के बारे में विस्तार से अपना पक्ष रखा। बोले- छात्रसंघ चौराहे के पास स्थित अपने हॉस्पिटल में बृहस्पतिवार को जब सिपाही आया था, तो वह फीस को लेकर बहस कर रहा था। उसे यह बताया गया कि बीमारी के इलाज के लिए ही यह चाहते हैं कि जांच भरोसेमंद जगह से कराएं। फिर भी वह जहां चाहे, जांच करा लें। इसके बाद जैसे ही चैंबर से बाहर जाने के लिए खड़े हुए तो सिपाही ने धक्का देकर गिरा दिया। चैंबर में मौजूद मैनेजर व तीन लड़कियों ने उठाया। शोर सुनकर अन्य लोग पहुंचे और उसे चैंबर से बाहर ले गए। बाहर क्या हुआ, उन्हें नहीं मालूम।



शुक्रवार को डॉक्टर पर हमले के बाद मौके पर मची अफरातफरी। स्रोत-सोशल मीडिया

***किसी के साथ भी मारपीट जायज नहीं***

*किसी भी परिस्थिति में अस्पताल में मारपीट जैसी घटनाएं नहीं होनी चाहिए। इसके लिए डॉक्टर और मरीज को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। अगर कोई मरीज गंभीर हालत में है तो उसका इलाज दूसरे मरीज के नंबर से पहले होगा, यह व्यवस्था मरीज को माननी चाहिए। वहीं जांच व दवा के लिए मरीज को स्वतंत्रता मिलनी चाहिए। जांचकर्ता व दवा विक्रेता भी विश्वसनीय होना चाहिए, ताकि इलाज में एकरूपता रहे।*

**- डॉ. डीके सिंह, पूर्व अध्यक्ष, आईएमए**


पसीजे.. पीटते ही रहे पति को

7 अक्तूबर को प्रकाशित खबर।

डॉक्टर का इलाज उनके भाई डॉ. अविजीत सरकारी ने किया। डॉक्टर का कहना है कि उनकी हालत अब खतरे से [redacted] चोट गंभीर है। सोमवार को सिटी स्कैन से पता लगेगा कि चोट की स्थिति अब कितनी सुधरी है। घटना के बाद से पूरा परिवार सदमे में है।

***डॉक्टर व स्टॉफ की पीड़ा भी समझें मरीज***

*डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मचारी वर्कलोड से प्रभावित हैं। निजी अस्पतालों में आए मरीज सुविधाएं तो बेहतर चाहते हैं, लेकिन जब पैसा खर्च करने की बात होती है, तब उन्हें सब कुछ महंगा लगने लगता है। इस तरह के केस हर दिन आ रहे हैं। अधिकतर मामलों में मैनेज करने का प्रयास किया जाता है, लेकिन कई बार स्थितियां नियंत्रण से बाहर हो जाती हैं। जैसे मरीज अपनी सहूलियत सोचता है, उसे वैसे ही डॉक्टर व उनके स्टॉफ के बारे में भी सोचना चाहिए। अस्पताल के कर्मियों को भी अपने व्यवहार में संवेदनशीलता लानी होगी।*

**- डॉ. अमित मिश्रा, सचिव आईएमए**

**लगाए जा रहे आरोप मनगढ़ंत :** डॉ. अनुज का कहना है कि आरोपी सिपाही की तरफ से जो भी आरोप लगाए जा रहे हैं, वह मनगढ़ंत हैं। वह पुलिस में है तो कानूनी दांवपेच जानता है। हम दूसरे दिन भी सामान्य दिनों की तरह ही चैंबर में इलाज के लिए बैठे थे। सुबह से दो मरीजों का ऑपरेशन भी कर चुके थे। अगर जरा सा भी आभास होता कि सिपाही फिर उन पर हमला करेगा तो वह उसे चैंबर में घुसने ही नहीं देते।

## अस्पताल-क्लीनिक के संपर्क में रहेगी पुलिस, सूचना मिलते ही पहुंचेगी मौके पर

अमर उजाला ब्यूरो

### डॉक्टरों के साथ मीटिंग के बाद एसएसपी ने बनाया सुरक्षा का प्लान

गोरखपुर। जिले के सभी डॉक्टर और हॉस्पिटल संचालक अपने थाना क्षेत्र की पुलिस से संपर्क में रहें। कोई भी बवाल या हंगामे की सूचना पर तत्काल पुलिस पहुंचेगी। डॉक्टर व हॉस्पिटल संचालक थाने में अपना और संबंधित बीट पुलिस का नंबर आपस में शेयर कर लें, जिससे कि कहीं कोई परेशानी न आए।

एसएसपी ने डॉक्टरों के साथ मीटिंग कर उन्हें सुरक्षा का अश्वासन दिया था। इसके बाद रविवार को सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र के हॉस्पिटल व क्लीनिक की सूची बनाकर वहां पुलिस गश्त कराने के भी निर्देश दिए हैं। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने कहा कि घटना या फिर आशंका होने पर भी पुलिस को सूचना दें, तत्काल कार्रवाई होगी।

बता दें कि बृहस्पतिवार को छात्रसंघ चौराहे के पास स्थित गैस्ट्रो के विशेषज्ञ डॉ. अनुज सरकारी पर उनके क्लीनिक में ही बलिया के निलंबित सिपाही हमला किया था। इसके विरोध में आईएमए ने हड़ताल की घोषणा की थी। शनिवार को एसएसपी ने आईएमए की बैठक में पहुंचकर डॉक्टरों को सुरक्षा का आश्वासन देकर हड़ताल वापस कराई थी।

# तीन गुना तक बढ़ेगा पुलिसकर्मियों का वर्दी भत्ता

लखनऊ। प्रदेश पुलिस के अराजपत्रित कर्मचारियों का वर्दी भत्ता तीन गुना तक बढ़ने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 21 अक्तूबर को पुलिस स्मृति दिवस पर इसकी घोषणा कर सकते हैं। इसके दायरे में निरीक्षक,उप निरीक्षक, सहायक उपनिरीक्षक, मुख्य आरक्षी, आरक्षी एवं समतुल्य पद तथा समस्त चतुर्थ श्रेणी कर्मी आएंगे।

### पुलिस स्मृति दिवस पर अराजपत्रित कर्मियों के लिए सीएम कर सकते हैं घोषणा

वर्तमान में इन पुलिस बल में तैनात निरीक्षक, एसआई, एसआई एवं समतुल्य पदों पर तैनात कर्मियों को प्रत्येक पांच वर्ष में 7500 रुपये वर्दी भत्ता मिलता है। अब इसे बढ़ाकर 22 हजार रुपये करने का प्रस्ताव है। मुख्य आरक्षी, आरक्षी एवं समतुल्य पदों पर तैनात कर्मियों को प्रत्येक वर्ष दिया जाने वाला तीन हजार का भत्ता छह हजार करने का प्रस्ताव है।

इसके अलावा सभी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को हर वर्ष दिया जाने वाला 2200 रुपये का भत्ता बढ़ाकर 3500 रुपये होने की उम्मीद है। ब्यूरो

# सिपाही को न्याय दिलाएंगे अधिवक्ता...कोर्ट से केस दर्ज कराने की तैयारी

## पैरवी के लिए चार अधिवक्ताओं ने शुरू की तैयारी, डॉक्टर और कर्मचारियों पर पिटाई के साथ छेड़खानी का लगाया आरोप

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। डॉक्टर पर हथौड़ी से हमले के मामले में सिपाही के जेल जाने के बाद अब सिपाही की पत्नी की तहरीर पर केस दर्ज करने की पैरवी शुरू हो गई है।



आरोपी सिपाही पंकज कुमार।

डॉक्टर का मामला होने के नाते पुलिस भी यही चाह रही है कि कोर्ट के आदेश पर सिपाही की पत्नी का केस दर्ज किया जाए।

### मामला ठंडा करने को सिपाही के पक्ष में केस करने से कतरा रही पुलिस

पुलिस अभी इस मामले को ठंडा करने की कोशिश में जुटी है। हालांकि, सिपाही के पक्ष से पैरवी करने चार अधिवक्ता सामने आए हैं। अधिवक्ताओं ने सिपाही की जमानत के लिए भी पैरवी की थी। सिपाही की पत्नी ने डॉक्टर और उनके स्टाफ के खिलाफ तहरीर दी है, लेकिन केस दर्ज न होने पर अब कोर्ट जाने की तैयारी है।

संत कबीरनगर खलीलाबाद निवासी सिपाही पंकज कुमार अपनी पत्नी का इलाज छात्रसंघ चौराहे के पास स्थित गैस्ट्रो रोग विशेषज्ञ डॉ. अनुज सरकारी कर रहें थें। बृहस्पतिवार की शाम को अल्ट्रासाउंड के पैसे को लेकर कहासुनी हुई।

डॉक्टर पक्ष का आरोप है कि सिपाही ने उन्हें धक्का दे दिया। बताया जा रहा है कि इसके बाद डॉक्टर के कर्मचारियों ने उसकी पिटाई कर दी। उसके सिर में चोट आई। मामला थाने पर पहुंचा, लेकिन पिटाई से आए चोट को डॉक्टर पक्ष ने सिपाही की पत्नी की चूड़ी से लगी चोट बताया। फिलहाल पुलिस ने समझौता कर उसे घर भेज दिया।

हालांकि, पत्नी के सामने पिटाई से आहत पंकज अगले दिन यानी शुक्रवार को दोबारा डॉक्टर के क्लीनिक पर पहुंचा और डायल 112 पर फोन कर पिटाई की सूचना दी। पीआरवी के जवान पहुंचे तो उन्हें सिर में आई चोट को दिखाया। पुलिस वाले उसे लेकर जैसे ही डॉक्टर के चैंबर पर पहुंचे सिपाही ने अपने झोले में रखी हथौड़ी से हमला कर दिया। हालांकि, सिपाहियों ने उसे काबू कर लिया। दूसरे दिन भी पिटाई की बात सामने आई।

फिलहाल डॉक्टर पक्ष से मिली तहरीर के आधार पर सिपाही पंकज को नामजद करने के साथ ही दोनों सिपाहियों को भी आरोपी बनाया गया था। इस बीच पंकज की पत्नी ने भी पिटाई और छेड़खानी की तहरीर दी है। इस मामले में अभी तक केस नहीं दर्ज किया गया है।

# पहलवान पर रॉड और तमंचे की बट से हमला कर किया घायल

## शाहपुर पुलिस ने तीन पर दर्ज किया केस

पादरी बाजार (गोरखपुर)। शाहपुर इलाके के कृष्णानगर में शुक्रवार रात तीन पहलवानों ने मिलकर एक पहलवान को रॉड डंडे और पिस्टल की बट से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने इलाज कराने के बाद पुलिस को प्रार्थना पत्र दी। शनिवार शाम शाहपुर पुलिस ने कृष्णा नगर प्राइवेट कॉलोनी निवास धर्मेंद्र, पंकज और अभिषेक यादव के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही हैं।

शाहपुर इलाके के कृष्णा नगर कॉलोनी निवासी ज्ञान सिंह यादव ने शाहपुर पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह पहलवानी करते हैं। उनके मोहल्ले के धर्मेंद्र, पंकज और अभिषेक भी पहले पहलवानी करते थे। वह शुक्रवार रात 10:30 बजे दंगल से अपने अखाड़े पर जा रहे थे। आरोप हैं कि तीनों उन्हें रोककर रॉड-डंडे और पिस्टल की बट से पीटा। संवाद

# तीन को पुलिस ने दबोचा पिस्टल व कारतूस बरामद

## पुलिस ने रोका तो भागे, तलाशी में दो पिस्टल, नौ कारतूस बरामद

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। रामगढ़ताल पुलिस ने शनिवार रात कार सवार तीन दोस्तों को पकड़ लिया। वे पुलिस के रोकने पर भागने की कोशिश कर रहे थे। तलाशी में उनके पास से दो पिस्टल, नौ कारतूस बरामद हुए।

पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनको कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

रामगढ़ताल पुलिस शनिवार रात करीब दो बजे गस्त पर थी। इस दौरान आजाद नगर के पास एक कार आती दिखाई दी। पुलिसकर्मियों के रोकने पर वह भागने का प्रयास किए। लेकिन पुलिस ने पीछा कर उनको पकड़ लिया। कार में सवार तीन युवकों को पुलिस ने हिरासत में लेकर तलाशी ली। उनके पास से दो पिस्टल और नौ कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में उनकी पहचान झंगहा क्षेत्र के गहिरा गांव निवासी बहादुर यादव के पुत्र अंगद यादव, देवरिया जिले के भलुवनी क्षेत्र के जरार मानिक निवासी रमाशंकर सिंह के पुत्र अमन सिंह, शहर में निवास बुद्ध विहार पार्ट सी और रामगढ़ताल के विवेकपुरम भरवलिया निवासी जगदंबा सिंह के पुत्र अनंत सिंह के रूप में हुई।

### अमन के पास से उसके पिता की लाइसेंसी और अंगद के पास से अवैध पिस्टल मिला

अमन के पास से उसके पिता की लाइसेंसी और अंगद के पास से अवैध पिस्टल मिला है। अमन के पिता रमाशंकर सिंह होमगार्ड विभाग में तैनात हैं। जबकि अंगद के पिता बहादुर यादव झंगहा में लाइनमैन हैं।

### दोस्त की कार लेकर निकले थे घूमने

पुलिस की पूछताछ में पता चला है कि तीनों एक साथ शहर के एक कान्वेंट स्कूल में पढ़ाई किए हैं। कार बुलंदशहर के रहने वाले अमन के दोस्त की है, जो स्क्रैब कारोबारी है। अंगद के पास मिली अवैध पिस्टल भी उसी की बताई जा रही है। अमन दोस्त की कार अपने पास रखा हुआ था। वह कार से ही नैनीताल घूमने गए थे। वहां से आने के बाद शहर में वह घूमने निकले थे। इस दौरान पुलिस के हत्थे चढ़ गए। पुलिस ने कार को भी सीज कर दिया है।

## धर्म परिवर्तन की सूचना पर तीन युवक हिरासत में

**उरुवा बाजार।** क्षेत्र के भवानीगढ़ गांव में धर्म परिवर्तन की सूचना पर रविवार को उरुवा पुलिस ने तीन युवकों को हिरासत में ले लिया। उनके पास से एक धार्मिक पुस्तक भी बरामद हुई है। पुलिस उन्हें थाने ले जाकर पूछताछ कर रही है। उरुवा पुलिस को किसी ने सूचना दी थी कि भवानीगढ़ गांव में कुछ लोग ग्रामीणों को इकट्ठा कर धर्म परिवर्तन करा रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस जब मौके पर पहुंची तो वहां पर महिलाओं की भीड़ थी। पूछताछ में महिलाओं ने बताया कि शिवचर्चा हो रही थी जिसमें वह शामिल हुई थीं। जब युवकों की जांच की तो उनके पास से तीन धार्मिक पुस्तकें बरामद हुई। एसपी साउथ जितेंद्र कुमार ने बताया कि तीन युवकों को उरुवा पुलिस ने पकड़ा है। संवाद

# हिस्ट्रीशीटर की पत्नी चोरी के मामले में गिरफ्तार

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**गुलरिहा।** गुलरिहा क्षेत्र में चोरी की घटना से पहले रेकी करने वाली आरोपी महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।


राधिका उर्फ राधा।

गुलरिहा क्षेत्र में चार चोरी के मुकदमे में राधिका उर्फ राधा पत्नी गौरजीत वांछित थी। 18 अगस्त को पुलिस मुठभेड़ में घायल चोर गौरजीत की पत्नी राधिका है। रविवार दोपहर पुलिस ने राधिका को पिपराइच क्षेत्र के अगया बड़का टोला स्थित घर से गिरफ्तार किया। 19 अगस्त को पुलिस गौरजीत को जेल भेजने के बाद बहन जानकी और उसकी पत्नी राधिका की तलाश कर रही थी। अभी भी जानकी फरार चल रही है।

**पत्नी के साथ चोरी की वारदात को देता है अंजाम :** हिस्ट्रीशीटर गौरजीत चौहान अपनी पत्नी राधिका और रिश्तेदार के साथ दिनदहाड़े चोरी करता था। कुशीनगर सहित गोरखपुर के पिपराइच थाने में कुल 24 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

गुलरिहा में आरोपी ने कुल पांच जगहों पर चोरी की घटना की है। आरोपी फरवरी में जेल से छूटा था। अगस्त में गुलरिहा पुलिस ने मुठभेड़ के बाद जेल भेज दिया था।

## विवाद में आठ पर केस, एक गिरफ्तार

**भटहट (गोरखपुर)।** गुलरिहा इलाके के कर्महा गांव में डीजे साउंड के साथ दुर्गा प्रतिमा ले जाते समय विवाद करने वाले आठ लोगों पर हत्या के प्रयास समेत अन्य गंभीर धाराओं में पुलिस ने केस दर्ज किया है। आरोपियों के दूसरे समुदाय के होने के चलते पुलिस सतर्क है।

पुलिस कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। देर शाम एक आरोपी कर्महा निवासी शकील को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

कर्महा गांव में शारदीय नवरात्र के अवसर पर पूजा करने के लिए गांव में दुर्गा पंडाल बनाया गया है। पंडाल में स्थापित करने के लिए शनिवार रात कुछ ग्रामीण जयकारा लगाते हुए वाहन पर लादकर दुर्गा प्रतिमा लेकर जा रहे थे। गांव में एक मस्जिद के सामने पहुंचे, इसी दौरान करीब एक दर्जन अराजकतत्व जुलूस में पहुंचकर साउंड का तार व कुछ लोगों का मोबाइल तोड़कर फरार हो गए। संवाद

### छात्रा से मारपीट के मामले तीन पर केस

**गुलरिहा।** थाना क्षेत्र के एक इंटर कालेज में पढ़ने वाली छात्रा के साथ मारपीट करने वाले एक नामजद व दो अज्ञात युवकों के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। गुलरिहा थाना क्षेत्र के रामपुर बुजुर्ग निवासी बीरबल मौर्या ने तहरीर देकर बताया है कि उनकी बेटी 12वीं में पढ़ती है। संवाद

### पेट्रोल भराते समय मारपीट, चार पर केस

**कैंपियरगंज।** कस्बे के पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भराने के दौरान गाड़ी को आगे-पीछे करने को लेकर हुई कहासुनी के बाद लात घूंसे चलने लगे। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। महराजगंज जनपद के फरेंदा थाना क्षेत्र के भारीवैसी वनटांगिया निवासी विरेंद्र ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शनिवार की शाम कैंपियरगंज कस्बे के पेट्रोल पंप पर पेट्रोल डलवाने गया था। संवाद

### मारपीट में बाइक सवार युवक का सिर फटा

**कैंपियरगंज।** क्षेत्र के भौराबारी में बाइक से जा रहे युवक से मारपीट हो गई। इसमें युवक का सिर फट गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। क्षेत्र के भौराबारी गांव के परमजीत सहानी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शनिवार की रात करीब साढ़े आठ बजे घर से बाइक से जा रहा था। गांव के लल्लन यादव की दुकान के पास मोड़ पर कृष्ण, विवेक, आदित्य और भोला ने बाइक के सामने अपनी बाइक लगाकर रोक लिया। इसके बाद गाली देते हुए पत्थर व पंच मारने लगे जिससे उसका सिर फट गया। संवाद

### शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण का आरोप

**सरदारनगर।** चौरीचौरा इलाके के एक गांव की महिला ने कमिश्नर को प्रार्थना पत्र देकर शिकायत की है। उसका आरोप है कि युवक का उसके गांव में ननिहाल है। युवक उसकी बेटी को शादी का झांसा देकर दो वर्ष तक शोषण करता रहा। पुलिस मामले की जांच कर रही है। संवाद

### कार सवार पर फायरिंग का एक और आरोपी गिरफ्तार

**गोरखपुर।** सर्किट हाउस के पीछे वैशाली कॉलोनी (सुरहिया टोला) में कार सवार युवक पर फायरिंग करने की घटना में पुलिस ने रविवार को एक और आरोपी को गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त 315 बोर का एक तमंचा व कारतूस बरामद किया। दोपहर बाद उन्हें न्यायालय में पेश किया गया जहां से जेल भेज दिया गया। संवाद

### नौ आरोपितों पर दुष्कर्म व मारपीट का केस

**सरदारनगर।** चौरीचौरा इलाके के एक गांव की रहने वाली महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि झंगहा क्षेत्र के विश्वनाथपुर निवासी विशाल गौड़ शादी का झांसा देकर उनकी पुत्री के साथ दो वर्ष तक शोषण किय। आरोप है कि 4 अक्तूबर को गोलबंद होकर विशाल गौड़, साहिल, सरोज देवी, अरविंद गौड़, आदित्य गौड़ व चार अज्ञात लोगों ने घर में घुसकर उनकी पुत्री को बुरी तरह से मारा पीटा। विरोध पर उसे भी पीटकर घायल कर दिया। संवाद

### डंपर से बैटरी और एयर फिल्टर चोरी, केस दर्ज

**गीडा।** इलाके के एकला बाजार निवासी दुर्गेश यादव ने तहरीर दी कि 4 अक्तूबर को अपनी गाड़ी (डंपर) घर के पीछे खड़ी किए थे। अगले दिन सुबह गाड़ी के पास गए तो देखा कि उसमें से दो बैट्री और एयर फिल्टर गायब है। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। संवाद

### बच्चियों की चोरी का आरोप, दो गिरफ्तार

**झंगहा।** थाना क्षेत्र के बेलही मोड़ हनुमान मंदिर के पास से शनिवार दोपहर तीन बजे बच्चियों की चोरी के आरोप में ग्रामीणों ने महिला व पुरुष को पकड़ा। आरोप है कि यह दोनों बच्चियों को ऑटो से लेकर जाने वाले थे। अमरनाथ मद्धेशिया की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर दोनों को न्यायालय में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। संवाद

### नहाने जा रही युवती से दुष्कर्म की कोशिश, केस

**उनवल।** खजनी क्षेत्र में एक युवती के साथ अश्लील हरकत करने का मामला सामने आया है। युवती का आरोप है कि रविवार की सुबह वह नहाने जा रही थी। तभी गांव के ही एक युवक ने छेड़खानी की और दुष्कर्म का प्रयास किया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। संवाद

### चोरी की बाइक के साथ दो गिरफ्तार, भेजा जेल

**गोरखपुर।** शाहपुर पुलिस ने रविवार को चोरी की बाइक के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उनकी पहचान शाहपुर इलाके के जटेपुर कृष्णा नगर निवासी सौरभ निषाद और राजेंद्र नगर काली उत्तरी जटेपुर निवासी अभिषेक सिंह के रूप में हुई। पुलिस ने उनको कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। संवाद

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-07-10-2024

# औरंगजेब की खंगाली जा रही कुंडली

## दिल्ली में ड्रग्स की तस्करी में छोटी रार के औरंगजेब के पकड़े जाने का मामला

जासं, देवरिया : ड्रग्स की तस्करी में दिल्ली में पकड़े गए खुखुंदू के नरौली भोखम के छोटी रार के रहने वाले औरंगजेब की कुंडली जांच एजेंसियों ने भी खंगालनी शुरू कर दी है। जांच एजेंसियों ने स्थानीय पुलिस से संपर्क कर जानकारी ली है। गांव व परिवार के लोग औरंगजेब के पकड़े जाने के बाद हतप्रभ हैं। मां को बेटे के इस कार्य पर विश्वास नहीं है।

छोटी रार का रहने वाले औरंगजेब सिद्दीकी का परिवार काफी गरीब है। बड़ा भाई शमसुद्दीन दूसरी बार आठ माह पहले विदेश गया है। जबकि दूसरे नंबर का भाई नौसाद समूह में सुपरवाइजर है और तीसरा औरंगजेब अपने को वाहन चालक बताता था, जबकि छोटा जावेद पेंटिंग का कार्य करता है। पिता रफीक की सात वर्ष पहले मृत्यु हो चुकी है। मां शैबुननिशा गांव के परिषदीय विद्यालय में रसोइया का कार्य करती है और गांव-गांव में चूड़ी बेच कर परिवार का भरण पोषण करती है। तीन बेटियों की शादी कर चुकी है। बुधवार को दिल्ली पुलिस ने ड्रग्स तस्करी के मामले में औरंगजेब को गिरफ्तार किया। उसकी गिरफ्तारी के बाद से ही गांव में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। उधर बेटे के पकड़े जाने के बाद मां की तबीयत खराब हो गई है। रविवार को दवा खाने के बाद कुछ देर के लिए बकरी चराने गई, फिर तबीयत खराब हुई तो घर आ गई।

- दिल्ली में गिरफ्तार होने के बाद गांव के लोग हतप्रभ
- बेटे के इस कृत्य पर मां को नहीं हो रहा विश्वास



दिल्ली में ड्रग्स तस्करी में पकड़े गए औरंगजेब का खुखुंदू के जुआफर गांव में मकान। • जागरण

**12 अगस्त को घर से गया था औरंगजेब** : मां शैबुननिशा का कहना है कि उसका बेटा यह कार्य नहीं कर सकता। पहले वह टेंट में कार्य करता था। वहीं पर ट्रैक्टर चलाने का कार्य सीखा और धीरे-धीरे वह अन्य गाड़ियों को भी चलाने लगा। पहले गांव के एक व्यक्ति का वाहन चलाता था। बाद में देवरिया में एक व्यक्ति की गाड़ी चलाने लगा। 12 अगस्त को वह दिल्ली गया और फोन कर कहता था कि वह वहां तुषार गोयल की मां की गाड़ी चलाता है। जाने के बाद से एक रुपया नहीं भेजा है।

**समूह के लोन से गिराई थी ईंट** : शैबुननिशा का कहना है कि औरंगजेब ने एक रुपया कमाकर मुझे नहीं दिया है। हमने समूह से तीन ऋण लिया था, जिससे ईंट गिरावाई थी। हर माह बड़ा बेटा 20 हजार से 25 हजार रुपये भेज देता है। मई माह से मकान का कार्य शुरू हुआ। दो माह से यह भी कार्य रुपये के अभाव में बंद है। केवल दीवार चली है।



शैबुननिशा। • जागरण

**गांव के लोग कुछ भी कहने को नहीं दिख रहे तैयार** : गांव के लोग औरंगजेब के पकड़े जाने के बाद कुछ भी कहने को तैयार नहीं हैं। गांव के रामचीज यादव का कहना है कि हम लोगों को तो समाचार पत्रों से यह मालूम चला कि वह पकड़ा गया है। कभी उसकी गलत आदत इस तरह की नहीं रही। भूमिका होगी तो पुलिस गिरफ्तार की होगी। इसी तरह की बात अन्य लोग भी कह रहे हैं। अगर कोई औरंगजेब के दरवाजे पर पहुंच रहा है तो गांव के लोग भी जुट जा रहे हैं। हर कोई आगे की कार्रवाई के बारे में जानने को परेशान सा नजर आ रहा है। उधर औरंगजेब से मिलने के लिए परिवार का कोई भी सदस्य अभी दिल्ली नहीं गया है।

# वकीलों ने एडिशनल कमिश्नर का किया घेराव

देवरिया। शनिवार को देवरिया टैक्स बार असोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल ने मुंह पर सफेद पट्टी बांधकर एडिशनल कमिश्नर अपील खंड 2 के कार्यालय गोरखपुर का घेराव किया तथा ज्ञापन दिया। इस दौरान अधिवक्ता पूर्ण मौन रहे, इसके बाद भी यह अत्यंत प्रभावशाली रहा। देवरिया टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शांति स्वरूप दुबे, प्रांतीय सदस्य कासिम मेहदी, राकेश पाठक, रोशन जायसवाल, गोरखपुर टैक्स बार के महामन्त्री दिलीप रस्तोगी, इम्तियाज अब्बासी, सचिन्द्र श्रीवास्तव, कृष्णा सर्राफ आदि कर अधिवक्ता शामिल रहे।

# देवरिया में छात्राओं से छेड़खानी के आरोपितों को मुठभेड़ में दबोचा

तरकुलवा(देवरिया), हिटी। देवरिया के तरकुलवा थाना क्षेत्र में छात्राओं से छेड़खानी के दो आरोपियों को पुलिस ने रविवार की रात मुठभेड़ में दबोच लिया। दोनों शोहदों के पैर में गोली लगी है। इनके पास से दो तमंचे मिले हैं। दोनों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। स्कूल से घर लौट रहीं छात्राओं के साथ छेड़खानी की घटना 4 अक्तूबर को हुई थी। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने चार आरोपियों पर केस दर्ज किया था। मामले में अभी दो आरोपी फरार हैं।

**02** आरोपियों को पुलिस ने पैर में गोली मारकर दबोचा

**04** अक्तूबर को स्कूल से लौट रहीं छात्राओं से की थी छेड़खानी





मुठभेड़ के बाद मेडिकल कॉलेज में भर्ती धीरज पटेल और रितिक यादव।

एसपी संकल्प शर्मा ने बताया कि रविवार देर रात पुलिस को सूचना मिली की छात्राओं से छेड़खानी मामले के दो आरोपी तरकुलवा थाना क्षेत्र में देखे गए हैं। सूचना पर पुलिस टीम उनकी तलाश कर रही थी। इसी दौरान देर रात दो लोग बाइक से आते दिखे। तरकुलवा थाना क्षेत्र के सिरसियां मौठा गांव के पास पुलिस ने दोनों को रोकने की कोशिश की तो उन्होंने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में दोनों के पैर में गोली लगने से दोनों गिर पड़े। पुलिस उन्हें दबोच लिया।

इनकी पहचान धीरज पटेल (28) पुत्र राधा किशन निवासी बैकुंठपुर, बंजरिया टोला थाना क्षेत्र तरकुलवा और इसी गांव के 22 वर्षीय रितिक यादव पुत्र दीनानाथ यादव के रूप में हुई है। धीरज के बाएं और रितिक के दाएं पैर में गोली लगी है। पुलिस ने दोनों को देवरिया मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है।

# स्कूल में धर्मांतरण की सूचना पर भाजपा कार्यकर्ताओं का हंगामा

**आक्रोश**

बरहज (देवरिया), हिन्दुस्तान टीम। देवरिया के बरहज नगर स्थित एक स्कूल में प्रार्थना सभा के दौरान धर्मांतरण की शिकायत पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने रविवार को स्कूल पहुंचकर विरोध जताया। इसे लेकर पुलिस से तीखी बहस भी हुई।

हंगामे के बीच मौके का फायदा उठाकर धर्मगुरु वहां से भाग खड़े हुए। फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार ने मामला शांत कराया। एक स्कूल में स्थित धार्मिक स्थल पर काफी दिन से प्रार्थना सभा के दौरान धर्मांतरण की शिकायतें मिल रही थीं। रविवार को प्रार्थना सभा में भारी भीड़ देख भाजपा कार्यकर्ताओं को भी कुछ शक हुआ। बड़ी संख्या में कार्यकर्ता सुबह करीब दस बजे वहां पहुंच गए। पहले पूछताछ की। यहां कुछ धार्मिक पुस्तकें देख धर्मांतरण संबंधी गतिविधियों का शक हुआ। उन्होंने धार्मिक पुस्तकें छीनने की कोशिश की। हंगामे के बीच धर्मगुरु वहां से निकल गए। प्रशासन और पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति संभाली। पुलिस वार्ता के लिए दोनों पक्षों को लेकर थाने चली गई। इस दौरान पुलिस और भाजपा नेताओं में तीखी बहस हुई।



मौके पर निरीक्षण करते नायब तहसीलदार व पुलिस।

- मौके पर मिलीं धार्मिक पुस्तकें छीनने की कोशिश, प्रार्थना सभा छोड़ भागे धर्मगुरु
- बरहज में प्रार्थना सभा के नाम पर धर्मांतरण कराए जाने की मिल रही थीं शिकायतें

"कुछ लोगों ने एक स्कूल में धर्मांतरण कराए जाने की सूचना दी थी। मौके पर पुलिस व तहसील प्रशासन की टीम गई थी। मैंने खुद पहुंचकर छानबीन की। दोनों पक्षों से बात करने पर मामला सुलझ गया। धर्मांतरण की पुष्टि नहीं हुई है।

रविन्द्र मौर्य, नायब तहसीलदार, बरहज

**भाजपा नेता का आरोप थानेदार ने दी धमकी:** थाने में वार्ता के दौरान भाजपा नेता प्रमोद मिश्र की प्रभारी निरीक्षक राहुल सिंह से झड़प हो गई। दोनों ने आरोप-प्रत्यारोप लगाए। भाजपा नेता का कहना है कि इस दौरान थानाध्यक्ष ने उन्हें जमीन में गाड़ देने की धमकी दे दी। भाजपा नेता ने कहा कि वह इसकी शिकायत मुख्यमंत्री और डीजीपी से करेंगे। वहीं थानेदार ने किसी तरह की धमकी देने की बात से इनकार किया है।

# प्रतिबंधित पशु काटने के मामले में तीन गिरफ्तार

## कार्रवाई

सलेमपुर(देवरिया), हिन्दुस्तान संवाद। कोतवाली क्षेत्र के कस्बा सलेमपुर गांव में प्रतिबंधित पशु को काटा जा रहा था। इसकी जानकारी पर एसडीएम और सीओ के नेतृत्व में रविवार को पुलिस ने छापेमारी की। इस दौरान मौके से करीब एक कुंतल मांस बरामद हुआ। मामले में पुलिस ने पशु क्रूरता अधिनियम के तहत केस दर्ज करते हुए तीन लोगों को जेल भेज दिया।

कोतवाली क्षेत्र के कस्बा सलेमपुर गांव के कसाई मोहल्ला में प्रत्येक गुरुवार व रविवार को प्रतिबंधित पशु काटे जाने की सूचना पुलिस व तहसील प्रशासन को मिली थी। सूचना पर रविवार को एसडीएम दिशा श्रीवास्तव और सीओ दीपक शुक्ल ने कोतवाली पुलिस फोर्स के साथ कस्बा सलेमपुर गांव में छापेमारी की। इस दौरान मोहम्मद वकील के घर में काट कर रखा गया प्रतिबंधित पशु का करीब एक कुंतल मांस बरामद हुआ। पुलिस ने मांस को कब्जे में लेने के साथ ही मौके से एक महिला समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में कोतवाली के उपनिरीक्षक निरंजन लाल यादव की तहरीर पर मोहम्मद वकील पुत्र बशीर, अफजल पुत्र मुख्तार, नासरीन पत्नी शहीद के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

> कोतवाली क्षेत्र के कस्बा सलेमपुर गांव के कसाई मोहल्ला में प्रतिबंधित पशु काटे जाने की सूचना पर एसडीएम के साथ छापेमारी की गई। मौके पर गांव के रहने वाले मो. वकील के घर से कटे हुए पशु का मांस बरामद किया गया। मामले में तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज करते हुए सभी का कोर्ट में चालान कर दिया गया।
>
> **दीपक शुक्ल**, सीओ- सलेमपुर।

# आधा दर्जन लोगों को उठाया, हो रही पूछताछ

**तरकुलवा(एसएनबी)।** शुक्रवार को हुई छात्राओं से छेड़खानी के मामले में तरकुलवा पुलिस ने क्षेत्र के एक गांव से आधा दर्जन लोगों को उठाकर गुप्त स्थान पर रखकर पूछताछ कर रही है। लेकिन अभी तक कोई पुलिस को कोई खास कामयाबी नहीं मिल पई है। जिससे पुलिस की कार्यशैली को लेकर लोगों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। तरकुलवा थाना क्षेत्र के एक गांव में कान्वेंट विद्यालय में कक्षा 8 में पढ़ने वाली दो छात्राएं परीक्षा देकर साइकिल से वापस अपने घर आ रही थी कि बाइक सवार चार बदमाशों ने उनको दौड़कर पकड़ने का प्रयास किया लेकिन वह साइकिल फेंक कर पापा-पापा कहते हुए चिल्लाते हुए भागने लगीं। बदमाशों ने गाड़ी रोककर फिर दौड़ाया लेकिन तब तक गाँव के लोग दौड़े तब वह सब बाइक से फरार हो गये। जिससे उनकी सारी गतिविधियां एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी। इसी बीच किसी ने वीडियो निकाल कर वायरल कर दिया जिससे पुलिस महकमे में हड़कम्प का मच गया। पुलिस ने आनन-फानन में स्कूल के प्रबंधक की तहरीर पर चार अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश में जुट गयी। लेकिन 3 दिन बीतने के बाद भी बदमाशों के गिरेबान तक पुलिस के हाथ नहीं पहुंच पाए हैं। जिससे क्षेत्र में पुलिस के कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। इस संबंध में थाना प्रभारी मृत्युंजय राय ने बताया कि पुलिस की सारी टीमें मुस्तैदी से लगी हैं। बहुत जल्द आरोपी सलाखों के पीछे होंगे। पुलिस हर गतिविधियों पर नजर रख रही है।

# विवाहिता को पीटने पर पति का किया चालान

खुखुन्दू(एसएनबी)। स्थानीय थाना क्षेत्र के कम्हरिया गांव निवासी मुन्नी देवी को करीब छह माह से पति उदय नारायण प्रसाद और ससुराल वालों ने मिलकर अलग कर दिया है। उसे खाने के लिए न तो अनाज दिया जाता है, नहीं कोई खर्च दिया जाता है। हालांकि फिर भी वह मेहनत मजदूरी कर अपना और छह बच्चों का पेट पाल रही है। बृहस्पतिवार को ननद मोबाइल चार्ज करने का बहाना लेकर मुन्नी देवी से उलझ गई। इससे नाराज पति ने पत्नी की जमकर पिटाई कर दी। बच्चे छुड़ाने गए तो उन्हें भी मारपीट कर खदेड़ दिया। मुन्नी देवी थाने पहुंच तहरीर दी। पुलिस ने शनिवार को पति उदय नारायण प्रसाद को गिरफ्तार कर शांति भंग में चालान कर दिया। थानाध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने बताया कि पत्नी की पिटाई करने पर उदय नारायण प्रसाद को गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई है।

# 30 दिनों के भीतर सूचना देना अनिवार्य

देवरिया(एसएनबी)। जनपद में सूचना के अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए राज्य सूचना आयुक्त डा. दिलीप अग्निहोत्री ने कहा कि राज्य सूचना आयोग विगत कुछ वर्षों से लंबित आवेदनों के समाधान के लिए विशेष अभियान चला रहा है। इसमें उल्लेखनीय सफलता मिल रही है।

उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों में तैनात जन सूचना अधिकारी मांगी गई सूचना देने में अनावश्यक विलंब नहीं करें निर्धारित तय अवधि 30 दिनों के भीतर सूचना प्रदान करना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि निर्धन एवं पीड़ितों को सूचना देने पर विशेष ध्यान देना चाहिए। जन सूचना अधिकारियों को ऐसे लोगों की परेशानी समझते हुए उनको यथाशीघ्र सूचना देकर उनकी समस्याओं के समाधान में सहयोगी बनना चाहिए। आरटीआई कानून की मूल भावना के अनुरूप सद्भावनापूर्वक सूचना दी जानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि जन सूचना अधिकारियों को सूचना के अधिकार अधिनियम की मूलभूत जानकारी रखनी चाहिए। सूचना के अधिकार के तहत मांगी गई सूचनाओं के संदर्भ में लोकहित को प्राथमिकता दी जानी चाहिए तथा सूचनाओं को प्रदान करने में अनावश्यक विलंब नहीं किया जाना चाहिए। सूचना के अधिकार के तहत मांगी गई सूचना के संदर्भ में पूरी जानकारी मसलन सूचना कब प्राप्त हुई, सूचना का विषय, सूचना की स्थिति आदि के संदर्भ में पूरी जानकारी एक पंजिका में रखी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर सूचना किसी अन्य विभाग से संबंधित है तो स्पष्ट रूप से उसका अंतरण 5 दिन के अंदर संबंधित अन्य विभाग को करें और लिखें की यह मेरे विभाग से संबंधित नहीं है। अपने पास आरटीआई कभी भी लंबित न रखें।



देवरिया-समीक्षा बैठक में बोलते राज्य सूचना आयुक्त। फोटो : एसएनबी

सीडीओ प्रत्यूष पांडेय ने सूचना आयुक्त का आभार व्यक्त किया। कहा कि सभी जनपद स्तरीय अधिकारी कार्यालय स्तर पर आए आरटीआई आवेदन का निर्धारित समय में जवाब दें। इसे कार्यालय स्तर पर लंबित न रखें।

इस अवसर पर एडीएम वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार राय, एएसपी (दक्षिणी) सुनील कुमार सिंह, एसडीएम मंजूर अहमद अंसारी सहित विभिन्न जनपद स्तरीय अधिकारीगण, कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# ग्रामीणों के विरोध पर मस्जिद के ऊपर बन रहे मीनार पर लगा रोक

गौरी बाजार(एसएनबी)। क्षेत्र के पथरहट गाँव में एक मस्जिद के ऊपर



बनाए जा रहे मीनार के निर्माण पर रविवार को प्रशासन ने रोक लगवा दिया। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत आसपास के घरों के सुरक्षा का हवाला देकर किया था।आवश्यक जरूरी कागजात प्रशासन द्वारा मांगा गया है। ग्रामीणों का आरोप था कि मस्जिद के ऊपर 50 फीट मीनार का निर्माण किया जा रहा है। मानकों की अनदेखी कर इस मीनार का निर्माण मनमाने ढंग से किया जा रहा है।जिससे गाँव में आस-पास बने घरों के वजूद को खतरा हो सकता है। ग्रामीणों की शिकायत पर मौके पर पहुंचे प्रशासन ने निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगा दिया एवं सभी आवश्यक कागजात लेकर दूसरे पक्ष के लोगों को उपस्थित होने का निर्देश दिया। शांति व्यवस्था को देखते हुए पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। इस बाबत थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मिश्र ने बताया कि मौके पर राजस्व एवं प्रशासनिक अधिकारी पहुंचे थे। बिना अनुमति के बनाए जा रहे 50 फीट ऊंची मीनार पर रोक लगाया गया।

# अवैध स्लाटर हाउस पर पुलिस का छापा, चार गिरफ्तार, मांस बरामद

सलेमपुर(एसएनबी)। कस्बा सलेमपुर में अवैध मांस कारोबार के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए शनिवार को छापा मारा। इस दौरान पुलिस ने अवैध रूप से संचालित स्लाटर हाउस से चार लोगों को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को मौके से भारी मात्रा में मांस भी बरामद हुआ है, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मु. वकील पुत्र मु. बशीर, अफजल पुत्र मुख्तार, और नाशरीन पत्नी शाहीन के रूप में हुई है, जो इस अवैध धंधे में शामिल थे। पुलिस ने इन सभी के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम 334/24 के तहत मामला दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि यह स्लाटर हाउस लंबे समय से अवैध रूप से चल रहा था, लेकिन पुलिस को इसकी भनक हाल ही में लगी थी।

सलेमपुर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक ने खुद इस छापेमारी की अगुवाई की। छापे के दौरान आरोपियों को बिना किसी पूर्व सूचना के गिरफ्तार किया गया, जिससे वे कोई सबूत मिटा नहीं पाए। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस पूरे मामले की गहन जांच की जा रही है और अन्य जुड़े हुए लोगों का भी पता लगाया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ के आधार पर पुलिस को उम्मीद है कि जल्द ही अवैध मांस तस्करी के इस गिरोह के अन्य सदस्यों को भी गिरफ्तार किया जाएगा।

सलेमपुर में मांस कारोबार से जुड़े कई और अवैध धंधे होने की संभावना जताई जा रही है। पुलिस इस मामले में सतर्कता बरत रही है और जल्द ही अन्य स्थानों पर भी छापेमारी की योजना बना रही है।

# भगवा झंडा लगाने को लेकर दो समुदाय के युवकों में भिड़ंत, सात लोगों पर केस दर्ज, एक गिरफ्तार

तरकुलवा(एसएनबी)। बघौचघाट थाना क्षेत्र के बसडीला अहिरौली गांव में रविवार को खलिहान की जमीन पर स्थित नीम के पेड़ में कुछ युवा नवरात्र के अवसर पर भगवा झंडा लगा दिए। इस झंडे का विरोध दूसरे समुदाय के युवक करने लगे और झंडा उतारने के लिए गोल बनाकर पहुंच गए। तभी झंडा लगाने वाले युवक भी पहुंच गए दोनों पक्षों में विवाद शुरू हो गया। माहौल पूरी तरह गरमा गया। दोनों पक्षों में धक्का-मुक्की, मारपीट और गाली गलौज शुरू हो गया। एक तरफ के राहुल तिवारी और उनके भाई को दूसरे समुदाय के युवाओं ने मारपीट कर घायल कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने कुछ लोगो को मौके से पकड़ लिया और मामला शांत कराया। इस मामले में राहुल तिवारी की तहरीर पर हारून, जहरुद्दीन, वसीम, सलमान, मिस्टर, बबलू व जाकिर सहित कुछ अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है। इस मामले में थाना प्रभारी प्रदीप रमाना ने बताया की झंडा लगाने के मामले में मारपीट हुआ था। केस दर्ज कर लिया गया है। मौके से हारून को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया है, अन्य की तलाश की जा रही है।

# शमसुल हक बोले, मेरे बुढ़ापे की लाठी छीनने वालों को मिले कड़ी सजा

## सीबीआइ कोर्ट द्वारा 10 आरोपितों को दोषी करार दिए जाने के बाद जुआफर गांव के लोगों में ताजा हो गई 11 वर्ष पहले हुई घटना

**फालोअप**

जागरण संवाददाता, देवरिया: प्रतापगढ़ जिले के कुंडा में 11 वर्ष पहले गोली मारकर सीओ जियाउल हक की हुई हत्या के मामले में सीबीआइ न्यायालय ने 10 आरोपितों को दोषी पाया है। नौ अक्टूबर को आरोपितों को सजा सुनाई जाएगी। सीबीआइ न्यायालय के फैसले पर जुआफर के लोगों की निगाहें टिकी हैं। मां-बाप के साथ ही गांव के लोग भी आरोपितों को कड़ी सजा देने की आवाज उठा रहे हैं। पिता को सीबीआइ न्यायालय के फैसले पर भरोसा है। पिता शमसुल हक बुढ़ापे की लाठी छीनने वालों को कठोर सजा दिए जाने की मांग भी कर रहे हैं।

सलेमपुर थाना क्षेत्र के जुआफर गांव के रहने वाले जियाउल हक की दो मार्च 2013 को प्रतापगढ़ के कुंडा के बलीपुर में बवाल के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मामले की जांच पहले पुलिस और फिर सीबीआइ को सौंपी गई थी। सीबीआइ ने अपनी जांच में पूर्व मंत्री राजा भैया समेत कई लोगों को क्लीनचिट पहले ही दे दी थी। शुक्रवार को सीबीआइ न्यायालय में सुनवाई हुई और 10 आरोपित दोषी पाए गए हैं। नौ अक्टूबर को आरोपितों को सजा सुनाई जाएगी। इसकी सूचना आने के बाद गांव के हर लोगों के जेहन में वह घटना ताजा हो गई है। जागरण से बातचीत में पिता शमसुल हक ने कहा कि सीबीआइ न्यायालय ने 10 आरोपितों को दोषी पाया है। मेरे जवान बेटे को मुझसे छीन लिया गया। वह मेरे बुढ़ापे की लाठी थे। उनको हत्या करने वालों को कठोर सजा मिलनी चाहिए, तभी मेरे दिल को सुकून मिलेगा। मां हाजरा खातून ने कहा कि बेटे के खोने का गम हम लोगों को हमेशा रहेगा। बेटे ने ड्यूटी के दौरान अपने को बलिदान किया। वह मेरे परिवार का राजा था। उसकी हत्या करने वालों को कठोर से कठोर सजा होनी चाहिए। ताकि आगे इस तरह की कोई घटना को अंजाम देने से भी डरे। सीबीआइ न्यायालय पर पूरा भरोसा है कि हम लोगों के दिल को सुकून देने वाला फैसला आएगा।



जियाउल की हत्या के बाद पिता शमसुल व मां हाजरा से मिलती जयाप्रदा • फाइल फोटो

**पिता बोले, बेटा को हत्यारों ने छीन लिया, बहू लड़ा रही मुकदमा**

जियाउल हक के पिता शमसुल हक ने बताया कि मेरे हीरा बेटे को हत्यारों ने मुझसे छीन लिया। डा परवीन आजाद से शादी के 13 माह बाद मेरे बेटे की हत्या कर दी गई। हत्या के बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव आए और मुझे 25 लाख का चेक दिया। साथ ही डा.परवीन को भी उन्होंने से चेक दिया। बहू व मेरे छोटे बेटे को नौकरी मिल गई। बेटे की हत्या के बाद ही बहू ने संपत्ति के लिए मुकदमा देवरिया दीवानी न्यायालय में दाखिल किया। 2018 में वह मुकदमा खारिज हो गया। बहू से मिलने जियाउल की मां के साथ लखनऊ पहुंचे तो उसने ठीक मुंह बात तक नहीं की। 2018 में जिला जज के यहां मुकदमा दाखिल किया। वह भी एक पखवारा पूर्व खारिज हो गया है। बुढ़ापे में बहू भी मुकदमा लड़ा रही है। मैं और मेरी पत्नी दोनों की तबीयत इन दिनों खराब ही चलती है। हम माह आठ से 10 हजार रुपये की दवा होती है। बहू को घर आए एक दशक हो गया। छोटा बेटा यूपी पुलिस में है। उसके ही कमाई से खर्च चलता है।



जियाउल हक के घर जाने वाली मिट्टी की सड़क • जागरण

**गांव की बदल गई सूरत, पर दरवाजे तक नहीं बन पाई सड़क**

सीओ जियाउल हक की हत्या के बाद पूरे देश की राजनीतिक सरगर्मी तेज रही। 20 दिनों तक जुआफर में नेताओं से लेकर अधिकारियों तक का जमावड़ा लगा रहा। तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, कांग्रेस नेता राहुल गांधी, जयाप्रदा, अमर सिंह, अमर सिंह समेत अन्य नेता भी गांव पहुंचे और श्रद्धांजलि दी। गांव की सड़कें, बिजली व पानी का इंतजाम बेहतर हो गया। लेकिन 50 मीटर जियाउल के घर तक सड़क नहीं बन पाई। बताया जा रहा है कि उतनी भूमि विवादित है।

- दो मार्च 2013 को प्रतापगढ़ के कुंडा के बलीपुर में सीओ जियाउल हक की गोली मारकर की गई थी हत्या
- मां ने कहा कि बेटे को खोने का गम हमेशा बना रहेगा, हत्यारों को दी जाए कठोर से कठोर सजा



मेरे गांव के सबसे होनहार जियाउल हक की 11 वर्ष पहले हत्या कर दी गई। अब उस मामले में न्यायालय सजा सुनाएगा। आरोपितों को कड़ी सजा होनी चाहिए। गांव के हर लोगों की यही मांग है।

यूसुफ, नागरिक, जुआफर



जियाउल शुरू से ही होनहार व मिलनसार थे। सीबीआइ न्यायालय उनकी हत्या करने वालों पर कड़ी सजा सुनाए। ताकि आगे इस तरह की घटना किसी अधिकारी के साथ करने से पहले लोगों के हाथ कांप उठें।

ओमप्रकाश यादव, नागरिक, जुआफर

# छात्राओं से छेड़खानी करने वाले शोहदों की पुलिस ने की पहचान

## तरकुलवा थाना क्षेत्र में स्कूल से लौटते समय की थी छेड़खानी

- एसओजी समेत पांच टीमें गठित, कुछ लोगों को हिरासत में लेकर की जा रही पूछताछ
- तरकुलवा थाना क्षेत्र में एक माह के अंदर हो चुकी हैं ऐसी छह घटनाएं दशहत में रहते हैं लोग

चारो आरोपितों की पहचान कर ली गई है। उनकी गिरफ्तारी के लिए पांच टीमें लगाई गई हैं। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। कुछ युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

**संजय कुमार रेड्डी, सीओ, सिटी देवरिया**

जासं, देवरियाः विद्यालय से परीक्षा देकर साइकिल से घर लौट रही छात्राओं के साथ रास्ते में घेर कर बाइक सवार शोहदों द्वारा की गई छेड़खानी के मामले में पुलिस को अहम सुराग हाथ लग गए हैं। पुलिस ने शोहदों की पहचान कर ली है। कुछ को पुलिस ने रविवार की देर शाम हिरासत में ले लिया। हालांकि पुलिस के जिम्मेदार अधिकारी कुछ भी कहने से अभी परहेज कर रहे हैं।

तरकुलवा थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली दो छात्राएं बगल के विद्यालय में आठवीं की पढ़ाई करती हैं। शुक्रवार की सुबह वह विद्यालय में परीक्षा देने के लिए साइकिल से गई थीं। परीक्षा देने के बाद दोनों छात्राएं अपने घर साइकिल से लौट रहीं थी। रास्ते में एक बाइक पर सवार चार युवकों ने दोनों को रास्ते में ही घेर लिया और छेड़खानी करने लगे। किसी तरह शोहदों के चंगुल से छात्राएं भागीं। सीसी कैमरे में कैद हो गई है। इस वारदात के बाद पुलिस ने काफी प्रयास के बाद शोहदों की पहचान कर ली है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि घटना में शामिल शोहदे क्षेत्रीय ही हैं। कुछ के स्वजन को भी हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है।

### छेड़खानी करने वाले दो शोहदो के मुठभेड़ में गिरफ्तार होने की चर्चा

देवरियाः विद्यालय से परीक्षा देकर साइकिल से घर लौट रही छात्राओं के साथ रास्ते में घेर कर छेड़खानी करने वाले दो शोहदे रविवार की रात तरकुलवा थाना क्षेत्र में पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार कर किए जाने की चर्चा है। शोहदों के पैर में गोली लगी। हालांकि पुलिस अधिकारी देर रात तक इसकी पुष्टि नहीं की है।

# पति समेत छह लोगों पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

जागरण संवाददाता, रामपुर कारखानाः विवाहिता को दहेज में बुलेट मोटरसाइकिल न देने पर ससुरालियों ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने पति जुनैद, ससुर आलीम, सास कमरुनिशा, देवर जमील अहमद, देवरानी सितारा खातून, ननद मुन्नी के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है। रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के पोखरभिंडा लाला की रहने वाली शमां परवीन का आरोप है कि हरपुर के रहने वाले जुनैद अंसारी से 29 सितंबर 2016 में शादी हुई। ससुराल जाने के बाद से ही लोग बुलेट मोटरसाइकिन व अन्य सामान दहेज में मांग करने लगे। न देने पर मारपीट कर घर से निकाल दिए। कई बार पंचायत हुई, लेकिन बात नहीं बन पाई।

# सलेमपुर में अवैध बूचड़खाना में काटे जा रहे पशु, तीन गिरफ्तार

जासं, सलेमपुर : कस्बा सलेमपुर में एक घर में अवैध रूप से चल रहे बूचड़खाना की सूचना पर एसडीएम व सीओ के नेतृत्व में पुलिस ने छापेमारी की। दस दौरान प्रतिबंधित मांस बरामद करने के साथ ही शकील, अफजल पुत्र मुख्तार व नासरीन पत्नी शही को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। कस्बा सलेमपुर में कई वर्ष पहले तक स्लाटर हाउस संचालित रहा है। इन दिनों उसे सील कर दिया गया है। बावजूद इसके अवैध रूप से पशुओं का वध कर मांस बेचने की शिकायत प्रशासन को मिल रही थी। रविवार की भोर में किसी ने प्रशासन को इसकी जानकारी दी। सूचना के बाद एसडीएम दिशा श्रीवास्तव, सीओ दीपक शुक्ला, कोतवाल टीजे सिंह बड़ी संख्या में पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए।

# एक के विरुद्ध मारपीट करने व दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

जागरण संवाददाता, देवरिया : भटनी थाना क्षेत्र के ग्राम वीरसिंहपुर के रहने वाले नीकेश गोंड ने पुलिस को तहरीर दी है। आरोप लगाया है कि गांव के ही कुछ लोग अचानक दरवाजे पर आ गए और जातिसूचक शब्द का प्रयोग करते हुए उनके साथ मारपीट की। इस मामले में पुलिस ने टकल यादव के विरुद्ध मारपीट व दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है।

# नीम के पेड़ पर पताका लगाने को लेकर विवाद, 11 पर मुकदमा

जासं, पथरदेवा : बघौचघाट थाना क्षेत्र के बसडीला के जद्दूधरी में नीम के पेड़ पर पताका लगाने को लेकर दो समुदाय के लोगों के बीच विवाद हो गया। इस दौरान मारपीट भी हो गई। इस मामले में पुलिस ने 11 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। गांव के रहने वाले राहुल तिवारी ने पुलिस को तहरीर दी है। उनका आरोप है कि दुर्गा पूजा के अवसर पर कुछ युवक पताका लगा रहे थे। खलिहान की भूमि पर स्थित नीम के पेड़ पर भी पताका लगाया गया। इस बीच कुछ लोग आए और मारपीट करने लगे। साथ ही अंगुली भी तोड़ दी। इस मामले में पुलिस ने गांव के जहरुद्दीन, वसीम, सलमान, मिस्टर, बब्लू, जाकिर व पांच अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# बिहार भेजे जा रहे पांच गोवंश बरामद बरामद, तस्कर फरार

जासं, बरियारपुर: पिकअप से बिहार भेजे जा रहे पांच गोवंश पुलिस ने शनिवार की रात बरैठा गांव के समीप से बरामद किया। हालांकि तस्कर मौके से फरार हो गए। पुलिस पिकअप नंबर के माध्यम से तस्करों तक पहुंचने में जुटी हुई है।

रात को पुलिस को सूचना मिली कि पिकअप से बिहार गोवंश भेजे जा रहे हैं। इसके बाद पुलिस हरकत में आ गई और संबंधित पिकअप का पीछा करने लगी। इस बीच बरैठा के समीप पिकअप फंस गया, जिसके बाद पशु तस्कर वाहन छोड़ फरार हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की तो पांच गोवंश मिले। थानाध्यक्ष डा. महेंद्र कुमार ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर तस्करों की तलाश की जा रही है। जल्द उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। यूपी-बिहार बार्डर पर स्थित करौंदी पशु तस्करों के लिए महफूज बन गया है।

# मतांतरण को लेकर मिशन स्कूल पहुंचे हिंदूवादी संगठनों के लोग, किया हंगामा



मिशन स्कूल मे हंगामा करते लोगों को समझाती पुलिस • जागरण

जागरण संवाददाता, बरहज: नगर के मिशन स्कूल में प्रार्थना सभा के दौरान मतांतरण कराने का आरोप लगाते हुए हिंदूवादी संगठन के लोगों ने हंगामा खड़ा कर दिया। बवाल होने की सूचना पर नायब तहसीलदार रविंद्र कुमार मौर्य व प्रभारी निरीक्षक राहुल सिंह पहुंचे और लोगों को समझाकर शांत कराया।

मिशन स्कूल स्थित चर्च में काफी दिनों से रविवार को प्रार्थना सभा आयोजित की जाती है। सुबह भीड़ ज्यादा थी, किसी ने भाजपा नेता प्रमोद मिश्र को सूचना दे दी कि वहां मतांतरण हो रहा है। सूचना के बाद वह जितेंद्र भारत, मुकेश पटेल समेत बड़ी संख्या में हिंदूवादी संगठनों से जुड़े लोगों के साथ पहुंच गए।

# झंडा लगाने को लेकर दो पक्षों में विवाद, एक गिरफ्तार

## बसडीला जद्दूघुरी गांव में हुआ विवाद, मौके पर पहुंची पुलिस, केस

संवाद न्यूज एजेंसी

**बघौचघाट।** ग्राम सभा की जमीन पर नीम के पेड़ पर झंडा लगाने पर दो पक्षों के युवाओं के बीच विवाद हो गया। घटना की जानकारी किसी ने पुलिस को दे दिया।

मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत कराया और कुछ लोगों को मौके से पकड़कर थाने ले गई। इस मामले में केस दर्ज कर लिया गया है। रविवार को थाना क्षेत्र के बसडिला जद्दूघूरी गांव में खलिहान के जमीन पर स्थित नीम के पेड़ में कुछ युवा नवरात्र के अवसर पर झंडा लगा दिए।

इस झंडे का विरोध दूसरे पक्ष के युवक करने लगे और झंडा उतारने के लिए गोल बनाकर पहुंच गए। तभी झंडा लगाने वाले युवक भी पहुंच गए। दोनों पक्षों में विवाद शुरू हो गया। माहौल पूरी तरह गरमा गया। दोनों पक्षों में धक्का मुक्की मारपीट गाली-गलौज शुरू हो गया। एक तरफ के राहुल तिवारी और उनके भाई को दूसरे पक्ष के युवाओं ने मारपीट कर घायल कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने कुछ लोगो को मौके से पकड़ लिया और मामला शांत कराया।

इस मामले में राहुल तिवारी के तहरीर पर सात नामजद जिसमें हारून, जहरुद्दीन, वसीम, सलमान, मिस्टर, बबलू व जाकिर सहित कुछ अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है। इस मामले में थाना प्रभारी प्रदीप स्थाना ने बताया की झंडा लगाने के मामले में मारपीट हुआ था।

केस दर्ज कर लिया गया है। मौके से हारून को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया है अन्य की तलाश की जा रही है।

## ग्रामीणों के विरोध से धार्मिक स्थल का निर्माण रुका

**गौरीबाजार।** क्षेत्र के ग्राम पथरहट में एक धार्मिक स्थल के निर्माण को लेकर ग्रामीणों की शिकायत पर प्रशासन ने निर्माण कार्य रोका।आवश्यक जरुरी कागजात प्रशासन द्वारा मांगा गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि धार्मिक स्थल के निर्माण में मानकों की अनदेखी कर 50 फीट ऊंची मीनार का निर्माण किया जा रहा था। जिससे गांव में आसपास बने घरों के वजूद को खतरा हो सकता है। इसकी शिकायत सदर विधायक डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी से की गई। विधायक ने प्रशासन से बात की। मौके पर पहुंचे प्रशासन के लोगों ने निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगा दिया एवं सभी आवश्यक कागज को लेकर दूसरे पक्ष को उपस्थित होने का निर्देश दिया गया। शांति व्यवस्था को देखते हुए पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मिश्र ने बताया कि मौके पर राजस्व एवं प्रशासनिक अधिकारी पहुंचे एवं बिना अनुमति के 50 फीट ऊंची इमारत बनने पर रोक लगाया गया। संवाद

# आवेदनों पर समयबद्ध कार्रवाई करें अधिकारी

## राज्य सूचना आयुक्त ने कहा- समय सीमा के भीतर सूचना देना है अनिवार्य

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। राज्य सूचना आयुक्त डॉ. दिलीप अग्निहोत्री की अध्यक्षता में शनिवार देर सायं कलेक्ट्रेट सभागार में जिले में सूचना के अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन के संबंध में समीक्षा बैठक की। सूचना आयुक्त ने कहा कि राज्य सूचना आयोग विगत कुछ वर्षों से लंबित आवेदनों के समाधान के लिए विशेष अभियान चला रहा है। इसमें उल्लेखनीय सफलता मिल रही है।

राज्य सूचना आयुक्त ने कहा कि विभिन्न विभागों में तैनात जन सूचना अधिकारी मांगी गई सूचना देने में अनावश्यक विलंब नहीं करें। निर्धारित तय अवधि 30 दिनों के भीतर सूचना प्रदान करना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि निर्धन एवं पीड़ितों को सूचना देने पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

जन सूचना अधिकारियों को ऐसे लोगों की परेशानी समझते हुए उनको यथाशीघ्र सूचना देकर उनकी समस्याओं के समाधान में सहयोगी बनना चाहिए। आरटीआई कानून की मूल भावना के अनुरूप सद्भावनापूर्वक सूचना दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जन सूचना अधिकारियों को सूचना के अधिकार अधिनियम की मूलभूत जानकारी रखनी चाहिए।



राज्य सूचना आयुक्त ने कलक्ट्रेट सभागार में बैठक की। स्रोत जिला प्रशासन

सीडीओ प्रत्यूष पांडेय ने सूचना आयुक्त का समीक्षा बैठक के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा की सभी जनपद स्तरीय अधिकारी कार्यालय स्तर पर आए आरटीआई आवेदन का निर्धारित समय में जवाब दें। इसे कार्यालय स्तर पर लंबित न रखे।

इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार राय, एएसपी साउथ सुनील कुमार सिंह, एएसडीएम मंजूर अहमद अंसारी सहित विभिन्न जनपद स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# आरोपियों को फांसी नहीं तो कम से कम मिले आजीवन कारावास

## प्रतापगढ़ में शहादत पाए सीओ जियाउल हक के माता-पिता बोले, 11 साल से था इसी दिन का इंतजार, नौ अक्तूबर को 10 दोषियों को सुनाई जाएगी सजा

संवाद न्यूज एजेंसी

खुखुंदू (देवरिया)। प्रतापगढ़ के कुंडा के सीओ रहे जियाउल हक हत्याकांड में 11 वर्ष बाद फैसला आने पर माता-पिता ने कहा कि आरोपियों को फांसी, नहीं तो कम से कम आजीवन कारावास की सजा जरूर मिलनी चाहिए। इसी लंबे समय से बस इसी का इंतजार था।



जियाउल हक। फाइल फोटो

जियाउल हक हत्याकांड में दोषी करार दिए गए 10 आरोपियों को नौ अक्तूबर को सजा सुनाई जाएगी।

पिता शम्सुलहक और माता हाजरा खातून ने कहा कि 11 सालों से आंखें तरस गई थी कि आखिर कब वह दिन आएगा जब दोषियों को सजा सुनाई जाएगी। इनका कहना है कि जैसे आरोपियों ने हमारे लाल की बर्बरतापूर्वक मार डाला, वैसे ही इन्हें भी फांसी नहीं तो



सीओ जियाउल हक के माता-पिता। संवाद



6 अक्तूबर को प्रकाशित खबर।

### आसपास के गांवों को भी है फैसले का इंतजार

खुखुंदू। सीओ जियाउल हक अपने गांव के अलावा आसपास इलाके में भी जाना-पहचाना नाम थे। जब भी आते थे किसी का कोई मामला होता था वह तुरंत फोन कर समाधान करते थे। उनकी हत्या से नुनखार, समोगर, नौतन आदि के ग्रामीण भी बहुत दुखी हुए।

### सन्नाटे के बीच बलीपुर में हर ओर खौफ

संवाद न्यूज एजेंसी

प्रतापगढ़। कुंडा के सीओ रहे जिया उल हक हत्याकांड को लेकर आए फैसले से सन्नाटे के बीच बलीपुर में हर ओर अजीब खौफ दिखा। कोई भी खुलकर बोलने से बचता रहा। आरोपियों के घर का पता बताने से भी लोग बचते रहे।

हालांकि चौराहे से लेकर गांव में एक जगह जमा लोग आपस में खुसर फुसर करते रहे। घटना के सिलसिले में पूछने पर चुप्पी साध लेते। जनपद के हथिगवां थाना क्षेत्र के बलीपुर में 2 मार्च 2013 को प्रधान नन्हे यादव, उनके भाई सुरेश और कुंडा सीओ जिया उल हक की हत्याकांड ने प्रदेश सरकार को कठघरे में खड़ा कर दिया था।

तिहरे हत्याकांड की घटना सदन में गूंजा। घटना को लेकर देश की

#### आरोपियों का घर बताने तक से बचते रहे ग्रामीण

सियासत भी गरमाई। घटना के बाद करीब दो साल तक बलीपुर में पीएसी कैंप करती रही।

धीरे-धीरे तस्वीर बदलने लगी। सीओ व प्रधान हत्याकांड के आरोपी जेल से जमानत पर छूटकर घर भी पहुंचे। शुक्रवार को सीबीआई कोर्ट का फैसला आते ही बलीपुर फिर अचानक सुर्खियों में आ गया। लोगों के जेहन में 11 साल पहले हुई घटना की याद ताजा हो गई।

शनिवार को बलीपुर चौराहे से लेकर पूरे गांव में हलचल तेज थी। सन्नाटे के बीच हर कोई खौफजदा नजर आया। सीओ व प्रधान की हत्या पर लोग खुलकर बोलने से बचते रहे।

### रात की उड़ी नींद, छिन गया सुकून

संवाद न्यूज एजेंसी

प्रतापगढ़। हथिगवां के बलीपुर में सीओ जिया उल हक हत्याकांड के दस आरोपियों के दोषी होने के बाद परिवार के लोगों की रात की नींद और सुकून छिन गया है। नौ अक्तूबर को परिवार के लोगों को फैसले का इंतजार है। परिजनों को सजा क्या होगी, जिसके बाद बचाव के लिए उच्च न्यायालय का सहारा लिया जा सके।

हथिगवां के बलीपुर में दो मार्च को प्रधान नन्हे यादव की हत्या के बाद मचे बवाल के बीच उसके भाई सुरेश यादव को गोली लग गई। जिससे उसकी मौत हो गई। इस बीच पीछे के रास्ते से पहुंचे सीओ जिया उल हक की आक्रोशित भीड़ ने लाठी डंडे से बेरहमी से पिटाई के साथ गोली मारकर हत्या कर दी।

#### दोषियों को सजा के एलान का परिवार के लोगों को इंतजार

कई घंटों की मशक्कत व प्रतापगढ़, कौशाम्बी से फोर्स पहुंचने के बाद पुलिस सीओ के शव को कब्जे में ले सकी। घटना की जांच कर रही सीबीआई ने सीओ की हत्या के लिए प्रधान नन्हे यादव के बेटे, भाई समेत 13 लोगों को आरोपी बनाया था। शुक्रवार को सीबीआई की विशेष अदालत ने फैसला सुनाते हुए मृतक प्रधान के भाई पवन, फूलचंद्र, सुधीर, मुखाकर्मी संजीव यादव, घनश्याम सरोज, राम लखन गौतम, छोटेलाल यादव, राम आसरे, मुन्ना पटेल, शिवराम पासी और जगत बहादुर पटेल उर्फ बुल्ले को दोषी मानते हुए न्यायिक अभिरक्षा में लेने का आदेश दिया।

# मारपीट में पकड़े गए पांच का किया चालान

खुखुंदू। सिसई चौराहे व चार जगहों पर हुई मारपीट में पांच लोगों को गिरफ्तार कर शांतिभंग में चालान किया है। पुलिस शनिवार की शाम सिसई चौराहा पर ई-रिक्शा चालक वाले से विवाद में एक युवक को धर दबोचा। इसके अलावा भ्रमण में निकली पुलिस ने देवरिया सलेमपुर फोरलेन मार्ग पर मारपीट करते दूसरे थाना क्षेत्र के दो आरोपियों को पकड़ लिया। सिसई चौराहे पर निकले एसओ दिग्विजय सिंह वहां ई रिक्शा चालक से मारपीट करने पर रामेश्वर पांडेय उर्फ राहुल पांडेय को गिरफ्तार कर लिया। संवाद

# मूर्ति विसर्जन को लेकर शांति कमेटी की बैठक

मईल। दुर्गा पूजन व प्रतिमा विसर्जन को लेकर मूर्ति संस्थापकों की बैठक रविवार शाम को मईल थाना परिसर में हुई। पुलिस क्षेत्राधिकारी आदित्य कुमार गौतम व तहसीलदार अरुण कुमार ने कहा कि दुर्गा प्रतिमाओं को सम्मान जनक विसर्जन के मद्देनजर भागलपुर सरयू नदी के पुल से प्रतिमाओं का विसर्जन नहीं किया जाएगा। उसके लिए नदी के किनारे पुलिस चौकी के पीछे गड्ढे में संग्रहित पानी में प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। संवाद

# प्रार्थना सभा के दौरान धर्मांतरण का आरोप, किया प्रदर्शन



प्रदर्शन करते हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ता। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**बरहज।** रेलवे स्टेशन मार्ग पर एक मिशन स्कूल स्थित चर्च में रविवार को प्रार्थना सभा के दौरान धर्मांतरण कराने का मामला सामने आया है। रविवार को हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं ने इसके विरोध में प्रदर्शन किया। प्रार्थना सभा स्थल से अनुचित सामग्री मिलने की भी बात कही जा रही है। मौके पर पहुंचे प्रशासन ने किसी तरह मामला शांत कराया।

चर्च में दिन में करीब 10 बजे कुछ लोग प्रार्थना कर रहे थे। इस दौरान धर्मांतरण कराए जाने की बात नगर में फैल गई। जानकारी होने पर दो दर्जन से अधिक की संख्या में हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ता पहुंच गए। इसके बाद नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन करने लगे। सूचना पाकर नायब तहसीलदार रवींद्र मौर्य और पुलिस भी मौके पर पहुंची। हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता चर्च में ही धरने पर बैठ गए। काफी समझाने-बुझाने के बाद वह माने। लोगों के अनुसार इलाज के बहाने लोगों को जाल में फंसाकर धर्मांतरण कराया जाता है। एसडीएम अंगद यादव ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है। एहतियात के तौर पर पुलिस को सतर्क कर दिया गया है।

# छेड़खानी पर सियासत...कृषि मंत्री के बयान पर पलटवार

संवाद न्यूज एजेंसी

तरकुलवा (देवरिया)। तरकुलवा क्षेत्र में स्कूल से घर जा रही छात्राओं से छेड़खानी के मामले में कृषि मंत्री व पथरदेवा विधायक सूर्य प्रताप शाही के बयान को सपा नेता और पूर्व मंत्री ब्रह्माशंकर त्रिपाठी ने लोगों की भावनाओं से खिलवाड़ बताया है। रविवार को पूर्व मंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार का बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा खोखला है। इस सरकार में बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। यही भाजपा का असली चरित्र है। पूर्व मंत्री ने कहा कि जिले में आए दिन बेटियों से छेड़खानी, अश्लीलता और तेजाब फेंकने की घटनाएं हो रही हैं, लेकिन पुलिस हर मामले में लीपापोती कर रही है, जिससे अपराधियों के हौसले और बुलंद हो रहे हैं।

मालूम हो कि शुक्रवार को क्षेत्र के एक विद्यालय से परीक्षा देकर लौट रही छात्राओं के साथ बाइक सवार कुछ मनबढ़ों ने छेड़खानी की थी। इस मामले में पुलिस आरोपी सहित पांच को उठाकर पूछताछ कर रही थी। इसी बीच कृषि मंत्री शाही का पत्रकार वार्ता के दौरान दिया गया बयान वायरल हो गया, जिसमें वह कह रहे थे कि छात्राओं से छेड़खानी नहीं हुई।

आरोपियों ने उनको पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वे उनके चंगुल से बच कर निकल गईं। मंत्री के इस बयान की पूर्व मंत्री ब्रह्माशंकर त्रिपाठी ने निंदा की। उन्होंने कहा कि कृषि मंत्री का यह बयान आहत करने वाला है।

## पूर्व मंत्री ने कहा, भाजपा का बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का नारा खोखला

आमने-सामने



ब्रह्मा शंकर



सूर्य प्रताप

## कृषि मंत्री बोले- बयान को गलत तरीके से किया पेश

देवरिया। छेड़खानी की घटना पर अपने बयान पर हो रही सियासत पर कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने पलटवार किया है। उनका कहना है कि अगर उनके बयान को कोई गलत तरीके से पेश कर रहा है तो यह उसकी सोच है। भाजपा सरकार महिलाओं-बेटियों की सुरक्षा पर कोई समझौता नहीं करती। सरकार बेटियों के साथ खड़ी है। छेड़खानी के मामले में पुलिस कार्रवाई कर रही है। संवाद

# 45 मिनट मुठभेड़, चार राउंड फायरिंग, दो आरोपी गिरफ्तार

## छात्राओं से छेड़खानी का मामला: रविवार रात तरकुलवा क्षेत्र में हुई मुठभेड़, फरार दो आरोपियों की तलाश में पुलिस देर रात तक करती रही छापेमारी

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया/तरकुलवा। दो दिन पहले स्कूल से घर लौट रही दो छात्राओं से छेड़खानी के दो आरोपी तरकुलवा क्षेत्र में करीब 45 मिनट की मुठभेड़ के बाद पुलिस के हत्थे चढ़े। इस दौरान दोनों पक्षों से चार राउंड फायरिंग हुई।

पुलिस के अनुसार, रविवार रात करीब 11.30 बजे जब सिरसिया



6 अक्तूबर को प्रकाशित खबर।

गोठा इलाके में पुलिस की बाइक सवार आरोपियों से मुठभेड़ हुई, तब रितिक बाइक चला रहा था। आरोपियों के जाने की सूचना पाकर तरकुलवा थानाध्यक्ष ने हमराहियों के पीछा शुरू किया। उधर, महुआडीह और बघौचघाट पुलिस ने भी पहुंच कर घेराबंदी कर दी।

इस मामले में दो आरोपी अब भी फरार हैं, जिनमें एक नाबालिग बताया जा रहा है। इस मामले में एक संदिग्ध को पुलिस ने शुक्रवार रात ही दबोच लिया था। वह आरोपियों से छेड़खानी के वक्त फोन पर बात कर रहा था।



पुलिस मुठभेड़ में घायल धीरज पटेल (बाएं) और रितिक यादव। संवाद

# दिल्ली पुलिस के आने की खबर से सहमा औरंगजेब का परिवार

## दिल्ली में चार दिन पहले कोकीन के साथ पकड़ा गया था तस्कर औरंगजेब

संवाद न्यूज एजेंसी

खुखुंदू। थाना क्षेत्र के छोटी रार गांव में दिल्ली पुलिस के आने की खबर सुन औरंगजेब सिद्दीकी की मां शैबुननिशा और घरवाले सहम गए हैं। रविवार को गांव में लोगों को जानकारी मिली कि औरंगजेब के पास से वहां की पुलिस ने कोकीन के साथ 80 हजार रुपये का एक इयरफोन भी बरामद किया था।

इसकी दिनभर चर्चाएं होती रहीं, वहीं उसकी मां की सेहत खराब होते जा रही है। वह बीमार पड़ गई है।

खुखुंदू थाना क्षेत्र के नरौली भीखम के छोटी रार गांव निवासी औरंगजेब (25) जबसे ड्रग्स कारोबार में पकड़ा गया है तबसे गांव में जाने पर तरह-तरह की बातें सुनने को मिल रही हैं।

गांव के लड़के सोशल मीडिया के जरिए औरंगजेब से संबंधित



चारपाई पर बैठी औरंगजेब की मां। संवाद



औरंगजेब के गांव जल्द आ सकती है दिल्ली पुलिस

6 अक्तूबर को प्रकाशित खबर।

सभी खबरों पर नजर रख रहे हैं। गांव वाले औरंगजेब की मां और बहनों के सामने कुछ भी बताने से परहेज कर रहे है। उधर, औरंगजेब की मां शैबुननिशा की तबीयत बिगड़ती जा रही है। इधर, जब परिवार को यह पता चला है कि कभी भी दिल्ली पुलिस यहां जांच करने आ सकती है तो वह और सहम गए हैं।

गांव वाले औरंगजेब सिद्दीकी को एक तरफ जहां रुपये और डॉन बनने की चाहत में इस दलदल में जा घुसने की, तो दूसरी तरफ मां और बहनों के सामने औरंगजेब को अनावश्यक रूप से फंसाए जाने की दलील देते नजर आ रहे हैं।

# छात्राओं से छेड़खानी के आरोपियों से पुलिस मुठभेड़, दो के पैर में लगी गोली

## देवरिया के रामपुर कारखाना क्षेत्र के सिरसिया गोठा में आधी रात मुठभेड़, मेडिकल कॉलेज में भर्ती

वाल्मीकि मणि तिवारी

देवरिया। दो दिन पहले स्कूल से घर जा रही दो छात्राओं से छेड़खानी के दो आरोपी रविवार देर रात पुलिस मुठभेड़ में घायल हो गए। दोनों के पैर में गोली लगी है। देर रात दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। आरोपियों की पहचान धीरज पटेल और रितिक यादव के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार, छेड़खानी के दोनों आरोपी धीरज पटेल पुत्र राधाकृष्ण और रितिक यादव पुत्र दीनानाथ निवासी बैकुंठपुर बंजरिया टोला, देवरिया बाइक से तरकुलवा क्षेत्र के सिरसिया गोठा की ओर जा रहे थे। रात करीब 11.30 बजे मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी की तो आरोपियों ने फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में दोनों के पैर में गोली लगी।

धीरज के बाएं और रितिक के दाएं पैर में गोली लगी है। पुलिस ने दोनों के पास दो तमंचे बरामद किए हैं। दोनों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। दोनों की स्थिति खतरे के बाहर बताई जा रही है।

बीते शुक्रवार को स्कूल से लौट रही दो छात्राओं से रास्ते में बाइक सवार चार नकाबपोश बदमाशों ने छेड़खानी की थी। छात्राओं का अपहरण करने की भी कोशिश की लेकिन ग्रामीण पहुंचे तो भाग निकले। इस मामले में पुलिस ने देर रात ही एक संदिग्ध को दबोच लिया था। उसकी निशानदेही पर सभी आरोपियों की पहचान कर ली थी। संवाद



मुठभेड़ स्थल पर घायल बदमाश, पास पड़ा तमंचा। स्रोत - पुलिस



घायल धीरज और रितिक।



*छेड़खानी के आरोपियों की सिरसिया गोठा मार्ग पर जाने की सूचना मिली थी। तत्काल टीमें भेज दी गईं। आरोपियों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में दोनों के पैर में गोली लगी है। - **दीपेंद्र नाथ चौधरी**, एएसपी*

## छेड़खानी पर सपा नेता ने छेड़ी सियासत

तरकुलवा (देवरिया)। तरकुलवा क्षेत्र में स्कूल से घर जा रही छात्राओं से छेड़खानी के मामले में सियासत छिड़ गई है। कृषि मंत्री व पथरदेवा विधायक सूर्यप्रताप शाही के बयान को सपा नेता और पूर्व मंत्री ब्रह्माशंकर त्रिपाठी ने लोगों की भावनाओं से खिलवाड़ बताया है। रविवार को पूर्व मंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार का बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा खोखला है। वहीं, कृषि मंत्री का कहना है कि अगर कोई उनके बयान को कोई गलत तरीके से पेश कर रहा है तो यह उसकी सोच है। भाजपा सरकार महिलाओं-बेटियों की सुरक्षा पर कोई समझौता नहीं करती। >> पेज 2

# छह लोगों पर दहेज उत्पीड़न का केस

संवाद न्यूज एजेंसी

रामपुर कारखाना। दहेज में बुलेट मोटरसाइकिल और नकदी के लिए महिला को ससुराल के लोगों ने परेशान कर दिया था। पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने आधा दर्जन के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज किया है।

रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के पोखरभिंडा लाला गांव निवासी शमां परवीन पुत्री मो. जलील अंसारी की शादी 29 सितंबर को जुनैद अंसारी पुत्र आलिम अंसारी निवासी हरपुर के साथ हुई थी। ससुराल में एक साल सब ठीक था। आरोप है कि इसके बाद पति जुनैद ससुर आलिम, सास कमरुनिशा, देवर जमील अहमद, देवरानी सितारा, खातून, ननद मुन्नी खातून दहेज के रूप में तीन लाख रुपये, एक बुलेट मोटरसाइकिल की मांग करने लगे।

मां-बाप की इज्जत को देखते हुए वह प्रताड़ना सहन कर रहने लगी। 8 जनवरी 2020 को दहेज के रूप में रकम व बुलेट साइकिल के लिए लात मुक्कों से मार पीटकर घर से निकाल दिए। माता-पिता व रिश्तेदारों ने ससुराल वालों से बातचीत की। 10 दिसंबर 2023 को पति विदा कराकर उसे घर से ले गया। वहां जाने पर फिर से पति, सास, ससुर, देवर, देवरानी, ननद दहेज को लेकर प्रताड़ित करने लगे। 14 दिसंबर 2023 को घर से निकाल दिए।

# KUSHINAGAR POLICE

5

# सराहनीय कार्य दिनांक:-07-10-2024

## विवाद में बाधा डालने के मामले में तीन पर केस

**पिपरा कनक।** पटहेरवा थाना क्षेत्र के एक गांव के युवक ने पुलिस को तहरीर देकर तीन लोगों पर बहन की शादी में बाधा डालने का आरोप लगाया है। बताया है कि आरोपी उसकी बहन से फोन पर बातचीत करता था। जब भी बहन की कहीं शादी तय हो रही है तो युवक अपने पिता व बहन के साथ मिलकर शादी काट दे रहा है। जबकि युवक से भी शादी करने को वे लोग तैयार हैं, लेकिन न तो वह शादी करता है और न ही उसकी बहन की शादी होने दे रहा है। एसओ दीपक सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। संवाद

## दुष्कर्म आदि के मामले में दो वांछित गिरफ्तार

**पडरौना।** तुर्कपट्टी व रामकोला थाने की पुलिस ने अलग-अलग दो दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहे दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। तुर्कपट्टी थाने की पुलिस ने वांछित संजय उर्फ भारतेन्दू निवासी चन्द्रौटा मसान टोला को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई कैलाश यादव, कांस्टेबल लक्ष्मण राम प्रजापति, राजेश यादव शामिल रहे। वहीं, रामकोला थाने की पुलिस ने वांछित धर्मेन्द्र राय निवासी रामबाग चौराहा थाना रामकोला को गिरफ्तार किया है। संवाद

## चोरी की बाइक के साथ एक गिरफ्तार

**पडरौना।** कप्तानगंज थाने की पुलिस ने चोरी की एक बाइक के साथ एक लिफ्टर को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए लिफ्टर की पहचान विनय कुशवाहा निवासी परशुरामपुर थाना खड्डा के रूप में हुई है। उसके पास से बाइक के अलावा मोबाइल भी बरामद हुआ है। संवाद

# सराफा व्यापारियों और डीजे संचालकों के साथ पुलिस ने की बैठक

**अहिरौली बाजार।** अहिरौली बाजार थाना परिसर में रविवार को पुलिस ने दुर्गा पूजा को लेकर सराफ व्यापारियों व डीजे संचालकों के साथ बैठक की। इस दौरान डीजे संचालकों से कहा गया कि तेज आवाज में डीजे बजाने पर प्रतिबंध है। संचालक ध्वनि प्रदूषण के नियमों का पालन करें। अगर नियमों का उल्लंघन किया गया तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसओ रवि कुमार राय ने कहा कि ध्वनि प्रदूषण विधेयक के नियमानुसार डीजे बजाया जाएगा। इसका अनुपालन नहीं करने पर कार्रवाई की जाएगी। संवाद

# बच्चियों की चोरी का आरोप महिला समेत दो गिरफ्तार

झंगहा। बेलही मोड़ हनुमान मंदिर के पास से शनिवार दोपहर तीन बजे बच्चियों की चोरी के आरोप में ग्रामीणों ने महिला व पुरुष को पकड़ा।

पुलिस की पूछताछ में दोनों की पहचान कुशीनगर के चौरा खास थाना क्षेत्र के भरही बुजुर्ग निवासी खुशबुन निशा व नरायपुर भठही निवासी अरविंद शुक्ला के रूप में हुई।

आरोप है कि यह दोनों बच्चियों को ऑटो से लेकर जाने वाले थे। अमरनाथ मद्धेशिया की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर दोनों को जेल भिजवा दिया।

झंगहा थाना क्षेत्र के जंगल रसूलपुर नंबर एक के खपरियाभार टोला निवासी अमरनाथ की 10 वर्ष की बेटी अंजीरा व बेचन निषाद की सात वर्ष की पोती आराध्या प्राथमिक विद्यालय बेलही में पढ़ने गई थी। दोपहर दो बजे दोनों घर जाने के लिए बेलही मोड़ हनुमान मंदिर के पास पहुंची थीं। संवाद

## पुलिस ने चार वारंटियों को किया गिरफ्तार

पडरौना। रामकोला व सेवरही थाने की पुलिस ने चार वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। रामकोला पुलिस ने वारंटी अवधेश निवासी सपहा थाना रामकोला, सरल निवासी धोधरही को गिरफ्तार किया है। जबकि सेवरही थाने की पुलिस ने वारंटी जगरनाथ निवासी परसा सिरसिया व सूरज कुमार यादव निवासी मिश्रौली थाना सेवरही को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार चारों वारंटियों के खिलाफ पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुटी है। संवाद

# जाली नोट मामले में मदरसों की भी संलिप्तता..एनआईए जुटा रही साक्ष्य

## प्रयागराज के मदरसे से जुड़ा कनेक्शन, प्रबंध समिति के सदस्य निशाने पर, अवैध रूप से चल रहे 12 मदरसे

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** जाली नोट मामले के प. बंगाल, असम और नेपाल से कनेक्शन जुड़ने के बाद एनआईए कई अन्य बिंदुओं पर भी जांच कर रही है। इस मामले में प्रयागराज मदरसा से भी कनेक्शन जुड़ने लगा है।

तमकुहीराज तहसील क्षेत्र में 12 से अधिक मदरसों के अवैध रूप से संचालित होने की बात सामने आई है। इन मदरसों की प्रबंध समिति में शामिल कुछ लोग भी एनआईए के निशाने पर हैं। माना जा रहा है कि इन मदरसों से जुड़े लोगों का संपर्क प्रयागराज के मदरसा से भी रहा है, जहां चार सितंबर को 1.30 लाख रुपये के जाली नोट मिले थे।

इस मामले में 11 आरोपी जेल भेज चुके हैं। पुलिस की पूछताछ में तीन और आरोपियों के नाम सामने आए थे। इसके बाद से ही उनकी तलाश की जा रही है। फरार तीन में से दो आरोपियों को पुलिस ने ट्रेस कर लिया है। बिहार के गोपालगंज के कुचायकोट थाना क्षेत्र के जलालपुर निवासी मनीष कुमार सिंह और सिवान का जितेंद्र यादव दोनों फरार हैं और उनकी लोकेशन नेपाल में मिली है। जबकि एक आरोपी की अब तक पहचान नहीं हो सकी है।


शहाबुद्दीन से जुड़े रहे भूमाफिया से भी संबंध हैं मो. रफी खान के

4 अक्तूबर को प्रकाशित खबर।

*जाली नोट और अन्य गैर कानूनी सामान के साथ जेल भेजे गए आरोपियों के पास से कई सुराग मिले थे। अब प्रकरण की एनआईए व एटीएस जांच कर रहे हैं। उन्हें इनपुट उपलब्ध कराया जा रहा है। गोपनीय तरीके से भी पुलिस एक-एक इनपुट निकाल रही है।*

***-संतोष कुमार मिश्रा,*** *एसपी*

सूत्रों का कहना है कि प्रयागराज के जाली नोट कांड से कई पहलुओं को जोड़कर भी एनआईए जांच कर रही है। एक मदरसा प्रबंधक के पुत्र से भी एजेंसियों ने संपर्क किया था। सूत्रों ने बताया कि प्रबंधक के पुत्र से पूछताछ के दौरान कई अहम जानकारियां भी मिली हैं। पता चला है कि क्षेत्र में 12 से अधिक मदरसे चल रहे हैं। प्रबंध समिति में शामिल कुछ सदस्यों की गतिविधियां भी संदिग्ध मिली हैं।

# काले कारनामों के गैंग से जुड़े गुर्गों पर दर्ज केस की दोबारा विवेचना की तैयारी

### स्थानीय पुलिस से संपर्क कर गोपनीय ढंग से अब जानकारी हासिल कर रहीं जांच एजेंसियां

संवाद न्यूज एजेंसी

**तमकुहीराज।** जाली नोट और अन्य गैर कानूनी सामान के साथ जेल भेजे गए आरोपियों और उनसे जुड़े लोगों की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। आरोपियों के खिलाफ पूर्व में दर्ज केस की दोबारा विवेचना की पुलिस ने तैयारी शुरू कर दी है। माना जा रहा है कि इससे आरोपियों के साथ सहयोग करने वालों की भी गर्दन फंसनी तय है।

सूत्रों का कहना है कि जाली नोट, विदेशी करेंसी आदि के साथ पकड़े गए आरोपियों की जड़ें काफी गहरी हैं। इलाके के जिन लोगों ने भी इनका सामाजिक, राजनीतिक व वैचारिक रूप से विरोध किया। उन पर आरोपियों ने फर्जी तरीके से केस दर्ज कराया है। रसूख व हनक के दम पर गैंग के गुर्गों ने क्षेत्र के ऐसे निर्दोष लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया है, जिनका नाता शरीफ परिवारों से है।

जाली नोट व गैर कानूनी सामान के साथ पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ पूर्व में बिहार समेत सेवरही, तमकुहीराज, तरयासुजान, विशुनपुरा आदि थानों में गंभीर धाराओं में केस दर्ज हैं।

पुलिस विभाग के अनुसार, सेवरही थाना क्षेत्र के रकबा दुलमापट्टी निवासी मुहम्मद रफी के खिलाफ 11, तरयासुजान थाना क्षेत्र के झड़वा निवासी औरंगजेब उर्फ लादेन के खिलाफ आठ, तमकुहीराज थाना क्षेत्र के नगर पंचायत निवासी परवेज इलाही के खिलाफ आठ, शेख जमालुद्दीन के खिलाफ चार, नौशाद खान पर चार, नियाजुद्दीन उर्फ मुन्ना पर एक, तरयासुजान थाना क्षेत्र के भूलिया अगरवा निवासी मुस्तकीम के खिलाफ सात केस दर्ज हैं।

एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि जेल भेजे गए आरोपियों पर जो भी पूर्व में केस दर्ज हैं। उसकी दोबारा विवेचना कराई जाएगी।

# धार्मिक टिप्पणी के मामले में दो पक्षों पर केस दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

## दूसरे पक्ष के थाने पहुंचे युवकों ने लगाया आरोप

## कसया कस्बे में पुलिस और पीएसी की लगाई गई ड्यूटी

**कसया।** सोशल मीडिया पर धार्मिक टिप्पणी करने वाले दो समुदायों के युवकों में तनाव बढ़ गया है। एक पक्ष ने शनिवार को थाने पहुंचकर आरोप लगाया थ। दूसरे पक्ष के युवकों ने रविवार को थाने में तहरीर दी।

थाने पहुंचे युवकों में से पांच लोगों को बैठाकर उनकी बात सुनी। दो समुदाय का मामला होने के कारण सदर सीओ पूरे दिन थाने जमे रहे। डोल मेला और ताजिया जुलूस में भी कसया कस्बे में पूर्व में विवाद हो चुका है। इससे पुलिस अलर्ट है।

नगर पालिका के गोपालगढ़ निवासी अंकित मद्धेशिया ने पुलिस को तहरीर देकर एक युवक पर सोशल मीडिया पर धार्मिक पोस्ट डालने का आरोप लगाया था। पुलिस ने मथौली निवासी आजाद, जाकिर अली, त्यागी, नदीम खान व अज्ञात लोगों पर केस दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। रविवार को मथौली निवासी आजाद के साथ 20 से अधिक युवक थाने पहुंचे। सोशल मीडिया पर धार्मिक पोस्ट का स्क्रीन शॉट देकर कार्रवाई की मांग की।

दूसरे पक्ष की तहरीर पर भी पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। दो समुदाय और नवरात्र की वजह से कस्बे में अतिरिक्त पुलिस तैनात कर दी गई है। पडरौना सीओ अभिषेक प्रताप अजेय के नेतृत्व में पुलिस ने मार्च किया।

एसएचओ गिरिजेश उपाध्याय ने कहा कि दोनों पक्ष पर धार्मिक भावना भड़काने का केस दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

# साइबर अपराधियों ने नहीं, घर के बेटों ने किया बैंक खाता खाली

संवाद न्यूज एजेंसी

## पुलिस की जांच में पीड़ित के बेटों की करतूत आई सामने, ऑनलाइन गेम में खर्च की है रकम

खड्डा। साइबर अपराधियों ने नहीं बल्कि पीड़ित के कक्षा छह और आठ में पढ़ने वाले बेटों ने बैंक अकाउंट का यूपीआई बनाकर 6.65 लाख रुपये ऑनलाइन गेम खेलने में खर्च कर दिए थे। साइबर ठगी का केस दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू किया तो इसकी जानकारी होने के बाद पुलिस और घर वाले दंग रह गए। कुछ महीनों में इतने रुपये छात्र ऑनलाइन गेम खेलने में हार गए हैं।

भैसहा गांव निवासी चंद्रशेखर सिंह और इनकी पत्नी शीला सिंह का बैंक अकाउंट स्टेट बैंक खड्डा कस्बा में है। चंद्रशेखर ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि साइबर अपराधियों ने बैंक खातों से 6.59 लाख रुपये निकाल लिए। स्थानीय पुलिस ने साइबर थाने की मदद से मामले की जांच शुरू की तो पता चला कि इन खातों से दो मोबाइल नंबरों पर यूपीआई है।

उसके माध्यम से रुपये अगल-अलग गेम खेलने में इस्तेमाल किए गए हैं। यह बात सामने आने के बाद पुलिस ने बच्चों से पूछताछ किया तो पता चला कि चंद्रशेखर के दोनों बेटे कक्षा 8 और 6 में पढ़ते हैं। इन्होंने बैंक के एटीएम कार्ड से यूपीआई बनाई और ऑनलाइन गेम खेलने लगे। रुपये निकालने के बाद रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर जाने वाले मैसेज का आप्शन बंद कर दिया था।

पहले तो इन्होंने कुछ डालर कमाए, लेकिन कुछ दिन पहले पासा पलट गया और रुपये निकल गया। माता-पिता के डर से किसी को नहीं बताया। हकीकत जानने के बाद माता पिता ने सिर पकड़ लिया। थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता के दोनों बेटे ही ऑनलाइन गेम में रुपये हार गए हैं। चोरी से यूपीआई बनाकर बैंक खाता खाली कर दिया था।

# सलाखों के पीछे जाने के बाद बदला अपराध का तरीका...नहीं छोड़ी खाकी वर्दी

## लंबे समय से छका रहा जमील, 2022 में लखनऊ में पकड़ा गया था

नीलांबुज मिश्र

**कुशीनगर।** हजार रुपये की वर्दी और सौ रुपये का बिल्ला लगाए फर्जी इंस्पेक्टर और पुलिस उपाधीक्षक बनकर ठगी करने वाला देवरिया के जमील अहमद ने सलाखों के पीछे जाने के बाद अपराध का तरीका जरूर बदल दिया था लेकिन खाकी वर्दी से मोह भंग नहीं हो सका। वह लगातार अपने गैंग के सदस्यों के साथ मिलकर फर्जीवाड़े को अंजाम देता रहा। जेल जाने के बाद जमील में एक बदलाव जरूर देखने को मिला कि पहले वह भोली-भाली लड़कियों को टारगेट करता था अब वह अशिक्षित महिलाओं को फंसाता है। दो साल पूर्व लखनऊ में पकड़े गए जमील के तार ईरानी गैंग से भी जुड़े थे, जो पुलिस अधिकारी बनकर चोरी छिनैती और ठगी को अंजाम देता है। कुशीनगर पुलिस के रडार पर ऐसे गैंग के और भी गुर्गे आ गए हैं।



आरोपी जमील अहमद । स्रोत पुलिस

दसवीं पास जमीन अहमद ईरानी गैंग का गुर्गा बताया जा रहा है। समय-समय पर जमील प्रदेश के विभिन्न जनपदों में वर्दी की आड़ में जालसाजी की है। सितंबर 2022 में लखनऊ में नाका पुलिस ने चारबाग मेट्रो स्टेशन से फर्जी इंस्पेक्टर को दबोचा था। उसपर भोली भाली युवतियों से ठगी कर होमगार्ड की नौकरी दिलाने का आरोप था। पुलिस के अनुसार, तब जमील ने खुद को इंस्पेक्टर बताते हुए कुछ युवतियों को होमगार्ड की नौकरी दिलाने की बात कही थी। झांसे में आकर उसके परिजनों ने 85 हजार रुपये दे दिया था। इसके बाद गोरखपुर में भी ऐसे मामले को अंजाम दिया गया था।

### टारगेट पर रही हैं महिलाएं...अश्लीलता भी मकसद

**जमील** का पूरा काला कारोबार वर्दी की आड़ में चलता रहा है। लखनऊ में अपराध की बात हो या कुशीनगर और गोरखपुर, हर जगह जमील अहमद के टारगेट में महिलाएं रही हैं।वह भोली भाली महिलाओं को पहले नौकरी के नाम पर आश्वस्त करता है और फिर पैसे लेकर प्रशिक्षण की बात करता हैं।लखनऊ में पकड़े जाने के समय वह लड़कियों का टिकट कराकर मुंबई में प्रशिक्षण देने जा रहा था जिसमे यह बात सामने आई थी कि उसका मकसद कमाई के साथ महिलाओं के साथ अभद्रता का भी है।कुशीनगर में भी जालसाजी के दौरान जमील के निशाने पर महिला ही थी। उसने पैसे ऐंठ लिए थे। अब वह इन महिलाओं को प्रशिक्षण के बहाने किसी शहर में ले जाने की फिराक में था। सूत्रों के अनुसार इस गैंग में कुछ महिलाओं के भी होने के संकेत मिल रहे हैं। बहरहाल पुलिस रानी और ईरानी गैंग पर फोकस होकर अन्य पहलुओं पर जांच कर रही है। सीओ सदर अभिषेक प्रताप अजेय ने बताया कि मामले में अन्य पहलुओं पर जांच की जा रही है।

# योजना का लाभ दिलाने के बहाने ठगी करने वाला पुलिस की वर्दी में गिरफ्तार

## चोरी की बाइक से हाईवे पर सक्रिय था देवरिया का जालसाज, महिला की शिकायत पर पुलिस ने की कार्रवाई

संवाद न्यूज एजेंसी

पडरौना (कुशीनगर)। पुलिस की वर्दी में सरकारी नौकरी और महिलाओं का योजना का लाभ दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने हाईवे पर चोरी की बाइक के साथ रविवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की गिरफ्त में आया आरोपी देवरिया जिले का रहने वाला है। ठगी की शिकार महिला की शिकायत के बाद सक्रिय हुई पुलिस ने उसे दबोच लिया। आरोपी पर लखनऊ, गोरखपुर समेत कई थानों में जालसाजी का केस दर्ज है।

तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के मधुरिया गांव निवासी जरीना खातून ने एसपी संतोष कुमार मिश्रा को पत्र देकर देवरिया जिले के महुआडीह थाना क्षेत्र के भटनी हरैया निवासी जमील अहमद पुत्र मोफिल पर सरकारी योजना के तहत सिलाई सेंटर का लाभ दिलाने के नाम पर 50 हजार रुपये की ठगी का आरोप लगाया।



शातिर अभियुक्त के पास बरामद सामान। स्रोत-पुलिस

### इंस्पेक्टर और डीएसपी की मिली वर्दी, बैज, स्टार और बेल्ट पुलिस ने किए बरामद

एसपी के आदेश पर तुर्कपट्टी पुलिस ने हाईवे पर मधुरिया कट के पास से इंस्पेक्टर की वर्दी में आरोपी को दबोच लिया।

एसपी ने बताया कि आरोपी सरकारी शिक्षक के अलावा सरकार की ओर से संचालित योजना का लाभ दिलाने के नाम पर जिले की महिलाओं से ठगी करता था। अब तक की जांच में डेढ़ लाख रुपये से अधिक की ठगी कर चुका है। इसके



ठगी करने वाला शातिर अभियुक्त की चोरी की बाइक। स्रोत-पुलिस

पास से पुलिस ने पुलिस उपाधीक्षक रैंक की फर्जी वर्दी और चोरी की बाइक बरामद की है। पुलिस का दावा है कि वह हाईवे पर सक्रिय गिरोह से आरोपी जुड़ा है। पुलिस को पूछताछ में कई अहम जानकारियां मिली हैं। इसके गिरोह में शामिल बाकी लोगों की तलाश भी पुलिस तेज कर दी है। आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

### ऐसे करता था ठगी कि नहीं समझ पाते थे लोग

पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह खुद को सरकारी विश्वकर्मा योजना का अधिकारी बताकर महिलाओं को सिलाई सेंटर का प्रशिक्षक बनाने, सिलाई मशीन, सैलरी और सरकारी योजना के तहत मिलने वाले अन्य सामान का लालच देकर ठगी करता था। आरोपी कभी वर्दी पहनकर तो कभी सादे लिबास में महिलाओं के बीच पहुंचकर खुद को अधिकारी बताता था और नौकरी दिलाने का झांसा देकर रकम ऐंठता था। इलाका बदल-बदल कर ठगी को अंजाम देता था। इसका संगठित गैंग है। आरोपी के खिलाफ वर्ष 2019 में गोरखपुर कैंट थाने में धोखाधड़ी का केस दर्ज हुआ। लखनऊ के नाका हिंडोला थाने में भी इसके खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज है।

# ऑक्सीजन प्लांट सप्लायर पर करोड़ों की धोखाधड़ी का केस

संवाद न्यूज एजेंसी

रामकोला। आदित्य ऑक्सीजन प्राइवेट लिमिटेड के प्रोपराइटर की शिकायत पर एसपी के आदेश के बाद पुलिस ने गोरखपुर के ऑक्सीजन प्लांट सप्लायर के खिलाफ 2.46 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है।

पीड़ित ने एसपी को बताया था कि उसने ऋण लेकर ऑक्सीजन प्लांट सप्लायर को रकम दी थी। मगर, सप्लायर ऑक्सीजन प्लांट के लिए जरूरी उपकरण नहीं भेजा। वह बैंक का कर्ज भी नहीं भर पा रहा है। उसकी संपत्ति कुर्क करने के लिए बैंक की ओर से दबाव बनाया जा रहा है।

आदित्य ऑक्सीजन प्राइवेट लिमिटेड रामकोला के प्रोपराइटर विजयभान तिवारी ने एसपी को शिकायती पत्र में बताया है कि गोरखपुर के ऑक्सीजन प्लांट सप्लायर अंबरीश राय ने 15 फरवरी 2021 तक प्लांट स्थापित करने का करार किया था लेकिन, तय तिथि तक प्लांट स्थापित नहीं हो सका।

आठ मई 2022 तक प्लांट के शुरू करने का करार हुआ। इस दौरान उसकी ओर से सप्लायर को दो करोड़ 46

## 2.46 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में एसपी के आदेश पर दर्ज हुआ केस

लाख रुपये का भुगतान भी कर दिया गया। प्लांट से संबंधित सामान मंगाने के लिए विभिन्न चेक और नकद भुगतान किया गया है।

पीड़ित ने बताया है कि रुपये भुगतान करने के लिए उसने रामकोला के सेंट्रल बैंक से ऋण भी लिया है। प्लांट शुरू नहीं होने से बैंक ऋण का भी भुगतान नहीं हो सका है। बैंक जमीन जायदाद की कुर्की के लिए कार्रवाई कर रहा है। वह आर्थिक, मानसिक व शारीरिक रूप से परेशान है। सप्लायर से रुपये वापस करने की बात कही जा रही है तो वह धमकी दे रहा है।

एसपी संतोष कुमार मिश्र ने गोरखपुर के बेतिया हाता निवासी अंबरीश राय के खिलाफ रामकोला पुलिस को केस दर्ज करने का आदेश दिया। पुलिस ने आरोपी अंबरीश राय के खिलाफ धोखाधड़ी और जानमाल की धमकी देने का केस दर्ज किया है।

एसएचओ आनंद कुमार गुप्ता ने बताया कि मामले में केस दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# दो किसानों पर लकड़बग्घा ने किया हमला, वन विभाग ने शुरू की कांबिंग

## गांव वाले दहशत में, वन विभाग ने लोगों को सतर्क रहने की दी सलाह

संवाद न्यूज एजेंसी

**मंसाछापर।** पडरौना कोतवाली क्षेत्र के जंगल कुरमौल में रविवार सुबह खेत में काम करने गए दो किसानों पर लकड़बग्घा ने हमला कर दिया। किसानों ने भागकर जान बचाई। गांव आई वन विभाग की टीम गांव वालों के साथ मिलकर कांबिंग शुरू कर दी। दोनों घायल किसान मेडिकल कॉलेज से इलाज कराने के बाद घर लौट आए हैं।

जंगल कुरमौल निवासी 40 वर्षीय रामनरेश मद्धेशिया सुबह नौ बजे खेत में काम करने गये थे। उसी दौरान गन्ने के खेत से निकलकर लकड़बग्घा ने हमला कर घायल कर दिया। उन्होंने भागकर जान बचाई। इसके बाद करीब सौ मीटर की दूरी पर अपने घर के पीछे बाग में बैठे 55 वर्षीय लालबहादुर चौहान की गर्दन पर लकड़बग्घे ने पंजे से हमला कर दिया।

शोर मचाने पर आसपास के खेत में काम कर रहे लोग लाठी-डंडा लेकर दौड़े तो लकड़बग्घा लाल बहादुर को छोड़कर भागा और गन्ने के खेत में छुप गया।

दोनों घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज रविंद्रनगर धूस पहुंचाया गया। वहां उपचार के बाद दोनों शाम को घर लौट आए। गांव वालों की सूचना पर वन दरोगा रामध्यान पांडेय टीम के साथ पहुंच गए और लोगों को साथ लेकर खेत में खोजबीन करने लगे, लेकिन लकड़बग्घा का कहीं पता नहीं चल सका। इस घटना को लेकर लोगों में दहशत व्याप्त है।



जंगल कुरमौल में लकड़बग्घा की तलाश करती वन विभाग की टीम। संवाद

*वन कर्मियों के साथ मौके पर जाकर कांबिंग की गई। इस दौरान कहीं भी लकड़बग्घा नजर नहीं आया। एहतियात के तौर पर गांव वालों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।* – **रामध्यान पांडेय**, वरिष्ठ वन दरोगा



घायल रामनरेश और लालबहादुर। संवाद

*लकड़बग्घे आमतौर पर इंसानों पर हमला नहीं करते। उसे यदि खतरा महसूस होता है, जैसे कि वह फंस गया है या उसके बच्चों को खतरा है, तो वह हमला कर सकता है। ये मिट्टी के बिल में रहते हैं। लकड़बग्घे खुद शिकार नहीं करते, बल्कि दूसरों का शिकार छीनकर खाते हैं। ज्यादातर समय ये झुंड में रहना पसंद करते हैं। यदि लकड़बग्घा बीमार या घायल होता है, तो वह आक्रामक हो सकता है।* – ***डॉ. योगेश प्रताप सिंह***, *मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, गोरखपुर चिड़ियाघर*



पडरौना के सुभाष चौक पर राशोसपा जिलाध्यक्ष का पुतला दहन करते भाजपा व आरएसएस कार्यकर्ता।

# राशोसपा जिलाध्यक्ष का फूंका गया पुतला

**पडरौना।** इंटरनेट मीडिया पर धार्मिक भावनाओं के खिलाफ किये गये अभद्र पोस्ट को शेयर करने पर राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष पर पडरौना कोतवाली पुलिस ने आईटी एक्ट के तहत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज की है। रविवार को भाजपा नेताओं व आरएसएस कार्यकर्ताओं ने कोतवाली पहुंच कर उसे गिरफ्तार कर रासुका लगाने की मांग करते हुये सुभाष चौक पहुंचकर आरोपी जिलाध्यक्ष का पुतला दहन कर जमकर नारेबाजी की।

सोशल मीडिया पर राष्ट्रीय शोषित समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष रामेश्वर कुशवाहा ने अभद्र धार्मिक टिप्पणी करने वाले पोस्ट को शेयर किया था। पडरौना कोतवाली में केस दर्ज है। संघ कार्यालय पर बैठक के बाद कोतवाल पहुंच कर भाजपा व आरएसएस कार्यकर्ताओं ने गिरफ्तारी के लिए सोमवार को 12 बजे तक का अल्टीमेटम दिया है। जिला कार्यवाहक आरएसए रवि कृति, विश्व हिन्दू परिषद जिलाध्यक्ष मुकेश, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष व पूर्व महामंत्री युवा मोर्चा रितिक सिंह गौतम, भाजपा नेता व मनोनीत सभासद नीरज सिंह बिट्टू, अक्षय साहनी, राजेश पांडेय, विकास दीक्षित, अनुज मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# तस्करों से संपर्क रखने वाले पुलिस कर्मियों की खंगाली जाएगी कुंडली

## कप्तान की नजर में हैं हाईवे किनारे थानों के पुलिसकर्मी

जागरण संवाददाता, पटहेरवा : पशु तस्करी पर अंकुश लगा गोवंश बंद कराने को लेकर एसपी अब उन पुलिस कर्मियों की कुंडली खंगालने में लगे हैं, जो वर्दी की आड़ में पशु तस्करों के मददगार बने हैं। खास कर हाईवे की उन थानों पर है जहां पशु तस्करों से मिलीभगत वाले पुलिस कर्मियों की तैनाती है।

अभी हाल में पटहेरवा व तुर्कपट्टी थाने के मधुरिया चौकी के एक-एक ऐसे ही पुलिसकर्मियों की पकड़े गए पशु तस्करों से आमना-सामाना कराया गया, जिसमें उनके नाम सामने आया था। दोनों पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर किया गया है। वैसे

### अभी तक दो कर्मियों से तस्करों का हुआ आमना-सामना

भी हाईवे के कुछ थाने उन पुलिस कर्मियों की वजह से सुर्खियों में रहते हैं कि वर्दी में कम दिखते हैं। चर्चा है कि हाईवे के थाने हाटा कोतवाली, कसया, तुर्कपट्टी, पटहेरवा, तमकुहीराज व तरयासुजान व उनके चौकियों पर तैनात ऐसे संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त पुलिसकर्मियों की पुख्ता जानकारी स्वयं कप्तान ही एकत्रित करा रहे हैं। विभाग की मानें तो हाटा कोतवाली में तीन,कसया में चार,तुर्कपट्टी में चार,पटहेरवा में चार,तमकुहीराज में पांच व तरयासुजान (बहादुरपुर चौकी) पर चार ऐसे पुलिसकर्मियों की तैनाती है, जो कहीं न कही पशु तस्करों सहित अन्य अवैध कारोबारियों से संबंध रखते हैं। पटहेरवा के कांस्टेबल सोहित यादव व तुर्कपट्टी के चौकी मधुरिया के संजय यादव पर पशु तस्करों के साथ संबंध होने की बात सामने आने पर एसपी ने लाइन हाजिर कर दिया। इससे पटहेरवा के तीन चर्चित पुलिसकर्मी बेचैन हैं। क्षेत्राधिकारी तमकुहीराज जितेंद्र कुमार कालरा ने बताया कि पशु तस्करी सहित किसी अवैध गतिविधियों किसी पुलिसकर्मी की संलिप्तता पाए जाने पर बख्शा नहीं जाएगी।

# दो वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

सेवरही। जनपद में वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान में सेवरही थाने की पुलिस ने अलग-अलग मुकदमों में दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। थाना क्षेत्र के परसा सिरसिया निवासी जगरनाथ पुत्र गया एवं मिश्रौली निवासी सूरज यादव पुत्र राधा यादव अलग-अलग मुकदमों में वांछित थे, जिन्हें रविवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पकड़े गये अभियुक्तों के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई में जुटी हुई है।

# चोरी की बाइक के साथ एक गिरफ्तार

**कप्तानगंज।** जनपद में वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान में रविवार को कप्तानगंज थाने की पुलिस द्वारा चोरी के मामले में वांछित अभियुक्त विनय कुशवाहा पुत्र राजेश कुशवाहा निवासी परशुरामपुर थाना खड्डा को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी की बाइक एवं मोबाइल बरामद किया गया। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर अग्रिम आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# दंपति के दो बच्चे ही ऑनलाइन गेम में हार गए थे 6.60 लाख

**हि फॉलोअप**

**खड्डा, हिन्दुस्तान संवाद।** थाना क्षेत्र के ग्राम भैंसहा निवासी दंपति के खाते से 6.60 लाख रुपये किसी साइबर अपराधी ने गायब नहीं किए थे, बल्कि इनके दो बच्चे ही ऑनलाइन गेम में हार गए थे। ये बच्चे कक्षा आठ में पढ़ते हैं। इसकी पुष्टि रविवार को घर में रखे लैपटॉप व मोबाइल की जांच के बाद हुई।

भैंसहा निवासी चन्द्रशेखर सिंह पुत्र प्रद्युम्न शनिवार को खड्डा थाने में तहरीर देकर बताए थे कि उनका और उनकी पत्नी का खाता खड्डा कस्बे में स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में अलग-अलग है। आरोप था कि 15 दिन के अन्दर फर्जी तरीके से साइबर अपराधियों ने उनकी पत्नी के बैंक खाते से दो बार में डेढ़ लाख रुपये तथा उनके खाते से 3 लाख 50 हजार रुपये निकाल लिया। रविवार को पीड़ित की पहचान वाले अधिवक्ता देवेंद्र कुशवाहा उनके घर पहुंचकर लैपटॉप व मोबाइल की जांच की। पता चला कि चन्द्रशेखर के 7 व 8 में पढ़ने वाले बच्चों ने ही पिता के मोबाइल नम्बर का गूगल पे बनाया और ऑनलाइन गेम खेलकर माता-पिता का 5 लाख रुपये सहित जीता हुआ लगभग डेढ़ लाख रुपये गंवा दिए।

महिलाओं को सिलाई सेंटर का शिक्षक बनाने का देता था झांसा

# फर्जी पुलिस अधिकारी बन ठगने वाला हुआ गिरफ्तार

**कार्रवाई**

**पडरौना, निज संवाददाता।** खुद को सरकारी योजनाओं का अधिकारी बताकर महिलाओं को सिलाई सेंटर का शिक्षक बनाने सहित अन्य प्रलोभन देकर ठगी करने वाले एक जालसाज को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके पास से पुलिस को फर्जी सीओ और इंस्पेक्टर की वर्दी तथा बाइक भी बरामद हुई है। पुलिस विधिक कार्रवाई में जुटी है।

एसपी संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि चार अक्टूबर को पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई कर रहे थे। उसी समय तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के मधुरिया गांव के निवासी रुस्तम अली की पत्नी जरीना खातून पहुंची। बताया कि देवरिया जिले के महुआडीह थाना क्षेत्र के भटनी हरैया निवासी जमील अहमद पुत्र मोफिल अपने को सरकारी योजना का अधिकारी बताकर महिलाओं को सिलाई सेंटर का शिक्षक बनाने व अन्य प्रलोभन देकर उसके साथ 50 हजार रुपये की ठगी किया है। इस पर एसपी ने तुर्कपट्टी थाने में मुकदमा दर्ज कराया। अपर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में उसकी शीघ्र गिरफ्तारी के लिए टीमें लगाई। रविवार को तुर्कपट्टी थाने की पुलिस ने कसया-फाजिलनगर हाईवे पर इंडियन ऑयल पेट्रोलपंप से करीब 200 मीटर आगे चौहानपट्टी मधुरिया कट के पास से आरोपी जमील अहमद को गिरफ्तार कर लिया।



आरोपी जमील अहमद।

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में ये रहे शामिल

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में तुर्कपट्टी के एसओ संजय कुमार, एसएसआई सर्वेश कुमार राय, स्वॉट टीम प्रभारी एसआई आलोक यादव, सर्विलांस सेल प्रभारी एसआई शरद भारती, मधुरिया चौकी प्रभारी एसआई जितेंद्र कुमार, एसआई कैलाश यादव, कांस्टेबल राहुल प्रसाद, राजेश गुप्ता और रामजी शामिल थे।

## जमील के अपराध करने का तरीका

आरोपी जमील ने पुलिस को बताया कि वह खुद को सरकारी विश्वकर्मा योजना का अधिकारी बताकर महिलाओं को सिलाई सेंटर का शिक्षक बनाने, सिलाई मशीन, सैलरी व अन्य सामान का प्रलोभन देकर कुशीनगर जिले के तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र की महिलाओं से डेढ़ लाख रुपये की ठगी किया है। इनका एक संगठित गैंग है। कुछ दिन पूर्व थाना नाका हिण्डोला, जनपद लखनऊ में रानी गैंग सदस्य के साथ पकड़ा गया था। जेल से छूटने के बाद महिलाओं को अपने रुतबे का झांसा और प्रलोभन देकर पैसे ऐंठने का काम करता है। उसके खिलाफ गोरखपुर के कैंट थाना, लखनऊ के नाका हिण्डोला थाना और कुशीनगर जनपद के तुर्कपट्टी थाने में मुकदमा दर्ज है।

# दो आरोपित अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार

वभनौली : सेवरही पुलिस ने रविवार को विभिन्न मामलों में दो आरोपितों को थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया है। इसमें परसा सिरसिया निवासी जगरनाथ एवं मिश्रौली निवासी सूरज कुमार यादव शामिल हैं। पुलिस टीम में थाना प्रभारी श्रीप्रकाश राय, उनि आकाश सिंह, हेकां रमेश यादव, का. सुबेदार यादव, का. अनुज सरोज शामिल रहे।



पुलिस लाइन सभागार में पकड़े गए आरोपित के बारे में जानकारी देते सीओ अभिषेक प्रताप अजेय। ● सौ. पुलिस मीडिया सेल

# डीएसपी बनकर ठगी करने वाला गिरफ्तार

**देवरिया जिले का निवासी है आरोपित, गोरखपुर व लखनऊ में भी दर्ज हैं ठगी के मुकदमे**

**जागरण संवाददाता, कुशीनगर:** पुलिस उपाधीक्षक बन कर लोगों से ठगी करने वाले जालसाज को तुर्कपट्टी पुलिस ने रविवार शाम को मधुरिया के पास फोरलेन से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से चोरी की बाइक तथा बैग से पुलिस की वर्दी, पुलिस उपाधीक्षक व इंस्पेक्टर का बैज आदि बरामद हुआ है।

सीओ सदर अभिषेक प्रताप अजेय ने बताया कि तुर्कपट्टी क्षेत्र के मधुरिया गांव की जरीना खातून ने पांच दिन पहले पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच देवरिया ज़िले के महुआडीह थाने के भटनी हरैया गांव के जमील अहमद पर ठगी का आरोप लगाया। बताया कि वह खुद को पुलिस उपाधीक्षक बताता है। गांव की महिलाओं को सिलाई मशीन तथा अन्य सरकारी योजनाओं के लाभ दिलाने के नाम पर उसने 50 हजार की ठगी कर ली है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर तुर्कपट्टी पुलिस आरोपित के विरुद्ध जालसाजी का मुकदमा पंजीकृत कर आरोपित की तलाश शुरू कर दी। शाम को उसकी लोकेशन मधुरिया के पास मिलने पर पुलिस ने फोरलेन पर वाहनों की जांच शुरू कर दी। इस बीच कसया की ओर से आए बाइक सवार को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो वह तेजी से भागना चाहा। पीछा कर पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़ लिया। उसकी पहचान जमील अहमद के रूप में हुई। उसके बैग से पुलिस उपाधीक्षक तथा पुलिस इंस्पेक्टर की वर्दी व बैज आदि बरामद हुआ। जांच में बाइक चोरी की पाई गई।

# मुस्लिम नाबालिक युवती को भगाकर दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपित गिरफ्तार

खबर दृष्टिकोण संवाद

कुशीनगर। रविवार को जनपद के थाना रामकोला की पुलिस ने अपहरण समेत दुष्कर्म आदि के मुकदमे में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। दरअसल थाना रामकोला पर बीते दिनों एक मुस्लिम युवक ने अपने नाबालिक पुत्री के अपहरण का मामला एक नामजद आरोपी के विरुद्ध दर्ज कराया था। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपित युवक धर्मेन्द्र राय पुत्र लालजी राय जो कि थाना रामकोला क्षेत्र के अंतर्गत रामबाग चौराहा का निवासी है। रामकोला थानाध्यक्ष आनंद कुमार गुप्ता ने बताया कि आरोपित युवक के विरुद्ध थाना स्थानीय पर अपहरण, दुष्कर्म व पास्को एक्ट संबंधित अन्य सुसंगत धाराओं में पंजीकृत मुकदमे के आधार पर गिरफ्तार कर जेल भेज दी गई व अग्रिम विधिक कार्यवाही जारी है। आरोपी को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना रामकोला से प्रभारी निरीक्षक आनंद कुमार गुप्ता समेत उप निरीक्षक शिवम द्विवेदी, सिपाही धर्मचंद राम, प्रदीप यादव व राजकुमार यादव शामिल रहे।




# शौच को निकली महिला से छेड़खानी, मुकदमा

**नेबुआ नौरंगिया:** क्षेत्र में शौच को निकली महिला से छेड़खानी का मामला सामने आया है। पुलिस आरोपित के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर जांच कर रही है। घटना बीते 29 सितंबर की है। रविवार को तहरीर देकर महिला ने बताया कि घटना वाले दिन की दोपहर को वह शौच करने गांव के बाहर गई थी। अकेले देख गांव का ही युवक छेड़खानी करने लगा। एसएचओ हर्षवर्धन सिंह ने बताया कि आरोपित शिव विजय के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर जांच की जा रही है।

# 02 वारण्टी अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

कम्प्यूटर जगत संवाददाता

रामकोला/कुशीनगर। जनपद में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 06.10.2024 को थाना रामकोला पुलिस द्वारा 1. मु0सं0 5495/021 धारा 498ए/323 भादवि व डीपी एक्ट से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त अवधेश पुत्र जनार्दन सा0 सपहा थाना रामकोला जनपद कुशीनगर व 2. मु0नं0 2076/01 धारा 323/325/ 504/506 भादवि से सम्बन्धित अभियुक्त सरल पुत्र चोखू मिया सा0 धोधरही थाना रामकोला




जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्र0नि0 आनन्द कुमार गुप्ता,उ0नि0 शिवम द्वीवेदी,का0 धर्मचन्द राम,का0 प्रदीप यादव,का0 राजकुमार यादव थाना रामकोला जनपद कुशीनगर शामिल रहे।

# ठगी करने वाला शातिर अभियुक्त चोरी की मोटरसाइकिल मय फर्जी पुलिस की वर्दी के साथ गिरफ्तार

## सरकारी योजना का अधिकारी बताकर महिलाओं को सिलाई सेंटर का शिक्षक बनाने व अन्य प्रलोभन देकर करता रहा ठगी

कम्प्यूटर जगत संवाददाता

तुर्कपट्टी/कुशीनगर। पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा जनसुनवाई की जा रही थी। जिसके दौरान आवेदिका जरीना खातून पत्नी रुस्तम अली निवासिनी ग्राम मधुरिया थाना तुर्कपट्टी जनपद कुशीनगर द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया कि एक व्यक्ति जमील अहमद पुत्र मोफिल निवासी ग्राम भटनी हरैया थाना महुआ डीह जनपद देवरिया द्वारा अपने को सरकारी योजना का अधिकारी बताकर महिलाओ को सिलाई सेंटर का शिक्षक बनाने व अन्य प्रलोभन देकर हमारे साथ 50,000/- हजार रुपये की ठगी की गयी है। इस सूचना पर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर द्वारा त्वरित कार्यवाही कराते हुए थाना तुर्कपट्टी पर मु0अ0सं0 305/2024 धारा 319



(2)/318(4)/316(2)/352/351(3) बी0एन0एस0 में अभियोग पंजीकृत कराया गया तथा अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर के नेतृत्व में अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमें लगायी गयी थी जिसके क्रम में दिनांक 06.10.2024 को थाना तुर्कपट्टी पुलिस टीम द्वारा इण्डियन पेट्रोल पम्प से करीब 200 मीटर आगे (कसया से फाजिलनगर जाने वाले हाईवे पर) चौहान पट्टी मधुरिया कट के पास से उपरोक्त प्रकरण से सम्बन्धित वान्टेट अभियुक्त जमील अहमद पुत्र मोफिल निवासी ग्राम भटनी हरैया थाना महुआ डीह जनपद देवरिया को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक अदद चोरी की मोटरसाइकिल, फर्जी पुलिस की वर्दी जिसमें एक वर्दी सेट इन्सपेक्टर रैंक के अधिकारी तथा दूसरा वर्दी सेट पुलिस उपाधीक्षक रैंक के अधिकारी का बरामद किया गया है। गिरफ्तरी व बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 319 (2)/318(4)/316(2)/352/ 351(3) बी0एन0एस0 की बढोत्तरी कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। अपराध करने का विवरण- अभियुक्त द्वारा पूछताछ के दौरान बताया गया है कि वह खुद को सरकारी विश्वकर्मा योजना का अधिकारी बताकर महिलाओं को सिलाई सेंटर का शिक्षक बनाने , सिलाई मशीन,सैलरी व अन्य समान अन्य प्रलोभन देकर थाना क्षेत्र तुर्कपट्टी की महिलाओ से डेढ़ लाख रुपये की ठगी किया है। अभियुक्त द्वारा कभी वर्दी पहनकर तो कभी सादे वस्त्रो में खुद को अधिकारी बताकर नौकरी एवं सामान दिलाने के नाम पर पैसा ले लेता है। इनका एक संगठित गैंग है तथा इसने बताया कि मै कुछ दिन पुर्व थाना नाका हिण्डोला जनपद लखनऊ में रानी गैंग सदस्य के साथ पकड़ा गया था। जेल से छुटने के बाद यह अपने अपराध करने के तरीके को बदलकर भोली- भाली महिलाओ को अपने रुतबे का झांसा दिखाकर प्रलोभन देकर पैसे ऐठने का काम करता है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष संजय कुमार, व0उ0नि0 सर्वेश कुमार राय,उ0नि0 आलोक यादव प्रभारी स्वाट टीम मय स्वाट टीम,उ0नि0 शरद भारती प्रभारी सर्विलांस सेल जनपद कुशीनगर मय टीम,उ0नि0 जितेन्द्र कुमार चौकी प्रभारी मधुरिया,उ0नि0 कैलाश यादव,का0 राहुल प्रसाद,का0 राजेश गुप्ता,का0 रामजी थाना तुर्कपट्टी जनपद कुशीनगर शामिल रहे।

# चोरी गये एक बाइक व मोबाइल फोन के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार



**कम्प्यूटर जगत संवाददाता**

कप्तानगंज/कुशीनगर। जनपद में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 06.10.2024 को थाना कप्तानगंज पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-480/2024 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस में वांछित अभियुक्त विनय कुशवाहा पुत्र राजेश कुशवाहा सा0 परशुरामपुर थाना खड्डा जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी की मोटरसाईकिल सं0 P 57 AY 6198 एचएफ डीलक्स व एक अदद मोबाइल फोन रेडमी 9 एन्ड्राइड बरामद किया गया। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष राजकुमार बरवार,उ0नि0 अंकित सिंह,का0 अभिषेक सिंह,का0 सुरेश यादव,का0 शिवप्रसाद कुशवाहा,का0 यशवन्त कुमार थाना कप्तागंज जनपद कुशीनगर शामिल रहे।

# अपहरण समेत दुष्कर्म आदि मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

खबर दृष्टिकोण संवाद

कुशीनगर। जनपद के थाना तुर्कपट्टी की पुलिस ने रविवार को अपहरण समेत दुष्कर्म आदि के मुकदमे में वांछित एक आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी संजय उर्फ भारतेन्दू पुत्र रामग्यास जो कि थाना तुर्कपट्टी क्षेत्रान्तर्गत चन्द्रौटा मसान टोला का निवासी है।



आरोपी के विरुद्ध थाना स्थानीय पर अपहरण, दुष्कर्म, पास्को एक्ट समेत अन्य सुसंगत धाराओं में पंजीकृत मुकदमे के आधार पर आरोपित युवक को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई। आरोपित युवक को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना तुर्कपट्टी से उप निरीक्षक कैलाश यादव समेत सिपाही लक्ष्मण राम प्रजापति व राजेश यादव शामिल रहे।

# कानून व्यवस्था एवं आगामी त्यौहार में शांति व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस बल द्वारा किया गया दंगा/बलवा नियंत्रण का अभ्यास

कम्प्यूटर जगत संवाददाता-



कुशीनगर(अनिल कुमार सिंह)। जनपद में आगामी त्योहारों में शांति व्यवस्था व समाज में सुरक्षित/भय मुक्त वातावरण बनाने के लिये दिनांक 06.10.2024 को पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा के निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी पुलिस लाइन/खड्डा उमेश कुमार भट्ट एवं प्रतिसार निरीक्षक कुशीनगर के नेतृत्व में रिर्जव पुलिस लाइन कुशीनगर मे पुलिस बल के साथ दंगा नियंत्रण का पूर्वाभ्यास किया गया। इस दौरान पुलिस अधि0/कर्म0गण द्वारा विधि विरुद्ध भीड़ को तितर-बितर करने के लिए रबर बुलेट गन, लाठी चार्ज, आंसू गैस के गोले, एंटी राइट गन, टीयर गैस गन, हैंड ग्रेनेड आदि शस्त्रों के सम्बन्ध मे जानकारी साझा करते हुए बलवा ड्रिल का आभ्यास किया गया। साथ ही दंगाइयों/बलवाइयों पर एंटी राइट गन, टीयर गैस गन, हैंड ग्रेनेड, टीयर स्मोक सेल आदि के प्रयोग के समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में अवगत कराया गया।

# महिलाओं बालिकाओं एवं नारी सम्मान हेतु विशेष अभियान चलाकर जागरूक किया गया।

केपीपीएन उमर फारूक

पुलिस अधीक्षक कुशीनगर संतोष कुमार मिश्रा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर रितेश कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति अभियान के फेज–5 के तहत जनपद कुशीनगर में आज दिनांक–06–10–2024 को जनपद के समस्त थानों पर पुलिस की पाठशाला चौपाल लगाकर महिलाओं बालिकाओं / छात्राओं को नारी सुरक्षा,नारी स्वाबलंबन एवं नारी सम्मान की दिशा में जनपद की एन्टीरोमियो टीम द्वारा थाना क्षेत्र के बस अड्डा सार्वजनिक स्थानों प्रमुख चौराहों कस्बों प्रमुख बाजारों मन्दिर शापिंग मॉल चाय स्टाल बीट क्षेत्र ग्राम पंचायत वार्ड मोहल्लों स्कूल कालेज आदि के आस–पास गश्त चेकिंग करते हुए महिलाओं व बालिकाओं को आत्मसुरक्षा के लिये जागरुक कर उनकी सुरक्षा के सम्बंध में वार्ता करना, सार्वजनिक स्थानो पर घूम रहे शोहदो को चेतावनी देना, महिलाओ से संबंधित अपराध व अपराध से संबंधित सजा के बारे में जागरुक करना, सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहो व साइबर क्राइम के विषय में व महिला सुरक्षा संबंधी विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों 1090–वीमेन पॉवर लाइन, 181–महिला हेल्प लाइन, 108–एम्बुलेंस सेवा, 1076दृमुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112–पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098–चाइल्ड लाइन, 102–स्वास्थ्य सेवा आदि के विषय मे पुलिस की पाठशाला चौपाल लगाकर जागरूक किया गया।इसी क्रम में जनपद के विभिन्न थानों की एन्टी रोमियो टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर वर्तमान में बढ़ रहे साइबर फ्रॉड के सम्बन्ध में जागरुक करते हुए बताया गया कि किसी अन्जान व्यक्ति से अपना ओटीपी शेयर न करें। यदि किसी के साथ साइबर फ्रॉड होता है तो वह तत्काल साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर सम्पर्क कर अपनी शिकायत दर्ज कराये।

# थाना प्रभारी ने डीजे संचालकों और स्वर्ण व्यापारियों के साथ की बैठक

**निर्वाण टाइम्स, अहिरौली बाजार/कुशीनगर।** अहिरौली बाजार पुलिस ने रविवार को थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक आहूत की। बैठक में डीजे संचालकों को तेज आवाज में डीजे न बजाने और मानक के अनुसार चार साउंड ही लगाने व अश्लील गानों को न बजाने की अपील की गई। प्रभारी निरीक्षक ने कहा की अगर कोई भी डीजे संचालक अगर शासन के विरुद्ध कार्य करता है तो उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही किया जायेगा।वही स्वर्ण व्यवसाईयों को सीसी टीवी कैमरे लगवाने के निर्देश दिए गए। और कहा गया की कही भी व्यापारीयो को किसी भी प्रकार का कोई समस्या होने पर तत्काल स्थानीय थाने पर सूचना दें।इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार राय, उपनिरीक्षक अजित कुमार,केशव चौहान सहित तमाम  सवर्ण व्यापारी और डीजे संचालक लोग उपस्थित रहे।

# पुलिस बल द्वारा किया गया दंगा बलवा नियंत्रण का अभ्यास

केपीपीएन उमर फारूक



कुशीनगर जनपद में आगामी त्योहारों में शांति व्यवस्था व समाज में सुरक्षितभय मुक्त वातावरण बनाने के लिये आज दिनांक 06.10.2024 को पुलिस अधीक्षक कुशीनगर संतोष कुमार मिश्रा के निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी पुलिस लाइन खड्डा श्री उमेश कुमार भट्ट एवं प्रतिसार निरीक्षक कुशीनगर के नेतृत्व में रिर्जव पुलिस लाइन कुशीनगर मे पुलिस बल के साथ दंगा नियंत्रण का पूर्वाभ्यास किया गया। इस दौरान पुलिस अधि०कर्म०गण द्वारा विधि विरूद्ध भीड़ को तितर–बितर करने के लिए रबर बुलेट गन, लाठी चार्ज, आंसू गैस के गोले, एंटी राइट गन, टीयर गैस गन, हैंड ग्रेनेड आदि शस्त्रों के सम्बन्ध मे जानकारी साझा करते हुए बलवा ड्रिल का आभ्यास किया गया। साथ ही दंगाइयों बलवाइयों पर एंटी राइट गन, टीयर गैस गन, हैंड ग्रेनेड, टीयर स्मोक सेल आदि के प्रयोग के समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में अवगत कराया गया।

# दो वरण्टी अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

कम्प्यूटर जगत संवाददाता



सेवरही/कुशीनगर। जनपद में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 06.10.2024 को थाना सेवरही पुलिस द्वारा मु0न0 3006/11 धारा 332/147 भादवि थाना सेवरही जनपद कुशीनगर से संबंधित वारंटी जगरनाथ पुत्र गया सा0 परसा सिरसिया थाना सेवरही जनपद कुशीनगर तथा मु0न0 4489/21 धारा 323/504/506 भादवि थाना सेवरही जनपद कुशीनगर से संबंधित वारंटी सूरज कुमार यादव पुत्र राधा यादव सा0 मिश्रौली थाना सेवरही जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश राय राय,उ0नि0 आकाश सिंह,हे0का0 रमेश यादव,का0 सुबेदार यादव,का0 अनुज सरोज थाना सेवरही जनपद कुशीनगर शामिल रहे।

# कानून व्यवस्था एवं आगामी त्यौहार में शांति व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस बल द्वारा किया गया दंगा/बलवा नियंत्रण का अभ्यास



**सबसे तेज प्रयागराज**

**कुशीनगर।** जनपद में आगामी त्योहारों में शांति व्यवस्था व समाज में सुरक्षित/भय मुक्त वातावरण बनाने के लिये रविवार को पुलिस अधीक्षक कुशीनगर संतोष कुमार मिश्रा के निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी पुलिस लाइन/खड्डा उमेश कुमार भट्ट एवं प्रतिसार निरीक्षक कुशीनगर के नेतृत्व में रिर्जव पुलिस लाइन कुशीनगर मे पुलिस बल के साथ दंगा नियंत्रण का पूर्वाभ्यास किया गया। इस दौरान पुलिस अधि०/कर्म०गण द्वारा विधि विरूद्ध भीड़ को तितर-बितर करने के लिए रबर बुलेट गन, लाठी चार्ज, आंसू गैस के गोले, एंटी राइट गन, टीयर गैस गन, हैंड ग्रेनेड आदि शस्त्रों के सम्बन्ध मे जानकारी साझा करते हुए बलवा ड्रिल का आभ्यास किया गया। साथ ही दंगाइयों/बलवाइयों पर एंटी राइट गन, टीयर गैस गन, हैंड ग्रेनेड, टीयर स्मोक सेल आदि के प्रयोग के समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में अवगत कराया गया।

# सेवरही पुलिस द्वारा दो वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार



**सबसे तेज प्रयागराज**

**कुशीनगर।** जनपद कुशीनगर में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सेवरही पुलिस द्वारा थाना सेवरही जनपद कुशीनगर से संबंधित वारंटी जगरनाथ पुत्र गया सा0 परसा सिरसिया थाना सेवरही जनपद कुशीनगर तथा सेवरही जनपद कुशीनगर से संबंधित वारंटी सूरज कुमार यादव पुत्र राधा यादव सा0 मिश्रौली थाना सेवरही जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# ठगी करने वाला शातिर अभियुक्त चोरी की मोटरसाइकिल मय फर्जी पुलिस की वर्दी के साथ गिरफ्तार

केपीपीएन उमर फारूक



पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक कुशीनगर द्वारा जनसुनवाई की जा रही थी जिसके दौरान आवेदिका श्रीमती जरीना खातून पत्नी रुस्तम अली निवासिनी ग्राम मधुरिया थाना तुर्कपट्टी जनपद कुशीनगर द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया कि एक व्यक्ति जमील अहमद पुत्र मोफिल निवासी ग्राम भटनी हरैया थाना महुआ डीह जनपद देवरिया द्वारा अपने को सरकारी योजना का अधिकारी बताकर महिलाओ को सिलाई सेंटर का शिक्षक बनाने व अन्य प्रलोभन देकर हमारे साथ 50 हजार रुपये की ठगी की गयी है। इस सूचना पर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर द्वारा त्वरित कार्यवाही कराते हुए थाना तुर्कपट्टी पर मु0अ0सं0बी0एन0एस0 में अभियोग पंजीकृत कराया गया तथा अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर के नेतृत्व में अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमें लगायी गयी थी, जिसके क्रम में आज दिनांक 06.10.2024 को थाना तुर्कपट्टी पुलिस टीम द्वारा इण्डियन पेट्रोल पम्प से करीब 200 मीटर आगे (कसया से फाजिलनगर जाने वाले हाईवे पर) चौहान पट्टी मधुरिया कट के पास से उपरोक्त प्रकरण से सम्बन्धित वान्टेट अभियुक्त जमील अहमद पुत्र मोफिल निवासी ग्राम भटनी हरैया थाना महुआ डीह जनपद देवरिया को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक अदद चोरी की मोटरसाइकिल, फर्जी पुलिस की वर्दी जिसमें एक वर्दी सेट इन्सपेक्टर रैंक के अधिकारी तथा दूसरा वर्दी सेट पुलिस उपाधीक्षक रैंक के अधिकारी की है बरामद किया गया है। गिरफ्तरी व बरामदगी के आधार पर मुकदमा अपराध करने का विवरणअभियुक्त द्वारा पूछताछ के दौरान बताया गया है कि वह खुद को सरकारी विश्वकर्मा योजना का अधिकारी बताकर महिलाओ को सिलाई सेंटर का शिक्षक बनाने , सिलाई मशीन, सैलरी व अन्य समान अन्य प्रलोभन देकर थाना क्षेत्र तुर्कपट्टी की महिलाओ से डेढ़ लाख रुपये की ठगी किया है। अभियुक्त द्वारा कभी वर्दी पहनकर तो कभी सादे वस्त्रो में खुद को अधिकारी बताकर नौकरी एवं सामान दिलाने के नाम पर पैसा ले लेता है । इनका एक संगठित गैग है तथा इसने बताया कि मै कुछ दिन पुर्व थाना नाका हिण्डोला जनपद लखनऊ में रानी गैंग सदस्य के साथ पकड़ा गया था। जेल से छुटने के बाद यह अपने अपराध करने के तरीके को बदलकर भोली– भाली महिलाओ को अपने रुतबे का झांसा दिखाकर प्रलोभन देकर पैसे ऐठने का काम करता है। गिरफ्तार करने वाली टीमथानाध्यक्ष संजय कुमार व0उ0नि0सर्वेश कुमार राय उ0नि0आलोक यादव उ0नि0शरद भारती उ0नि0जितेन्द्र कुमार उ0नि0कैलाश यादव राहुल प्रसाद राजेश गुप्ता रामजी मौजूद रहे

# शादी में व्यवधान डालने पर तीन के विरुद्ध मुकदमा

**जासं, पटहेरवा** : क्षेत्र के एक गांव में एक व्यक्ति ने पुलिस को दिए तहरीर में आरोप लगाया है कि गांव का ही एक युवक उसकी बहन से बातचीत करता और रिकार्ड करता था। अब जहां वह बहन की शादी तय कर रहा है, वहां जाकर वह आडियो आदि सुना व वीडियो दिखा कर शादी में व्यवधान उत्पन्न कर रहा है। धमकी दे रहा है कि न तो तुम्हारे बहन से शादी करूंगा और न कही करने दूंगा। तहरीर में नामजद तीन व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। पीड़ित ने पुलिस को दिए तहरीर में लिखा है कि गांव का विशाल गौड़ मेरी बहन का मोबाइल नंबर कहीं से लेकर उससे बातचीत करता था। जानकारी होने पर शादी तय कर दिया गया, लेकिन वह जाकर काट दिया।


फाजिलनगर में फोरलेन पर लगा जाम• जागरण


फाजिलनगर के बाईपास चौराहे स्थित फोरलेन पर खड़े वाहन• जागरण


फाजिलनगर स्थित फोरलेन के दक्षिणी पटरी के किनारे जाम पड़ी नाली• जागरण

# फाजिलनगर में समस्याओं की भरमार, व्यवस्था भी लाचार

## फुटपाथ पर ठेला व खोमचे से लगता है जाम, जल निकासी का इंतजाम नहीं तो दगा दे रही बिजली, परेशान होते हैं नागरिक

**सुंदर स्वच्छ बाजार**
जागरण अभियान

**जागरण संवाददाता, फाजिलनगर** : चार वर्ष पूर्व नगर पंचायत बने फाजिलनगर बुनियादी सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। इसकी वजह से नगर में समस्याओं की भरमार है तो जल निकासी, जाम व बिजली कटौती से निजात मिलने के आसार नजर नहीं आ रहे हैं। 15 वार्डों की लगभग 20 हजार से अधिक की आबादी जाम की समस्या से आए दिन परेशान होती है, लेकिन जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं।

सार्वजनिक स्थानों पर बने प्रसाधन केंद्र पर साफ-सफाई का बुरा हाल है। गंदगी के चलते लोगों को इधर-उधर भटकना पड़ता है। सात स्थानों पर वाटर एटीएम लगे हैं लेकिन तीन खराब हैं। जिसके कारण पेयजल को महंगी दाम पर खरीदकर पीते हैं। नगर का मुख्य मार्ग बाबू बाजार व कालेज रोड है। बाबू बाजार में सब्जी व फल मंडी, शहीद स्मारक, बैंक व कई एटीएम हैं। यह फाजिलनगर का सबसे अधिक भीड़भाड़ वाला क्षेत्र है, जो जाम से सबसे ज्यादा प्रभावित होता है। ओवरब्रिज की उत्तरी पटरी के फुटपाथ पर लगने वाले ठेले व खोमचे जाम का कारण बनते हैं, यहां पर प्रतिदिन लोगों को जाम की समस्या से जूझना पड़ता है। इसको लेकर पुलिस कार्रवाई करती है तो राजनीति की वजह बैकफुट पर पीछे हटना पड़ता है।

बस अड्डे का अभाव, टैक्सी स्टैंड के लिए नियत स्थान की कमी से फोरलेन के बाईपास चौराहे पर सवारी बैठाने के लिए वाहन कहीं भी खड़े नजर आते हैं।

इससे यह स्थान दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र बन गया है। यहां पर बेतरतीब खड़े वाहन दुर्घटना का कारण बनते हैं। जल निकासी यहां की प्रमुख समस्या है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) व कालेज रोड का विद्युत उपकेंद्र जलभराव का शिकार हो जाता है। जिसे निकालने के लिए पंपिंग सेट का सहारा लेना पड़ता है। कुछ दिन पहले जलभराव से 50 घंटे नगर की बिजली आपूर्ति बाधित हुई थी। सीएचसी की खराब हालत को देखने के लिए सीएमओ डा. सुरेश पटारिया को अस्पताल आना पड़ा था। नगर पंचायत बनने के बाद बाजार की सड़क की दशा कोई खास सुधार नहीं हुआ है।

फल मंडी होने के बाद भी फुटपाथ पर ठेला व खोमचा लगने से नगर में जाम की समस्या पैदा होती है। जैन धर्म के अनुयायियों की आवाजाही बढ़ने के उद्देश्य से शासन ने पर्यटक आवास गृह बनवाने के लिए 2.67 करोड़ रुपये जारी किए हैं। उप्र प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) कार्यदायी संस्था है। निर्माण कार्य काफी धीमा चल रहा है, जिसको लेकर निवासियों में नाराजगी है।


फोरलेन के सर्विस रोड के फुटपाथ पर लगायी गयी फल की दुकानें• जागरण


फाजिलनगर स्थित नौका विहार में खराब पड़ा वाटर एटीएम• जागरण

उप्र उद्योग व्यापार मंडल व्यापारियों की समस्या के प्रति जागरूक रहता है। छोटी ओवरब्रिज के पास जाम की समस्या से निजात के समाधान की पहल होनी चाहिए। सभी लोगों से फुटपाथ को खाली कराया जाए।


-सौनू जायसवाल, व्यापारी नेता

नप ने फल मंडी बनवाई, लेकिन वहां दुकानें नहीं लगती हैं। इससे व्यवसाय प्रभावित होता है। सभी फल व्यवसाई दुकान वहां लगाए तो किसी का भी व्यवसाय प्रभावित नहीं होगा।


-संदीप मद्धेशिया, फल दुकानदार

छोटी ओवरब्रिज के उत्तर व दक्षिण तरफ सर्विस रोड के फुटपाथ लगने वाले ठेले, खोमचे जाम का कारण हैं। व्यापार मंडल को इस पर ध्यान देना चाहिए। कई बार शिकायत दर्ज कराई गई पर अब तक ध्यान नहीं दिया गया।


-अनिल पासवान

मंदिर के सुंदरीकरण व पर्यटक आवास गृह बन जाने से पर्यटकों की आवक बढ़ेगी। सभी ने शासन के इस कदम को सराहा है। निर्माण में देरी कार्यदायी संस्था का विषय है। उम्मीद है कि जल्द पूरा होगा।


-अजय कुमार जैन, पुजारी, जैन मंदिर

दो साल पहले तक नौका विहार व बुद्ध मंदिर के पास कारोबार करने वाले रोजाना तीन से चार हजार की बिक्री कर लेते थे, लेकिन अब दो सौ भी होना बड़ी बात है। प्रशासन की लापरवाही बड़ा कारण है।


-राजकुमार, नौका विहार व्यवसायी

नौका विहार व बुद्ध मंदिर क्षेत्र में शाम होते ही अंधेरा छा जाता है। जिससे बाहरी लोग आने से घबराते हैं। पहले बिजली कटते ही जनरेटर से पूरा क्षेत्र जगमग रहता था।


-जितेंद्र पांडेय, सदस्य

# MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-07-10-2024

# घायल बुजुर्ग की मौत, पुलिस ने दर्ज किया केस

**पनियरा।** पनियरा के दुर्गा मंदिर चौराहे पर शनिवार की शाम एक अनियंत्रित कार चालक ने ग्राम पंचायत बैजूडेहरा निवासी 60 वर्षीय वृद्ध देवनारायण को बुरी तरह से टक्कर मार दी। इलाज के दौरान मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में बुजुर्ग की मौत हो गई। मामले मृतक के पुत्र संतोष कन्नौजिया की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक निर्भय कुमार सिंह ने बताया गाड़ी को पुलिस ने कब्जे में लिया है, जबकि चालक फरार हो गया।

# मकान में नकब काटकर चोरी, पुलिस से शिकायत

**भिटौली।** भिटौली क्षेत्र के कोदइला निवासिनी रामवती के घर शनिवार की रात चोरों ने पीछे के दीवाल में नकब काटकर गहने और कपड़ों की चोरी कर ली। पीड़िता ने अपनी तहरीर में लिखा है कि जब वह परिवार के अन्य सदस्यों के साथ रात में सो रही थी तो कुछ अज्ञात चोरों ने पीछे के दीवाल में नकब काटकर घर में रखें कुछ गहने एवं कपड़ों की चोरी कर ली। चौकी प्रभारी शिकारपुर अवधेश सिंह ने बताया कि मामला जानकारी में है। जांच होगी।

# 360 शीशी नेपाली शराब के साथ एक गिरफ्तार

**निचलौल।** एसएसबी और बहुआर पुलिस चौकी की टीम ने बार्डर पर बहुआर पुल के पास एक शख्स को 360 शीशी नेपाली शराब के साथ पकड़ा है। बहुआर चौकी इंचार्ज अरूण कुमार सिंह ने बताया कि पकड़ा गया व्यक्ति आदित्य यादव उर्फ राजन नेपाल की तरफ से शराब लेकर आ रहा था।

# महिला को पीटने के मामले में केस दर्ज

**पनियरा।** पनियरा क्षेत्र के ग्राम पंचायत रजौड़ा पंजुम निवासिनी एक महिला, उसकी बहू व बेटी की कुछ लोगों द्वारा पिटाई करने के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है। पीडिता सुदामी देवी की तहरीर के अनुसार गांव का एक व्यक्ति शराब पीकर उसे गाली दे रहा था। उसने विरोध किया तो वह मारने-पीटने लगा। घटना देख कर उसकी बहू व बेटी बचाने के लिए आई तो उन्हें भी बुरी तरह से मारा पीटा गया। प्रभारी निरीक्षक निर्भय कुमार सिंह ने बताया कि मामले में केस दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

# बाइक की ठोकर लग जाने से युवक घायल

**पनियरा।** पनियरा क्षेत्र के ग्राम पंचायत मौलागंज निवासी राजू चौरसिया को एक अनियंत्रित बाइक सवार ने टक्कर मार दी। इससे वह बुरी तरह से घायल हो गया। मामले में पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। राजू की तहरीर के अनुसार घटना बीते चार सितंबर की है। प्रभारी निरीक्षक निर्भय कुमार सिंह ने बताया कि मामले केस दर्ज किया गया है।

# जिला पंचायत प्रकरण में चौथे आरोपित की हुई गिरफ्तारी

**फॉलोअप**

**महराजगंज, निज संवाददाता।** जिला पंचायत बोर्ड की बैठक के दौरान हंगामा के मामले में एक और गिरफ्तारी हुई है। कोतवाली पुलिस ने चौथे आरोपित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस केस में चार आरोपित नामजद हैं। अभी उनकी गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। वह फरार चल रहे हैं। बताया जा रहा है कि नेपाल में जाकर शरण लिए हुए हैं।

जिला पंचायत में बीते 28 सितंबर को बोर्ड की बैठक में अनाधिकृत लोगों के बैठने को लेकर दो विधायकों में कहासुनी हो गई थी। समझाने के बाद मामला शांत हुआ था। कहासुनी का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था। इसे सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपने सोशल मीडिया एक्स के हैंडल से ट्वीट करते हुए लिखा था कि यह भाजपाइयों की बीते चुनाव में हार की हताशा और आने वाले चुनाव में पराजय की निराशा है, जो अब झगड़ों-झड़पों के रूप में सरेआम सामने आ रही है।

## महिला को पीटा, केस दर्ज

महराजगंज। पनियरा क्षेत्र के ग्राम पंचायत रजौड़ा पंजुम निवासी सुदामी देवी उसकी बहू और बेटी की कुछ लोगों ने पिटाई कर दी। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है। सुदामी देवी की तहरीर के अनुसार गांव का एक व्यक्ति शराब पीकर उसे गाली दे रहा था। उसने विरोध किया तो वह मारने पिटने लगा। उसकी बहू और बेटी बचाने के लिए आई तो उन्हें भी मारपीट कर घायल कर दिया। थानाध्यक्ष पनियरा निर्भय कुमार सिंह ने केस दर्ज करने की पुष्टि की। संवाद

## कार की टक्कर से बुजुर्ग की मौत, केस दर्ज

महराजगंज। पनियरा क्षेत्र के नगर पंचायत पनियरा के दुर्गा मंदिर चौराहे पर शनिवार की शाम एक अनियंत्रित कार की चपेट में आने से ग्राम पंचायत बैजूडेहरा निवासी 60 वर्षीय वृद्ध देवनारायण घायल हो गए थे। मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। रविवार को इस प्रकरण में अज्ञात पर केस दर्ज हुआ है। थानाध्यक्ष पनियरा निर्भय कुमार सिंह के अनुसार, गाड़ी को कब्जे में लिया गया। चालक फरार हो गया है। केस दर्ज कर जांच की जा रही है। संवाद

## दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

परतावल। श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के एक गांव की पीड़िता के पिता ने बताया कि गांव में उसका दो जगह मकान है। दोनों घरों पर आना-जाना लगा रहता है। 27 सितंबर को मेरी बेटी दूसरे वाले घर जा रही थी कि इसी बीच गांव का ही एक युवक उसे रास्ते में रोक लिया और छेड़छाड़ करने लगा। पुलिस ने केस दर्ज कर युवती का मेडिकल परीक्षण कराया। युवती के न्यायालय में दिए गए बयान के आधार पर दुष्कर्म की धारा बढ़ाते हुए पुलिस ने आरोपी युवक को कतरारी चौराहे से गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष अभिषेक सिंह ने बताया कि मामले में आरोपी अमन विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# 15 गत्ता पटाखा संग एक को पुलिस ने पकड़ा

**निचलौल**। निचलौल पुलिस ने शनिवार की देर रात में बरोहिया चौराहे पर एक व्यक्ति की दुकान पर 15 गत्ता अवैध पटाखा पकड़ा है। पटाखा को वह दीपावली और छठ त्योहार के लिए स्टोर करने के लिए कहीं से मंगाया था। पुलिस ने पकड़े गए पटाखा और फुलझड़ी को सील कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। एसओ गौरव राव कन्नौजिया ने बताया कि बरोहिया चौराहे पर 15 गत्ता में विभिन्न प्रकार का पटाखा और फुलझड़ी पकड़ा गया है।

# घुघली क्षेत्र से गायब किशोरी का शव मौन नाले से बरामद

**घुघली, हिन्दुस्तान संवाद**। घुघली क्षेत्र के एक गांव से बीते चार अक्तूबर को लापता 16 वर्षीय किशोरी का शव कप्तानगंज थाना क्षेत्र में खपरधिक्का टोले के सामने मौन नाला में उतराता मिला। कप्तानगंज पुलिस शव ने को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

परिजनों के मुताबिक किशोरी चार अक्तूबर को गायब हुई थी। काफी तलाश के बाद उसका पता नहीं चला। रविवार को कुशीनगर जनपद के इंदरपुर मौन नाले में खपरधिक्का टोले के के पास एक शव पानी मे उतराता दिखा।

ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव मिलने की जानकारी गांव तक आ पहुंची। घुघली थाना के पुलिस चौकी जखीरा के पुलिस कर्मी, लेखपाल, ग्राम प्रधान सहित किशोरी के परिजन मौके पर पहुंचे। शव की पहचान की। शव को मौन नाले से शव को निकाल कर कप्तानगंज पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

महराजगंज। श्यामदेउरवां क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती के साथ दुष्कर्म करने व जानमाल की धमकी देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

पीड़िता के पिता ने बताया कि 27 सितंबर को बेटी दूसरे वाले घर जा रही थी। गांव के अमन विश्वकर्मा ने उसे रोक लिया और छेड़छाड़ किया। विरोध करने पर गाली गलौज देते हुए धमकी देने लगा। पुलिस ने केस दर्ज कर युवती का मेडिकल परीक्षण कराया। युवती के न्यायालय में दिए गए बयान के आधार पर दुष्कर्म की धारा बढ़ाते हुए पुलिस ने युवक को कतरारी चौराहे से गिरफ्तार कर लिया। संवाद

# चाचा-भतीजे को पीटने वालों पर केस

**निचलौल।** क्षेत्र अंतर्गत मुसहर बस्ती गेड़हवा में मामूली बात को लेकर कुछ मनबढ़ एक युवक की पिटाई कर रहे थे। युवक को बचाने पहुंचे चाचा की भी पिटाई कर दी, जिससे वह घायल हो गए। न्यायालय के आदेश पर रविवार को पुलिस ने चार आरोपियों पर केस दर्ज कर लिया।

क्षेत्र के गेड़हवा निवासी व्यास चौहान ने अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय में दाखिल वाद में बताया है कि 15 जून 2024 शाम करीब सात बजे कुछ मनबढ़ लाठी-डंडे के साथ गोलबंद होकर मामूली बात पर उनके भतीजे दिलीप को पीट रहे थे। सूचना मिलने के बाद वह मौके पर पहुंचे तो आरोपियों ने उनकी भी पिटाई कर दी, जिससे दोनों घायल हो गए। चीख पुकार सुनकर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुटने लगी तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले।

ग्रामीणों की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निचलौल में भर्ती कराया गया। पुलिस से शिकायत के बाद आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद पीड़ित ने न्यायालय में वाद दाखिल किया। थाना प्रभारी गौरव कन्नौजिया के अनुसार, मामले में न्यायालय में दाखिल वाद के आधार पर आरोपी उतीम, उमेश, हदेश और सुशीला निवासी गेड़हवा के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज हुआ है। संवाद

# छह लोगों को एक दिन की न्यायिक अभिरक्षा की सजा

**महराजगंज।** न्यायिक मजिस्ट्रेट फरेंदा ने वन रक्षक पर हमला के मामले की सुनवाई की। आरोप सिद्ध होने पर अभियुक्त बालकिशुन, बहादुर, जितनी, कोमल, शंकर और गोरख निवासी तिकोनिया थाना पुरंदरपुर जनपद महराजगंज को एक-एक दिन की न्यायिक अभिरक्षा की सजा सुनाई है।

4500-4500 रुपये का जुर्माना लगाया है। इसी तरह न्यायिक मजिस्ट्रेट फरेंदा ने बिना एनओसी के वृक्ष काटने के मामले की सुनवाई की। आरोप सिद्ध होने पर महेंद्र निवासी करमहा खास थाना बृजमनगंज जनपद महराजगंज को एक दिन की न्यायिक अभिरक्षा की सजा सुनाई है। साथ ही 2000 रुपये का जुर्माना लगाया है।

अदालत से

वहीं न्यायिक मजिस्ट्रेट फरेंदा ने चोरी से जंगल की लकड़ी काटने के मामले की सुनवाई की। आरोप सिद्ध होने पर सहाबुद्दीन, अनवर, हैदर, हदीश और माधव निवासी मदरहा कटकही थाना पुरंदरपुर जनपद महराजगंज प्रत्येक को एक-एक दिन की न्यायिक अभिरक्षा की सजा सुनाई है। साथ ही 5000-5000 रुपये का जुर्माना लगाया है। संवाद

# विजय दशमी पर सख्ती, सीमा पर ड्रोन से हो रही निगरानी

## संवेदनशील क्षेत्रों में पिकेट से पेट्रोलिंग व पैदल मार्च की व्यवस्था प्रभावी

संवाद न्यूज एजेंसी

महराजगंज। दशहरा पर्व को देखते हुए सीमावर्ती इलाकों में निगरानी तेज कर दी गई है। संवेदनशील क्षेत्रों में ड्रोन से नजर रखी जा रही है। संयुक्त गश्त भी की जा रही है। वहीं एलआईयू को भी सक्रिय कर दिया गया है।

जिलाधिकारी अनुनय झा ने बयान जारी कर बताया कि जनपद में 1261 स्थानों पर दुर्गा पंडाल बनाए गए हैं। महिला सुरक्षा और निर्बाध विद्युत आपूर्ति पर विशेष फोकस है। व्यवस्था के लिए सभी एसडीएम, अधिशासी अधिकारियों व थानाध्यक्षों को निर्देश दिए गए हैं। महिला सुरक्षा के लिए सभी को जिम्मेदारी का एहसास हो इसके लिए अन्य विभागों से भी वार्ता कर जरूरी निर्देश दिए जाएंगे।

सीमावर्ती नेपाल से सटे गांव में गश्त की जा रही है। सीमा पर संवेदनशील इलाकों में पेट्रोलिंग, सीसीटीवी व ड्रोन कैमरों से निगरानी के निर्देश जारी किए गए हैं। सरहद के 84 किमी नेपाल सीमा से सटे संवेदनशील गांव में पुलिस और एसएसबी के जवानों ने संयुक्त रूप से सोनौली बॉर्डर सहित सीमावर्ती गांव में नाकेबंदी करते हुए भारत-नेपाल आने जाने वालों की गहन जांच कर रही है।



सोनौली बॉर्डर पर गश्त करती पुलिस। स्रोत-पुलिस विभाग

पुलिस व एसएसबी संयुक्त रूप से जांच करने के साथ ही पेट्रोलिंग भी कर रही है। भारत-नेपाल के सोनौली और ठूठीबारी सीमा पर एजेंसियां कड़ी निगरानी कर रही है।

पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने बताया कि सभी थानाध्यक्षों को निर्देश दिए जा चुके हैं कि ड्यूटी चार्ट बनाकर जवानों को ड्यूटी पर लगाया जाए। संवेदनशील क्षेत्रों में पिकेट से पेट्रोलिंग व पैदल मार्च की व्यवस्था प्रभावी है। सभी थानों को पीस कमेटी की बैठक संपन्न कराने के लिए भी कहा गया है।

नेपाल सीमा से सटे क्षेत्रों में सुरक्षा के दृष्टिकोण से ड्रोन कैमरे से निगरानी होगी व पुलिस, एसएसबी की संयुक्त गश्त की जाएगी। एलआईयू को निर्देश है कि संवेदनशील मामलों की त्वरित जानकारी दें। मिशन शक्ति के तहत सादे ड्रेस में भी पुलिस की तैनाती रहेगी।

# 350 शीशी नेपाली शराब के साथ एक गिरफ्तार

जासं, झुलनीपुर: पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम ने बहुआर कला पुल के पास 360 शीशी नेपाली शराब के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित मोटरसाइकिल से 12 पेटी शराब नेपाल से लेकर आ रहा था। भारतीय सीमा में प्रवेश करते समय सुरक्षा एजेंसियों ने उसे धर दबोचा । जबकि उसका साथी टीम को देखते ही नेपाल सीमा में भाग गया। बरामद 12 पेटी में 360 शीशी नेपाली शराब पाई गई। गिरफ्तार आदित्य यादव उर्फ राजा झुलनीपुर थाना निचलौल का निवासी है। बरामदगी के आधार पर थाना में आरोपित के विरुद्ध आबकारी अधिनियम में मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

# बीच बचाव करने गए व्यक्ति को पीटा

**निचलौल।** निचलौल थाना क्षेत्र के ग्राम गेड़हवा ने बीते 15 जून को मारपीट के दौरान बीचबचाव करने गए शख्स को उसके पट्टीदारों ने पिटाई कर दी थी। इस मामले में कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने एक महिला समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित व्यास चौहान द्वारा कोर्ट में दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया गया कि उसके भतीजे को उसके पट्टीदार किसी बात को लेकर मारपीट रहे थे। इस पर वह बीचबचाव करते हुए मारपीट से मना कर रहा था, यह बात उसके पट्टीदारों को नागवार लगी और उसे गाली देते हुए पट्टीदारों ने लाठी डंडा से मारना पीटना शुरू कर दिया।



नेपाली शराब की खेप के साथ गिरफ्तार आरोपी। स्रोत-एसएसबी

# नेपाली शराब के साथ एक गिरफ्तार

निचलौल। बॉर्डर से सटे बहुआर कला पुल के पास शनिवार को आधी रात में पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम ने 12 पेटी नेपाली शराब के साथ बाइक सवार युवक को गिरफ्तार कर लिया।

थाना प्रभारी गौरव कन्नौजिया के अनुसार, पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली की एक युवक बाइक से नेपाल से नेपाली शराब की खेप लेकर भारत आ रहा है। उसके बाद चौकी इंचार्ज ने एसएसबी टीम को सूचना देते हुए टीम के साथ बहुआर कला पुल पर मुख्य मार्ग पर पहुंच गए। संदिग्ध युवक बाइक पर बोरी में सामान लेकर आता दिखाई दिया। टीम ने रोककर जांच की तो बाइक पर लदी बोरी से 12 पेटी में कुल 360 बोतल शराब बरामद हुई। टीम ने मौके से बाइक सवार युवक को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम आदित्य यादव निवासी झुलनीपुर बताया। संवाद

# दुकान के सामने रखा अवैध पटाखा बरामद



बरोहिया में बरामद अवैध पटाखा। स्रोत-पुलिस

संवाद न्यूज एजेंसी

निचलौल। क्षेत्र के बरोहिया में एक दुकान के सामने से अवैध पटाखे की खेप पुलिस ने शनिवार रात में मुखबिर की सूचना पर बरामद कर लिया। साथ ही एक आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में केस भी दर्ज किया है।

थाना प्रभारी गौरव कन्नौजिया के अनुसार, उपनिरीक्षक जयप्रकाश सिंह को मुखबिर से सूचना मिली की बरोहिया बाजार में एक शख्स अपनी दुकान के सामने बड़े पैमाने पर अवैध पटाखे की खेप रखा है। अवैध पटाखा की खेप को सुनसान होने पर किसी दुकान या फिर घर में ले जाकर छिपाने वाले हैं।

उसके बाद पुलिस बरोहिया बाजार पहुंच गई। जहां पर पुलिस ने चिह्नित दुकान पर पहुंच तलाशी ली तो दुकान के सामने गत्ते में छिपाकर रखी गई अवैध पटाखे की खेप बरामद हुई।

टीम की जांच में पता चला की उक्त अवैध पटाखे की खेप दुकानदार राजकुमार जायसवाल निवासी बरोहिया का ही है। इसे वह दीपावली और छठ पर्व पर बिक्री करने के लिए मंगाया है। बरामद 15 गत्ता में फुलझड़ी से लेकर तेज आवाज वाले पटाखे शामिल हैं। मामले में गिरफ्तार आरोपी राजकुमार जायसवाल के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# अवैध पटाखे के साथ एक गिरफ्तार

जासं निचलौल: थाना क्षेत्र के बरोहिया ढाला में पुलिस ने अवैध पटाखा बेच रहे एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। शनिवार की शाम प्रशिक्षु उपनिरीक्षक जयप्रकाश सिंह गश्त पर थे। तभी सूचना मिली कि बरोहिया में एक की दुकान पर पटाखा बेचा जा रहा है। पुलिस टीम ने राजकुमार जायसवाल के मकान से बिक्री को रखे गए 15 गत्ता फुलझड़ी व पटाखा बरामद करने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी गौरव राय कन्नौजिया ने बताया कि विस्फोटक अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई की जा रही है।

# हत्या में कुशीनगर के दो लोगों को आजीवन कारावास की सजा

## नौतनवा में जून 2014 में हुई थी हत्या, मृतक भी कुशीनगर का रहने वाला था

अदालत से

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** न्यायालय विशेष सत्र न्यायाधीश अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम महराजगंज संजय मिश्र ने हत्या के दो दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 45,000-45,000 रुपये का जुर्माना लगाया है। दोनों कुशीनगर के रहने वाले हैं।

अभियोजन के अनुसार, तुर्कहा, थाना खड्डा, जिला कुशीनगर निवासी शारदा प्रसाद के गांव से 8 जून 2014 को जसवंत की बरात महराजगंज जिले के निचलौल थाने के ग्राम खम्हौरा (डोला बजरिया) में आई थी। शारदा प्रसाद के अनुसार, बरात में मेरा 25 साल का बेटा मंटू भारती भी शामिल था। रात करीब 8 बजे द्वार पूजा के बाद आंधी-बारिश से बराती तितर-बितर हो गए थे। काफी रात होने के बाद मंटू वापस नहीं आया तो उसकी तलाश की गई, लेकिन वह नहीं मिला।



मंटू। फाइल फोटो

11 जून 2014 को निचलौल थाने पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। गांव में घूम कर बेटे की तलाश कर रहा था। तभी किसी ने बताया कि भट्ठे के पास सड़न जैसी बदबू आ रही है। मेरा बेटा नीरज पहुंचा तो देखा तो वहां मंटू का शव पड़ा था।

पुरानी रंजिश में सरफराज और शमशाद ने मेरे बेटे मंटू की हत्या करके उसका शव गन्ने के खेत में छिपा दिया था। बरात में दोनों आरोपी भी आए थे। बेटे की हत्या के मामले में दोनों आरोपियों के विरुद्ध 12 जून को निचलौल में केस दर्ज कराया था।



मंटू के माता-पिता व भाई-बहन। संवाद

### फांसी की सजा मिलती तो दिल को मिलती तसल्ली

**खड्डा।** चार वर्ष पहले हुई तुर्कहा की मंटू भारती 22 की हत्या मामले में महराजगंज कोर्ट ने दोनों हत्यारों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मृतक की मां व बहन तथा भाई ने फैसले पर संतोष जताया, साथ ही कहा कि असली खुशी तब मिलती जब फांसी की सजा होती तुर्कहा गांव के यशवंत भारती की बरात 8 जून 2021 को महराजगंज जनपद के थाना निचलौल के ग्राम खम्हौरा के टोला बंजरिया गई थी। बरात में रिश्ते में चाचा तुर्कहा निवासी मंटू भारती पुत्र शारदा भी गए थे। द्वारपूजा के बाद मंटू लापता हो गया था। चार दिन बाद मंटू का शव गन्ने के खेत से बरामद हुआ था। चाकू मारकर उसकी हत्या की गई थी। पुलिस ने मुकदमा दर्जकर विवेचना शुरू की तो हत्या में तुर्कहा गांव निवासी सरफराज व खड्डा कस्बा निवासी शमशाद का नाम सामने आया।पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया था। पूछताछ में दोनों ने बताया था कि शमशाद के भाई की मौत हुई थी। शक था कि उसकी हत्या में मंटू का हाथ था। इसी के प्रतिशोध में ईंट भट्ठे के पास झांसा देकर ले गए और चाकू मारकर हत्या कर दी थी। संवाद

### आरोपियों ने सूनी कर दी थी कोख...

खड्डा प्राइवेट स्कूल में चार वर्ष पहले तक शिक्षक रहे शारदा प्रसाद अत्यंत निर्धनता में जीवन यापन कर रहे हैं। बेटे की मौत के बाद टूट चुके पिता ने बताया कि सजा सुनकर संतोष जरूर है, लेकिन फांसी होती तो अच्छा होता। मां रम्भावती की आंखों में आंसू बह रहे थे। वह बताती हैं कि बेटा के मौत के बाद पूरी दुनिया उजड़ गई। बेटा बरात में शामिल होने गया था, लेकिन हत्यारों ने मेरी कोख सूनी कर दी। फांसी पर झूलते देखती तो कलेजे को ठंडक मिलती। बहन आंचल भाई को यादकर रोने लगी। उसने बताया कि भाई की हत्या करने वालों को सजा हुई है। इससे कुछ संतोष जरूर मिला है। असली खुशी तब होती जब दोनों को फांसी होती। छोटा भाई सिंटू बताता है कि भैया को मारने वाले को सजा मिलना ठीक है, परंतु फांसी की सजा मिलनी चाहिए थी। संवाद

# सुरक्षा की अहम कड़ी हैं चौकीदार : थानाध्यक्ष

भिटौली : रविवार को थानाध्यक्ष भिटौली दुर्गेश कुमार वैश्य ने चौकीदारों और व्यापारियों संग अलग अलग बैठक कर दिशा निर्देश दिया। थानाध्यक्ष ने कहा कि कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने में चौकीदार ही अहम कड़ी है। गांव में हर आने-जाने वालों पर पैनी नजर रखकर अराजकता फैलाने वालों की जानकारी समय से मिलने पर बड़ी से बड़ी घटना को भी टाला जा सकता है। क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग की बात कहीं चौकीदारों से गांव में आने-जाने वालों पर पैनी नजर रखने के साथ-साथ अराजकता फैलाने वालों की जानकारी समय पर देने की बात कही।दुर्गा पूजा में पंडालों पर उपस्थित रहे। इसके अलावा थानाध्यक्ष ने व्यापारियों संग बैठक कर उनके सुरक्षा के बारें में अवगत कराया कि आप सीसीटीवी लगवाए। उमेश जायसवाल, देवव्रत प्रजापति, जितेंद्र जायसवाल, चंद्रभान, संतोष अग्रहरि, पंकज, सुशील,प्रदीप मौजूद रहे।(जासं)

# पुलिस ने दिलाया सुरक्षा का भरोसा

झुलनीपुर : थाना क्षेत्र के बहुआर पुलिस चौकी प्रभारी ने देर रात पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। बहुआर बाजार के दुकानदारों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। आने-जाने वाले लोगों व वाहनों को बारीकी से जांच की। चौकी प्रभारी अरुण कुमार सिंह तथा शीतलापुर चौकी प्रभारी ओमप्रकाश गुप्ता ने पुलिस जवानों के साथ बहुआर कला लाइन टोला से लेकर बहुआर बाजार तेरह चार पुल तक पैदल गश्त किया। (जासं)

# दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

जासं, हरपुर तिवारी: श्यामदेउरवा पुलिस ने दुष्कर्म करने व विरोध करने पर गाली देते हुए मारने-पीटने व जान से मारने की धमकी देने के संबंध में अमन विश्वकर्मा निवासी ऊटी खास के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया था। रविवार को आरोपित को थाना क्षेत्र के कतरारी से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

# थानेदार ने बैठक कर पुलिस कर्मियों को सहेजा

जासं, नौतनवा : नवरात्र, दशहरा एवं प्रतिमाओं के विसर्जन यात्रा को देखते हुए रविवार को प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार सिंह ने पुलिसकर्मियों के साथ बैठक की। उन्होंने पुलिस कर्मियों को क्षेत्र में सक्रिय रहकर गतिविधियों पर पैनी नजर बनाए रखने के साथ ही दुर्गा पूजा और विसर्जन को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के निर्देश दिए। प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि क्षेत्र में सभी दुर्गा पंडालों एवं बाजारों का भ्रमण करते रहें। दर्शन एवं अन्य कार्यों से आने वाले श्रद्धालुओं व राहगीरों को किसी तरह की परेशानी न हो, इसका ख्याल रखें। कहीं से भी कोई अप्रिय स्थिति प्रतीत हो तो तत्काल सूचना दें, ताकि समय रहते उसे रोका जा सके। अतिरिक्त निरीक्षक अजय कुमार सिंह, चौकी प्रभारी राजकुमार सिंह, उपनिरीक्षक संजय कुमार, चंदन खरवार, जगदंबा प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-07-10-2024

# मोबाईल टावर की बैटरी चोरी,मुकदमा

**बभनान (एसएनबी)।** पैकोलिया थानान्तर्गत सरैया खास गांव में एक मोबाइल कम्पनी के टवर में लगा बैटरी चोरी हो गया।कम्पनी के टेक्नीसीयन की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध चोरी का मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि चोरी का मुकदमा दर्ज कर छानबीन की जा रही है।जल्द ही घटना का पर्दाफाश कर लिया जायेगा।

# ग्राम प्रहरियों के साथ नगर थानाध्यक्ष ने की गोष्ठी

**नगर बाजार (एसएनबी)।** नगर थाना क्षेत्र के सभी ग्राम प्रहरियों को एकत्रित करके थानाध्यक्ष नगर देवेंद्र सिंह द्वारा उनकी गोष्ठी की गई। गोष्ठी में उन्हेंउनके कर्तव्य एवं अधिकारों का बोध कराया गया। अपने अपने गांव की सुरक्षा करने, गांव में अपराध एवं अपराधियों के संबंध में गोपनीय रूप से थाने पर सूचना दिए जाने तथा अपनी निष्पक्षता बरकरार रखने हेतु उन्हें सचेष्ट किया गया।दुर्गा पूजा/ नवरात्रि के त्यौहार के अवसर पर लगाई गई ड्युटियों के अनुसार प्रतिमा स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में भी उनकी भलीभांति ब्रीफिंग की गई तथा उनसे व्यक्तिगत उनकी समस्या के बारे में पूछा गया किसी ने कोई समस्या नहीं बताई शेष कुशलता रही। मेरा चौकीदार कार्यक्रम को लेकर ग्राम चौकीदारों के साथ पुलिस ने बैठक कर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में ग्राम चौकीदारों की समस्याएं भी पुलिस ने सुनी। कहा कि बेहतर कार्य करने पर वह पुरस्कृत किए जाएगे। कोतवाली परिसर में ग्राम प्रहरियों के साथ मैं और मेरा चौकीदार कार्यक्रम को लेकर बैठक की। जहां पुलिस ने चौकीदारों का परिचय लेकर उनकी समस्याओं के बारे में पूछा। पुलिस ने कहा कि चौकीदार को अपने गांव की हर गतिविधि के बारे में जानकारी रहती है। उन्होंने कहा कि कोई भी संदिग्ध वस्तु व व्यक्ति दिखने पर पुलिस को सूचित करे।



# विदेशसे पैसा मंगाने वाला हवाला कारोबारी धराया

**बस्ती (एसएनबी)।** हवाला के जरिये विदशों सेलोगों के खाते में रुपया मंगाने वाले हवाला कारोबारी को जिले की कलवारी व स्वाट टीम नेकोतवाली थाना क्षेत्र के फुटहिया अमहट घाट पर धर दबोचा। पकड़े गये युवक पर आरोप है कि उसने कलवारी थाना क्षेत्र के एक युवक का अपहरण कर उसके एटीएम से जबरन नकदी निकलवा लिया था। इस सम्बंध में आरोपी सहित दो अज्ञात के विरुद्ध कलवारी थानेमें मुकदमा पंजीकृत था। कलवारी थाना क्षेत्र के सैफाबाद निवासी विजय कुमार गौतम नेपुलिस को बताया कि उसका अपहरण कर लोगों नेजबरन उनकेएटीएम से 45 हजार रुपये नकद निकलवा लिया। पीड़ित विजय कुमार गौतम की शिकायत पर कलवारी थाने में शनिवार कोवाल्टरगंज थाना क्षेत्र के पिपरा जप्ती निवासी हीरालाल व दोअज्ञात के विरुद्ध अपहरण सहित अन्य मामलों में भारतीय न्याय संहिता के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया था। आरोपी की गिरफ्तारी केलिए पुलिस अधीक्षक ने कलवारी के साथ स्वाट टीम को भी लगाया गया मुखबिर की सूचना के आधार पर कलवारी थाने की पुलिस व स्वाट टीम प्रभारी उमाशंकर त्रिपाठी ने कोतवाली थाना क्षेत्र के फुटहिया अमहट घाट पर गिरफ्तारी केलिए जाल बिछाया। जहां एक युवक संदिग्ध हालत में आता दिखायी दिया जिसे पकड़कर पूछताछ की गयी तो उसकी पहचान कलवारी थाने में पंजीकृत आरोपी हीरालाल निवासी पिपरा जप्ती थाना वाल्टरगंज के रूप में हुई। पूछताछ पर पता चला कि हीरालाल विदेशो से लोगों के खातों में पैसा मंगा कर लोगों में बांटता है। इस गैर कानू नी काम को करनेमें कई अन्य लोग भी शामिल रहते हैं। इसी हवाला कारोबार के तहत उसने सैफाबाद निवासी विजय कुमार गौतम का अपहरण जबरन उसके खाते से एटीएम से धनराशि निकलवा लिया गया।

**कलवारी पुलिस व स्वाट टीम को मिली कामयाबी**

**युवक का अपहरण कर एटीएम से निकलवा लिया था रुपया**

# छह वर्ष की बच्ची संग रेप का आरोपी गया जेल

**बस्ती/ मुंडेरवा, हिन्दुस्तान टीम।** छह साल की बच्ची संग दुष्कर्म की शर्मसार करने वाली घटना को अंजाम देने के आरोपी को मुंडेरवा पुलिस ने सलाखों के पीछे भेज दिया है। थानाध्यक्ष द्वारिका प्रसाद चौधरी ने बताया कि 25 वर्षीय आरोपी विकास यादव को टीम ने त्रिमूर्ति तिराहे से दबोच लिया है। उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। बालिका को इलाज व मेडिकोलीगल के बाद घर भेजा जा चुका है।

मुंडेरवा थानाक्षेत्र के एक गांव की रहने वाली बच्ची को एक टीका मुंडेरवा सीएचसी पर लगना था। परिजनों ने पड़ोस के रहने वाले आरोपी युवक विकास यादव के साथ शनिवार दोपहर करीब तीन बजे बाइक से मुंडेरवा जाने के लिए भेजा था। आरोप है कि बच्ची को साथ लेकर बाइक से निकला विकास उसे पहले रास्ते में कहीं दुष्कर्म किया। बच्ची को फिर आरोपी टीका लगवाने के लिए सीएचसी मुंडेरवा ले गया था। यहां पर टीका लगाने के दौरान एएनएम की नजर बच्ची के ब्लीडिंग पर पड़ी तो वह हैरान रह गई। उन्होंने बच्ची से पूछताछ की तो उसने रास्ते में हुए घटना के बारे में बताया था।

# अवैध शराब बरामद, मुकदमा

**बस्ती (एसएनबी)।** पुलिस चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति के पास से अवैध रूप से देशी शराब का पाउच बरामद किया गया। इस सम्बन्ध में कोतवाली पुलिस ने अभियुक्त पर मुकदमा दर्ज किया है। जनपद में अवैध षराब की बिक्री के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत उप निरीक्षक विश्वमोहन राय चौकी प्रभारी सदर अस्पताल जिगिना चौराहा स्थित नारंग मोड़ पर चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान एक व्यक्ति के पास से 33 पाउच देषी षराब बरामद हुआ। पूछताछ में उसकी पहचान हनुमान प्रसाद पुत्र हीरालाल निवासी जिगना थाना कोतवाली के रूप में की गयी। मामले में कोतवाली पर अभियुक्त के विरूद्ध 60 आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# शान्ति भंग की आशंका में नौ गिरफ्तार

**नगर बाजार (एसएनबी)।** नगर पुलिस ने शांतिभंग की आशंका मे नौ लोगों के खिलाफ कार्यवाही कर न्यायालय भेज दिया। थाना प्रभारी नगर देवेंद्र सिंह ने बताया कि नगर थाना क्षेत्र के कूढापट्टी निवासी अभिजीत, अनिल हरिश्चंद्र, शांति देवी पत्नी हरिश्चंद्र, शिल्पी पुत्री हरिश्चंद्र निवासी जलालपुर थाना नगर, भोपेन्द्र उपाध्याय, लकी उपाध्याय, शन्नो देवी पत्नी हौसिल निवासी बेलवाडाड़ थाना नगर व शिव कुमार निवासी माडन थाना नगर के खिलाफ शांतिभंग की आशंका मे केस दर्ज करने के बाद सभी को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय भेजा गया है।

# शान्ति भंग में दो गिरफ्तार

**बस्ती (एसएनबी)।** शान्ति भंग की आशंका में पुरानी बस्ती थाने की पुलिस ने दो अभियुक्तो का चालान करने के बाद गिरफ्तार किया। जिन्हें कार्यवाही हेतु एसडीएम सदर के न्यायालय में भेजा गया है। जानकारी के अनुसार जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत उप निरीक्षक ओम प्रकाश मिश्रा, कांस्टेबिल शैलेश सिंह द्वारा गश्त के दौरान संदिग्ध रूप से जा रहे दो सगे भाई राजदीप सोनकर व रिशु सोनकर पुत्रगण सुभाष चंद्र सोनकर निवासीगण राजा मैदान थाना पुरानी बस्ती को शान्ति व्यवस्था भंग होने की सम्भावना के दृष्टिगत उनके विरूद्ध धारा 170, 135, 126 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार किया गया, जिसके बाद न्यायालय एसडीएम सदर बस्ती के समक्ष रवाना किया गया।

# बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज

**बस्ती (एसएनबी)।** एक व्यक्ति की बाइक को अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। इस सम्बन्ध में पीड़ित की षिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने की कार्यवाही किया है। कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत रैपुरा जंगल निवासी सनी चौधरी की बाइक संख्या यूपी 51 बीपी/ 6420 पर चोरो की नजर गड़ गयी और मौके पाते ही वह उसे चोरी कर फरार हो गये। मामले में वाहन स्वामी सनी चौधरी पुत्र धूपचन्द्र चौधरी निवासी रैपुरा जंगल थाना कोतवाली की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोर के विरूद्ध धारा 303(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# मोबाइल चोरी का मुकदमा

**बस्ती (एसएनबी)।** एक महिला का मोबाइल अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। इस सम्बन्ध में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने की कार्यवाही किया है। कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत रौतापार चौराहा स्थित एक नर्सिंग होम पर बुद्धपुरम बड़ेवन मड़वानगर की रहने वाली प्रियंका राव आयी हुई थी। जहां से उसकी रेडमी कम्पनी मोबाइल को अज्ञात चोर चोरी कर ले गये। मामले में पीड़िता प्रियंका राव पत्नी धर्मपाल निवासी बुद्धपुरम बड़ेवन मड़वानगर थाना कोतवाली की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोर के विरूद्ध धारा 303(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है।



ट्रक ऑपरेटर एसोसिएशन ने सीमेंट लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़कर किया विरोध।

# ट्रक ऑपरेटर एसो. ने सीमेंट और अनाज लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोका

**साऊंघाट, हिन्दुस्तान संवाद।** कृषि कार्य में पंजीयन कराकर ट्रैक्टर-ट्रॉली का प्रयोग कामर्शियल में किए जाने के विरोध में ट्रक ऑपरेटर एसोसिएशन सड़क पर उतर आया है। रविवार को सीमेंट और अनाज लदे ट्रैक्टर-ट्रॉली को एसोसिएशन ने पकड़ लिया। वहीं सूचना पर डायल-112 की पुलिस पहुंची। मामले में हस्तक्षेप किया।

पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के बरदहिया मार्ग के बड़ेरिया बुजुर्ग गांव के पास माल गोदाम ट्रक ऑपरेटर एसोशिएशन के पदाधिकारियों ने निजी कृषि कार्य में प्रयोग किये जाने वाली ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोक लिया। अध्यक्ष विवेक सिंह बघेल ने कहा शासन का सख्त निर्देश है कि जो वाहन निजी कृषि कार्य में प्रयोग किये जा रहे हैं, उनका प्रयोग कामर्शियल में नहीं किया जाए। फिर भी मनमानी की जा रही है। कहा कि बस्ती के व्यापारियों द्वारा निजी कृषि कार्य में प्रयोग किये जाने वाले वाहनों में सीमेंट, गेहूं, धान, चावल, मोरंग, बालू लादा जा रहा है। कई वाहन को जो निजी कृषि कार्य में पंजीकृत हैं वह मॉल ढुलाई कर रहे थे, जिन्हें पकड़ा गया। उनके पास माल का न तो कोई कागजात पाया गया, नहीं परमिट।

मंत्री दिनेशचन्द चौधरी ने कहा कि रोड टैक्स, फिटनेस, बीमा आदि हम लोग भरते हैं, जबकि लोग भाड़ा घटाकर हम ट्रक आपरेटरों का काफी नुकसान किया जा रहा है। यह बर्दाश्त नहीं होगा। अध्यक्ष ने कहा कि मालगोदाम व बफर गोदाम से प्रशासन तत्काल निजी वाहनों से ढुलाई का कार्य बंद कराए। कहा कि माल गोदाम व बफर के ट्रांसपोर्टरों द्वारा ट्रैक्टर-ट्राली को टोकन नहीं दिया जाए। लेकिन व्यापारी जबरदस्ती ट्रैक्टर-ट्राली का लोडिंग करवा कर सरकारी राजस्व का नुकसान कर रहे।

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**बस्ती (एसएनबी)।** थाना मुण्डेरवा पुलिस द्वारा नाबालिग से दुष्कर्म कारित करने वाले नामित-वाँछित अभियुक्त 12 घण्टेमें गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। थानाध्यक्ष मुण्डेरवा द्वारिका प्रसाद चौधरी मय हमराहियान के द्वारा नाबालिग (6 वर्ष) से दुष्कर्म कारित करने वाले अभियुक्त विकास यादव पुत्र लक्ष्मण यादव ग्राम जगदीशपुर गोदमवा मोड थाना मुण्डेरवा जनपद बस्ती को थाना क्षेत्रान्तर्गत त्रिमुर्ति तिराहे से गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक विधिक कार्यवाही गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को माननीय न्यायालय बस्ती रवाना किया गया। इस सम्बन्ध में वादी के तहरीरी सूचना के आधार पर मुकदमा अपराध संख्या 185/2024 धारा 65 (2) बीएनएस व 5/6 पक्सो एक्ट पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम मेंथानाध्यक्ष मुण्डेरवा उप निरीक्षक द्वारिका प्रसाद चौधरी, जनपद बस्ती, उपनिरीक्षक दयानाथराम, उप निरीक्षक जावेद खान थाना मुंडेरवा, जनपद बस्ती, हेड का. रामानन्द तिवारी, का. कमोद कुशवाहा, का. अखिलेश यादव, महिला का. प्रियंका विश्वकर्मा थाना मुण्डेरवा शामिल रहे।



# शराब पीकर महिला के साथ की मारपीट

**बस्ती (एसएनबी)।** शराब के नशे में कुछ लोगो ने एक महिला के साथ जमकर मारपीट किया, जिससे उसका हाथ टूट गया। इस सम्बन्ध में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने अभियुक्तो पर मुकदमा दर्ज किया है।पुरानी बस्ती थानान्तर्गत राजा बाजार स्थित सूर्यबली मोहल्ला की रहने वाली पार्वती देवी को विपक्षी द्वारा शराब पीकर गालियां दे रहे थे। जिसका महिला द्वारा विरोध किया गया तो अभियुक्त व उसके परिवार के लोगो ने मिलकर उसे मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मारपीट के दौरान पार्वती देवी का हाथ टूट गया। मामले में पीड़िता पार्वती देवी पत्नी रमेश कहांर निवासी मोहल्ला सूर्यबली (राजा बाजार) थाना पुरानी बस्ती की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी विशेष, प्रदीप पुत्रगण पिन्टू, सूरज पुत्र प्रदीप, तारादेवी पत्नी पिन्टू निवासीगण निवासी मुहल्ला सूर्यबली (राजाबाजार) थाना पुरानी बस्ती के विरूद्ध धारा 115(2), 117 (2), 351(3) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# फरार आरोपी पुलिस की पहुंच से दूर

बस्ती, हिन्दुस्तान टीम। बहुचर्चित शक्ति सिंह मर्डर केस में मुख्यारोपी नागेश सिंह अब भी पुलिस की पहुंच से दूर है। वारदात के बाद से ही मोबाइल स्वीच ऑफ होने के कारण उनकी लोकेशन ट्रेस करना मुश्किल बना हुआ है। मुखबिर तंत्र की मदद से मिल रही लोकेशन की सूचनाएं भी अब तक नागेश तक पहुंचने में मददगार साबित नहीं हो सकी हैं। जिले के पड़ोसी जनपदों संग लखनऊ तक पुलिस ने संभावित ठिकानों पर दबिश दी, लेकिन कुछ भी जानकारी हाथ नहीं लग सकी।

सूत्रों की मानें तो हत्याकांड के बाद आरोपी मध्यप्रदेश के रीवा भाग गए थे। पुलिस ने यहां घेराबंदी बढ़ाई तो फिर लोकेशन बदल गया। यहां से नेपाल पहुंचने के भी कयास लगाए जा रहे हैं। लेकिन अब तक एक भी ऐसा ठोस इनपुट नहीं है, जिससे नागेश की लोकेशन को क्रैक कर उस तक पहुंच सके।

- शक्ति सिंह मर्डर केस में आरोपितों के लोकेशन बदलने से मात खा रही पुलिस
- हत्याकांड में अब तक तीन आरोपितों की हो चुकी है गिरफ्तारी

## साक्ष्यों के संकलन में जुटी पुलिस

आरोपितों की धरपकड़ के साथ ही पुलिस हत्या के मुकदमे के साक्ष्य संकलन में भी जुटी है। पूछताछ में सामने आए तथ्यों के अनुसार 24 सितंबर की शाम शक्ति सिंह को रानीपुर गेट से अगवा किया गया था। उसे सीधे दुबौलिया क्षेत्र में सरयू नदी के किनारे ले जाया गया। शक्ति सिंह को पत्थर से वार कर मार डाला गया। शव को छिपाने के मकसद से सरयू नदी में फेंक दिया गया था। 26 सितंबर को बोरे में भरकर फेंका गया शव बरामद हो गया।

पुलिस फरार आरोपितों के खिलाफ कोर्ट से एनबीडब्ल्यू का वारंट जारी करा चुकी है। एसपी गोपालकृष्ण चौधरी स्तर से 15-15 हजार रुपये का इनाम की घोषणा भी की जा चुकी है। इनाम की धनराशि बढ़ाने की भी तैयारी हो रही है।

हत्याकांड में राना नागेश सिंह, रवि सिंह, शैलेश सिंह, मनोज शुक्ला के अलावा विवेचना के दौरान अजय यादव व सोहन यादव का नाम भी सामने आ चुका है। छह में तीन आरोपी रवि, शैलेश व मनोज को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। तीन अन्य की तलाश में नेपाल बॉर्डर से लेकर लखनऊ तक दबिश देने में जुटी है।

# युवक का अपहरण कर मारने-पीटने का आरोपित गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, बस्ती: कलवारी पुलिस ने एक युवक का अपहरण कर उसे मारपीट कर एटीएम कार्ड से 46 हजार रुपये निकालने के मामले में आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से चार पासबुक, 16 चेकबुक, 16 एटीएम, क्रेडिट, डेबिट व ग्रीन कार्ड, छह आधार कार्ड, दस्तखत किया हुआ चार चेक, एक विदेशी पहचान पत्र, चार पैन कार्ड, एक निर्वाचन कार्ड व तीन बैंक जमा पर्ची बरामद किया है।

- विदेश से पीड़ित के खाते में मंगाई थी रकम
- चार पासबुक, 16 चेकबुक, 16 एटीएम व ग्रीन कार्ड बरामद



युवक को अपहृत कर मारने पीटने व जबरन एटीएम से रकम निकलवाने के मामले में गिरफ्तार आरोपित की जानकारी देते सीओ कलवारी प्रदीप कुमार त्रिपाठी • सौ. पुलिस

कलवारी थाने के सैफाबाद निवासी विजय कुमार गौतम ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि आरोपित हीरालाल उर्फ मल्लू निवासी पिपरा जप्ती थाना वाल्टरगंज ने उनके बैंक एकाउंट में पांच लाख रुपया मंगवाया था। जब उन्हें यह पता चला कि रुपया सऊदी से उनके खाते में आया है तो उन्होंने इसकी जानकारी पुलिस को देने की बात कही। इस बात पर हीरालाल नाराज हो गया। आरोप है कि चार अक्टूबर की रात करीब 10 बजे जब वह शहबान के घर पर था तभी वहां दो अन्य लोगों के साथ आरोपित पहुंचा और रकम के लेनदेन के लिए उन्हें जबरन उठा ले गया। मारपीट कर अपशब्द व जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। पुलिस ने मामले में हीरालाल व दो अन्य अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही थी। इसी बीच एक सूचना के आधार पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

सीओ कलवारी प्रदीप त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस व स्वाट टीम ने फुटहिया-अमहट मार्ग से आरोपित हीरालाल को रविवार को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ के दौरान पता चला कि हीरालाल उर्फ मल्लू विदेशों से विभिन्न खातों में रकम मंगाकर निकलवाता है और कमीशन का लेनदेन करता है। आरोपित के पास मिले विभिन्न कार्ड, पासबुक आदि की गहनता से जांच की जा रही है।

# विदेश से मंगाए रुपये के लिए किया अपहरण, गिरफ्तार

बस्ती, निज संवाददाता। विदेश से मंगाए रुपये के लिए अपहरण कर मारपीट की घटना सामने आई है। आरोप है कि विदेश से कमीशन पर पैसा मांगने के खेल से यह पूरा मामला जुड़ा हुआ है। खाते में विदेश से पैसा आने की जानकारी पर होने पर जब एक व्यक्ति ने पुलिस ने शिकायत करने की बात कही तो उसे अगवा कर लिया गया। मारपीट कर एटीएम से 46 हजार रुपये भी निकलवा लिए गए।

सीओ कलवारी ने बताया कि प्रकरण में आरोपी हीरालाल निवासी पिपरा जप्ती थाना वाल्टरगंज व दो अन्य अज्ञात पर केस दर्ज किया गया है। कलवारी व स्वॉट की संयुक्त टीम ने आरोपी हीरालाल को रविवार को फुटहिया के पास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पता चला कि वह विदेश से विभिन्न खातों में पैसा मांगने का काम करता है।

सैफाबाद निवासी विजय कुमार गौतम ने प्रकरण में कलवारी थाने में केस दर्ज कराया है। उनका आरोप है कि विपक्षी हीरालाल निवासी पिपरा जप्ती थाना वाल्टरगंज ने उनके बैंक एकाउंट में पांच लाख डलवाया था। जब उन्हें यह पता चला कि पैसा सऊदी से उनके खाते में आया है तो इसकी जानकारी पुलिस को देने की बात कही। इस बात पर हीरालाल नाराज हो गया। चार अक्तूबर की रात जब वह शहवान के घर पर था। तभी वहां दो अन्य लोगों संग पहुंचा और उन्हें उठा ले गए।

### 15 वर्ष बाद भुगतान होने की स्कीम बता 5 किश्त में जमा कराया पैसा

# अधिक मुनाफे का लालच देकर हड़प लिए दो लाख

## जालसाजी

बस्ती, निज संवाददाता। जिले के दुबौलिया थानाक्षेत्र के केवाड़ी मुस्तहकम की रहने वाली महिला को ब्याज का अधिक मुनाफा के नाम पर एक स्कीम में पैसा जमा करने का झांसा देकर दो लाख रुपये के गोलमाल का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला की शिकायत पर दुबौलिया पुलिस ने धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

केवाड़ी मुस्तहकम की रहने वालीं चम्पा देवी ने तहरीर में बताया है कि उनके पति का स्वर्गवास हो चुका है। आरोप है कि उनके गांव के रहने वाले परशुराम यादव ने उन्हें किस्तों में पैसा जमा कर अधिक ब्याज दिलाने का प्रलोभन दिया। इसके बाद 40 हजार रुपये प्रतिवर्ष के हिसाब से पांच किस्त में कुल दो लाख रुपया जमा कर लिया। साथ ही बताया कि 15 वर्ष बाद आपको रुपया मिलेगा। 15 साल बीत जाने के बाद जब जमा रुपया ब्याज सहित दिलाने के लिए कहा तो परशुराम इधर-उधर की बात करने लगा।

बार-बार टालने से परेशान होकर 15 मई 2024 की सुबह करीब आठ बजे आरोपी परशुराम के घर पर गई और पैसा देने के लिए कहा। इस पर आरोपी भड़क गया। अपशब्द व जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए बोला कि एक रुपया नहीं दूंगा। जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मुकदमे की जांच सीओ कलवारी स्तर से की जा रही है।

## दरवाजे की जमीन हड़पने का हो रहा प्रयास

बस्ती। कोतवाली क्षेत्र के महरीखावां निवासी रामचन्द्र मिश्र ने एसपी समेत अन्य उच्चाधिकारियों को पत्र देकर महरीखांवा स्थित मकान के आस-पास की जमीन को दबंगों से बचाने की मांग की है। पत्र में रामचन्द्र मिश्र ने कहा है एक व्यक्ति ने उनके घर के पास जमीन बैनामा कराया। जमीन की चौहद्दी गलत दर्ज कराया। अब उसी चौहद्दी के आधार पर उनके गेट, सहन व रास्ते पर अवैध रूप से कब्जा कर लेना चाहते हैं। इससे मोहल्ले में भी तनाव बना हुआ है। शिकायत करने पर मारपीट की धमकी देते हैं। रामचंद्र मिश्र ने पुलिस उच्चाधिकारियों से मांग किया है कि महरीखावां स्थित उनके मकान के आस-पास की जमीन को दबंगों से बचाया जाय और उनकी सुरक्षा हो, जिससे कोई अप्रिय घटना नहीं हो।

## लखनऊ में फ्लैट बुक करने के नाम पर की ठगी

कप्तानगंज। पुलिस ने लखनऊ में फ्लैट बुक करने के नाम पर एक लाख 60 हजार रुपए ठगी के मामले में पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक कप्तानगंज दीपक दुबे ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर विवेचना की जा रही है। मामला कप्तानगंज थाना क्षेत्र के बरहपुर गांव का है। कमलेश कुमार मिश्रा निवासी बरहपुर थाना कप्तानगंज ने को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि उन्होंने लखनऊ में एक फ्लैट बुक करने के लिए अपने एक परिचित दिनेश कुमार को रुपया दिया। उनके परिचित ने फ्लैट बुक नहीं किया। वापस रुपया मांगने पर धमकी दे रहे हैं। कमलेश मिश्रा की तहरीर पर दिनेश चौधरी निवासी मिर्जापुर थाना कप्तानगंज जिला बस्ती पर केस दर्ज कर जांच शुरू की है।

# अधिकारी की कुर्सी पर बैठकर फोटो खिंचवाने वाला हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**फॉलोअप**

- लोक निर्माण विभाग के सीडी-वन की घटना फोटो हुई थी वायरल
- पुलिस ने सहायक अभियंता की तहरीर पर दर्ज किया है मुकदमा

**बस्ती, निज संवाददाता।** लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता की कुर्सी पर बैठकर फोटो खिंचवाना व उसे वॉयरल करना मुंडेरवा थाने के हिस्ट्रीशीटर शमसुद्दीन को महंगा पड़ गया। सहायक अभियंता क्षितिज कुमार पांडेय की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने उसके खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना में चौकीदार की लापरवाही पाए जाने पर पहले ही निलंबित किया जा चुका है। रविवार की देर शाम कोतवली पुलिस ने आरोपी शमसुद्दीन को गिरफ्तार कर लिया।

मुंडेरवा क्षेत्र के रामपुर रेवली का रहने वाला शमसुद्दीन काफी समय से लोक निर्माण विभाग के कार्यालयों में एसी मरम्मत का काम करता है। शुक्रवार को अभिशासी अभियंता प्रांतीय खंड के चैम्बर की एसी बनाने के लिए वह कार्यालय पहुंचा था। उस समय अधिकारी अपने चैंबर में मौजूद थे। शमसुद्दीन से कहा गया कि वह शाम को कार्यालय बंद होने के बाद आए। वह छह बजे के बाद कार्यालय आया उस समय चौकीदार बनवारी लाल ड्यूटी पर था। चौकीदार लघुशंका के लिए चला गया। वहां मौजूद शमसुद्दीन अधिशासी अभियंता की कुर्सी पर बैठ गया। उसके सहयोगी ने कुर्सी पर बैठे हुए उसकी फोटो मोबाइल से खींच ली।

# करंट से हुई दो की मौत के लिए विभाग है जिम्मेदार

बस्ती। विद्युत उपकेंद्र एकडेंगवा अंतर्गत भिखरिया में 12 सितंबर को करंट की चपेट में आने से हुई दो किसानों की मौत के लिए बिजली विभाग जिम्मेदार है। सहायक निदेशक विद्युत सुरक्षा बस्ती जोन बृजेश यादव का कहना है कि जांच में फाल्ट पाया गया। निगम की अनुरक्षण व्यवस्था ठीक न होने के कारण यह घटना घटित हुई है। रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि 11 केवी लाइन के पोल के अर्थवॉयर का पिन इंसुलेटर पंक्चर था, जिस कारण वॉयर के सहारे करंट नीचे खेत में भरे पानी व पोल के सहारे बंधे कंटीले बाड़ में उतर रहा था। जांच में यह भी पाया गया है कि 11 केवी लाइन में जो इंसुलेटर लगाया गया था, वह काफी घटिया क्वालिटी का था, जिस कारण वह खराब हो गया। करंट उतरने के बाद भी 11 केवी लाइन ट्रिप करने के बजाए चलती रही। विभाग के जिम्मेदार भी इससे बेखबर रहे।

# अधिक ब्याज का प्रलोभन देकर लिए दो लाख, केस

**जासं, बस्ती:** दुबौलिया थाने के केवाड़ी मुस्तहकम गांव की चंपा देवी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह विधवा हैं। गांव के ही एक व्यक्ति ने उन्हें प्रलोभन देकर बताया कि वह किस्तों में धन जमा करें तो उन्हें अधिक ब्याज मिलेगा। वह उसके झांसे में आ गईं। बताया कि आरोपित ने पांच बार में दो लाख रुपये उनसे जमा करा लिए। आरोपित ने बताया कि ये रुपये 15 वर्ष बाद मिलेगा। 15 वर्ष बाद जब रुपया निकालने की बात की तो आरोपित ने टालना शुरू कर दिया। 15 मई को वह आरोपित के घर गईं तो उन्हें अपशब्द व जातिसूचक शब्द कहते हुए जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने आरोपित परसुराम यादव पर मुकदमा दर्ज किया है।

# बाइक व मोबाइल चोरी की तीन घटनाओं में केस

जागरण संवाददाता, बस्ती: कोतवाली क्षेत्र में बाइक व मोबाइल चोरी की दो घटनाओं में जबकि छावनी थाना क्षेत्र में एक मोबाइल के मामले में ई-एफआइआर दर्ज किया गया है। कोतवाली क्षेत्र के रैपुरा जंगल गांव निवासी सनी चौधरी ने तहरीर में बताया कि 29 जुलाई की रात में उनकी बाइक घर पर ही खड़ी थी। देर रात किसी ने उनकी बाइक चोरी कर ली।

मामले में अज्ञात के विरुद्ध चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया है। इसी प्रकार कोतवाली क्षेत्र के ही बुद्धपुरम, मड़वानगर निवासी प्रियंका राव पत्नी धर्मपाल ने दर्ज कराए गए ई-एफआइआर में बताया कि 25 सितंबर को दोपहर दो से शाम पांच बजे के बीच कल्पना नर्सिंग होम रौतापार से उनकी मोबाइल फोन किसी ने चोरी कर ली। मामले में पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। वहीं परशुरामपुर थाना क्षेत्र के सुकरौली पांडेय निवासी शिवपूजन की ओर से कराए गए ई-एफआइआर में बताया गया है कि उनका मोबाइल छावनी थाना क्षेत्र के मूड़ाडीहा (हरेवा शुक्ल बाजार) से 12 ज़ुलाई को चोरी हो गई।

# ओवरलोडिंग, गलत नंबर प्लेट वाले 15 वाहनों का चालान

जागरण संवाददाता, बस्ती: दो अक्टूबर से चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा पखवारा के तहत .रविवार को ओवरलोडिंग, गलत नंबर प्लेट, बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट वाले वाहनों की चेकिंग की गई। वहीं सड़क के किनारे खड़े अवैध वाहनों एवं रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप विहीन 15 वाहनों का चालान किया गया।



फोरलेन पर वाहनों की चेकिंग करते एआरटीओ प्रवर्तन पंकज सिंह • जागरण

एआरटीओ प्रवर्तन पंकज सिंह ने बताया कि सड़क सुरक्षा पखवारा के पांचवें दिन फोरलेन पर पटेल चौक, मड़वा नगर टोल प्लाजा से गुजरने वाले वाहनों को रोककर लेन ड्राइविंग के बारे में चालकों को जागरूक किया गया। सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत वाहन चालकों को रात में हेडलाइट के हाई बीम व लो बीम के प्रयोग के संबंध में जागरूक किया गया। बताया कि 16 अक्टूबर तक इसी प्रकार वाहनों की चेकिंग के साथ ही चालकों को यातायात नियमों व सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक भी किया जाएगा।

# अधिशासी अभियंता की कुर्सी पर बैठने के मामले में केस

जासं, बस्ती: अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड की कुर्सी पर बैठे एसी मैकेनिक का फोटो इंटरनेट मीडिया पर शनिवार को प्रसारित होने के बाद जागे विभाग ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई का अनुरोध किया। पुलिस ने आरोपित समसुद्दीन निवासी अज्ञात पर केस दर्ज किया है। लोक निर्माण विभाग के प्रांतीय खंड के सहायक अभियंता क्षितीश पांडेय ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शुक्रवार को अधिशासी अभियंता के कक्ष में लगे एसी मरम्मत के लिए मैकेनिक समसुद्दीन आया था। उसने अधिशासी अभियंता के कक्ष में उनकी कुर्सी पर बैठ कर फोटो खींच कर इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित किया। इससे विभाग की छवि धूमिल हुई है।

# छह वर्षीय मासूम से दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, बस्ती: मुंडेरवा थाना क्षेत्र की रहने वाली छह वर्षीय मासूम के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपित युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके विरुद्ध विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय रवाना कर दिया गया।

मुंडेरवा थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने शनिवार को पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शनिवार दोपहर को उन्होंने अपने छह वर्षीय बेटी को पोलियो का टीका लगवाने के पड़ोस के रहने वाले एक युवक के साथ अस्पताल भेजा था। आरोप लगाया कि युवक ने अस्पताल पहुंचाने से पहले ही उनकी बेटी के साथ दुष्कर्म किया।

मासूम के प्राइवेट पार्ट से ब्लीडिंग होते देख पुलिस ने पहले उसे सीएचसी और बाद जिला महिला अस्पताल भिजवाया। इसके बाद पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपित विकास यादव के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया। थानाध्यक्ष मुंडेरवा द्वारिका प्रसाद चौधरी ने बताया कि एक सूचना के आधार पर आरोपित को शनिवार की देर रात 11.45 बजे मुंडेरवा कस्बे के त्रिमूर्ति तिराहे से गिरफ्तार कर लिया गया।



छह वर्षीय मासमू के साथ दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार युवक ● सौ. पुलिस

**यह और अन्य खबरें देंखे-**
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

## युवक के गड़ही में कूदने की सूचना से हलकान रही पुलिस

**सोनहा :** सोनहा थाना क्षेत्र के पिटाउट गांव में एक युवक के पानी से भरे गड़ही में कूद जाने की सूचना से पुलिस हलकान रही। शनिवार की रात नौ बजे किसी बात को लेकर युवक का पत्नी से विवाद हो गया। युवक घर के पीछे गड़ही में कूदकर जान देने की धमकी देकर घर से निकला और गड़ही में ईंट फेंककर कहीं चला गया। स्वजन को लगा कि वह गड़ही में कूद गया है। उन्होंने इसकी सूचना डायल 112 को दी। पुलिस ने गोताखोरों के साथ युवक की तलाश कराई, लेकिन वह नहीं मिला। पांच घंटे बाद युवक सकुशल घर वापस लौट आया। (जासं)

## मोबाइल टावर से बैटरी चोरी के मामले में मुकदमा

**बस्ती :** पैकोलिया थाना क्षेत्र के सरैया खास गांव में स्थित मोबाइल टावर से बैटरी चोरी का मामला सामने आया है। हरैया थानाक्षेत्र के रानीपुर निवासी राघवेंद्र सिंह ने पैकोलिया पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि टावर में लगी एक बैटरी को किसी ने चुरा लिया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले में अज्ञात के विरुद्ध चोरी का मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

# शराब के नशे में की थी मासूम से हैवानियत

संवाद न्यूज एजेंसी

मुंडेरवा (बस्ती)। टीका लगवाने के लिए छह साल की मासूम को लेकर निकले उसके पड़ोसी युवक ने नशे में दरिंदगी की थी।

पुलिस को घटना स्थल से मिली शराब की बोतल से इस बात की जानकारी हुई। पुलिस ने रविवार को आरोपी विकास यादव को कस्बे के त्रिमूर्ति तिराहे से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

जानकारी के अनुसार, मुंडेरवा थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली छह वर्षीय मासूम को मुंडेरवा सीएचसी पर टीका लगना था।

परिवार के लोगों ने बगल के रहने वाले विकास यादव पर भरोसा कर उसके साथ शनिवार को सीएचसी पर भेज दिया।

आरोप है कि उसे बाइक से सीएचसी ले जाते समय रास्ते में विकास यादव ने उसके साथ दरिंदगी की। वहां से टीका लगवाने के लिए सीएचसी ले गया तो एएनएम की नजर मासूम के प्राइवेट पार्ट से निकल रहे खून पर पड़ी।

## टीका लगवाने के बहाने पड़ोस के युवक ने किया था दुष्कर्म


मासूम से दुष्कर्म, पड़ोसी पर केस

6 अक्तूबर को प्रकाशित खबर।

एएनएम ने मासूम से उसके बारे में पूछा तो उसने रास्ते में हुई घटना के बारे में बताकर सबको चौंका दिया। फौरन इसकी सूचना पीड़िता के परिवार वालों और पुलिस को दी गई। साथ ही, मासूम को जिला महिला अस्पताल भेज दिया गया।

थानाध्यक्ष द्वारिका प्रसाद चौधरी ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पीड़िता का मेडिकल वगैरह होने के बाद उसे परिवार वालों को सौंप दिया गया है। पीड़िता की मां व परिवार के लोगों ने आरोपी को कठोरतम सजा देने की मांग की है।

# चोरी के मामलों में सोनहा पुलिस के हाथ खाली

संवाद न्यूज एजेंसी

**सोनहा (बस्ती)।** सोनहा पुलिस के हाथ चोरी के मामलों में खाली है। क्षेत्र में हुई चोरी की घटनाओं में अधिकतर का खुलासा नहीं हो सका है। इन सभी घटनाओं में पुलिस के रात्रि गश्त पर भी सवाल उठ रहा है।

शेखापुर गांव में 26 अगस्त की रात चोर मनमोहन के मकान का ताला तोड़कर आभूषणों पर हाथ साफ किया था। सुबह जब घर वालों की नींद खुली तो चोरी की जानकारी हुई। इसी तरह तेनुआ असनहरा गांव में बृहस्पतिवार की रात चोरों ने संगीता देवी के मकान की पीछे से दीवार काटकर मकान में रखा जेवर, नकदी व मोबाइल सहित बक्सा उठा ले गए।

तीसरा मामले में थाना क्षेत्र के चौकी असनहरा का है, जहां 29 सितंबर की रात चोरों ने प्रिंस जायसवाल के घर के बरामदे में खड़ी बाइक चोरी कर ली। एसएचओ उपेंद्र ने बताया कि सभी घटनाओं में केस दर्ज कर तफ्तीश की जा रही है। जल्द ही चोरी का खुलासा कर दिया जाएगा।

# मिशन शक्ति के तहत किया जागरूक

**वाल्टरगंज।** थानाध्यक्ष मोती चंद ने कठिनोली गांव के पंचायत भवन में मिशन शक्ति जागरूकता अभियान के तहत बैठक की। कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए मिशन शक्ति अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी महिला के साथ कोई अप्रिय घटना होने पर बेहिचक वूमेन पावर 181 पर पुलिस को सूचना जरूर दें। इस दौरान लक्ष्मीदेवी, कृष्णावती, नीषा, जगराम, गिरधारी, महेंद्र, राम भरोस, तुलसीराम, जगराम, उपनिरीक्षक संजय कुमार आदि मौजूद रहे। संवाद

# चौकीदार सजग रहें तो रुक जाएगा अपराध

**नगर बाजार (बस्ती)।** थाना परिसर में थानाध्यक्ष देवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में चौकीदारों की बैठक हुई। थानाध्यक्ष ने कहा कि क्राइम कंट्रोल करने में चौकीदारों की अहम भूमिका होती है। चौकीदार सजग रहें तो क्षेत्र में आपराधिक घटना नहीं होगी।

उन्होंने कहा कि यदि चौकीदार अपनी ड्यूटी ईमानदारी से करेंगे तो शहर या ग्रामीण इलाकों में आपराधिक घटनाओं पर विराम लग जाएगा। उन्होंने चौकीदारों को निर्देश दिए कि क्षेत्र में अपराधियों पर अपनी पैनी नजर रखें तथा उनकी गतिविधियों की सूचना थाने पर साझा करते रहें।

दुर्गा पूजा, नवरात्र, दशहर त्योहार के अवसर पर लगाई गई ड्यूटी के अनुसार प्रतिमा स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में भी ब्रीफिंग की गई। इस दौरान उपेंद्र शर्मा, अमित कुमार, धनवंत मौजूद रहे। संवाद

# शहर में एसपी ने की पैदल गश्त

**बस्ती।** एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने एएसपी ओपी सिंह, सीओ सिटी सत्येंद्र भूषण त्रिपाठी के साथ पुलिस कर्मियों के साथ शहर में पैदल मार्च किया। एसपी ने बताया कि लोगों में सुरक्षा में भावना बढ़ाने के लिए कंपनी बाग, गांधीनगर तक पैदल गश्त कर लोगों से संवाद किया। संवाद

SIDDHARTH NAGAR POLICE

4

# सराहनीय कार्य दिनांक:-07-10-2024



मामले की जानकारी लेतीं एसपी प्राची सिंह। संवाद

# आरोपी को फांसी, घर पर बुलडोजर चलाने की मांग

संवाद न्यूज एजेंसी

बढ़नी। बालिका से दुष्कर्म के मामले में आक्रोशित व्यापारियों ने बंदी शुरू की और उन्होंने दुष्कर्मी को फांसी देने, घर पर बुलडोजर चलाने की मांग की।

व्यापारियों ने मामले में केस दर्ज करने, आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेजने के मामले में पुलिस प्रशासन जिंदाबाद के नारे में भी लगाए। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील अग्रहरि भी व्यापारियों के साथ मौजूद थे।

बढ़नी कस्बे में जिन लोगों ने उपद्रव किया है, उन्हें चिह्नित करके कार्रवाई की जा रही है। जिन लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया है, उनसे पूछताछ की जा रही है। बढ़नी कस्बे में स्थिति सामान्य हो गई है। **-प्राची सिंह, एसपी**

बढ़नी कस्बे में स्थिति सामान्य हो गई है। इस मामले में पुलिस अपने स्तर से कार्रवाई कर रही है। **-डॉ. राजा गणपति आर, जिलाधिकारी**

# आज बंद रहेंगे विद्यालय, तीन नामजद सहित 200 लोगों के खिलाफ केस

एडीएम उमाशंकर ने बताया कि बढ़नी कस्बे में स्थिति पूरी तरह सामान्य होने तक दुकान बंद रहेंगी, जबकि विद्यालय खुले रहेंगे। रविवार देर शाम तीन नामजद सहित 200 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने बताया कि बढ़नी कस्बे के वार्ड नंबर 9 निवासी विवेक गुप्ता पुत्र मदन गुप्ता, वार्ड नंबर 2 निवासी दुर्गेश पांडेय पुत्र स्वर्गीय गोकर्ण पांडेय व वार्ड नंबर एक निवासी पंकज चौहान पुत्र स्वर्गीय बल्ली के खिलाफ केस दर्ज किया है। जबकि हिरासत में लिए गए अन्य लोगों के खिलाफ सोमवार को भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



बढ़नी कस्बे में आरोपियों को पकड़ कर ले जाती पुलिस।



बढ़नी कस्बे में हंगामे के बाद बंद पड़ी दुकानें। संवाद

# बंद के समर्थन में कस्बे के लोगों ने बंद रखी दुकानें

बढ़नी कस्बे के भट्टा मोहल्ला में हुई घटना के विरोध में रविवार को कस्बे के सैकड़ों लोग भारी संख्या में सड़कों पर उतर आए। बढ़नी की बेटी को न्याय दो, बलात्कारी को फांसी दो के नारे के साथ लोग बाजार में दुकानों को बंद कर बंद करने का व्यापारियों से घूम-घूम कर अह्वान करने लगे। कस्बे के व्यापारी भी उनके समर्थन में दुकानों को बंद कर दिए। इस दौरान कस्बे के अधिकांश व्यापारियों ने अपनी दुकान बंद कर दी। इसके बाद लोग भारी संख्या में माल गोदाम तिराहे पर इकट्ठा होकर नारेबाजी करने लगे और थानाध्यक्ष ढेबरूआ संतोष कुमार सिंह को अपना मांग पत्र सौपा। मांगपत्र में लोगों ने मामला फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाए जाने एवं गिरफ्तार अभियुक्त को फांसी दिए जाने की मांग से साथ उसके घर की पैमाइश कराकर ध्वस्तीकरण करने की मांग की। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील अग्रहरि, व्यापारी नेता प्रदीप कमलापुरी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विनीत कमलापुरी, गणेश अग्रहरि, सचिन गोयल, अजय जयसवाल, विजय पांडेय, ध्रुव चतुर्वेदी, मनोज गोयल सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। संवाद

# मासूम बेटी का गला घोंटने वाली मां और चाचा को भेजा जेल

संवाद न्यूज एजेंसी

सिद्धार्थनगर। लोटन कोतवली क्षेत्र के एक गांव में मासूम बेटी की हत्या की हत्या करने की आरोपी मां और शव ठिकाने लगाने में मदद करने वाले चाचा को जेल भेज दिया गया। महिला ने हत्या ही नहीं किया, बल्कि पुलिस को अपहरण की गलत सूचना देकर 72 घंटे तक भागती रही।

बता दें कि तीन अक्तूबर को एक महिला ने अपनी छह साल की बच्ची के अगवा होने की सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर कोतवाली पुलिस व एसओजी टीम मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल में जुटी हुई थी, लेकिन किसी तरफ से अगवा करने की बात पुख्ता नहीं हो रही थी। 72 घंटे तलाश के बाद जब बच्ची का कोई सुराग नहीं मिला तो शक परिवार वालों पर गया।

इसके बाद बारी-बारी से परिवार वालों से पूछताछ होता रहा अंतिम में लड़की की मां से जब पूछताछ कड़ाई से होने लगा तो पहले पूर्व में बताए घटना के अनुसार बताती रही।

## अपहरण की झूठी सूचना देकर पुलिस को 72 घंटे तक इधर-उधर भगाया


अवैध संबंध छिपाने के लिए मां ने कर दी मासूम की हत्या

6 अक्तूबर को प्रकाशित खबर।

लेकिन बयान में अंतर के बाद पुलिस ने घुमाकर पूछना शुरू किया तो वह टूट गई और बेटी की लाश अपने मकान के दक्षिण गड्ढे होना बताया।

आरोपी मां को पुलिस ने उसी वक्त हिरासत में ले लिया था। आरोपी देवर को भी रविवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद दोनों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, यहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। इस संबंध में लोटन कोतवाल राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि आरोपियों को गिरफ्तार करके न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया है।

# कुंडी तोड़ घर में घुसे चोर नकदी और जेवर चोरी

संवाद न्यूज एजेंसी

भनवापुर। त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के कटरिया बाबू गांव में शनिवार को चोरों ने एक घर को निशाना बनाया। घर में रखे 20 हजार नकदी समेत जेवर लेकर फरार हो गए। सुबह जगने पर परिजनों को चोरी के घटना की जानकारी हुई तो उन्होंने त्रिलोकपुर पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है।

त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के कटरिया बाबू गांव निवासी वंश गोपाल यादव ने रविवार को त्रिलोकपुर पुलिस को तहरीर दिया है। तहरीर में पीड़ित ने बताया है कि शनिवार को देर शाम परिवार के सभी सदस्य खाना खाकर कुछ परिवार गांव में स्थित दूसरे घर पर सोने चले गए और कुछ सदस्य मुख्य दरवाजे पर ताला लगा कर बगल कमरे में सो गए। रविवार सुबह गांव के बाहर उत्तर तरफ चकरोड़ पर सामान बिखरा देख लोग चर्चा करने लगे। इसी बीच दूसरे कमरे में सो रहे लोग जगे तो देखा दरवाजे का कुंडी काटकर तोड़ दिया गया था। अंदर जा कर देखा तो संदूक, अटैची आदि चोरी थे। जो गांव के बाहर टूटा मिला, उसमें रखा नगदी समेत सोने चांदी के जेवर गायब था। थानाध्यक्ष त्रिलोकपुर विजय शंकर सिंह ने कहा कि तहरीर मिली है, मामला दर्ज कर जांच की जा रही है, जल्द घटना का खुलासा किया जाएगा।

## त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के कटरिया बाबू गांव की घटना



कटरिया बाबू गांव में चोरी के बाद गांव के बाहर बिखरा सामान। संवाद

# कच्ची शराब के साथ महिला गिरफ्तार

**शोहरतगढ़।** आबकारी विभाग की टीम ने रविवार को कठेला समय थानाक्षेत्र के ग्राम बालानगर व इटहिया में कच्ची शराब बनाने के खिलाफ छापा अभियान चलाया।संगीता को घर के पीछे धान के खेत में छिपाकर रखे 15 लीटर कच्ची शराब और 100 लीटर लहन के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। साथ ही उसके विरुद्ध आबकारी एक्ट में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई। छापे के दौरान आबकारी निरीक्षक अमरेंद्र कुमार सिंह, कांस्टेबल अरविंद कुमार राय, अमित ओझा, विनोद कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे। संवाद

# घर से साइकिल और पर्स चोरी

**भनवापुर।** घर के बाहर खड़ी साइकिल, बरामदे में सो रहे लड़के के बिस्तर से मोबाइल फोन और पर्स गायब होने पुलिस को शिकातय दी गई है। मन्नीजोत गांव निवासी रामनरेश पुत्र शिवप्रसाद ने त्रिलोकपुर पुलिस दी तहरीर में बताया कि शनिवार की रात परिवार वाले अंदर घर में सोए थे और उनका लड़का नीतीश घर के बरामदे में सोया था। रविवार सुबह जब हम लोग सो कर उठे तो देखा कि मेरे बेटे नीतीश कुमार का मोबाइल, पर्स और घर के बाहर खड़ी साइकिल चोरी हो चुकी थी। संवाद

## समाधान दिवस में बहनों पर भूमि कब्जाने का आरोप

इटवा। तहसील क्षेत्र के ग्राम बभनी निवासिनी ज्ञानमती ने तहसील समाधान दिवस में दिए प्रार्थना पत्र में बहनों पर उसकी भूमि कब्जाने का आरोप लगाया है। ज्ञानमती ने आरोप लगाया है कि मां ने उसके समेत पांच बहनों को बभनी गांव में स्थित जमीन पर को बराबर-बराबर हिब्बानामा करके सड़क से सटे भू-भाग पर कब्जा दिला दिया। परंतु उसके दूसरे दिन चार बहनों ने मिलकर सड़क से सटे गाटे के सभी जमीनों को अपने पतियों के नाम हिब्बानामा दिया। संवाद

## दो वारंटियों को किया गिरफ्तार

तिलौली। शिवनगर डिंडई पुलिस टीम ने थानाध्यक्ष शशांक सिंह के नेतृत्व में दो वारंटियों को गिरफ्तार कर रविवार को न्यायालय भेज दिया। थाना क्षेत्र के करही निवासी शुभ करन की पत्नी व सेमरहनी निवासी नंदलाल के विरुद्ध न्यायालय की ओर से वारंट जारी किया गया था। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक उदय सिंह, कांस्टेबल गुड्डू यादव, जय सिंह तथा पूजा यादव भी शामिल रहीं। संवाद

## वाहन चालान के विरोध में किया रास्ता जाम

जोगिया। जोगिया चौराहे पर स्थित दुर्गा पंडाल के बाहर पुलिस की ओर से चेकिंग कर वाहनों के चालान काटने के विरोध में लोगों ने रास्ता जाम कर नारेबाजी की। इससे नौगढ़ बांसी मार्ग पर एक घंटे तक जाम लगा रहा और कई वाहन फंसे रहे। जोगिया कस्बा में स्थित मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई है, जिसके बाहर पुलिस वाहनों की चेकिंग करते हुए चालान कर रही थी। इससे मौके पर वाहन खड़े होने से भीड़ बढ़ गई। जिससे नाराज होकर लोग दुर्गा पंडाल के सामने सड़क पर बैठकर प्रदर्शन करने लगे। संवाद

**सलाह** | **भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र ने जारी की एडवाइजरी, कहा- स्कैम को रिपोर्ट जरूर करें लोग**

# सीबीआई-ईडी डिजिटल अरेस्ट नहीं करतीं

नई दिल्ली, एजेंसी। देश में डिजिटल अरेस्ट के बढ़ते मामलों को देखते हुए भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) ने एडवाइजरी जारी की है। इसमें कहा कि सीबीआई, पुलिस, सीमा शुल्क विभाग, ईडी या न्यायाधीश वीडियो कॉल के जरिये लोगों को गिरफ्तार नहीं करते हैं। संघीय साइबर सुरक्षा एजेंसी ने ऐसे मामलों को स्कैम बताते हुए कहा कि लोग इंटरनेट का उपयोग करके किए गए ऐसे अपराधों के प्रति सचेत रहें।

शनिवार को जारी एडवाइजरी में आई4सी की ओर से कहा गया कि घबराएं नहीं, सतर्क रहें। सीबीआई, पुलिस, कस्टम, ईडी, न्यायाधीश वीडियो कॉल पर गिरफ्तार नहीं करेंगे। एडवाइजरी में व्हाट्सएप और स्काइप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के लोगो को दर्शाया गया है, ताकि दिखाया जा सके कि इनका उपयोग कर कॉल किए जाते हैं। आई4सी ने लोगों से इनकी रिपोर्ट नंबर 1930 या www.cybercrime.gov.in पर करने का आग्रह किया।



**1930 नंबर पर बताएं**

- इंटरनेट के इस्तेमाल में जागरूक रहना होगा
- घबराने के बजाय लोगों को सतर्कता की सलाह

## देश में 31 तरीके से साइबर फ्रॉड कर रहे हैं अपराधी

कानपुर। देश में हैकर्स अलग-अलग तरीकों से फ्रॉड कर लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। कोई लालच देकर बैंक अकाउंट खाली कर रहा है तो कोई फर्जी मेल भेज कर कंपनी का जरूरी डाटा ही उड़ा ले रहा है। ऐसे 31 अलग-अलग तरीकों को चिह्नित कर आईआईटी कानपुर अब लोगों को जागरूक कर रहा है। साइबर सुरक्षा जागरूकता माह के तहत संस्थान के सी3आई हब ने सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को जागरूक करना शुरू किया है।

---

**बढ़नी में तीन अक्तूबर की शाम नौ वर्षीय मासूम के साथ रेप की घटना के विरोध में लोगों ने कराया बाजार बंद, किया प्रदर्शन**

# दुकान बंद कराने की कोशिश पर गर्माया माहौल

बढ़नी (सिद्धार्थनगर), हिन्दुस्तान संवाद। बढ़नी कस्बे में तीन अक्तूबर की शाम नौ वर्षीय मासूम के साथ रेप की घटना को लेकर रविवार को आक्रोशित लोग सड़क पर उतर आए। उनके इस विरोध प्रदर्शन को कस्बे के माल गोदाम रोड, राम जानकी मंदिर रोड, बस स्टॉप व चट्टी बाजार के दुकानदारों ने दुकानें बंद कर विरोध का समर्थन दिया। गोला बाजार में एक दुकान खुली देख उसे बंद कराने को लेकर दुकानदार से बहस होने लगी। दुकानदार के समर्थन में दूसरे पक्ष से भी कई लोग आ गए। इससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। इसी दौरान कस्बे के सरस्वती शिशु मंदिर गली में दुकानें बंद करा रहे लोगों पर दूसरे पक्ष के कुछ युवक ईंट-पत्थर फेंकने लगे। एक युवक के हाथ में तलवार भी दिखी।

मामले की जानकारी होते ही एएसपी सिद्धार्थ, एसडीएम व तहसीलदार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। इस दौरान बाजार बंद करा रहे पक्ष के लोग एक घर की छत से पत्थरबाजी का आरोप लगाते हुए पथराव करने वाले को बाहर निकालने की मांग करते हुए नारेबाजी करने लगे। मामला बेकाबू होते देख पुलिस ने लाठियां भांजकर भीड़ को तितर-बितर किया। फिलहाल कस्बे में तनाव की स्थिति बनी हुई है। संवेदनशील क्षेत्रों में बड़ी संख्या में फोर्स तैनात कर दी गई है।



सरस्वती शिशु मंदिर गली में दुकानें बंद करा रहे लोगों पर ईंट-पत्थर फेंकते युवक।





बढ़नी के एक पक्ष के लोगों ने रविवार को आरोपित को फांसी देने व उसका घर गिराने की मांग को लेकर थानाध्यक्ष ढेबरुआ संतोष कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा।

> बढ़नी कस्बे में तीन अक्तूबर की शाम को हुई दुष्कर्म की घटना में तत्काल केस दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसी आरोपित को फांसी देने और उसका घर गिराने की मांग को लेकर कुछ लोगों ने रविवार को प्रदर्शन किया। ज्ञापन देकर वापस लौटते समय कुछ दुकानों को बंद कराने का प्रयास किया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हालात को नियंत्रित किया। मौके पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।
>
> सिद्धार्थ, एएसपी

### एसओ को सौंपा ज्ञापन

बढ़नी कस्बे के एक पक्ष के लोगों ने रविवार को माल गोदाम तिराहे पर एकत्र होकर बढ़नी की बेटी को न्याय दो, बलात्कारी को फांसी दो के नारे लगाए और थानाध्यक्ष ढेबरुआ संतोष कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील अग्रहरि, व्यापारी नेता प्रदीप कमलापुरी, विनीत कमलापुरी, अजय जायसवाल, विजय पांडेय, ध्रुव चतुर्वेदी, मनोज गोयल आदि मौजूद रहे।

### प्रदर्शन के बाद बढ़नी बाजार में पसरा रहा सन्नाटा: शोहरतगढ़।

ढेबरुआ थाना क्षेत्र के बढ़नी कस्बा में चार दिन पहले नौ वर्षीय मासूम संग रेप की घटना से नाराज एक पक्ष के लोगों ने रविवार को सड़क पर उतरकर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद कस्बे में सन्नाटा पसर गया है और चप्पे-चप्पे पर पुलिस का पहरा है। ड्रोन कैमरे की मदद से भी निगरानी की जा रही है।

वहीं पुलिस पत्थरबाजी व उपद्रव करने वाले लोगों की तलाश में जुट गई है। वहीं एक पक्ष की शिकायत पर गोलाबाजार के एक घर से एएसपी व एसडीएम ने दरवाजा खोलवाकर चार आरोपियों को बाहर निकाल कर पूछताछ के लिए थाने भेज दिया। वहीं दो अन्य लोगों को भी पुलिस ने एक जगह से पकड़कर जैसे ही सीओ की गाड़ी में बैठाई। एक पक्ष ने निर्दोष बताते हुए गाड़ी से नीचे उतरवा लिया।

# घर में घुसकर नकदी और गहने उड़ा ले गए चोर

**सोहना, हिन्दुस्तान संवाद।** त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के कटरिया बाबू गांव में शनिवार रात चोरों ने एक घर में घुसकर नगदी समेत लाखों रुपये के जेवरात को उड़ा लिया है। चोरों ने घटना को दरवाजे की कुंडी काटकर अंजाम दिया है। घटना की जानकारी पीड़ित परिवार को रविवार सुबह में हुई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुटी है।

कटरिया बाबू गांव निवासी पीड़ित वंश गोपाल यादव ने बताया कि शनिवार रात वह भोजन करने के बाद परिवार के साथ बरामदे में सोए हुए थे। रविवार सुबह में परिवार के लोग सोकर उठे तो घर का दरवाजा खुला और कुंडी कटा देखकर सन्न रह गए। घर के अन्दर घुसकर सामानों का मिलान किया तो पता चला कि घर के अन्दर रखा अटैची व संदूक गायब है। घर से गायब अटैची व संदूक गांव के उत्तर धान के खेत में टूट पड़ा हुआ मिला। पीड़ित ने बताया कि चोरों ने 20 हजारनगदी समेत एक लाख रुपये के जेवरात उठा ले गए हैं।

# वाहन का चालान करने के विरोध में प्रदर्शन

**जोगिया, हिन्दुस्तान संवाद।** जोगिया चौराहे पर रविवार की शाम पूजा पंडाल के पास खड़े वाहनों का चालान करने से नाराज चौराहे के लोगों ने सिद्धार्थनगर-बांसी मार्ग जाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। उन्होंने पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कुछ देर बाद पुलिस कर्मियों के समझाने पर जाम समाप्त किया।

दरअसल थानाध्यक्ष मनोज कुमार श्रीवास्तव पुलिस टीम के साथ रविवार की शाम जोगिया चौराहे पर वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान पुलिस ने दुर्गा पंडाल के किनारे खड़ी गाड़ियों का भी चालान कर दिया। इससे नाराज चौराहे के लोगों ने रवि जायसवाल के नेतृत्व में सड़क जाम कर दिया। उन्होंने पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी करने लगे। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि दुर्गा पूजा का समय चल रहा है। लोग परिवार के साथ मां के दर्शन पूजन करने आ रहे हैं। ऐसे में पूजा पंडाल के पास खड़ी गाड़ियों का चालान करना ठीक नहीं है।

कुछ देर बाद पुलिस कर्मियों के समझाने पर जाम कर रहे लोगों ने जाम समाप्त किया। एसओ मनोज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि चलती गाड़ियों का चालान हुआ है। बाकी आरोप निराधार हैं।



जोगिया चौराहे पर रविवार की शाम पूजा पंडाल के पास खड़े वाहनों का चालान करने से नाराज चौराहे के लोगों ने सिद्धार्थनगर-बांसी मार्ग जाम कर प्रदर्शन किया।

## माता के जयकारे से गुंजायमान रहे मंदिर, विद्युत झालरों और फूलों से भव्य सजावट आकर्षण का केंद्र

# देवी कूष्मांडा की भक्ति भाव से हुई आराधना

**नवरात्र**

**सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता।** शारदीय नवरात्र के चौथे दिन रविवार को माता के चौथे स्वरूप मां कूष्मांडा की पूजा अर्चना की गई। माता कूष्मांडा के दर्शन पूजन के लिए देवी मंदिरों में भक्त उमड़े रहे। देवी मंदिरों में माता के जयकारे गूंजते रहे। इस मौके पर देवी मंदिरों को भव्य तरीके से विद्युत झालरों से सजाया गया था। वहीं पंडालों के निर्माण में भी तेजी आ गई है।

नगर के श्री सिहेंश्वरी देवी मंदिर, बेलहिया स्थित दुर्गा मंदिर समेत पल्टा देवी मंदिर, योगमाया देवी मंदिर, कठेला में समय माता, गालापुर स्थित वटवासिनी देवी मंदिर, बांसी के सियरापार देवी मंदिर समेत अन्य दुर्गा मंदिरों पर सूर्योदय के पहले से ही भक्त पहुंच गए। भक्तों ने पहुंच कर माता कूष्मांडा की पूजा अर्चना की। घरों में भी स्थापित कलश में माता के चौथे स्वरूप मां कूष्मांडा का आह्वान कर पूजा अर्चना की। जिला मुख्यालय से 25 किमी दूर मां पल्टादेवी के दरबार में दर्शन पूजन के लिए भक्तों की कतार लग रही है। महिलाओं ने यहां देवी गीत भी सुनाए। श्रीसिहेंश्वरी देवी मंदिर के पंडित शारदा प्रसाद पांडेय बताते हैं कि मां आदि शक्ति की पूजा अत्यंत फलदायी है। शारदीय नवरात्र में माता की पूजा सभी को करनी चाहिए। मां सिद्धिदात्रि के दर्शन पूजन के लिए भकतों की कतार लग रही है। जिले के प्रमुख दुर्गा मंदिरों में सुरक्षा की तगड़ी व्यवस्था रही। मंदिर के मुख्य गेट से लेकर मंदिर परिसर में पुलिस के जवान



नगर स्थित श्री सिहेंश्वरी देवी मंदिर में पूजन-अर्चन करते भक्त।



शोहरतगढ़ के गड़ाकुल में स्थापित मां काली की प्रतिमा।

## महाकाली की आकर्षक प्रतिमा के दर्शन को उमड़ रही भीड़

शोहरतगढ़। शारदीय नवरात्र पर नगर पंचायत सहित ग्रामीण क्षेत्रों में मां दुर्गा के पूजा के साथ अन्य देवी देवताओं की पूजन अर्चन के लिए श्रद्धालु उत्साहित हैं। चारों ओर दुर्गा मां की जय जयकार व भक्ति गीतों से वातावरण भक्तमय बना हुआ है। नगर पंचायत के विभिन्न स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की जा रही हैं। कई जगहों पर प्रतिमाएं स्थापित भी की जा चुकी हैं। कस्बा के वार्ड दशरथ नगर महाकाली स्ट्रीट गड़ाकुल में नव युवक संघ दुर्गा पूजा समिति द्वारा स्थापित की गई।

# मंदिरों में सुरक्षा के लिए पुलिस तैनात

सिद्धार्थनगर। शक्ति की आराधना के पर्व नवरात्र को लेकर पुलिस ने इस बार विशेष इंतजाम किए हैं। मंदिरों में दर्शन पूजन को आने वाली महिला श्रद्धालओं की सुरक्षा को लेकर जिले के प्रसिद्ध मंदिरों में जगह-जगह बैरिकेटिंग के अलावे अतिरिक्त महिला पुलिस की व्यवस्था की गई है।

वहीं मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाएं गए हैं। एसपी ने जिले भर की पुलिस को स्पष्ट निर्देश दिया है कि रामलीला के आयोजन स्थल और मंदिरों में सुरक्षा व्यवस्था चुस्त-रुरूस्त रखा जाए। जिससे दर्शन को आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की दिक्कत न होने पाए। एसपी ने पुलिसकर्मियों को भीड़-भाड़ वाले इलाकों में सुरक्षा के विशेष इंतजाम करने को कहा है। साथ ही दुर्गा पूजा समितियों के पदाधिकारियों ने से अपील की है कि मेले के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा का स्वयं ध्यान रखें। इस दौरान अगर कोई असामाजिक तत्व भीड़ में किसी प्रकार की गलती करता है तो इसकी सूचना पुलिस को दें।

# गालापुर महाकाली मंदिर पर दीपोत्सव आज

**दीपोत्सव**

डुमरियागंज, हिन्दुस्तान संवाद। मां वटवासिनी गालापुर महाकाली मंदिर पर नवरात्र के पंचमी के दिन सोमवार की रात देवी जागरण व दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसकी तैयारियां पूरी हो गई हैं।

रविवार को पूर्व विधायक व धर्म रक्षा मंच के मुख्य संरक्षक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंच कर आयोजन समिति के पदाधिकारियों के साथ तैयारियों पर चर्चा की। पूर्व विधायक ने बताया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी देवी जागरण व फलाहार कार्यक्रम के साथ ही एक लाख से अधिक दीप जलाकर दीपोत्सव मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम भव्य होगा, इसलिए जिसको जो जिम्मेदारी दी गई है उसका निर्वहन निष्ठा पूर्वक करें। उन्होंने बताया की धर्म रक्षा मंच की ओर से पिछले 12 वर्षो से यह कार्यक्रम चल रहा है। हर साल बड़ी संख्या में श्रद्धालु कार्यक्रम में पहुंचते हैं।



गालापुर स्थित वटवासिनी महाकाली स्थान पर तैयारियों का जायजा लेते पूर्व विधायक।

इस बार जागरण कार्यक्रम में भजन गायक श्रवण सुल्तानपुरी अपनी टीम के साथ प्रस्तुति देंगे। इस अवसर पर मंदिर व्यवस्थापक ठाकुर प्रसाद मिश्र, पंडित विनोद मिश्र, लवकुश ओझा, दिलीप पाण्डेय, लालजी शुक्ल, रघुनंदन पाण्डेय, गणेश सिंह, गणेश विश्वकर्मा आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

## नियम कानून को दरकिनार कर जिम्मेदारों की आंखों के सामने भरते हैं फर्राटा

# हाईवे पर सवारियां बैठा बेखौफ फर्राटा भर रही हैं ट्रैक्टर-ट्रॉलियां

**हि पड़ताल**

- कृषि कार्य के लिए है रजिस्ट्रेशन कामर्शियल में कर रहे प्रयोग

**04** ट्रैक्टर-ट्रॉलियां ही सिर्फ कॅमर्शियल में हैं रजिस्टर्ड

**23509** ट्रैक्टर-ट्रॉलियों का जिले में है रजिस्ट्रेशन

सिद्धार्थनगर, हिन्दुस्तान टीम। सड़कों व हाईवे पर फर्राटा भर रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली हादसे का सबब बने रहे हैं। बावजूद जिम्मेदार इन पर कोई अंकुश नहीं लग पा रहे हैं। जिम्मेदारों के आंखों के सामने से नियम कानून को दरकिनार कर गुजर रहे इन वाहनों पर कार्रवाई न होने से इनका मनोबल बढ़ा हुआ है। इससे आए दिन कोई न कोई इनके रफ्तार का शिकार हो जाता है।

दरअसल जिले में 23509 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों का रजिस्ट्रेशन है। इसमें 23505 का कृषि कार्य के लिए जबकि सिर्फ चार का कामर्शियल के लिए रजिस्ट्रेशन हैं। बावजूद हजारों ट्रैक्टर-ट्रॉली सड़कों व हाईवे पर कामर्शियल काम में लगे हुए देखे जा सकते हैं। जिम्मेदारों की ओर से ऐसे वाहनों पर कार्रवाई न करने से इनका मनोबल बढ़ा हुआ है। ट्रैक्टर-ट्रॉली संचालक मिट्टी, गिट्टी, बालू सहित अन्य कार्यो में ट्रैक्टर-ट्रॉली का प्रयोग तो करते ही हैं। सवारियों को ढोने में भी कोताही नहीं करते। ऐसे वाहनों पर कभी कभार ही कार्रवाई होती है वह भी तब जब शासन की ओर से फरमान आता है या कोई बड़ी घटना हो जाती है। जिम्मेदार भी इन वाहनों को नजरअंदाज कर देते हैं। कृषि कार्य के लिए रजिस्टर्ड इन ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से कृषि कार्य तो बहुत कम कामर्शियल कार्य अधिक लिए जाते हैं।

इन वाहनों को चलाने वाले अधिकतर चालकों के पास ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं होता है। बावजूद धड़ल्ले से सड़कों पर फर्राटा भरते देखे जा सकते हैं। लोडेड ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की रफ्तार अधिक होने की वजह से जरूरत पर चालक इन पर नियंत्रण नहीं कर पाते हैं। इससे हादसे होते रहते हैं।



शोहरतगढ़-खुनुवा मार्ग पर रविवार को सवारियों को ले जाती ट्रैक्टर-ट्रॉली ।

> वाहनों के खिलाफ आए दिन अभियान चलता रहता है। शीघ्र ही नियम कानून का पालन न करने वाले ऐसे वाहनों पर अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी।
>
> –सुरेश कुमार, एआरटीओ

# साइकिल, पर्स व मोबाइल ले गए चोर

भनवापुर। त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के मन्नीजोत गांव में शनिवार की रात चोरों ने घर के बाहर खड़ी साइकिल, बरामदे में रखा पर्स व मोबाइल लेकर फरार हो गए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के मन्नीजोत गांव निवासी पीड़ित रामनरेश पुत्र शिवप्रसाद ने त्रिलोकपुर पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शनिवार की रात परिवार के लोग घर में सोए हुए थे। बेटा नीतीश घर के बरामदे में अपना मोबाइल व पर्स रखकर वहीं सोया था।

# कच्ची शराब के साथ एक महिला हुई गिरफ्तार

शोहरतगढ़। आबकारी विभाग की टीम ने कठेला समय थानाक्षेत्र के बालानगर व इटहिया गांव में छापेमारी कर 15 लीटर कच्ची शराब के साथ एक महिला को पकड़ लिया। पुलिस ने उस पर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। आबकारी निरीक्षक अमरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि बाला नगर निवासी वीरेंद्र की पत्नी संगीता काफी दिनों से कच्ची शराब बनाकर बेच रही थी। दबिश के दौरान वह भाग जाती थी। छापामारी के दौरान उसे पकड लिया गया।

# विद्यालय की बेटियों को किया गया जागरूक

शोहरतगढ़। क्षेत्र के परसिया स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में रविवार को परियोजना समन्वयक चाइल्ड हेल्पलाइन की ओर से मिशन शक्ति फेज पांच जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान लैंगिक समानता, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, बाल विवाह, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, कन्या सुमंगला योजना की जानकारी दी गई। मौके पर शिक्षिका सरिता यादव, सुनीता यादव, प्रीति जायसवाल आदि मौजूद रहीं।

# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया जागरूक

**खुनुवा(एसएनबी)।** कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय परसिया में शनिवार को मिशन शक्ति फेज 5 के तहत जागरूकता कार्यक्रम किया गया।

कार्यक्रम मे चाइल्ड हेल्पलाइन सिद्धार्थनगर के समन्यवक सुनीलकान्त उपाध्याय ने लैंगिक समानता, बेटी बचाओ बेटी पढ़ावो, बाल विवाह, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, कन्या सुमंगला योजना की विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए मौजूद लोगो के साथ बालिकाओ को जागरूक किये। इस दौरान विद्यालय की अध्यापिका सरिता यादव, सुनीता यादव , प्रीति आदि लोगो के साथ विद्यालय की बालिकाएं उपस्थित रही।

**बढ़या प्रतिनिधि के अनुसार** मिशन शक्ति के तहत ग्राम कठेला गर्वी टोला बिशुन पुर में कठेला समय माता पुलिस ने महिलाओं एंव बालिकाओं को जागरूक किया। उक्त जानकारी थानाध्यक्ष कठेला समय माता ने दी है इन्होंने बताया किबालिकाओं को गुड टच व बैड टच के बारे में जानकारी देने के अलावा महिला संबंधित अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्पलाइन 1090 वु मेन पवर लाइन, 181महिला हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाइल्ड केयर लाइन, 108 एंबुलेंस हेल्प लाइन, 101अग्निशमन हेल्प लाइन,14567 एल्डर हेल्प लाइन,1930 साइबर क्राइम हेल्प लाइन आदि की जानकारी देकर जागरूक किया गया है।

# दुष्कर्म के आरोपित को फांसी की मांग को लेकर सड़क पर उतरे लोग

## बढ़नी कस्बे में दुकान बंद कराने के दौरान दूसरे समुदाय ने की पत्थरबाजी, निकाली तलवार, एडिशनल एसपी, एडीएम, सीओ सहित पुलिस बल तैनात





तलवार लेकर दौड़ता युवक, इंटरनेट मीडिया व तीन दिन पहले बच्ची के साथ 60 वर्षीय वृद्ध द्वारा दुष्कर्म करने के विरोध में प्रदर्शन करते बढ़नी कस्बे में विभिन्न संगठनों के लोग • जागरण



विरोध के बाद बंद बढ़नी कस्बा • जागरण



तैनात पुलिस बल • जागरण

जागरण संवाददाता, बढ़नी : ढेबरुआ थाना क्षेत्र के बढ़नी कस्बे में तीन दिन पूर्व नौ वर्षीय बच्ची के साथ दूसरे समुदाय के 60 वर्षीय व्यक्ति द्वारा दुष्कर्म किए जाने पर रविवार को लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। दुष्कर्म के विरोध में विभिन्न संगठनों के लोगों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोपित के घर पर बुलडोजर चलाने तथा फांसी दिए जाने की मांग करते हुए ज्ञापन दिया। घटना के विरोध में बाजार पूरी तरह बंद रहा। दूसरे समुदाय के लोगों द्वारा छतों से पत्थरबाजी करने व तलवार निकाले जाने से तनाव की स्थिति पैदा हो गई। पत्थरबाजी में कई लोग घायल हो गए। भीड़ को हटाने के लिए पुलिस को लाठियां फटकारनी पड़ी। एएसपी, एडीएम, एसडीएम, सीओ भारी पुलिस बल के साथ मुस्तैद हैं। ड्रोन से निगरानी की गई। पीएसी की एक टुकड़ी तैनात की गई है।

नाबालिग से दुष्कर्म की घटना को लेकर बढ़नी कस्बा त्योहार के मौके पर संवेदनशील हो गया है। घटना के विरोध में युवा लोगों ने बैनर पर फांसी दिए जाने की मांग लिखकर बाजार में प्रदर्शन किया। इस दौरान कस्बा पूरी तरह से बंद रहा चाय-पान, फल आदि आदि की दुकानें तक नहीं लगी। रामलीला समिति ने बंद का समर्थन करते हुए बैरियर लगाकर रामलीला मैदान में वाहनों का प्रवेश बंद रखा। लोगों ने माल गोदाम तिराहे पर नुक्कड़ सभा की और उसके बाद प्रभारी निरीक्षक ढेबरुआ संतोष कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा। पुलिस द्वारा विधि अनुरूप सख्त कार्रवाई किए जाने के आश्वासन पर प्रदर्शन स्थगित करते हुए कुछ देर बाद दुकानें खोल दिए जाने की घोषणा की गई। इसी दौरान माल गोदाम तिराहे के निकट नीला बाजार में एक जूते व हेलमेट की दुकान को बंद न करने व बाहरी लोगों को बुलाकर बैठाए जाने को लेकर नोकझोंक होने लगी और फिर दुकानें बंद हो गईं।

**पत्थरबाजी से भड़के लोग:** बंदी का एलान होने के बाद जब दूसरे समुदाय का एक दुकान नहीं बंद किया गया तो विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों ने उस दुकान पर जाकर दुकान बंद करने के लिए आग्रह करने लगे। इसी दौरान उस दुकान पर नेपाल के कुछ युवकों को देखकर प्रदर्शनकारियों ने कहा कि दुकान पर बाहरी लोगों को क्यों बुलाया गया है, इसका मतलब क्या है। इसी दौरान एक टेलर की दुकान से पत्थर फेंका जाने लगा। पत्थरबाजी होता देख दूसरे पक्ष ने भी प्रतिरोध किया।

**तलवार लेकर दौड़ा युवक:** पुलिस की मौजूदगी में पत्थरबाजी के दौरान एक युवक द्वारा तलवार लेकर दौड़ पड़ने से दोनों पक्षों में झड़प की स्थिति पैदा हो गई। स्थिति की गंभीरता को भांप एसडीएम चंद्रभान सिंह व सीओ अजयकांत सिंह भीड़ को तितर-बितर कराने लगे और माइक से चेतावनी दी कि जो लोग बाहर से आए हैं और उपद्रवी होंगे उनको हिरासत में लिया जाएगा। इसके बाद पुलिस ने तलाशी अभियान चलाकर चार लोगों को पकड़ लिया। इसमें दो नेपाली भी शामिल हैं।

### टाफी लेने गई थी नाबालिग, आरोपित ने किया था दुष्कर्म

गुरुवार की शाम छह बजे नौ वर्षीय बच्ची टाफी लेने गई थी। आरोपित 60 वर्षीय निसार कुरैशी पुत्र मोहम्मद याकूब निवासी वार्ड चार भट्ठा मोहल्ला बढ़नी ने उसे पकड़ कर एक इंटर कालेज के पीछे ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। बच्ची जब घर आई तो पूरी बात अपने पिता को बताई। पिता की तहरीर पर पुलिस आरोपित पर केस दर्ज कर शुक्रवार की रात पौने नौ बजे पुलिस ने उसे मुखिया डिहवा के पास सरयू नहर पर बने पुल से गिरफ्तार कर लिया था।

दुष्कर्म के आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। लोगों ने आरोपित को फांसी दिलाने तथा घर पर बुलडोजर चलाने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया और कस्बा बंद करा रहे थे। इसी दौरान एक दुकान नहीं बंद होने पर हंगामा हुआ है। पुलिस मौके पर पहुंच कर स्थिति को संभाला। कस्बे में शांति व्यवस्था बनी हुई है।
सिद्धार्थ, एएसपी

# बढ़नी बाजार रहा बंद, तनाव बढ़ा

**बढ़नी (एसएनबी)।** बढ़नी कस्बे में 3 दिन पूर्व एक नाबालिग बालिका के साथ दूसरे समुदाय के अधेड़ द्वारा दुराचार किए जाने के विरोध में विभिन्न संगठनों के लोगों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने अभियुक्त के घर पर बुलडोजर चलाने तथा फांसी दिए जाने की मांग करते हुए ज्ञापन दिया।घटना के विरोध में बाजार पूरी तरह बंद रहा। इस दौरान कुछ लोगों ने पत्थरबाजी की व तलवार आदि निकाला जिससे तनाव की स्थिति पैदा हो गई। मौके पर भारी पुलिस बल के साथ एएसपी,एसडीएम, सीओ आदि कैंप किए हुए हैं।

- नाबालिग बालिका के साथ दुराचार का मामला
- विभिन्न संगठनों ने प्रदर्शन कर की नुक्कड़ सभा
- पत्थरबाजी व तलवार निकालने से बिगड़ा माहौल, चार धराए

इस घटना से बढ़नी कस्बा त्योहार के मौके पर फिर संवेदनशील हो गया। घटना के विरोध में आज प्रातः लोगों ने बैनर में मांग लिखकर बाजार में प्रदर्शन किया। इस दौरान कस्बे में अभूतपूर्व बंदी देखी गई, चाय पान की दुकानें, ठेले आदि की दुकानें तक नही लगी। रामलीला समिति ने बंद का समर्थन करते हुए बैरियर लगाकर रामलीला मैदान में गाड़ियों का प्रवेश बंद रखा।लोगों ने मालगोदाम तिराहे पर नुक्कड़ सभा की और उसके बाद अपना मांग पत्र मौके पर मौजूद रहे एसओ ढेबरुआ संतोष कुमार सिंह को सौंपा। पुलिस द्वारा विधि अनुरूप सख्त कार्रवाई किए जाने के आश्वासन पर प्रदर्शन स्थगित करते हुए कुछ देर बाद दुकानें खोल दिए जाने की घोषणा की गई।

बताते हैं कि इसी दौरान माल गोदाम तिराहे के निकट गोला बाजार में एक जूते व हेलमेट की दुकान को बंद न करने व वहा बाहरी लोगो बुलाकर बैठाए जाने को लेकर नोंक झोंक होने लगी। कहा जा रहा है की इसी दरम्यान एक टेलर की दुकान से पत्थर फेंका जाने लगा। पत्थरबाजी होता देख दूसरे पक्ष ने भी प्रतिरोध किया। पुलिस के मौजूदगी के बावत कुछ ही मिनटों में शरारती युवकों द्वारा पत्थर फेंकने के साथ ही तलवार लेकर दौड़ पड़ने से दोनो पक्षों में झड़प की स्थिति पैदा हो गई। स्थिति की गंभीरता को भांप एसडीएम चंद्रभान सिंह एवम सीओ अरुणकान्त सिंह भीड़ को तितर बितर कराने लगे और माइकिंग के जरिए कहा कि जो लोग भी बाहरी आए होंगे व उपद्रवी होंगे उनको हिरासत में लिया जाएगा। इसके बाद पुलिस ने तलाशी अभियान चलाकर 4 लोगो को पकड़ा और उन्हें थाने ले गए।इस दौरान कस्बा अशांत रहा मौके पर एएसपी के साथ ही एसडीएम,सीओ, तहसीलदार कैम्प किए रहे। स्थिति को संभालने के लिए एसओ कठेला, एसओ शोहरतगढ़, एसओ चिल्हिया आदि लगाए गए है। पीएसी की एक टुकड़ी के अलावे भारी संख्या में पुलिस बल लगाई गई है तथा ड्रोन से निगरानी की जा रही है। लोगों ने चौकी इंचार्ज बढ़नी की कार्यशैली को लेकर भी आक्रोश जताया।पत्थरबाजी में करीब आधा दर्जन लोग चोटिल बताए जा रहे है। प्रदर्शन करने व नुक्कड़ सभा में नपं चेयरमैन सुनील अग्रहरि, हियुवा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष,भानु प्रताप सिंह, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष विनीत कमलापुरी,युवानेता गणेश अग्रहरि, मनोज पाण्डेय, राजकुमार अग्रहरी, उपेंद्र पांडेय, संतोष मद्धेशिया, मनोज गोयल, बिल्लू सिंह,रमेश मौर्य, अजय जायसवाल, विष्णु अग्रहरि, आशीष अग्रहरि, राजेश्वर साह, सचिन गोयल, दुर्गेश पाण्डेय,ध्रुव चतुर्वेदी आदि रहे।



जनसभा करते व प्रशासन को ज्ञापन सौंपते प्रदर्शनकारी।

# दो वारंटियों को गिरफ्तार कर भेजा न्यायालय

**डिंडई (एसएनबी)।** डिंडई थाना पुलिस टीम ने दो वारंटियों को गिरफ्तार कर रविवार को न्यायालय भेज दिया। थाना क्षेत्र के करही निवासी शुभ करन की पत्नी तथा सेमरहनी निवासी नन्दलाल पुत्र बेचन के विरुद्ध न्यायालय द्वारा वारंट जारी किया गया था। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक उदय सिंह, कां0 गुड्डू यादव, का0 जय सिंह तथा म0कां0 पूजा यादव भी शामिल रहीं।

# सीओ के नेतृत्व में निकाला गया पैदल मार्च

**बढनीचाफा (एसएनवी)।** नगरपंचायत बढनी चाफा मुख्य बाजार में पुलिस क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज सतीशचन्द्र पांडेय के नेतृत्व मे आज आगामी त्योहारों को शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाने हेतु दंगा नियंत्रण रिहर्सल और पैदल मार्च किया गया। इस बारे में क्षेत्राधिकारी ने नगर वासियो से शांतिपूर्वक त्यौहार मनाने का आह्वान किया और कहा कि कोई भी ब्यक्ति अगर अशांति फैलायेगा तो उसके साथ प्रशासन कडी से कडी कार्यवाही करेगा। इस अवसर पर थानाध्यक्ष रामदेव, एसआई रामगति, गेंदालाल,रामसिंह, हेडकांशटेबल, सुरेंद्र कुमार, संतोष कुमार,जयबिन्द्र सिंह, अजय चौहान आदि उपस्थित रहे।

# दो वारंटी गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर : थाना शिवनगर डिड़ई पुलिस दो वारंटियों को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया है। आरोपितों का नाम करही निवासी कलावती पत्नी शुभ करन व सेमरहनी निवासी नंदलाल पुत्र बेचन है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक उदय सिंह, सिपाही गुड्डू यादव, जय सिंह व पूजा यादव शामिल रहे।

# छोटी बातों पर अपनों की जान लेने से नहीं कर रहे गुरेज

**केस- एक** : चिल्हिया थाना क्षेत्र के संतोरी गांव निवासी 21 वर्षीय अमित पुत्र संतोष चौधरी की हत्या इसी दो अक्टूबर को उसकी पत्नी ज्योति ने कर दिया। पति ने महिला से जेब खर्च के लिए पैसा मांगा, उसकी पत्नी ने पैसा देने से इन्कार कर दिया। इसके बाद दोनों के बीच कहासुनी हुई। पति अपने कमरे में सोने चला गया। कुछ देर बात कमरे में गई उसकी पत्नी ने गले में पहने टाई से गला घोंटकर पति की हत्या कर दी।

**केस- दो** : लोटन कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में चार दिन पूर्व घर के बाहर खेल रही छह वर्षीय बच्ची गायब हो गयी। शनिवार को उसका शव घर के सामने स्थित पोखरे में मिला। पुलिस की जांच मे पता चला कि प्रेम संबंध में बच्ची की मां ने ही बेटी की हत्या कर दी। ताकि उसके करतूत की पोल न खुलने पाए।

**केस- तीन** : 30 अगस्त को गोल्हौरा थाना क्षेत्र के चाइजोत गांव मे एक पिता की हत्या उसके बेटे ने शराब पीने से मना करने पर कर दिया। गांव निवासी रामकुमार पुत्र रमई (56) का लड़का विजय कुमार घटना की रात को शराब के नशे में घर पहुंचे तो पिता रामकुमार ने उसे शराब पीने से मना किया। उसे डांट फटकार लगाई। इससे नाराज पुत्र ने घर के बगल से गुजरी इंटरलाकिंग सड़क से ईंट उठाकर पिता के सीने पर कई बार मार दिया। जिससे उसकी मृत्यु हो गयी।

**केस- चार** : तीन सितंबर को डुमरियागंज थाना क्षेत्र के मेंहदी हरदो गांव में पिता और पुत्र ने मिलकर बेटे के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इसी दौरान 28 वर्षीय अर्चना गौतम की मृत्यु हो गई। घटना घरेलू विवाद के चलते हुई। मृतका आरोपित पिता का बेटी थी।

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर** : जिले में पिछले एक सप्ताह के भीतर हुई दो घटनाओं ने लोगों को सोचने को मजबूर किया है। लोगों को गुस्सा इतना आने लगा है कि छोटी-छोटी बातों पर अपनों की जान लेने से भी गुरेज नहीं कर रहे हैं। घर परिवार से ऊपर होकर साथ जीने मरने की कसम खाने और प्रेम विवाह करने वालों के बीच छह माह भी संबंध ठीक नहीं रह पा रहा है। शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र में लव मैरिज करने वाली लड़की ने छह माह के भीतर ही पति की गले में पहने टाई से गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस ने जब उसे पकड़ा तो उसने पति के पैसा मांगने से गुस्से में आकर हत्या करने की बात स्वीकार्य की। इसी प्रकार लोटन थाना क्षेत्र में एक पांच वर्षीय बच्ची की हत्या उसकी मां और चाचा ने मिलकर कर दिया। दोनों घटनाओं से यह साफ साबित हो रहा है कि अब लोगों के लिए शायद रिश्ते की अहमियत नहीं रह गयी है।

जिले में छोटी-छोटी बातों में लोग रिश्ते को भूल जा रहे हैं। उन्हें इस बात का भी भान नहीं रहता है कि उन्हें अपनों के साथ किस तरह का संबंध रखना चाहिए। पिछले कुछ माह में विभिन्न थाना क्षेत्रों में हुई कुछ घटनाओं ने समाज को सोचने को मजबूर कर दिया है। अपनों की हुई हत्या के बाद तमाम लोग डरे सहमे हैं। लोगों को यह भी नहीं सूझ रहा है कि आखिर वह घर के सदस्यों के साथ किस तरह से पेश आएं।

### क्या कहते हैं मनोचिकित्सक

माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कालेज के वरिष्ठ मनोचिकित्सक डा. मोहम्मद अफजल का कहना है कि अपनों की हत्या के पीछे तनावपूर्ण जीवन, घरेलू समस्याएं, मानसिक रोग, अवैध रिश्ते, खुद की इच्छाएं, व्यक्तिगत समस्याएं जैसे लव अफेयर, मैरिज, सैटलमेंट, भविष्य की पढ़ाई आदि कारण होता है।



डा. मोहम्मद अफजल

BCA B.Sc (IT)

# बच्ची की हत्या में शामिल मां व चाचा गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, लोटन** : थाना लोटन पुलिस ने छह वर्षीय बच्ची की हत्या के मामले में मृतका की मां और उसके चाचा को रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दोनों ने अवैध संबंधों की जानकारी बच्ची को होने के बाद उसकी हत्या किया था। बच्ची चार दिन पूर्व घर के बाहर खेलने के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गयी थी। शनिवार को उसका शव घर के बाहर स्थित पोखरे में मिला था। प्रभारी निरीक्षक जोगिया राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि गुरुवार को बच्ची के अपहरण की झूठी कहानी गढ़कर हत्यारोपितों ने पुलिस व गांव वालों को गुमराह किया था। पुलिस के सक्रियता से बच्ची के हत्या के मामले का पर्दाफाश शनिवार को हो गया था।

# त्योहारी सीजन में सता रही पार्किंग की चिंता

सुंदर स्वच्छ बाजार

जागरण अभियान

- अतिक्रमण व अवैध टैक्सी स्टैंड बर्डपुर कस्बे की प्रमुख समस्या
- वाहन पार्किंग की व्यवस्था न होने से बढ़ गई राहगीरों की मुश्किलें
- पटरियों पर जाम होने से दुकानों तक नहीं पहुंच पाते ग्राहक

---

- दस हजार की आबादी होती है प्रभावित
- सुबह और शाम लगता है अधिक जाम
- जाम में फंसने पर दो हजार बच्चों को स्कूल पहुंचने में होती देरी
- 10 लाख रुपये का रोज होता है कारोबार प्रभावित

जागरण संवाददाता, बर्डपुर : दशहरा, धनतेरस, दीपावली, छठ के पर्व पर बाजारों में खरीदारी बढ़ जाती है। पर्व के दौरान बिना किसी रोक-टोक के लोगों की भीड़ घरों से बाहर निकली तो हर किसी को जाम की समस्या से जूझना पड़ेगा। अवैध पार्किंग व नगर पंचायत कपिलवस्तु में फुटपाथ पर दुकानें लोगों की समस्या को और बढ़ा रही हैं। पटरियों पर लगी दुकानों से जाम होने से पीछे की ओर मौजूद दुकानों पर ग्राहक पहुंच ही नहीं पाते हैं। अवैध अतिक्रमण को हटाए बिना और पार्किंग व्यवस्था के अभाव में त्योहार की रौनक गायब होती जा रही है।

इंडो नेपाल सीमा व कपिलवस्तु विश्वविद्यालय के नजदीक होने से बर्डपुर प्रमुख कस्बा होने के कारण इसका महत्व और अधिक बढ़ जाता है। कस्बे में खरीदारी करने या अन्य जरूरी कार्यों से आने वाले लोग एनएच 231 के बीच में ही वाहनों को खड़ा करने से आवाजाही करने वाले लोगों की परेशानी बढ़ जाती है। वाहन खड़ी करने के लिए पार्किंग की व्यवस्था व टैक्सी स्टैंड न होना जाम की समस्या का मुख्य कारण है। सामान्य हाट हो या त्योहारी बाजार की राह में सड़कों और फुटपाथ अवैध पार्किंग रोड़ा बन रही है। अतिक्रमण से तंग रास्तों व कस्बे में वाहन खड़ा करने की जगह तक नहीं मिलेगी। इससे हर किसी को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। मुख्य चौराहे के पास ही बुद्ध विद्यापीठ इंटर कालेज व मां दुर्गा का मंदिर है। विद्यालय में 1500 से अधिक छात्र शिक्षा ग्रहण करने आते हैं। छुट्टी के समय यहां पैर रखने तक की जगह नहीं बचती। धनतेरस व दीपावली के मौके पर सुबह से ही लोग खरीदारी के लिए घरों से बाहर निकलते हैं। सबसे अधिक भीड़ पूजन-अर्चन करने वालों की होती है।

व्यावसायिक वाहनों का अवैध अतिक्रमण व पार्किंग व्यवस्था न होने के कारण अक्सर जाम में फंसना पड़ता है। नगर पंचायत में जाम की समस्या आए दिन लोगों को अभी से परेशान कर रही है। बर्डपुर बाजार में तमाम दुकान पटरियां पर लगती हैं। त्योहारों के समय बर्तन, इलेक्ट्रानिक, मिठाई, लाई और खाजा आदि के दुकानदार भी अस्थायी दुकानें लगा लेते हैं। इनकी संख्या का कोई हिसाब नहीं है।



बर्डपुर मुख्य चौराहे पर अवैध तरह से खड़े वाहन।



बर्डपुर कस्बा के मुख्य चौराहे पर टैक्सी वाले अवैध पार्किंग बना रखे है। जिस कारण आए दिन समस्या खड़ी होती है। इन्हीं टैक्सी के कारण दो बड़े हादसा कस्बे में हो चुका है। **गणेश जायसवाल, व्यापारी**



त्योहार मे खरीदारी करने वालों की भीड़ बढ़ती है। पार्किंग न होने से लोग सड़क की पटरियों पर वाहन खड़े कर देते हैं। जिससे जाम की समस्या पैदा हो जाती है।
**अनिल यादव, सोनबरसा**



नवरात्र मे कस्बे को जाम से बचाने के लिए नपं प्रशासन को आवश्यक व्यवस्था करनी चाहिए। पार्किंग व अवैध अतिक्रमण को अभियान चलाकर हटाया जाना चाहिए। ग्राहक ठेलों से खरीदारी करते हैं।
**राम मिलन जायसवाल, व्यापारी**



धनतेरस, दशहरा जैसे त्योहार में कस्बे मे हर तरह जाम की समस्या प्रति वर्ष होती है। इसकी वजह से कस्बे मे रहने वाले लोगों को सर्वाधिक परेशानी होती है। समस्या का स्थायी समाधान किया जाना चाहिये।
**शिवकुमार मोदनवाल, बर्डपुर**

# तीन नामजद सहित 200 व्यक्तियों पर मुकदमा

सिद्धार्थनगर : नगर पंचायत बढ़नी की घटना में प्रदर्शन करने को लेकर पुलिस ने तीन नामजद सहित हिंदू–मुस्लिम समुदाय के 200 अज्ञात व्यक्तियों पर मुकदमा दर्ज किया है। इन पर सड़क जाम करने, पुलिस पर पथराव करने, सरकारी कार्य में बाधा डालने सहित विभिन्न आरोपों में मुकदमा दर्ज किया गया है। नामजद आरोपितों में विवेक कुमार गुप्ता पुत्र मदन गुप्ता निवासी वार्ड नंबर नौ रामजानकी मंदिर, दुर्गेश पाण्डेय पुत्र गौकरन पाण्डेय निवासी वार्ड नंबर दो मुड़िला खास व पंक चौहान पुत्र बल्ली निवासी वार्ड नंबर दो मुड़िला खास शामिल हैं।



विशुनपुर स्थित पंडाल में महिलाओं को सुरक्षा बिंदु पर किया जाता जागरूक • जागरण

# नवरात्र पर सुरक्षा को लेकर जागरूक की गईं महिलाएं

जागरण संवाददाता, बढ़या : कठेला समय माता थाना पुलिस ने रविवार को ग्राम कठेला गर्वी के टोला विशुनपुर में मिशन शक्ति दीदी अभियान चलाया। शारदीय नवरात्र में प्रतिमा पंडालों में बालिकाओं एवं महिलाओं को नारी सुरक्षा एवं महिला सशक्तीकरण विषय पर जागरूक किया। इस दौरान एंटी रोमियो, साइबर अपराध सुरक्षा के बारे में भी जानकारी दी गई।

उप निरीक्षक सुमेर यादव ने कहा कि महिला सुरक्षा के प्रति सभी लोगों को जागरूक रहने की आवश्यकता है। सभी महिलाएं निडर रहें, आवश्यकता पड़ने पर हेल्पलाइन अथवा पुलिस की मदद लें। महिला आरक्षी निधि सिंह ने महिलाओं एवं बच्चों के साथ हो रहे अपराध के बारे में जानकारी दी। गुड और बैड टच के बारे में बताया। अपराध पर अंकुश लगाने के लिए सभी से अपने अधिकारों के प्रति सचेत रहने का आह्वान किया। महिला आरक्षी करिश्मा ने 1090, 181, 1076, 112, 1098, 108, 101, 14567, 1930 जैसी हेल्पलाइन के बारे में जानकारी दी। सभी से आह्वान किया कि विकट परिस्थिति में घबराने के बजाए हेल्पलाइन पर फोन करके सहायता प्राप्त करें। पुलिस त्वरित मदद के लिए उपलब्ध मिलेगी। आरक्षी संदीप पासवान ने साइबर अपराध के बारे में बताते हुए सभी से सतर्कता बरतने पर जोर दिया।

SANT KABEER NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:-07-10-2024

# सरयू नदी में लापता व्यक्ति की खोज में जुटी एसडीआरएफ



तुरकौलिया गांव स्थित सरयू नदी के निकट लोगों से पूछताछ करती पुलिस • जागरण

जागरण संवाददाता, धनघटा: सरयू नदी में डूबे धनघटा थाना के तुरकौलिया गांव निवासी एक व्यक्ति की खोजबीन में रविवार को स्टेट डिजास्टर रेसपांस फोर्स (एसडीआरएफ) की टीम लगी रही। काफी प्रयास के बाद भी लापता चल रहे इस व्यक्ति का पता नहीं चला।

धनघटा थाना के तुरकौलिया गांव निवासी 55 वर्षीय अधारे पुत्र राजबली शनिवार को गांव स्थित एमबीडी बंधे के पास शौच के लिए गए थे। पानी छूने के दौरान उनका पैर फिसल गया। इससे वह सरयू नदी में डूब गए थे। स्थानीय लोगों ने जाल डालकर खोजने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। इस लापता व्यक्ति की खोज में जुटी पुलिस एसडीआरएफ को बुलाई। इस टीम ने रविवार को तुरकौलिया गांव स्थित सरयू नदी में खोजबीन की। इस दौरान परिवार के सदस्य निराश मुद्रा में बैठे रहे।

- पानी छूने के दौरान पैर फिसलने से नदी में डूब गए थे अधेड़
- एमबीडी बंधे पर शौच के लिए गया था तुर्कवलिया निवासी

इस टीम ने अशरफपुर, जगदीशपुर आदि गांवों के पास भी सरयू नदी में खोजबीन की लेकिन उनका पता नहीं चला। थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि एसडीआरएफ की टीम पुनः सोमवार को खोजबीन करेगी।

# जनपद में लालच देकर गरीबों का कराया जा रहा मतांतरण

## इसके लिए सबसे पहले गांवों में चिह्नित किए जाते हैं गरीब



मतांतरण की सूचना के बाद कोतवाली में पहुंचे लोग • जागरण



संतकबीरनगर पुलिस की हिरासत में मतांतरण का आरोपित मोहित• फोटो पुलिस मीडिया सेल

• प्रार्थना सभा के माध्यम से ईसाई धर्म को बताया जाता है बड़ा

• गरथवलिया गांव में हर रविवार को हो रही थी प्रार्थना सभा

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : जनपद में मतांतरण के पीछे एक पूरा गिरोह काम कर रहा है। पिछले कुछ वर्षों से कई जगहों पर मामले सामने आ चुके हैं। गांव में जब कुछ लोग इसका विरोध करते हैं तो मतांतरण कराने वाले दूसरी जगहों का रुख कर लेते हैं। गरथवलिया गांव में भी पिछले कुछ महीनों से हर रविवार को प्रार्थना सभा हो रही थी। ईसाई धर्म का प्रचार करके गरीबों का मतांतरण कराया जा रहा था। कुछ लोग अपना मत परिवर्तन भी कर लिए थे। हिंदू देवी-देवताओं के विरोध की जानकारी होने पर कुछ लोग उग्र हो गए और पुलिस को बुला लिया।

ग्रामीणों ने बताया कि हर रविवार को प्रार्थना स्थल पर भोजन बनता है। मतांतरण कराने वाले बदल-बदल कर भोजन बनवाते हैं और लोगों को खिलाते हैं। यह लोग बताते कि प्रभु ईशू की शरण में आने मात्र से सारी समस्या दूर हो जाती हैं। देवी-देवताओं के संबंध में अपमानजनक शब्द भी कहे जाते हैं। इनका एक बड़ा गिरोह है जो गरीबों का मत परिवर्तन करा रहा है।

**आरोपितों के समर्थन और विरोध में कोतवाली पहुंचे थे लोग :** कोतवाली पुलिस ने मतांतरण करा रहे दो आरोपितों को गिरफ्तार करके कोतवाली लेकर पहुंची थी। थोड़ी देर बाद ही बड़ी संख्या में लोग आरोपितों के समर्थन में पहुंच गए। उनका कहना था कि पुलिस उन्हें जबरन उठाकर लाई है। इस दौरान कुछ देर के लिए हंगामा भी हुआ। बाद में पुलिस ने सभी को समझा बुझाकर शांत कराया। हालांकि मतांतरण की सूचना पर बजरंग दल के विजय ठाकुर, शुभम राय, समेत बड़ी संख्या में लोग पहुंच गए और पुलिस से मतांतरण में शामिल आरोपित पर कार्रवाई की मांग करने लगे। मामले में शामिल अन्य लोगों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की धमकी भी दी।

**मतांतरण मामले में केरल के दंपती को भेजा गया था जेल :** 10 माह पूर्व 11 दिसंबर को धौरापार अव्वल गांव की निर्मली निषाद की तहरीर पर मतांतरण के लिए प्रेरित करने और देवी-देवताओं पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में केरल प्रांत के पंतनम टिटा जिला के थीरुवल्ला थाना के थीपन्नी गांव निवासी जोस पुल्लूलवेलिल व उनकी पत्नी एलम्माजोस को पुलिस ने औरही गांव से गिरफ्तार कर जेल भेजा था। आरोपित पर लोगों के मतांतरण का आरोप लगा था।

सीओ व कोतवाली प्रभारी ने पटरियों का किया निरीक्षण, लोगों से की पूछताछ पर नहीं मिली ठोस जानकारी

# साइकिल रखने के मामले में पटरी के आसपास जांच शुरू

जासं, संतकबीर नगर : शनिवार को खलीलाबाद शहर स्थित रेल की पटरी पर साइकिल रखने के मामले की जांच रेलवे व स्थानीय पुलिस जुटी हुई है। रेल पटरी के आसपास के सीसी कैमरे की जांच की जा रही है। रेल ट्रैक पर साइकिल को किसने और कब रखा, इसके पीछे उसका उद्देश्य क्या था, सहित अन्य बिंदुओं पर पुलिस की नजर है। फिलहाल पुलिस के हाथ कुछ नहीं लगा है।

कोतवाली खलीलाबाद के गायत्री मंदिर के पास रेल की पटरी पर साइकिल रखी हुई थी। शनिवार की सुबह के समय गोरखपुर से साबरमती-गुजरात जाने वाली अहमदाबाद एक्सप्रेस के इंजन में साइकिल फंस गई थी। इसके बाद ट्रेन के चालक ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोक दिया था। इसकी सूचना तुरंत कंट्रोल रूम को दी थी। इसकी सूचना मिलते ही रेलवे व पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। एसपी सत्यजीत गुप्ता और एएसपी सुशील कुमार सिंह के साथ बड़ी संख्या में पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे थे। ट्रैक पर साइकिल को किसने और कब रखा, इसके पीछे उसका उद्देश्य क्या था, सहित अन्य बिंदुओं पर पुलिस जांच शुरू की। रेल की पटरी के आसपास के घरों में लगे सीसी कैमरे के जरिए घटना की जांच करने लगी। रविवार को क्षेत्राधिकारी अजीत चौहान, कोतवाली प्रभारी सतीश कुमार सिंह ने पुलिस कर्मियों के साथ रेलवे ट्रैक का निरीक्षण किया। रेल पटरी के आसपास के घरों में रहने वाले लोगों से पूछताछ की।



खलीलाबाद में रेल पटरी के आसपास जांच करते अधिकारी • जागरण

### लोको पायलट ने बस्ती आरपीएफ थाने में दर्ज कराया मुकदमा

**रेल की पटरी पर रख दी गई थी साइकिल, इंजन में फंस गई थी, ट्रेन को रोकनी पड़ी, इसे निकाला गया, तब रवाना ट्रेन हुई**

ट्रेन के लोको पायलट रामशरण की तहरीर पर शनिवार को आरपीएफ बस्ती थाने में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। आरपीएफ थाना बस्ती के प्रभारी संजय मिश्र ने बताया कि अहमदाबाद एक्सप्रेस के लोको पायलट ने तहरीर में उल्लेख किया है कि मगहर–खलीलाबाद के बीच किसी अज्ञात व्यक्ति के जरिए रेल की पटरी पर साइकिल रख दी गई थी। इससे साइकिल ट्रेन के इंजन में फंस गई। इसके कारण ट्रेन को रोकनी पड़ी। इंजन में फंसी साइकिल को बाहर निकाला गया। इसके बाद ट्रेन यहां से रवाना हुई। यह कृत्य यात्रियों को खतरा पहुंचाने के उद्देश्य से किया गया। इस मामले में अज्ञात के खिलाफ रेल एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# पुरानी रंजिश को लेकर मां–बेटे की पिटाई, मुकदमा

जासं, महुली : महुली थाना के सतहरा गांव में शनिवार की देर रात पुरानी रंजिश को लेकर उसी गांव के लोगों ने मां–बेटे की पिटाई कर दी। इस मामले में पीड़ित बेटे की तहरीर पर पुलिस ने रविवार को छह आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

तहरीर में सतहरा गांव निवासी आकाश गौड़ पुत्र रामगति ने उल्लेख किया है कि वह शनिवार की रात करीब नौ बजे पुराने घर में भोजन करने के बाद नये वाले मकान में सोने जा रहे थे। वह नए घर के करीब पहुंचे थे। इसी दौरान पुरानी रंजिश को लेकर उनके गांव के सुदेश, संदीप, मुन्नीलाल, विक्रम, रंजीत व दीपक उन्हें पीटने लगे।

# संतकबीर नगर में मतांतरण के प्रयास में दो लोग गिरफ्तार

- ईसाई धर्म के प्रचार-प्रसार में लगे आरोपितों पर हिंदू देवी-देवताओं के प्रति भड़काने का आरोप
- हिरासत में लिए गए आरोपितों के समर्थन में जुटे लोग, हिंदू संगठनों के सदस्यों ने किया हंगामा

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : हिंदू धर्म और देवी-देवताओं के प्रति अपमानजनक टिप्पणी कर मतांतरण कराने के आरोप में पुलिस ने रविवार को तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज कर दो को गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों के समर्थन में कुछ लोगों ने थाने पर हंगामा किया। बजरंग दल समेत हिंदूवादी संगठनों के सदस्य भी थाने पहुंच गए। कोतवाली पुलिस ने जांच का आश्वासन देकर सभी को शांत कराया।

गरथवलिया गांव में मतांतरण की सूचना पर पुलिस ने छापेमारी की। यहां प्रार्थना सभा में कई लोग मौजूद थे। आरोप है कि यहां ईसाई बनने के लिए लोगों को प्रेरित किया जा रहा था। गांव के अमरनाथ शर्मा ने तहरीर दी। बताया कि गांव के मोहित, कमलेश तथा बस्ती के गुलरिया सिसवा का रहने वाला श्रवण पिछले कुछ दिनों से नहर पुलिया के पास टीन शेड के मकान में प्रार्थना सभा आयोजित कर रहे थे। गरीब महिलाओं एवं पुरुषों को प्रलोभन देकर ईसाई बनने के लिए दबाव बनाया जा रहा था। वह लोगों से देवी-देवताओं की प्रतिमाएं फेंकने को कहते थे। पुरुषों का रक्षासूत्र, महिलाओं से बिछिया, पायल और मंगलसूत्र निकलवा देते हैं। गांव के तीन युवकों का मतांतरण कराया जा चुका है।

> गरथवलिया में प्रार्थना सभा कर मतांतरण के प्रयास की सूचना पर छापेमारी की गई। मोहित, कमलेश और श्रवण के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मोहित को जेल भेज दिया। श्रवण भी गिरफ्तार हो गया है। कमलेश की तलाश चल रही है।
>
> **-सत्यजीत गुप्ता**, पुलिस अधीक्षक, संतकबीर नगर

संबंधित खबर » 5



धर्म परिवर्तन कराने वालों की गिरफ्तारी के बाद कोतवाली पहुंचे ग्रामीण।

# प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन कराने वाले दो गिरफ्तार

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र स्थित गरथवलिया में पुलिस ने रविवार को एक धर्म विशेष की प्रार्थना सभा प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन कराने के झोलाछाप डॉक्टर समेत दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। एक अन्य की पुलिस तलाश कर रही है।

गरथवलिया निवासी अमरनाथ शर्मा ने पुलिस को तहरीर दी। आरोप लगाया कि उसके गांव में नहर पुलिया के पास एक टिनशेड में गांव के मोहित व कमलेश तथा बस्ती जनपद के गुलरिया सिरमा-सिसवा निवासी श्रवण एक धर्म विशेष की प्रार्थनासभा कराते हैं। गरीब महिलाओं और पुरुषों को लालच देकर बुलाते हैं और उनका धर्म परिवर्तन कराते हैं। मोहित, श्रवण और कमलेश प्रवचन करते हैं। रविवार को भंडारा होता है। भोजन बदल-बदल कर बनता है। ये एक धर्म को काफी प्रभावशाली बताते हैं। कहते हैं कि उस धर्म की प्रार्थना करने पर सभी समस्याएं दूर हो जाएंगी। मोहित झोलाछाप डॉक्टर है।अमरनाथ ने आरोप लगाया कि ये लोग देवी-देवताओं की मूर्तियां फेंकने और महिलाओं से बिछिया, पायल एवं लॉकिट उतार देने को कहते हैं। रक्षा सूत्र कटवा देते हैं। कुछ लोगों का धर्म परिवर्तन करा चुके हैं। कोतवाल ने बताया कि इस मामले में केस दर्ज किया गया। गरथवलिया में चल रही प्रार्थना सभा के दौरान छापा मारकर मोहित और श्रवण को गिरफ्तार कर लिया गया है। एक अन्य आरोपी की तलाश हो रही है।

> गरथलिया में सभा करके प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन कराने के मामले में तीन लोंगों पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। आरोपी मोहित और श्रवण को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जबकि एक अन्य की तलाश पुलिस कर रही है।
>
> **सत्यजीत गुप्ता**, एसपी

# आधा दर्जन के खिलाफ मुकदमा

नाथनगर। महुली क्षेत्र के ग्राम सतहरा निवासी एक व्यक्ति की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही आधा दर्जन लोगों पर केस दर्ज किया है। इस मामले में पीड़ित ने हमलावरों के कृत्यों से सम्बन्धित वीडियो क्लिप भी पुलिस को सौंपा है।

तहरीर में सतहरा गांव के आकाश पुत्र राम गति गोंड ने बताया कि शनिवार की देर शाम वह दूसरे घर पर सोने जा रहा था। बीच रास्ते में पुरानी रंजिश को लेकर सुदेश अपने अन्य सहयोगियों के साथ पहुंचा तथा गाली देते हुए मारने-पीटने लगा। बीच बचाव करने पहुंची वादी के माँ के कपड़े फाड़कर दुर्व्यवहार किया। पिटाई भी की। पुलिस ने पीड़ित आकाश की तहरीर पर विपक्षी सुदेश पुत्र राम वृक्ष, राम जीत पुत्र राम दत्त, दीपक पुत्र राम जीत, सन्दीप पुत्र राम ललित, मुन्नी लाल पुत्र शिव सम्पत, विक्रम पुत्र राम रेखा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# एमवी एक्ट में 149 वाहनों का चालान

संतकबीरनगर। एसपी सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार को सभी थाना क्षेत्रों की पुलिस ने संदिग्धों की तलाश में वाहनों की चेकिंग की। पुलिस ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत 149 वाहनों का चालान किया। इसके अलावा 1,62,500 रुपये शमन शुल्क की वसूली की।

# चोरी के मोबाइल के साथ महिला गिरफ्तार

संतकबीरनगर। कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने रविवार को चोरी की मोबाइल के साथ एक महिला को गिरफ्तार किया। कोतवाल सतीश सिंह ने बताया कि 8 सितंबर 2024 की रात्रि में पीड़ित के घर में रखा जेवर व 18000 रुपये नकदी, 02 कैमरा व लैपटाप तथा वादी के बगल के घरों से 02 मोबाइल अज्ञात चोर उठा ले गए थे। इस मामले में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही थी। सूचना पर आरोपी सफीना खातून निवासी परदेशवा बंजारा टोला थाना कोतवाली खलीलाबाद को चोरी की एक मोबाइल फोन के साथ उसके घर के पास से गिरफ्तार किया।

# सरिया चोर पकड़कर पीठ थपथपा रही है पुलिस

बखिरा। क्षेत्र में विगत छह महीने के भीतर आधा दर्जन से अधिक चोरियां हुई हैं। किराना, सर्राफा व रिहायसी घरों में हुई लाखों की चोरियो का छह महीने के बाद भी पुलिस खुलासा नहीं कर सकी है, जबकि चौबीस घण्टे के भीतर सरिया चोर को पकड़कर पुलिस अपनी पीठ थपथपा रही है, जबकि ग्रामीणों का कहना है कि सरिया चोर को उन लोगों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा था। सरिया चोर पकड़ने की पुलिस की इस तेजी पर लोगों में खूब चर्चा है।

# एससी-एसटी व पिछड़े वर्ग के लोगों का धर्मांतरण कराने के आरोप में तीन पर केस

[illegible]

**कोतवाली खलीलाबाद पुलिस को परमवलिया नहर के पास टीन शेड में एससी/एसटी एवं अन्य पिछड़े वर्ग के लोगों को इसाई धर्म में परिवर्तित करने की मिली थी सूचना**



[illegible]

[illegible]

# कहीं कर्ज तो नहीं बनीं सुशील की मौत की वजह

धनघटा। धनघटा थाना क्षेत्र के मिठना-सिठना निवासी युवक के मौत का कारण कहीं कर्ज तो नहीं बना। उसके माता और पिता का कहना है उसके फोन पर तीन दिन से लगातार फोन आ रहा था। फोन की घंटी बजते ही वह परेशान हो जा रहा था। उसके चेहरे का रंग उड़ जा रहा था कहीं उसी के चलते तो सुशील की जान तो नहीं गई।

थाना क्षेत्र के मिठना-सिठना निवासी सुशील यादव पुत्र गिरजेश यादव का शव गुरुवार को गौरापार बाग में महुआ के पेड़ की डाल से लटकता हुआ पाया गया था।

# सरयू में डूबे व्यक्ति का 24 घंटे बाद भी नहीं लगा पता

**धनघटा, हिन्दुस्तान संवाद।** धनघटा थाना क्षेत्र के तुरकौलिया नायक के पास सरयू नदी में शनिवार की शाम एक अधेड़ व्यक्ति डूबने से लापता हो गया था। उसकी तलाश में गोताखोर, पुलिस व एसडीआरएफ की टीम लगी है। लेकिन 24 घंटे बाद भी पता नहीं लग सका।

थाना क्षेत्र के तुरकौलिया निवासी राजबली (65) पुत्र अधारे शनिवार की शाम सरयू नदी के तट पर शौच करने गए थे। शौच कर जब वे नदी के पास पहुंचे तो उनका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चले गए। उनके साथ में मौजूद लोग लोगों ने शोर मचाना शुरू किया लेकिन तब तक वह डूब कर लापता हो गए। इस घटना की सूचना लोगों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों के सहयोग से डूबे राजबली की तलाश शुरू की लेकिन कहीं पता नहीं चला। रविवार को फिर एसडीआरएफ की टीम, गोताखोर व पुलिस सरयू नदी में शाम तक तलाश करती रही लेकिन राजबली का पता नहीं लगा। इस संबंध में थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि नदी में डूबे राजबली की तलाश की जा रही है अभी तक कहीं पता नहीं लग सका है।

# जमीन और मकान के विवाद में केस

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। जमीन व मकान के विवाद का मामला कोतवाली पुलिस के सामने आया। पुलिस ने इस मामले में शिकायत मिलने पर केस दर्ज किया है।

मनीषा यादव निवासी गांधीनगर मोहल्ला ने शिकायत में बताया कि उनके व विपक्षी कौशल कुमार निवासी नाथनगर थाना महुली के बीच मकान और जमीन का विवाद चल रहा है। मामले में दीवानी व राजस्व न्यायालय में केस भी चल रहा है। जिस मकान में वह बहू के रूप में रहती है, उसी मकान को कौशल कुमार ने अपनी पत्नी मांडवी के नाम से मकान के कीमत का आधा रकम देकर बैनामा करवा लिया।

मकान पैतृक है। सास, ससुर व पति ने मकान का स्वामित्व उसे सौंप कर रहने के लिए दिया है। मकान को विपक्षी बल पूर्वक खाली कराना चाहते हैं। इसी को लेकर प्रशांत व अज्ञात लोगों ने 17 जुलाई को रात में मकान के बरामदे में सोते समय ईंट व पत्थर फेंका था। जिसमें उन्हें काफी चोट भी आई थी। विपक्षी जानमाल की धमकी दिए थे। पुलिस ने मामले में शिकायत मिलने पर आरोपी पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## पुरानी रंजिश में मारपीट

**धनघटा।** महुली क्षेत्र के सतहरा गांव में शनिवार की रात पुरानी रंजिश में छह लोगों ने एक युवक से मारपीट की। बचाने गई युवक की मां को भी मारा-पीटा और कपड़े फाड़ दिए। पुलिस ने केस किया है। सतहरा गांव निवासी आकाश पुत्र राम गति ने तहरीर में बताया कि शनिवार की रात नौ बजे वह पुराने घर से नए घर पर सोने जा रहा था, तभी सुदेश पुत्र राम वृक्ष, रंजीत पुत्र रामदत्त, दीपक पुत्र राम जीत, संदीप पुत्र राम ललित, मुन्नीलाल पुत्र शिव संपत व विक्रम पुत्र रामरेखा गोल बनाकर उसे घेर कर बुरी तरह से पिटाई कर दी। संवाद

# ब्याज के रुपये के लिए जानमाल की धमकी

संतकबीरनगर। कोतवाली क्षेत्र में ब्याज के रुपये को लेकर जानमाल की धमकी देने का मामला सामने आया। कांटे चौकी क्षेत्र निवासी ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई। पीड़ित अनिल ने बताया कि वह पांच लाख रुपये 10 प्रतिशत ब्याज पर लिए थे। जिसके एवज में 9,50,000 रुपये का भुगतान व विभिन्न माध्यम से का चुके हैं। इसके बाद भी आरोपी बराबर रुपये देने का दबाव बना रहा है। संवाद

# शिक्षिका से चेन स्नेचिंग के मामले में केस

संतकबीरनगर। कोतवाली पुलिस ने शिक्षिका के साथ हुए चेन स्नेचिंग के मामले में तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया है। अजय कुमार भारती ने बताया कि वह मकान बनवाकर गांधीनगर मोहल्ले में रहते हैं। उनकी पत्नी रीता भारती प्राथमिक विद्यालय मैनसिर में सहायक अध्यापक हैं। गांधी जयंती के दिन वह स्कूल से ई-रिक्शा पकड़ कर घर पर आ रही थीं। रास्ते में कुछ महिलाएं ई-रिक्शा में बैठी और उनका ध्यान भटकाने के लिए इधर-उधर की बात कर रही थी। घर आने पर पता चला कि उनके गले से सोने की चेन गायब है। संवाद

# अनियंत्रित टेंपो पलटा, छह लोग घायल

लोहरैया। धनघटा थाना क्षेत्र के लोहरैया गांव के पास राम जानकी मार्ग पर सिकरीगंज की तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार टेंपों पलट गया। जिसमे सवार छह लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार एक टेंपो सिकरीगंज की तरफ से आ रही थी। अभी वह लोहरैया गांव के पास पहुंची ही थी कि अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे टेंपों में सवार सुधा पत्नी इंद्रेश निवासी धनघटा, दूल्हापार निवासी अमरजीत और उनकी पत्नी रिंकी, आठ वर्ष का बेटा सत्या घायल हो गए। संवाद

# धर्म परिवर्तन का पुलिस ने किया भंडाफोड़, तीन पर केस दर्ज

**खलीलाबाद क्षेत्र के गरथवलिया गांव का मामला, पुलिस ने दो को किया गिरफ्तार, एक को भेजा जेल, शिकायत मिलने पर पुलिस कई दिनों से कर रही थी रेकी**

संवाद न्यूज एजेंसी


गरथवलिया गांव में प्रार्थना सभा में जुटे अनुयायी। स्रोत- पुलिस


धर्म परिवर्तन कराने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। स्रोत- पुलिस

संतकबीरनगर। खलीलाबाद क्षेत्र के गरथवलिया गांव में धर्म परिवर्तन की सूचना पर पुलिस रेकी कर रही थी। रविवार को पुलिस की कई टीमों ने एक साथ छापा मारा। मौके से पुलिस ने तीन संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की।

देर शाम तक महिलाओं की भीड़ कोतवाली में जमी रही। वहीं दूसरी तरफ पुलिस ने गांव के एक व्यक्ति से तहरीर मिलने पर तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने दो को गिरफ्तार किया है। एक को जेल भेज दिया है। मौके से पुलिस ने एक धर्म से संबंधित किताब व अन्य दस्तावेज भी बरामद किए हैं।

गरथवलिया गांव में लंबे समय से धर्म परिवर्तन की शिकायत पुलिस को मिल रही थी। रविवार को सादे ड्रेस में कुछ पुलिस कर्मी भी वहां पर अनुयायी बनकर पहुंच गए। वहां धर्म परिवर्तन का मामला उजागर होने के बाद उच्चाधिकारियों को मामले की सूचना दी। सूचना के बाद पुलिस की कई टीमों ने एक साथ मौके पर पहुंच कर छापा मारा। पुलिस को वहां पर बड़ी मात्रा में एक ही धर्म से संबंधित दस्तावेज बरामद हुए।

पुलिस ने मौके से कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर कोतवाली पहुंच कर पूछताछ शुरू कर दी। वहीं पुलिस कार्रवाई के बाद धर्म विशेष के दर्जनों लोग कोतवाली में पहुंचकर पैरवी शुरू कर दी। कोतवाल सतीश सिंह ने बताया कि पुलिस ने मामले में गरथवलिया गांव के अमरनाथ शर्मा की तहरीर पर राम मोहित, कमलेश और श्रवण निवासी गरथवलिया पर केस दर्ज किया है।

वहीं पुलिस ने मामले में राम को राम मोहित और श्रवण को गिरफ्तार किया है जिसके बाद राम मोहित को जेल भेज दिया गया है।

## औरही गांव से शुरू हुआ था धर्म परिवर्तन का खेल

संतकबीरनगर। क्षेत्र के औरही में दिसंबर में सबसे पहले धर्म परिवर्तन का मामला सामने आया था। इसके बाद केरल के दंपती गिरफ्तार हुए थे। उसके बाद भी फिर जिले में धर्म परिवर्तन का मामला नहीं थमा। पुलिस को गरथवलिया गांव से एक बार फिर से धर्म परिवर्तन की सूचना मिली। पुलिस ने पहले रेकी की साथ ही गोपनीय जांच में मामला सही पाए जाने के बाद छापा मारकर कई संदिग्धों को हिरासत में लिया।

बखीरा क्षेत्र के औरही गांव में केरल के दंपती ने आकर पहले डेरा जमाया। इसके बाद धीरे-धीरे धर्म परिवर्तन कराने का काम शुरू कर दिया। दिसंबर माह में मेंहदावल क्षेत्र निवासी ने शिकायत की थी। जिसके बाद पुलिस ने औरही गांव में छापा मार कर कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया। पुलिस ने मामले में केरल के दंपती को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था। इसके बाद भी जिले में धर्म परिवर्तन का फैला मकड़जाल कम नहीं हुआ। कोतवाली क्षेत्र के गरथवलिया गांव में धर्म परिवर्तन की सूचना के बाद पुलिस ने गोपनीय जांच कराने के साथ ही रेकी किया। मामला सही मिलने पर ताबड़तोड़ छापा मारकर कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर पुलिस ने पूछताछ शुरू कर दी। रविवार को भंडारे का आयोजन किया जाता था।

### औरतों से उतरवा लिए जाते थे जेवरात

पुलिस जांच में पाया गया कि धर्म सम्मेलन में शामिल होने आने वाली महिलाओं के जेवरात उतरवा लिए जाते थे। बिछिया, पायल, गले में पहनी लॉकेट, मंगलसूत्र आदि उतरवाने के साथ रक्षा सूत्र को कटवा दिया जाता था। इसके बाद उन्हें प्रार्थना सभा में शामिल होने की अनुमति दी जाती थी।

### टीन शेड के मकान में चल रहा था धर्म परिवर्तन

पुलिस के अनुसार गांव के बाहर नहर पुलिया के पास टीन शेड के मकान में एक ही बिरादरी के लोगों को बहला-फुसलाकर धर्म परिवर्तन कराया जा रहा था। महिला व पुरुष को लालच देकर प्रार्थना सभा में बुलाकर धीरे-धीरे धर्म परिवर्तन किया जाता था।

# 149 वाहन चालकों से वसूले शमन शुल्क

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने वाहन जांच के दौरान ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले 149 वाहन चालकों पर कार्रवाई की। जिले के सभी थानां क्षेत्रों में स्थानीय पुलिस टीम ने बैंक, वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की। इस दौरान समस्त एसओ एवं प्रभारी यातायात संयुक्त पुलिस टीम ने यातायात नियम का उल्लंघन करने के मामले में कार्रवाई करते हुए वाहन चालकों से एक लाख 62 हजार 500 रुपये जुर्माना भरवाया। संवाद

# शांतिभंग में आठ लोगों पर कार्रवाई

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने अलग-अलग मामले में आठ आरोपी को पकड़ कर अशांति फैलाने के आरोप में कानूनी कार्रवाई की। जनपद में अपराधियों के खिलाफ धर पकड़ के लिए चलाए गए अभियान के तहत पुलिस टीम ने विभिन्न स्थानों पर दबिश दी। थाना बखिरा व दुधारा पुलिस ने विभिन्न मामले में चार-चार आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई पूरी करके संबंधित मजिस्ट्रेट के सामने पेश कर दिया। संवाद

# चोरी के मोबाइल समेत महिला गिरफ्तार

संतकबीरनगर। कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने चोरी के मोबाइल फोन के साथ एक महिला को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद सतीश कुमार सिंह के अगुवाई में गठित पुलिस टीम ने मामले से संबंधित आरोपी सफीना खातून पुत्री जाकिर हुसैन निवासी परदेशवा बंजारा टोला को एक मोबाइल फोन के साथ उसके घर के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार वादी ने 10 सितंबर को थाना कोतवाली खलीलाबाद में अभियोग पंजीकृत कराया गया था। संवाद

# महिला सुरक्षा के लिए चलाया अभियान

संतकबीरनगर। एसपी सत्यजीत गुप्ता के निर्देश पर रविवार को प्रभारी निरीक्षक महिला थाना सरोज शर्मा के नेतृत्व में महिला सुरक्षा को लेकर अभियान चलाया गया। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर 15 लोगों से पूछताछ की गई और एक से माफीनामा लिखवाकर चेतावनी देकर छोड़ा गया।

महिला थाना प्रभारी ने बताया कि आरक्षी पूजा जायसवाल आदि के साथ मिशन शक्ति अभियान के हित महिला सुरक्षा के लिए अभियान चलाया गया। इस अभियान में बालिकाओं को मिशन शक्ति और आत्मरक्षा के बारे में बताया गया। साथ ही हेल्पलाइन नंबर 1090, 181, 112, 1076 , 1098, 108,102, 1930 साइबर हेल्प लाइन तथा मिशन शक्ति के संबंध में जानकारी दी गई। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख पुष्पा त्रिपाठी, बीडीओ राजेश श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। संवाद

# रेलवे ट्रैक पर पगडंडी से लाई गई साइकिल

## जांच टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर दी रिपोर्ट, रेलवे ट्रैक के दोनों तरफ है पगडंडी, मिले पहिए के निशान

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर/गोरखपुर। खलीलाबाद (संतकबीरनगर) में रेलवे ट्रैक पर जिस जगह गोरखपुर-अहमदाबाद एक्सप्रेस के आगे साइकिल पड़ी थी, वहां दोनों तरफ पगडंडी है। घनी आबादी के बीच स्थित इस जगह पर लोग लाइन पार कर आते-जाते हैं। जांच टीम मौके पर पहुंची तो एक तरफ की पगडंडी पर कीचड़ में साइकिल के पहिए के निशान दिखे। इसी आधार पर टीम ने यह माना है कि कोई व्यक्ति सुबह साइकिल से ट्रैक पार कर रहा होगा। इस दौरान वह ट्रैक के किनारे की झाड़ियों में नित्यक्रिया के लिए चला गया होगा। इसी दौरान ट्रेन आने पर साइकिल टकराई होगी।

रेलवे सूत्रों ने बताया कि जांच टीम ने रिपोर्ट में बताया है कि मगहर व खलीलाबाद के मध्य पोल संख्या 537-21 पर गाड़ी संख्या 19410 से साइकिल टकराने की जानकारी होने पर मुख्य लोको निरीक्षक गोरखपुर पश्चिम चितरंजन कुमार सिंह, जूनियर इंजीनियर रेल पथ पश्चिमी विशेष गोरखपुर अनिल कुमार शुक्ल, यातायात निरीक्षक गोरखपुर प्रदीप कुमार दुबे व उप निरीक्षक खलीलाबाद सन्नी शर्मा की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। घटनास्थल के पास एक पगडंडी है, जिस पर साइकिल के पहियों के निशान थे। घटनास्थल घनी आबादी के बीच है। रेलवे लाइन के दोनों तरफ काफी झाड़ियां हैं। दोनों तरफ बरसात का पानी लगा होने से स्थानीय लोग झाड़ियों में नित्यक्रिया के लिए जाते हैं। लोको पायलट ने अपने बयान में बताया कि साइकिल अपलाइन के ट्रैक पर दाहिने तरफ से रखी हुई थी, जिसे देखकर इमरजेंसी ब्रेक लगाया गया। साइकिल इंजन से दूसरे कोच के नीचे दबकर टूटी थी, जिसे लोको पायलट ने ही निकाल दिया था।



पुरानी सब्जी मंडी के पास रेलवे ट्रैक की जांच करते सीओ व कोतवाल। स्रोत- पुलिस

मामले में लोको पायलट की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर विवेचना आरंभ कर दी गई है। ट्रैक पर साइकिल किसने और कैसे रखी, इसकी जांच हो रही है। जल्द ही दोषियों की पहचान कर गिरफ्तारी की जाएगी।

– पंकज कुमार सिंह
सीपीआरओ, पूर्वोत्तर रेलवे



साइकिल फंसने से अहमदाबाद एक्स दुर्घटनाग्रस्त होने से बची

06 अक्तूबर को प्रकाशित खबर।

### रेल पटरी की सुरक्षा के लिए एसपी ने की बैठक

संतकबीरनगर। एसपी सत्यजीत गुप्ता ने रिजर्व पुलिस लाइंस सभागार कक्ष में रेलमार्ग सुरक्षा को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान एसपी ने रेलवे मार्ग व आसपास के शहर क्षेत्र में रात्रि चेकिंग व पैदल गस्त करने, पैदल गश्त के दौरान आम नागरिक से सीधा संवाद स्थापित कर उनको सुरक्षा का भरोसा दिलाने के लिए बताया। सीओ सिटी अजीत चौहान, कोतवाल सतीश कुमार सिंह, जीआरपी एसओ एमपी चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे। संवाद

## ट्रैक पर कौन फेंक गया साइकिल...खोज रही पुलिस

संतकबीरनगर। खलीलाबाद रेलवे स्टेशन से पहले गोरखपुर-अहमदाबाद एक्सप्रेस के आगे ट्रैक पर साइकिल कौन फेंक गया, उसको खोजने में जीआरपी और आरपीएफ के अलावा कोतवाली पुलिस भी लगी है। रविवार सुबह ही पहुंची जांच टीमों ने सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ ही आसपास के लोगों से भी जानकारी ली। इसके अलावा ट्रैक पर भी जांच कर देखा गया कि कहीं कोई और निशान तो नहीं है।

प्रारंभिक जांच में इस बात की आशंका जताई गई है कि अगल-बगल का ही कोई व्यक्ति साइकिल समेत ट्रैक पर गया होगा और अचानक ट्रेन देख साइकिल छोड़कर भाग होगा। इसीलिए पुलिस, जीआरपी और आरपीएफ ने अज्ञात साइकिल वाले की तलाश में आसपास के इलाके में ही सरागकशी शुरू की है। इसके लिए रेल मित्रों की मदद ली जा रही है।

शनिवार सुबह गोरखपुर से चली अहमदाबाद एक्सप्रेस 6 बजे खलीलाबाद रेलवे स्टेशन के मुखलिसपुर क्रॉसिंग के पास पहुंची ही थी कि ट्रैक पर साइकिल पड़ी देखकर लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाया। इंजन के बाद वाली बोगी में फंसकर साइकिल टूट गई थी।

इस दौरान 7 मिनट तक ट्रेन ट्रैक पर खड़ी रही। लोको पायलट की सूचना पर घटना की जांच शुरू हुई। शुरुआत में इसे पटरी पर कोई सामान रखकर ट्रेन पलटाने का मामला बताया गया, लेकिन आरंभिक जांच में हादसा माना गया। बस्ती आरपीएफ ने देर रात लोको पायलट रामसरन की तहरीर पर रेलवे एक्ट की धारा 153 और 174 के तहत केस दर्ज किया है।

### सुबह से शुरू हुई पेट्रोलिंग

रेलवे ट्रैक पर पड़ी साइकिल के ट्रेन में फंसने की घटना के बाद रविवार सुबह से ट्रैक पर पेट्रोलिंग शुरू हो गई। जीआरपी प्रभारी बस्ती एमपी चतुर्वेदी ने भी घटना स्थल पर पहुंचकर पड़ताल की। उन्होंने घटना की प्रारंभिक रिपोर्ट के आधार पर आवाजाही के रास्ते, मुहल्ले आदि के बारे में जानकारी ली। इसके अलावा सीओ सदर अजीत चौहान के अगुवाई में कोतवाल सतीश कुमार सिंह एवं अन्य पुलिस टीम ने घटना स्थल और उसके आसपास छानबीन की। इसके साथ ही स्थानीय लोगों से भी बातचीत की गई। घटना स्थल के आसपास के घरों में लगे सीसीटीवी फुटेज को भी खंगालकर अज्ञात साइकिल चालक के बारे में सुराग खोजा गया।

# धर्म परिवर्तन का पुलिस ने किया भंडाफोड़, तीन पर केस दर्ज

## खलीलाबाद क्षेत्र के गरथवलिया गांव का मामला, पुलिस ने दो को किया गिरफ्तार, एक को भेजा जेल, शिकायत मिलने पर पुलिस कई दिनों से कर रही थी रेकी

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। खलीलाबाद क्षेत्र के गरथवलिया गांव में धर्म परिवर्तन की सूचना पर पुलिस रेकी कर रही थी। रविवार को पुलिस की कई टीमों ने एक साथ छापा मारा। मौके से पुलिस ने तीन संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की।

देर शाम तक महिलाओं की भीड़ कोतवाली में जमी रही। वहीं दूसरी तरफ पुलिस ने गांव के एक व्यक्ति से तहरीर मिलने पर तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने दो को गिरफ्तार किया है। एक को जेल भेज दिया है। मौके से पुलिस ने एक धर्म से संबंधित किताब व अन्य दस्तावेज भी बरामद किए हैं।

गरथवलिया गांव में लंबे समय से धर्म परिवर्तन की शिकायत पुलिस को मिल रही थी। रविवार को सादे ड्रेस में कुछ पुलिस कर्मी भी वहां पर अनुयायी बनकर पहुंच गए। वहां धर्म परिवर्तन का मामला उजागर होने के बाद उच्चाधिकारियों को मामले की सूचना दी। सूचना के बाद पुलिस की कई टीमों ने एक साथ मौके पर पहुंच कर छापा मारा। पुलिस को वहां पर बड़ी मात्रा में एक ही धर्म से संबंधित दस्तावेज बरामद हुए।

पुलिस ने मौके से कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर कोतवाली पहुंच कर पूछताछ शुरू कर दी। वहीं पुलिस कार्रवाई के बाद धर्म विशेष के दर्जनों लोग कोतवाली में पहुंचकर पैरवी शुरू कर दी। कोतवाल सतीश सिंह ने बताया कि पुलिस ने मामले में गरथवलिया गांव के अमरनाथ शर्मा की तहरीर पर राम मोहित, कमलेश और श्रवण निवासी गरथवलिया पर केस दर्ज किया है।

वहीं पुलिस ने मामले में राम को राम मोहित और श्रवण को गिरफ्तार किया है जिसके बाद राम मोहित को जेल भेज दिया है।



गरथवलिया गांव में प्रार्थना सभा में जुटे अनुयायी। स्रोत- पुलिस



धर्म परिवर्तन कराने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। स्रोत- पुलिस

## औरही गांव से शुरू हुआ था धर्म परिवर्तन का खेल

संतकबीरनगर। क्षेत्र के औरही में दिसंबर में सबसे पहले धर्म परिवर्तन का मामला सामने आया था। इसके बाद केरल के दंपती गिरफ्तार हुए थे। उसके बाद भी फिर जिले में धर्म परिवर्तन का मामला नहीं थमा। पुलिस को गरथवलिया गांव में एक बार फिर से धर्म परिवर्तन की सूचना मिली। पुलिस ने पहले रेकी की साथ ही गोपनीय जांच में मामला सही पाए जाने के बाद छापा मारकर कई संदिग्धों को हिरासत में लिया।

बघौली क्षेत्र के औरही गांव में केरल के दंपती ने आकर पहले डेरा जमाया। इसके बाद धीरे-धीरे धर्म परिवर्तन कराने का काम शुरू कर दिया। दिसंबर माह में मेंहदावल क्षेत्र निवासी ने शिकायत की थी। जिसके बाद पुलिस ने औरही गांव में छापा मार कर कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया। पुलिस ने मामले में केरल के दंपती को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था। इसके बाद भी जिले में धर्म परिवर्तन का खेला मुकम्मल कम नहीं हुआ। कोतवाली क्षेत्र के गरथवलिया गांव में धर्म परिवर्तन की सूचना के बाद पुलिस ने गोपनीय जांच कराने के साथ ही रेकी किया। मामला सही मिलने पर ताबड़तोड़ छापा मारकर कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर पुलिस ने पूछताछ शुरू कर दी। रविवार को भंडाफोड़ का अनावरण किया जाता था।

### औरतों से उतरवा लिए जाते थे जेवरात

पुलिस जांच में पाया गया कि धर्म सम्मेलन में शामिल होने आने वाली महिलाओं के जेवरात उतरवा लिए जाते थे। बिछिया, कमरा, गले में पहने लॉकेट, मंगलसूत्र आदि उतारने के साथ रक्षा सूत्र को कटवा दिया जाता था। इसके बाद उन्हें प्रार्थना सभा में शामिल होने की अनुमति दी जाती थी।

### टीन शेड के मकान में चल रहा था धर्म परिवर्तन

पुलिस के अनुसार गांव के बाहर नहर पुलिया के पास टीन शेड के मकान में एक ही बिरादरी के लोगों को बहला-फुसलाकर धर्म परिवर्तन कराया जा रहा था। महिला व पुरुष को लालच देकर प्रार्थना सभा में बुलाकर धीरे-धीरे धर्म परिवर्तन किया जाता था।

b

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-07-10-2024

## दो जोड़ा साथ रहने पर हुए राजी

**गोण्डा।** पुलिस लाइन में आयोजित परिवार परामर्श केन्द्र में परामर्शदाताओं ने बिछुडे जोड़ो की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण किया। साथ ही दो जोड़े को समझा बुझाकर सुखी जीवन जीने के लिए राजी कर लिया।

## जमीन विवाद में दो पक्षों में संघर्ष, एक गंभीर

**वजीरगंज।** थानाक्षेत्र के महादेवा में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई जमकर मारपीट में तीन लोग जख्मी हो गए। गम्भीर रूप से घायल नीरज गोस्वामी को मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। नीरज की तहरीर के मुताबिक गांव के निरंजन गोस्वामी, शिवम, संतोष, लवकुश तथा कौशल व राजकमल व उनकी पत्नियों ने लाठी डंडा व धारदार हथियारों से हमला कर दिया।

## मंदिर को चोरों ने निशाना बनाया

**बभनान।** थाना खोड़ारे अंतर्गत ग्राम हरखूपुर स्थित से मंदिर के दानपात्र में रखा हजारों रुपये लेकर चोर चंपत हो गए। माताप्रसाद मिश्र ने बताया कि गांव के पास दुर्गा माता का मंदिर बना हुआ है। इसकी देखरेख गांव के लोग करते हैं। लोगों द्वारा दान की धनराशि से धार्मिक कार्यक्रम होता है। शनिवार की रात्रि में दानपात्र में इकट्ठा हुई धनराशि चोर निकाल ले गए।

# चोरी की कई घटनाओं का खुलासा, तीन गिरफ्तार

गोण्डा, संवाददाता। पुलिस ने चोरी की कई घटनाओं का खुलासा किया है। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार भी किया है।

आरोपियों के कब्जे से चोरी की बाइक व 315 बोर के कारतूस भी बरामद किए हैं। पुलिस ने बताया कि पीड़ित चन्द्र कुमार पुत्र छांगुर प्रसाद निवासी दत्तनगर विशेन थाना कोतवाली नगर ने तहरीर दी थी कि 30 सितम्बर को जिला अस्पताल गोण्डा किसी ने उनकी बाइक चुरा ली है। मुकदमा दर्ज करके पुलिस मामले की जांच में जुटी थी। जांच के दौरान प्रकाश में आये आरोपी मनीष शर्मा उर्फ पुल्ली शर्मा पुत्र विजयलाल शर्मा निवासी पटेल नगर घोसियाना, अनीस उर्फ राजाबाबू पुत्र जुम्मन निवासी इमामबाड़ा व साहीस इदरीशी पुत्र साबिर अली निवासी काशीराम कालोनी इमामबाड़ा को गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से चोरी की एक बाइक व तलाशी के दौरान अभियुक्त अनीस उर्फ राजाबाबू के कब्जे से 570 रूपए नगद, आधार कार्ड व अभियुक्त साहीस इदीरीशी के कब्जे से 4660 रूपए नगद, कार्ड व 315 बोर की कारतूस बरामद किया गया।

# लापरवाही से गाड़ी चलाने का केस दर्ज

बभनजोत। दौलतपुर ग्रंट के मजरा दानबहादुरडीह निवासी अंसार अहमद ने पुलिस को दिए तहरीर में आरोप लगाया है कि गांव के ही फैयाज गाड़ी लेकर जा रहे थे। इसी दौरान मेरा लड़का कुतुबुद्दीन उम्र 17 वर्ष सड़क के बगल से गुजर रहा था। तेज रफ्तार से जा रही गाड़ी अचानक अनियंत्रित होकर मेरे लड़के को ठोकर मार दिया जो बगल स्थित नाली में गिर पड़ा। इस बात को जब चालक से पूछने गया तो अपशब्द कहते हुए मारने पीटने की धमकी दिया गया। पुलिस ने चालक के विरुद्ध लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाने सहित कई गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है पुलिस मामला दर्ज कर गाड़ी व चालक की तलाश में जुटी हुई है।

# नई जगह मूर्ति रखने को लेकर हुई तनातनी

- ग्रामीणों को समझाने में जुटा रहा पुलिस-प्रशासन
- देहात कोतवाली के जमदरा ग्राम पंचायत का मामला

खोरहंसा। ग्राम पंचायत जमदरा के उजैनी जमाल में नई जगह पर दुर्गा मूर्ति रखने को लेकर रविवार को मूर्ति रखने वाले ग्रामीणों व प्रशासन के बीच तनातनी रही। मूर्ति रखने के लिए ग्रामीणों को केन्द्रीय दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों के साथ पुलिस-प्रशासन समझाता रहा लेकिन लोग को मानने के लिए तैयार नहीं दिखे। प्रशासन लोगों को समझाने की कवायद में जुटा हुआ है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि उजैनी जमाल गांव के कुछ लोग नई जगह मूर्ति रखना चाहते थे। बताया जाता है कि उसी जमीन को लेकर मामला हाईकोर्ट में है। जिला प्रशासन उस विवादित भूमि पर मूर्ति रखने के लिए सहमत नहीं हैं। रविवार को सुबह प्रशासन की अनुमति के बिना लोग मूर्ति रखने लगे। सूचना पर कोतवाल देहात की पुलिस हरकत में आयी। जिला प्रशासन व पुलिस के आला अधिकारी उजैनी पहुंचे।

# एफआईआर के आदेश

गोंडा। ग्राम सभा पूरेबदल तिवारी पुरवा गांव के लोगों ने डीएम से रास्ता-मंदिर की जमीन पर अवैध कब्जा की शिकायत की थी। जिस पर एसडीएम ने दो लोगों पर केस दर्ज कराने का निर्देश दिया है।

# समाज व अंतर्मन का संयोजन है साहित्य



गोण्डा। समाज और अंतर्मन के संयोजन से उपजा विचार साहित्य के रूप में अभिव्यक्त होता है। जो सामाजिक रीति-रिवाजों, विसंगतियों, परंपराओं व रुढ़ियों के ढांचा से गढ़ी जाती है। यह बातें साहित्य के क्षेत्र में योगदान दे रहे अधिवक्ता व साहित्यकार राजेश ओझा ने एसोसिएशन सभागार में कही।

# तरबगंज में ग्रामीण के घर चोरी, मुकदमा दर्ज

तरबगंज। थाना क्षेत्र के भिखनापुर रानीपुर निवासी आलोक कुमार ने चोरी का मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि शनिवार रात घर में रखा बक्सा, जिसमें पांच थान जेवर व आठ हजार नकदी थी उठा ले गए। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# धानेपुर में दो पक्षों में खूनी संघर्ष, वीडियो वायरल

धानेपुर। क्षेत्र के ग्राम पंचायत उजैनी कला के मजरा खरिहा गांव निवासी पीड़ित समयदीन का आरोप है कि पूरे मधान गांव के रहने वाले दिवाकर, ओमप्रकाश, प्रभाकर व सूरज वर्मा समेत अन्य लोग लाठी डंडों से लैस होकर उसके घर पर चढ़ आए और उसकी पिटाई कर दी। किसी ने वीडियो बना वायरल कर दिया।

# ट्रेन से गिरकर बिहार के युवक की मौत

बभनान। बस्ती से गोण्डा की तरफ जा रही जनसाधारण एक्सप्रेस बभनान स्टेशन पर पहुंची थी। इसी दौरान एक युवक ट्रेन से गिर गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। शव की पहचान नीरज यादव, भागलपुर-बिहार के रूप में हुई है। पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# गौरा चौकी में कुत्ते ने छह को काटकर लहूलुहान किया

बभनजोत। खोड़ारे थानाक्षेत्र के गौरा चौकी बाजार में पागल कुत्ते ने रविवार सुबह कोहराम मचा दिया। जब तक कुछ लोग समझ पाते उसने आधा दर्जन लोगों काटकर कर घायल कर दिया।

शनिवार को गौरा चौकी बाजार मे सुबह एक पागल कुत्ता घूम-घूम कर लोगों को काटने लगा। इससे बाजार में अफरा तफरी का माहौल बन गया। जब तक लोग कुत्ते को पकड़ते खदेड़ते तब तक उसने घर के बाहर सड़क पर खेल रहे चार वर्षीय स्वरांचल पुत्र प्रभाकर मौर्य पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल बच्चे को बभनजोत सीएचसी लेकर गये, जहां से उसे शहर के लिए रेफर कर दिया। घायल बच्चे के चाचा सीताराम ने बताया कि कुत्ते ने बच्चे के मुंह में काट लिया है। इसके अलावा गौरा चौकी बाजार के ही गोपी, रामशब्द,जाविदा और आजाद को काट कर लहूलुहान कर दिया।

# पत्नी से अवैध संबंधों के शक में की थी साढ़ू की हत्या, दबोचा



पुलिस की गिरफ्त में साढ़ू की हत्या का आरोपी।

**मेहनौन/जयप्रभाग्राम।** इटियाथोक कोतवाली के गांधी चबूतरा गांव के बाग में शुक्रवार रात युवक की गला रेतकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने आरोपी साढ़ू को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी की निशानदेही पर आलाकत्ल चाकू व खून से सने कपड़े भी बरामद किए हैं। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने पत्नी से साढ़ू के अवैध संबंध होने के शक में चाकू से गला रेतकर हत्या किए जाने की बात कुबूल की है।

गांधी चबूतरा निवासी लालजी शिल्पकार के घर शुक्रवार की शाम उसका छोटा साढ़ू बलरामपुर देहात कोतवाली के रामपुर खगईजोत निवासी कनीवा शिल्पकार मिलने आया था। रात करीब आठ बजे दोनों घरों से कुछ दूरी पर स्थित एक बाग में जाकर शराब पीने लगे। उसके बाद दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया। बात इतनी बढ़ गई कि छोटे साढ़ू कनीवा शिल्पकार ने बड़े साढ़ू लालजी शिल्पकार का किसी धारदार हथियार से गला रेत कर मौके से फरार हो गया। घायलावस्था में लालजी शिल्पकार किसी तरह से अपने घर पहुंचा। परिवार के लोग लालजी को खून से लथपथ देख अस्पताल ले जा रहे थे कि रास्ते में उसने दम तोड़ दिया।

# प्रतिमा स्थापना को लेकर छोटी उज्जैनी में तनाव

### देहात कोतवाली क्षेत्र के जमदरा के मजरे छोटी उज्जैनी का मामला, पुलिस व पीएसी तैनात

संवाद न्यूज एजेंसी

**मोतीगंज (गोंडा)।** देहात कोतवाली क्षेत्र के जमदरा के मजरे छोटी उजैनी में प्रतिमा स्थापना को लेकर रविवार को दो पक्ष आमने-सामने आ गए। एडीएम की अगुवाई में करीब पांच घंटे तक चली बातचीत के बावजूद देर शाम तक मामला सुलझ नहीं सका। तनाव के मद्देनजर गांव में पुलिस व पीएसी तैनात की गई है। माहौल बिगाड़ने वाले दोनों पक्षों के लोगों पर पुलिस की नजर है।



छोटी उज्जैनी में ग्रामीणों से बातचीत करते अधिकारी। संवाद

देहात कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत खोरहंसा पुलिस चौकी क्षेत्र के जमदरा के मजरे छोटी उज्जैनी में रविवार सुबह प्रतिमा स्थापना को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। मामला बढ़ता देख कोतवाल देवेंद्र श्रीवास्तव ने अधिकारियों को सूचना दी। एडीएम आलोक कुमार, एसडीएम सदर अवनीश त्रिपाठी, एएसपी पूर्वी मनोज कुमार रावत, एएसपी पश्चिमी राधेश्याम राय के साथ छह थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई। अधिकारियों ने दोनों पक्षों से बातचीत की। करीब पांच घंटे बाद भी सफलता नहीं मिल सकी।

दुर्गा प्रतिमा को पुलिस ने कब्जे में ले लिया और ग्रामीणों को नई परंपरा कायम करने से मना कर दिया। प्रतिमा स्थापित करने पर अड़े उमेश तिवारी व बाबू कुमार को हिरासत में ले लिया गया। हालांकि कुछ देर बाद पुलिस ने दोनों को छोड़ दिया। जमदरा के दयाप्रकाश शुक्ल ने बताया कि छोटी उज्जैनी में काली स्थान के नाम पर जमीन है। उसी जमीन पर प्रतिमा रखी जा रही थी, लेकिन प्रशासन ने रोक दिया। वहीं, दूसरे पक्ष के सनवर दिलावर व बेचन का कहना है कि वहां पर कब्रिस्तान, कर्बला व मजार है। इसलिए पांच बिस्वा जमीन बगल में प्रतिमा स्थापित करने के लिए दी जा रही थी मगर बात नहीं बनी। भकुरहा चौराहा के पास हमेशा से सड़क किनारे प्रतिमा स्थापित की जाती है।

प्रशासन ने एहतियातन गांव में पुलिस व पीएसी तैनात कर दी है। पुलिस का कहना है कि नई परंपरा नहीं कायम होने दी जाएगी।

## हस्तक्षेप के बाद भी अड़े रहे लोग

विवाद की सूचना पाकर केंद्रीय दुर्गापूजा समिति के अध्यक्ष अरुण शुक्ल, महामंत्री राकेश वर्मा, पवन शुक्ल, भरत गिरि व विजय वर्मा मौके पर पहुंचे और मामले को जिला प्रशासन के साथ सुलझाने में लगे रहे। मगर बात नहीं बनी।

## दूसरी जगह स्थापित कराई प्रतिमा

" पुलिस अधिकारियों के साथ मौके का जायजा लिया गया है। दोनों पक्षों से बातचीत की गई है। गांव में शांति व्यवस्था कायम है। अनुमति न होने से दूसरी जगह प्रतिमा स्थापित कराई गई है। किसी तरह का तनाव नहीं है।

**-अवनीश त्रिपाठी,** एसडीएम सदर

**20 प्रतिशत ला[illegible] होने पर सक्रिय हुआ कॉर्पोरेश**

## कटरा बाजार थानाक्षेत्र में युवती का शव मिलने से सनसनी, शिनाख्त नहीं हो सकी, पुलिस की जांच शुरू

# युवती की हत्या कर सड़क पर शव फेंका

**वारदात**

- सेल्हरी कुशहा गांव जाने वाली सड़क से रविवार सुबह मिला शव
- शव की पहचान न होने से 72 घंटे बाद किया जाएगा पोस्टमार्टम

कटरा बाजार, संवाददाता। एक बीस वर्षीय युवती कारण गला रेत बोरे में भरकर बीच सड़क पर फेंक दिया गया। रविवार भोर बीच सड़क से लाश बरामद की गई। पुलिस ने आसपास के ग्रामीणों को बुलाकर लाश की पहचान कराई लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। शव को पोस्टमार्टम हाउस में रखा गया है। 72 घंटे बाद शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

बताया जाता है कि रविवार भोर में थाना क्षेत्र के मौजा सेल्हरी के कुशहा गांव को जाने वाली सड़क के किनारे गांव के लोग शौच के लिए गए हुए थे। वहां बीचोंबीच सड़क पर एक बोरा पड़ा हुआ था। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जब बोरा खोला तो उसमें एक बीस वर्षीय युवती का शव पाया गया। युवती का गला किसी धारदार हथियार से रेता हुआ था। युवती जींस-टॉप पहने हुए थी। घटना की सूचना पाकर एएसपी पश्चिमी राधेश्याम राय, सीओ करनैलगंज उमेश्वर प्रभात सिंह भी मौके पहुंचे और मौका-ए-वारदात का जायजा लिया।

पुलिस ने खेतों व झाड़ियों में भी सुराग तलाशने की कोशिश की लेकिन उसके हाथ कुछ नहीं लगा। प्रभारी निरीक्षक संजय गुप्ता ने बताया कि आस-पास के लोगों से शव की पहचान कराने की कोशिश की गई लेकिन अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। आसपास के थानों में युवती का हुलिया भेजा गया है। शव की पहचान कराने की कोशिश की जा रही है। शव का पोस्टमार्टम 72 घंटे बाद किया जाएगा।



कटरा बाजार के सेल्हरी में युवती का शव मिलने के बाद जांच करती पुलिस।

**घटना के खुलासे के लिए लगाई गई पांच टीमें :** हत्या की इस घटना ने पुलिस के साथ ही सभी को झकझोर दिया है। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने पांच टीमें खुलासे के लिए लगाई हैं। एसपी ने बताया कि मौका-ए-वारदात पर सर्विलांस व डाग स्क्वायड टीम ने पहुंच कर जांच पड़ताल की है। सर्विलांस टीम व कटराबाजार पुलिस के साथ ही पांच टीमें लगी हुई हैं। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

**अपराधियों के लिए मुफीद हैं ये क्षेत्र, अब तक कई शव मिले**

थाना क्षेत्र का सेल्हरी, देवापासिया, पिपरी माझा, भटपुरवा का सुनसान इलाका अपराधियों के लिए काफी मुफीद माना जाता है। बहराइच जनपद की सीमा से सटा और कई मार्गों से जुड़ा होने के नाते काफी सुनसान इलाका पड़ता है। पिछले कई सालो में अक्सर घटना के बाद अज्ञात लाशों को लाकर फेंक देने की कई घटनाएं हो चुकीं हैं, जो पुलिस के लिए सिरदर्द साबित हो रही हैं। इस जगह से पिछले तीन-चार साल में कई अज्ञात शव बरामद हो चुके हैं।

# घर में घुसे चोरों ने नकदी व गहने उड़ाए

तरबगंज (गोंडा)। क्षेत्र के चौबेपुर भिखनापुर गांव निवासी आलोक चौहान ने थाने में तहरीर देकर बताया कि शनिवार रात परिवार के सभी लोगों के सोने के बाद छत के रास्ते घर में घुसे चोर संदूक में रखी आठ रुपये नकदी व गहने चुरा ले गए। प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि आलोक की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। (संवाद)

# किशोरी के अपहरण का केस दर्ज

मनकापुर (गोंडा)। क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री दो दिन पहले शाम सात बजे अपनी भाभी के साथ शौच के लिए गई थी। जहां से वह लापता हो गई। बाद में पता चला कि चांदपुर दुर्गा गांव निवासी गुड्डू उसे अगवा कर ले गया। कोतवाल संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि आरोपी गुड्डू के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज की गई है। (संवाद)

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-07-10-2024

# चोर को पकड़ा, दो साइकिलें बरामद

**बलरामपुर।** ललिया थाना की पुलिस ने साइकिल चोरी के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से दो साइकिलें भी बरामद की हैं। एएसपी योगेश कुमार ने रविवार को बताया कि ललिया थाना क्षेत्र में बढ़ती साइकिल चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए प्रभारी निरीक्षक बृजानंद सिंह को निर्देश दिया गया था। उन्होंने टीम गठित करके साइकिल चोरों की तलाश शुरू की। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने ग्राम कमदी मोड़ के पास मंगराकोहल निवासी सलमान को गिरफ्तार कर लिया। इसके पास से चोरी की दो साइकिलें भी बरामद की गई हैं। (संवाद)

## ■ पॉक्सो का वांछित चढ़ा हत्थे

**बलरामपुर।** तुलसीपुर थाना की पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के वांछित को गिरफ्तार किया है। एएसपी योगेश कुमार ने रविवार को बताया कि तुलसीपुर थाना की पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के वांछित हरैया थाना क्षेत्र के ग्राम भौरीकला निवासी श्रवण उर्फ राजेश को रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया है। (संवाद)

## ■ धमकी देने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

**बलरामपुर।** रेहरा बाजार थाना की पुलिस ने धमकी देने के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव ने बताया कि पांचूडीह हुसैनाबाद ग्रंट निवासी आफताब अहमद उर्फ कलीम, मोहम्मद शादाब उर्फ अरबाज, मोहम्मद इमरान व मुख्तार अली को उनके घर से गिरफ्तार किया गया है। (संवाद)

# दंगा भड़काने वाला गिरफ्तार

**बलरामपुर।** गैड़ास बुजुर्ग थाना क्षेत्र की पुलिस ने दंगा भड़काने व अन्य मामलों के एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव ने बताया कि गोवर्धनपुर निवासी अमित लाल को गिरफ्तार करने के लिए न्यायालय से वारंट जारी किया गया था। पुलिस ने अभियुक्त अमित लाल को गिरफ्तार कर लिया है। (संवाद)

# घायल को पहुंचाया अस्पताल

**बलरामपुर।** यूपी 112 की पीआरवी 5457 टीम की मदद से सड़क हादसे में घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया गया। एएसपी योगेश कुमार ने बताया कि कमांडर राहुल साहनी को सलमान रजा ने सूचना दी थी कि जगधारी गांव के पास बाइक से दुर्घटना हो गई है। कमांडर ने मौके पर पहुंचकर अज्ञात घायल को सीएचसी गैसड़ी में भर्ती कराया। अस्पताल में भर्ती कर घायल युवक का इलाज चल रहा है। (संवाद)

# चोरी के मामले में दो दोषियों को कारावास

## न्यायाधीश ने लगाया पांच हजार व तीन हजार रुपये का अर्थदंड

संवाद न्यूज एजेंसी

**अदालत से**

बलरामपुर। अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम राजेश भारद्वाज ने चोरी की अलग-अलग घटनाओं में दो व्यक्तियों को सजा सुनाई है। चोरी के एक मामले में जहां दोषी को 16 माह की कैद व पांच हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है, वहीं दूसरे मामले में दोषी को 10 माह की कैद के साथ तीन हजार रुपये अर्थदंड जमा करने का आदेश दिया है।

देहात कोतवाली के श्रीदत्तगंज निवासी विजय कुमार वर्मा ने 17 अगस्त 2016 को प्रार्थनापत्र दिया था। आरोप लगाया था कि कोतवाली नगर क्षेत्र के ग्राम कटिया निवासी तोताराम ने उनके घर में घुसकर चोरी की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके जांच के बाद तोताराम के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया।

सत्र परीक्षण के दौरान अपर जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी ने न्यायालय में गवाहों को पेश किया और अधिकतम सजा देने की अपील की। दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने और पत्रावली का अवलोकन करने के बाद न्यायधीश ने तोताराम को चोरी करने का दोषी करार देते हुए 16 माह की कैद और पांच हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

वहीं देहात कोतवाली के ग्राम हसुवाडोल निवासी रक्षाराम तिवारी ने छह नवंबर 2016 को पुलिस को प्रार्थनापत्र दिया था। आरोप लगाया था कि गांव के अनोखी ने उनके घर में घुसकर चोरी की है।

पुलिस ने मुकदमा दर्जकर जांच के बाद आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया। दोनों पक्षों की दलील सुनने व पत्रावली का अवलोकन करने के बाद न्यायधीश ने अनोखी को चोरी करने का दोषी करार देते हुए 10 माह की कैद और तीन हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

# पारिवारिक विवादों का निपटारा

बलरामपुर। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में रविवार को परिवार परामर्श केंद्र की बैठक हुई। बैठक में प्रस्तुत की गई पत्रावलियों की सुनवाई करते हुए परामर्शदाताओं ने आपसी सुलह समझौते के आधार पर तीन पारिवारिक विवादों का निस्तारण कराया। महिला थाना प्रभारी विनीता चतुर्वेदी ने बताया कि बैठक में पति-पत्नी के बीच विवादों का निस्तारण कराने के लिए तीन पत्रावलियां प्रस्तुत की गईं। परामर्शदाता अरुण कुमार यादव व टीम ने दोनों पक्षों को समझा बुझाकर एक साथ रहने के लिए राजी कर लिया। (संवाद)

# चोरी के मामले में गिरफ्तार

बलरामपुर। महराजगंज तराई थाना की पुलिस ने चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। एएसपी योगेश कुमार ने बताया कि दुंदरा निवासी इस्लाम को महराजगंज तराई थाना की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। (संवाद)

# पुलिस ने अभियुक्त को पकड़ा

बलरामपुर। थाना गैंड़ास बुजुर्ग पुलिस टीम ने एक मामले में अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है। उपनिरीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि अमित लाल पुत्र श्याम सुन्दर निवासी गोवर्धनपुर एक मामले में न्यायालय से वांछित चल रहे थे। जिन्हें रविवार को पकड़ा गया है।

# चार वांछितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया

बलरामपुर। थाना रेहरा बाजार पुलिस टीम ने 4 वांछित अभियुक्तों को पकड़ा है। अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। उपनिरीक्षक शिव लखन सिंह ने यह जानकारी दी है।

# न्यायालय ने आरोपी की गिरफ्तारी पर रोक लगाई

श्रीदत्तगंज, संवाददाता। 34 साल पहले हुए आवासीय पट्टे पर पुलिस में दर्ज धोखाधड़ी व लूट के मुकदमे में उच्च न्यायालय ने आरोपी की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। मामला थाना कोतवाली उतरौला के ग्राम भैरमपुर का है।

तहसील प्रशासन ने आवासीय पट्टा मैराज अहमद व जुलेखा को 1992 में दिया था। इस पट्टे के खिलाफ उमेश चन्द्र ने एडीएम व आयुक्त व उच्च न्यायालय में वाद दायर किया था। लेकिन न्यायालय ने पट्टे को बहाल रखा। विवाद उस समय बढ़ गया जब उमेश चन्द्र ने इस पट्टे को लेकर हबीब अहमद, मैराज अहमद व जुलेखा के खिलाफ मुंसिफ न्यायालय उतरौला में धोखाधड़ी व लूट समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज करने का आवेदन किया।

इस पर न्यायालय ने उतरौला पुलिस को मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके विवेचना शुरू की। इस पर उतरौला पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट न्यायालय से प्राप्त कर लिया।

इधर पीड़ित हबीब अहमद मैराज व जुलेखा ने पुलिस कार्रवाई के खिलाफ उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर दी।

उच्च न्यायालय ने सभी अभिलेखों व पुलिस पक्ष के तथ्यों को देखते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी व पुलिस कार्रवाई को स्थगित कर दिया।

## पास्को एक्ट सहित अन्य मामले में एक को दबोचा

बलरामपुर। थाना तुलसीपुर पुलिस ने पास्को सहित अन्य मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। उपनिरीक्षक नागेन्द्र सिंह ने बताया कि श्रवण उर्फ राजेश पुत्र राम निवाश निवासी ग्राम भौरीकला पाक्सो सहित मामले में न्यायालय से वंचित चल रहे थे। जिन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

# घर-घर जाकर छात्राओं व बच्चों को जागरूक किया

**मिशन शक्ति**

**बलरामपुर, संवाददाता।** एसपी विकास कुमार के निर्देश पर जिले में मिशन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। रविवार को करीब 6 दर्जन से अधिक थाना क्षेत्रों में पुलिस ने जागरुकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया। रविवार को थाना कोतवाली उतरौला क्षेत्र के फक्कड़ दास बाबा चौराहे पर क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में मिशन जागरूकता अभियान चलाया गया।



थाना क्षेत्र में लोगों को जानकारी देती महिला पुलिस कर्मी।

सीओ राघवेंद्र सिंह ने कहा कि पुलिस नए कानून की जानकारी इसलिए दे रही है, ताकि लोग जागरूक हो और अपराध से बचें। आज के समय में साइबर अपराधी नए-नए हथकंडे अपनाकर लोगों को शिकार बना रहे हैं। कोई व्यक्ति साइबर क्राइम के जाल में न फंसे इसलिए पुलिस बल लोगों को घर घर जाकर जानकारी दे रही है। थाना कोतवाली उतरौला प्रभारी निरीक्षक संजय दुबे ने कहा कि छोटे-छोटे बच्चे अपराध के शिकार हो जाते हैं। बच्चों को जागरूक करने के लिए पुलिस टीम विद्यालय में जाकर कानून एवं बचाव के तरीके बता रही है। पुलिस प्रयास कर रही है कि किसी के साथ अपराध की घटनाएं न हों। विद्यालय में बच्चों को जागरूक करने के लिए थाना उतरौला की टीम बनाई गई है। जिनका कार्य प्रतिदिन लोगों को जागरूक करना है।

# सुलह समझौते से मामले का कराया निस्तारण

बलरामपुर। परिवार परामर्श केंद्र में तीन पारिवारिक विवाद सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण कराया गया है। महिला थाना प्रभारी विनीत चतुर्वेदी ने बताया कि रविवार को थाना कोतवाली नगर एक, थाना गौरा एक एवं थाना उतरौला का एक मामला प्रस्तुत हुआ जिसमें दोनों पक्ष उपस्थित हुए।

# डायल 112 ने एक की बचाई जान

बलरामपुर। यूपी डायल 112 के सराहनीय प्रयास से एक व्यक्ति की जान बच गई। आपातकालीन पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाया। जहां उसका इलाज कराकर उसकी जान बचा ली गई। डायल 112 के कमांडर राहुल साहनी व चालक रक्षाराम तिवारी को सूचना मिली कि एक व्यक्ति वाहन दुर्घटना में घायल हो गया है। सूचना मिलते ही आपातकालीन पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल को अस्पताल पहुंचाया।

# साइकिल के साथ चोर को दबोचा

बलरामपुर। थाना ललिया पुलिस ने साइकिल के साथ एक चोर को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के विरुद्ध थाना ललिया में चोरी के मामले में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। उपनिरीक्षक अमर सिंह ने बताया कि सूचना मिली कि कमदी मोड़ के पास एक चोर मौजूद है। सूचना पर विश्वास कर उपनिरीक्षक अविनाश सिंह, हेड कांस्टेबल महीप शुक्ला के साथ मौके पर जाकर उसे पकड़ लिया। जिनके पास से दो चोरी की साइकिल बरामद हुई।

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-07-10-2024

# एक निरीक्षक, 23 उपनिरीक्षकों की तैनाती में हुआ फेरबदल

संवाद न्यूज एजेंसी

बहराइच। एसपी वृंदा शुक्ला ने त्योहारों के मद्देनजर जनपद में शांति व्यवस्था और अराजक तत्वों और अफवाहों पर सतर्क दृष्टि बनाए रखते हुए कानून व्यवस्था को दुरुस्त रखने के उद्देश्य से एक निरीक्षक और 23 उपनिरीक्षकों की तैनाती में फेरबदल किया है।

पुलिस कार्यालय से जारी सूची के अनुसार रुपईडीहा थाना में तैनात अपराध निरीक्षक दिनेश कुमार पांडेय को कोतवाली नगर का इंस्पेक्टर बनाया गया है। वहीं, फखरपुर थाना में तैनात उपनिरीक्षक मनोज राव को कोतवाली देहात, मूर्तिहा में तैनात गगन दीक्षित और नवाबगंज में अशोक जायसवाल को वरिष्ठ उपनिरीक्षक के पद पर तैनाती दी गई है।

## नगर कोतवाल बने दिनेश पांडेय

इसी प्रकार, पुलिस लाइन से उपनिरीक्षकों श्यामजीत सिंह खैरीघाट, दुर्गा प्रसाद नानपारा, अरुण गौतम पयागपुर, चंद्रशेखर प्रकाश सिंह फखरपुर, जयनाथ यादव रिसिया, अंजनी राय विशेश्वरगंज, किशोर प्रसाद पासवान नवाबगंज, सुभाष यादव खैरीघाट, राजेंद्र यादव हरदी, राजकुमार राय रामगांव, अखिलेश तिवारी कैसरगंज, अजीत सिंह मूर्तिहा, रणजीत बहादुर सिंह जरवल रोड, दयाशंकर यादव मटेरा, राजनाथ सिंह फखरपुर, सुभाष चंद्र यादव कोर्ट सुरक्षा, विजिम प्रकाशम रानीपुर, रतन पाल सिंह कोतवाली देहात, अवधेश राम हुजूरपुर और कन्हैया यादव को बौंडी थाना भेजा गया है।

# भाजपा सभासद ने पालिका प्रशासन पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

संवाद न्यूज एजेंसी

बहराइच। शहर के बशीरगंज वार्ड के भाजपा सभासद ने नगर पालिका द्वारा कराए जा रहे कार्यों में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। सभासद ने मामले में साक्ष्यों समेत मुख्यमंत्री व नगर विकास मंत्री को पत्र भेजकर जांच व कार्रवाई की मांग की है।

शहर के बशीरगंज वार्ड के भाजपा सभासद हर्षितराज श्रीवास्तव ने आरोप लगाते हुए बताया कि भारी कमीशन लेकर चुनिंदा फर्म व ठेकेदारों से कार्य कराया जा रहा है। पीपल चौराहे से घंटाघर जाने वाले मार्ग समेत अन्य मार्गों की इंटरलॉकिंग ईंटों को उखाड़कर बिना बोल्डर व गिट्टी डाले पुराने इंटरलॉकिंग ईंटों को लगाकर कार्य कराया जा रहा है।

जबकि भुगतान नई ईंटों का हो रहा है। आरोप है कि 2023 के बाद शहर के सुंदरीकरण के नाम पर चुनिंदा फर्मों के नाम पर करोड़ों का भुगतान किया गया है। मार्ग पैचिंग के नाम पर भी भ्रष्टाचार हो रहा है। नगर पालिका की ईओ व चेयरमैन से शिकायत करने पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिसके बाद मुख्यमंत्री व नगर विकास मंत्री से जांच व कार्रवाई की मांग की है।

## महज मरम्मत का कराया जा रहा है कार्य

"सड़क पटरियां बरसात के समय खराब हो गई थीं। उनकी मरम्मत का ही कार्य कराया जा रहा है। ठेकेदार को भी मरम्मत कराने का ही भुगतान किया जाएगा। यह कहना गलत है कि पुरानी इंटरलॉकिंग ईंटों के नाम पर नई ईंटों का भुगतान किया जा रहा है। -प्रमिता सिंह, ईओ नगर पालिका परिषद

# पुलिस ने जब्त किया चंदा, नहीं स्थापित हो सकी दुर्गा प्रतिमा

बौंडी (बहराइच)। बौंडी थाना क्षेत्र के एक गांव में पुलिस व दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारी के बीच नवरात्र के पहले दिन विवाद हो गया था। विवाद के कारण गांव में दुर्गा प्रतिमा स्थापित नहीं हो सकी।

बौंडी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोदही में हर वर्ष शारदीय नवरात्र में दुर्गा प्रतिमा रखी जाती थी। ग्रामीणों का कहना है कि नवरात्र की पहली रात को गांव के ही कुछ लोगों को बौंडी पुलिस पूछताछ के लिए थाने उठा लाई। प्रधान के देवर व दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष विक्रम चौहान थाने लोगों को छुड़ाने गए, तो पुलिस से विवाद हो गया। इसके बाद पुलिस ने समिति के अध्यक्ष व अन्य पर मुकदमा दर्ज कर लोगों को जेल भेज दिया।

ग्रामीणों के मुताबिक चंदा का 22 हजार रुपये विक्रम के पास था। पुलिस ने उसे जब्त कर लिया। जिससे गांव में दुर्गा प्रतिमा स्थापित नहीं हो सकी। गांव के राम गोपाल पाठक, उमेश चौहान, रमाशंकर पाठक ने कहा कि पुलिस के इस अमानवीय दुर्व्यवहार के कारण मूर्ति नहीं रखी जा सकी है। रविवार को पूजा स्थल से टेंट, साउंड व कुर्सी आदि सामान हटा दिया गया। (संवाद)

# अराजकतत्वों ने दिनदहाड़े की कैश लूटने की कोशिश

संवाद न्यूज एजेंसी

## पीड़ित व्यापारी ने दी तहरीर पुलिस ने नहीं दर्ज किया केस

बहराइच। शहर के छावनी बाजार स्थित एक प्रतिष्ठान पर शनिवार की शाम तीन युवकों ने हमला बोलकर कैश काउंटर पर बैठे कर्मचारी से मार-पीट की। आरोप है कि युवकों ने कैश लूटने की भी कोशिश की, लेकिन आस-पास के लोगों के मौके पर पहुंच जाने के बाद सभी फरार हो गए। पीड़ित ने दरगाह थाने में तहरीर दी है। थाने की पुलिस ने अभी तक मुकदमा नहीं दर्ज किया है।

दरगाह थाना क्षेत्र के छावनी चौराहा स्थित अखिलेश अग्रवाल का प्रतिष्ठान है। प्रतिष्ठान के संचालक अखिलेश ने बताया कि शनिवार की शाम करीब चार बजे उनके प्रतिष्ठान पर तीन युवक घुस आए। युवकों ने कैश काउंटर पर बैठे अनूप अग्रवाल को मारने-पीटने लगे। आरोप है कि हमलावर युवकों ने कैश लूटने का भी प्रयास किया, लेकिन प्रतिष्ठान के अन्य कर्मचारियों व लोगों के पहुंचने पर सभी मौके से धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित की ओर से थाने पर तहरीर दी गई है। थाने की पुलिस ने पीड़ित अनूप का मेडिकल परीक्षण कराकर भेज दिया है।

थाने के एसओ हरेंद्र मिश्रा ने बताया कि घटना हुई थी। पीड़ित पक्ष की ओर से तहरीर भी मिली थी। लेकिन बाद कुछ गणमान्य लोगों ने बैठकर दोनों पक्षों ने आपस सुलह समझौता कराकर सुलहनामा थाने में दे दिया था। इसलिए मुकदमा नहीं दर्ज किया गया।

# अवैध शराब समेत गिरफ्तार

बहराइच। मोतीपुर इंस्पेक्टर राकेश पांडेय ने बताया कि शनिवार को पुलिस टीम ने इलाके के दरोगापुरवा गांव से कुडवा निवासी बवलू को पकड़ लिया। तलाशी में 8.5 लीटर अवैध शराब बरामद की। आबकारी एक्ट की कार्रवाई कर जेल भेज दिया। (संवाद)

# पेशी की नियत तिथि से पूर्व तहसीलदार ने कर दिया आदेश

बहराइच। तहसीलदार महसी ने एक वाद में पेशी की नियत तारीख से पूर्व बिना साक्ष्य व बहस के आदेश पारित कर दिया। इसका खुलासा होने पर तहसील अधिवक्ता संघ महसी के पूर्व अध्यक्ष ने आदेश राज्यपाल को पत्र भेजकर तहसीलदार के कृत्यों की जांच कराने की मांग की है।

पूर्व अध्यक्ष भारत प्रसाद मिश्रा ने तहसीलदार रविकांत के खिलाफ वाद निस्तारण में गंभीर आरोप लगाए हैं। बताया कि तहसीलदार द्वारा बउनवान महरूल बनाम चंद्रमणि की एक जमीन के क्रय-विक्रय विवाद के मुकदमे में 03 जून, 2024 को पेशी की तिथि निर्धारित की थी। आरोप है कि तहसीलदार ने 30 मई को ही पत्रावली पर बिना सुनवाई व साक्ष्य को देखते हुए वाद में क्रेती महरूल को लाभ पहुंचाते हुए आदेश पारित कर दिया। पूर्व अध्यक्ष ने बताया कि तहसीलदार द्वारा अपनाई गई दोषपूर्ण विधिक प्रक्रिया, जो पूर्णतया असंवैधानिक थी। उसको लेकर जांच की मांग की थी। आरोप लगाया कि जांच अधिकारी ने भी उनके पक्ष में संबंधित पत्रावली का अवलोकन किए बिना ही जांच रिपोर्ट लगाकर प्रार्थनापत्र का निस्तारण करा दिया। (संवाद)

# छह वाहन सीज, पांच लाख से अधिक जुर्माना वसूला

**रूपईडीहा (बहराइच)।** रूपईडीहा-नानपारा मार्ग पर रविवार को सहायक संभागीय परिवहन विभाग की टीम की ओर से अवैध वाहनों के खिलाफ चलाया गया। इस दौरान टीम ने तीन बस व छह ट्रक को सीज कर पांच लाख 25 हजार का जुर्माना ठोंका गया।

रूपईडीहा-नानपारा मार्ग पर रविवार को एआरटीओ प्रवर्तन ओपी सिंह की अगुवाई में विभाग की टीम ने अवैध तरीके से सड़कों पर फर्राटे भर रहे यात्री व भार वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने नानपारा रोड से एक और रूपईडीहा दो बसों को फिटनेस व कागजों के आभाव में सीज कर रूपईडीहा रोडवेज बस अड्डे पर खड़ा कर दिया। टीम ने अभियान के दौरान नानपारा रोड पर तीन ट्रकों को भी ओवरलाडिंग व कागजों के आभाव में सीज किया है।

एआरटीओ प्रवर्तन ओपी सिंह ने बताया कि रविवार को चलाए गए अभियान में तीन बस और तीन ट्रकों को विभिन्न खामियों के चलते सीज किया गया है। उन्होंने बताया कि तीन बस संचालकों पर तीन लाख और तीन ट्रक संचालकों पर दो लाख 25 हजार का जुर्माना लगाया गया है।

उन्होंने बताया कि अभियान आगे भी चलता रहेगा। इस दौरान वाहनों का संचालन मानकों के अनुरूप संचालित होता पाया गया, तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। (संवाद)

# युवक ने गोवंश के साथ की अभद्रता, केस दर्ज

उर्रा (बहराइच)। ग्राम उर्रा में गोवंश के साथ दूसरे संप्रदाय के युवक ने अभद्रता की। इसका किसी ग्रामीण ने वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वायरल वीडियो की पुष्टि अमर उजाला नहीं करता है। मोतीपुर थाना प्रभारी राकेश पांडेय के मुताबिक हिंदू संगठनों की तहरीर पर वीडियो का संज्ञान लेते हुए आरोपी युवक उर्रा निवासी साहिल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। (संवाद)

हिन्दुस्तान

# खेत जा रहे नौनिहालों पर तेंदुए ने किया हमला, घायल

## सीएचसी में इलाज के बाद चिकित्सकों ने घर भेजा, तेंदुए के मूवमेंट को लेकर वनकर्मियों ने ग्रामीणों को किया सतर्क

**दहशत**

बहराइच, संवाददाता। कतर्नियाघाट सेंचुरी क्षेत्र से लगे चफरिया नयापुरवा के पास साइकिल से खेत जा रहे दो नौनिहालों का रविवार दोपहर बाद लेपर्ड (तेंदुए) से सामना हो गया। लेपर्ड ने उन पर हमला बोला, लेकिन आसपास मौजूद लोगों के मौके पर पहुंच जाने से दोनों की जान बच गई। तेंदुआ गन्ने के खेत में चला गया। घायल दोनों बच्चों को सीएचसी ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को घर भेज दिया गया। हमले को लेकर ग्रामीण दहशतजदा हैं।

सुजौली रेंज से लगे गांवों के आसपास तेंदुए का मूवमेंट संग हमले भी बढ़ गए हैं। लगातार हो रहे हमले को लेकर जंगल से लगे गांवों के लोग बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हो रहे हैं। चफरिया के नयापुरवा गांव के 12 वर्षीय सादाब पुत्र मुबारक व 11 वर्षीय अयान पुत्र यूनुस निवासी मदनिया



नयापुरवा के पास हमले में घायल हुए दोनों नौनिहाल।

बड़खड़िया साइकिल से मदरसा से होकर खेत जा रहे थे। तभी उनके सामने तेंदुआ आ गया। जिसे देखकर दोनों साइकिल से नीचे गिर गए। शोर मचाने पर आसपास के लोग भी पहुंच गए। जिससे तेंदुआ गन्ने के खेत में भाग गया। पंजे लगने से घायल दोनों नौनिहालों को तत्काल सीएचसी ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें सीएचसी मिहीपुरवा भेजा गया। रेबीज इंजेक्शन व अन्य इलाज के बाद दोनों को घर भेज दिया गया है। हमले को देखते हुए वन कर्मियों की टीम कॉम्बिंग कर रही है। ग्रामीणों को अकेले खेत न जाने की हिदायत दी जा रही है।

> लेपर्ड (तेंदुए) के सामने आने की वजह से दोनों बच्चे साइकिल से नीचे गिरकर घायल हुए हैं। मूवमेंट बना हुआ है। सतर्कता बरती जा रही है।
>
> -बी. शिवशंकर, डीएफओ, कतर्नियाघाट

# गांव में घुसा मगरमच्छ, लगी रही पुलिस

बहराइच, संवाददाता। सुजौली रेंज के त्रिलोकी गौढ़ी गांव में शनिवार की रात मगरमच्छ के घुसने से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना के बाद भी वन विभाग की टीम मौके पर नहीं पहुंची। पुलिस टीम ग्रामीणों की सुरक्षा को लेकर मौके पर जुटी रही।

त्रिलोकी गौढ़ी गांव निवासी राजेन्द्र यादव पुत्र मैकू के घर में रात करीब तीन बजे विशालकाय मगरमच्छ पहुंच गया। आहट पाकर परिजनों की नींद खुली। सामने मगरमच्छ को देखकर उनके होश उड़ गए। रेंज कार्यालय व पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंच गई, लेकिन वन विभाग की टीम सुबह सात बजे पहुंची। इसको लेकर लोगों में नाराजगी रही।



सुजौली रेंज के त्रिलोकी गौढ़ी गांव में घर में घुसा विशालकाय मगरमच्छ।

### गिरिजापुरी कॉलोनी में घुसा हाथी, स्कूल की खिड़कियां तोड़ी

बहराइच। कतर्नियाघाट इलाके में जंगली हाथियों का उत्पात बढ़ गया है। शनिवार की देर रात जंगल से निकले टस्कर हाथी ने गिरिजापुरी कॉलोनी में घुसकर सरकारी विद्यालय की खिड़कियों को क्षतिग्रस्त कर दिया। टस्कर हाथी की चिंघाड़ सुनकर कॉलोनी के लोगों की नींद टूटी। बाहर हाथी के उत्पात को देखकर कॉलोनी के लोगों ने वन विभाग को सूचना दी। जब तक टीम पहुंचती हाथी ने प्राइमरी स्कूल की खिड़कियां, मध्याह्न भोजन के लिए रखे राशन को भी चट कर दिया। सुबह विद्यालय स्टाफ की ओर से सूचना रेंजर रामकुमार को दी गई।

# तीन आरोपियों को भेजा जेल

**बहराइच।** दरगाह शरीफ पुलिस ने चोरी के मामले से संबंधित वारंटी गुलामअलीपुरा निवासी राजेश कसेरा, सड़क हादसे में हुई मौत के आरोपी बक्शीपुरा निवासी शफीक अहमद, खैरीघाट पुलिस ने मारीपट के आरोपी इमामगंज निवासी मोहम्मद हुसैन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। (संवाद)

# पुलिस ने आठ जुआरी पकड़े

**बहराइच।** मोतीपुर पुलिस ने शनिवार को गोपिया गांव में जुए के फड़ पर छापा मारा। जुआ खेल रहे गोपिया गांव निवासी सुरेंद्र वर्मा, राजेंद्र प्रसाद, शिवपाल, कुलदीप, इरफान, फर्सत अली, रामसमुझ और राजू को पकड़ लिया। फड़ व जाम तलाशी में 12,200 रुपये और ताश गड्डी बरामद की। जुआ एक्ट की कार्रवाई कर जेल भेज दिया। (संवाद)

# अपर आयुक्त ने सीज वाहन व माल को

**रूपईडीहा (बहराइच)।** भारत-नेपाल सीमा स्थित एसएसबी के शिवपुरा
के जवानों ने 30 सितंबर की शाम लगभग चार बजे नेपालगंज जा रहे मा
एक वाहन को सीज कर दिया था। अपर आयुक्त सीमा शुल्क लखनऊ ग
ने उसे छोड़ दिया है। कस्टम हाउस एजेंट हबीब अहमद ने बताया कि ने
मंजरी ट्रेडिंग कंसर्न नेपालगंज लिमिटेड को माल ले जाया जा रहा था। ए
से मिलने के कारण एसएसबी ने वाहन को सीज कर दिया था। इसकी शि
ड्राइवर अपर आयुक्त से की गई थी। रविवार को जांच के बाद उन्होंने मा
वाहन को मुक्त कर दिया है। (संवाद)

# सीएससी सेंटर में हुई चोरी का केस दर्ज

**खैरीघाट(बहराइच)।** सीएससी सेंटर से चोरों ने नकदी और सामान चो
हुए, सेंटर पर मौजूद सामानों में तोड़फोड़ कर दी। हरदी पुलिस ने संचाल
तहरीर पर केस दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। हरदी थाना के
हरदो पट्टी निवासी विपिन मिश्रा के मुताबिक उनका मजरा टेपरा में सीए
है। पांच सितंबर की रात चोर दुकान की शटर का ताला तोड़कर अंदर घु
दुकान में रखी 15 हजार नकदी, चांदी के सिक्के उठा ले गए। वहीं, चोरों
में रखा लैपटॉप, प्रिंटर सहित अन्य सामान में तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर
चोरी वाले दिन के एक सप्ताह पहले दुकान के सामने लगे एक नल को
गए थे। भेड़िये के डर के चलते सभी लोग घर के अंदर सोए थे, जिसका
उठाते हुए चोरों ने घटना को अंजाम दिया। हरदी पुलिस ने शुक्रवार को च
एफआईआर दर्ज की। (संवाद)

हिन्दुस्तान

# केला के थोक कारोबारियों ने हड़पी रकम, केस दर्ज

## आरोप

- पूर्व में भुगतान करके विश्वास जमाया, फिर की धोखाधड़ी
- केला की फसल की बिक्री करने वाले पीड़ित किसान ने दी तहरीर

बहराइच, संवाददाता। हरियाणा के पानीपत स्थित फ्रूट आढ़तियों ने कुछ किसानों से थोक में खरीदे गए केला की फसल ले जाने के बाद धन का भुगतान नहीं कर धन हड़प लिया। पूर्व में की गई खरीदारी का भुगतान होने पर किसानों ने फसल उधार बिक्री की थी। इस मामले में तहरीर दिए जाने के बाद आरोपियों पर धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया है।

हुजूरपुर थाने के ससना निवासी देव नारायण पांडेय से हरियाणा प्रांत के पानीपत फ्रूट कंपनी, दुकान नम्बर 27 निवासी सचिन कश्यप, गौतम कश्यप, अरुण कश्यप ने 10 सितम्बर को देवनारायण के माध्यम से किसानों से 10,235 किग्रा केला खरीदा। जिसका भुगतान बैंक के जरिए भेज दिया, तो विश्वास जम गया। 11 सितम्बर को फिर 93.80 कुंतल केला खरीदा। 14 सितम्बर को 105.30 कुंतल केला खरीदा। देवनारायण के खाते में 98,500 रुपया डाल दिया।

शेष धनराशि तीन लाख पिचयासी हजार पांच सौ रुपये पानीपत जाकर भेजने की बात कही। काफी दिन बीतने पर जब धन नहीं आया। तो देवनारायण ने फोन से सम्पर्क साधने पर उधर से गाली गलौज की गई। धन मांगने पर जान से मरवाने की धमकी दी गई।

पीड़ित ने तीन को नामजद कर धोखाधड़ी, अमानत में खयानत व धमकी देने की धाराओं के तहत केस दर्ज कराया गया है।

# बच्चों के साथ मारपीट मामले में दो पर केस

बहराइच। कैसरगंज थाने के हिसामपुर निवासी कलाम अहमद पुत्र वशीर अहमद की तहरीर पर दो को नामजद कर जानलेवा हमले की धाराओं के तहत केस दर्ज कराया गया है। 30 अगस्त को कलाम का पौत्र आफताब अहमद पुत्र रिशाल अहमद पाकड़ के पेड़ के पास अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। गांव निवासी मोहसिन व सल्लू ने आफताब पर जानलेवा हमला कर मारपीट कर घायल कर दिया।

# मारपीट मामले में दो पर केस दर्ज

**बहराइच।** मटेरा थाने के मलुआ भकुरहा के मजरे मुरावनपुरवा निवासी छोटे लाल पुत्र बहादुर दो अक्तूबर को पंचायत भवन में काम कर रहा था। इसी दौरान पवन कुमार व राम तेज उसका वीडियो बनाने लगे। मना करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। घायल को थाने लाए जाने पर पुलिस ने मेडिकल को सीएचसी भेजा। चिकित्सकों ने घायल को भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया।

# भेड़ियों के खौफ के बीच चोर उचक्के सक्रिय

**बहराइच।** महसी इलाके में भेड़िये के खौफ के चलते लोग घर के अंदर सो रहे हैं, तो चोर उचक्के भी सक्रिय हो गए हैं। एक दुकान में चोरी के मामले में पुलिस ने एक माह बाद केस दर्ज किया गया है।

# उत्पीड़न व धमकी मामले का वारंटी गिरफ्तार

**बहराइच।** खैरीघाट थाने में तैनात दरोगा राकेश कुमार पांडेय, मुख्य सिपाही अजय कुमार वर्मा ने इमामगंज में दबिश दी। पुलिस ने मोहम्मद हुसैन को गिरफ्तार कर लिया। महिला को मारपीट कर उत्पीड़न व धमकी मामले में नामजद कोर्ट से गैर हाजिर होने पर उसके विरुद्ध वांरट था। कोर्ट में पेश किए जाने पर जेल भेज दिया गया है।

# देशी व इंग्लिश शराब के साथ दो गिरफ्तार

**बहराइच।** मोतीपुर थाने में तैनात मुख्य सिपाही मोहम्मद इस्माइल, अनिल यादव ने दरोगा पुरवा मोड़ के पास दबिश दी। पुलिस ने एक संदिग्ध को रोककर बोरी की तलाशी में 34 शीशी देशी शराब, 7 शीशी अंग्रेजी शराब बरामद कर गिरफ्तार कुड़वा निवासी बब्लू को आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज कर जेल भेज दिया है।

# गैर इरादतन हत्या मामले में एक गिरफ्तार

**बहराइच।** दरगाह एसएचओ हरेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि उपनिरीक्षक शिवम कन्नौजिया, मुख्य सिपाही राहुल नंदन, सिपाही बृजेश कुमार ने बख्शीपुरा में दबिश दी। पुलिस ने गैर इरादतन हत्या मामले में नामजद कोर्ट से फरार शफीक अहमद को गिरफ्तार किया। कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-07-10-2024

# बेटा और बेटी में न करें भेदभाव:डीएम

**जन्मोत्सव**



महिला को बेबी किट प्रदान करते डीएम व एसपी।

**श्रावस्ती, संवाददाता।** मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के तहत रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भिनगा में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें डीएम व एसपी ने केक काटकर कन्या जन्मोत्सव मनाया। इस दौरान कन्या भ्रूण हत्या, लिंगानुपात व बालिका शिक्षा के प्रति जागरुक करते हुए बेटा-बेटी में भेदभाव न करने के लिए प्रेरित किया गया।

जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी व पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने नवजात शिशुओं की माताओं को अंगवस्त्र व उनके परिजनों को बेबी किट व मिष्टान वितरित किया। डीएम ने कहा कि लड़का-लड़की में भेदभाव न करें। दोनों को समान शिक्षा दें। जिससे बेटियां भी अपने पैरों पर खड़े होकर परिवार, समाज व देश का नाम रोशन करें। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान भारत सरकार व प्रदेश सरकार की महात्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है। इस योजना का उद्देश्य महिलाओं के लिंगानुपात को बराबर करना है। कन्या जन्मोत्सव का उद्देश्य कन्या भ्रूण हत्या को रोकना है तथा समाज में बालिका के जन्म के प्रति सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना है। वहीं एसपी ने कहा कि बेटियों को जन्म लेने और कन्या भ्रूण हत्या जैसे सामाजिक जघन्य अपराध रोकने के उद्देश्य से जन जागरूकता के लिए महिला कल्याण विभाग की ओर कन्या जन्मोत्सव मनाया जा रहा है। बालक व बालिका में भेदभाव न करके दोनों को आगे बढ़ने का समान अवसर प्रदान करें। इस मौके पर सीएमओ डा. एपी सिंह, एएसपी प्रवीण कुमार यादव, जिला प्रोबेशन अधिकारी सुबोध सिंह आदि मौजूद रहे।

# सरकारी धन हड़पने वाला जालसाज गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** ठेका दिलाने के नाम पर डीएम को धमकाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर परिषदीय स्कूलों में डेस्क बेंच उपलब्ध कराने के लिए 50 लाख रुपए के घपले का आरोप है।

कोतवाली भिनगा पुलिस ने संदीप त्रिपाठी पुत्र जगदीश प्रसाद त्रिपाठी निवासी शान्डी रोड निकट शहर कोतवाली कौशलपुरी थाना शहर कोतवाली जनपद हरदोई हालपता एल्डिगो उद्यान ए-276, ए- 277 रायबरेली रोड थाना पीजीआई जनपद लखनऊ को मुखबिर की सूचना पर राप्ती नदी भाकला पुल से गिरफ्तार कर लिया। संदीप त्रिपाठी ने अपने चहेते फर्म को ठेका दिलाने के लिए डीएम के ह्वाट्सएप नंबर पर धमकी दी थी। आरोपी पर कोतवाली भिनगा में मुकदमा दर्ज कराया गया था। इसके साथ ही खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिहरपुररानी अमित कुमार ने भी कोतवाली भिनगा में एक तहरीर दी थी कि वर्ष 2023-24 में श्रावस्ती के 64 परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में 1288 डेस्क बेंच क्रय किये जाने के लिए 50 लाख की धनराशि आवंटित की गई थी। जिसका ठेका एल-1 फर्म एसआर इण्टरप्राइजेज शिव विहार, जानकीपुरम, जनपद-लखनऊ को दिया गया था। लेकिन 64 विद्यालयों में निर्धारित 1288 डेस्क बेंच के सापेक्ष मात्र 968 डेस्क बेंच फर्नीचर की ही आपूर्ति की गयी। इसके साथ ही गुणवत्ता भी खराब थी।

# कन्या जन्मोत्सव मना बताया बेटियों का महत्व

**श्रावस्ती।** संयुक्त जिला चिकित्सालय सहित सीएचसी भिनगा में रविवार को कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम मनाया गया। इस दौरान मौजूद अधिकारियों ने केक काटकर न सिर्फ कन्याओं का जन्मोत्सव मनाया बल्कि नवजात शिशुओं की माताओं को फल, मिठाई व बेबी किट आदि का वितरण किया।

**संयुक्त जिला चिकित्सालय व सीएचसी भिनगा में आयोजन**

सीएचसी भिनगा में आयोजित कार्यक्रम में डीएम अजय कुमार द्विवेदी ने कहा कि बेटा-बेटी में भेदभाव न करें। सभी को समान अधिकार दें। एसपी घनश्यसम चौरसियों ने कहा कि कन्या भ्रूण हत्या को रोकने के उद्देश्य से मिशन शक्ति अभियान के तहत यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

सीएमओ डॉ. एपी सिंह ने कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत बालिका के जन्म के प्रति समाज में सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने के उद्देश्य से केक काटकर कन्या जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी सुबोध कुमार सिंह, एएसपी प्रवीण कुमार यादव, प्रभारी चिकित्साधिकारी भिनगा सहित महिला थाना प्रभारी व नवजात बच्चियों की माताएं व स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे। (संवाद)

## कोटेदार पर घटतौली व धमकी देने का आरोप

**श्रावस्ती।** थाना क्षेत्र मल्हीपुर के धर्मनगर निवासी ने गांव के कोटेदार पर घटतौली करने व विरोध पर अभद्रता करते हुए मारपीट करने का आरोप लगाया है। वहीं, इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में राशन कार्डधारक दिनेश कुमार व कोटेदार उदयराज आपस में खाद्यान्न वितरण लेकर झगड़ते दिखाई दे रहे हैं। कार्ड धारकों को कोटेदार साढ़े चार किलो राशन दे रहा था। इसका विरोध करने पर कोटेदार पर अभद्रता करने व मारने-पीटने का आरोप लगाया गया। (संवाद)